सूर्योदय : 5:45
सूर्यास्त : 6:25
अधिकतम तापमान : 37.0
न्यूनतम : 27.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-103 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, बुधवार, 20 सितम्बर 2023
04 रबीउलअव्वल, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक

# अवधनामा

www.avadhnama.com







### अब संविधान सदन कहलाएगी पुरानी संसद, पुराने संसद भवन से निकलकर नए में दाखिल हुए देश के भी सांसद

# लोकसभा में महिला आरक्षण बिल पेश

- कानून बनने के बाद महिला सांसदों की संख्या 181 होगी
- 2024 में लागू नहीं होगा
- बिल के पास होने के बाद लोकसभा में 181 महिला सांसद होंगी



**नई दिल्ली।** लोकसभा में आज 19 सितंबर को 128वां संविधान संशोधन बिल यानी नारी शक्ति वंदन विधेयक पेश किया गया। इसके मुताबिक लोकसभा और राज्यों की विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत रिजर्वेशन लागू किया जाएगा।

लोकसभा की 543 सीटों में 181 महिलाओं के लिए आरक्षित होंगी। लोकसभा में इस बिल पर कल 20 सितंबर को सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बहस होगी। नए विधेयक में सबसे बड़ा पेंच ये है कि यह डीलिमिटेशन यानी परिसीमन के बाद ही लागू होगा। परिसीमन इस विधेयक के बाद होने वाली जनगणना के आधार पर होगा। 2024 में होने वाले आम चुनावों से पहले जनगणना और परिसीमन करीब-करीब असंभव है। इस फॉर्मूले के मुताबिक विधानसभा और लोकसभा चुनाव समय पर हुए तो इस बार महिला आरक्षण लागू नहीं होगा। यह 2029 के लोकसभा चुनाव या इससे पहले के कुछ विधानसभा चुनावों से लागू हो सकता है। कानून मंत्री अर्जुनराम मेघवाल ने कहा कि हम ऐतिहासिक बिल लाने जा रहे हैं। अभी लोकसभा में 82 महिला सांसद हैं, इस बिल के पास होने के बाद 181 महिला सांसद हो जाएंगी। यह आरक्षण सीधे चुने जाने वाले जन प्रतिनिधियों के लिए लागू होगा। यानी यह राज्यसभा और राज्यों की विधान परिषदों पर लागू नहीं होगा। लोकसभा की कार्यवाही 20 सितंबर तक के लिए स्थगित कर दी गई है। वहीं लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों ने सुबह सेंट्रल हॉल के पास एक साथ फोटो सेशन कराया। इस दौरान पीएम मोदी, सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सत्ता और विपक्ष के सभी सांसद मौजूद रहे। पहले राज्यसभा और लोकसभा के सांसदों ने फोटो खिंचवाई।

## नई संसद से नए भविष्य का हो रहा आगाजः मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नये संसद भवन को आजादी के अमृतकाल का 'ऊषा काल' करार दिया और कहा कि ''जब हम नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं तो हमें अतीत की सभी कड़वाहटों को भूल जाना चाहिए।' नये संसद भवन स्थित लोकसभा में अपने पहले संबोधन में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि संसद का नया भवन 140 करोड़ भारतवासियों की आकांक्षाओं को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने कहा, ''यह अमृतकाल का ऊषाकाल है, भारत नए भवन में अपना भविष्य तय करने के लिए आगे बढ़ रहा है। जब हम नए अध्याय की शुरुआत कर रहे हैं तो हमें अतीत की सभी कड़वाहटों को भूल जाना चाहिए। आज गणेश चर्तुथी का शुभ दिन है, इस पावन दिवस पर हमारा यह शुभारंभ संकल्प से सिद्धि की ओर, एक नए विश्वास के साथ यात्रा को आरंभ करने जा रहा है। मोदी ने कहा कि मैंने लाल किले से कहा था- यही समय है, सही समय है। एक के बाद एक घटनाओं पर नजर डालें तो हर एक घटना इस बात की गवाह है कि आज भारत एक नई चेतना के साथ जाग उठा है। भारत एक नई ऊर्जा से भर गया है। यही चेतना और ऊर्जा करोड़ों लोगों के सपनों को संकल्प में बदल सकती है और उन संकल्पों को हकीकत में बदल सकती है।

## न्यूज डायरी

### आठ लोगों की मौत

**मुक्तसर।** पंजाब के मुक्तसर में कोटकपुरा रोड पर गांव झबेलवाली के पास एक निजी कंपनी की बस सरहिंद नहर में जा गिरी। पुलिस और प्रशासन मौके पर पहुंचा गया है। हादसे में आठ लोगों की मौत हो गई है। इसकी आधिकारिक पुष्टि हो गई है। वहीं करीब 10 से अधिक लोग घायल हैं। 40 यात्रियों का रेस्क्यू कर लिया गया है। हादसे के समय बस में 60-65 यात्री सवार थे। घटना दोपहर करीब एक बजे की है। हादसे के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। मौके पर एसएसपी हरमनबीर सिंह गिल और विभिन्न थानों की पुलिस मौजूद है।

### गहलोत को झटका

**जयपुर।** राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को मंगलवार को दिल्ली की कोर्ट से राहत नहीं मिली। केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत की ओर से दायर मानहानि मामले में आरोप मुक्त करने की गहलोत की अर्जी को दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने खारिज कर दी। एसीएमएम हरजीत सिंह जसपाल की कोर्ट ने सीएम गहलोत को राहत देने से इनकार कर दिया। कोर्ट ने कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर मानहानि का केस चलता रहेगा।

### गणपति के होंगे दर्शन

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि में प्रवेश करते ही भक्तों को सबसे पहले गणपति व हनुमान जी के दर्शन होंगें। मंदिर के प्रवेश द्वार पर गणेश जी की व हनुमान जी मूर्ति बनाई जाएगी। इनमें से गणपति की मूर्ति मंदिर के प्रवेश द्वार के स्तंभ पर बन चुकी है। जिसकी तस्वीर गणेश चतुर्थी पर श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट ने जारी की। श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने अपने ट्विटर हैंडल से मंगलवार को राम मंदिर में उकेरी गई भगवान गणेश की मन मोहक फोटो जारी की। ट्रस्ट ने इसके साथ लिखा है, श्रीगणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के आंतरिक भाग में उत्कीर्ण श्री गणेश जी को बारंबार नमन।

## हम दुनिया से पैसे की भीख मांग रहे और भारत चांद पर पहुंच गयाः नवाज



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने कहा कि उनका देश दुनिया से पैसे की भीख मांग रहा है, जबकि भारत चांद पर पहुंच गया है और जी-20 सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। पीएमएल-एन सुप्रीमो ने देश की खराब अर्थव्यवस्था को लेकर सेना के पूर्व जनरलों और न्यायाधीशों पर यह टिप्पणी की।

देश की अर्थव्यवस्था पिछले कई वर्षों से एक फ्री फॉल मोड में है, जिससे गरीब जनता पर अनियंत्रित दो अंकों की मुद्रास्फीति के रूप में अनकहा दबाव आ रहा है। शरीफ ने वीडियो लिंक के जरिए लंदन से लाहौर में पार्टी की एक बैठक को संबोधित करते हुए सवाल किया, आज पाकिस्तान के प्रधानमंत्री एक देश में जाकर पैसे की भीख मांगते हैं जबकि भारत चांद पर पहुंच चुका है और जी-20 की बैठकें कर रहा है। पाकिस्तान वह उपलब्धि क्यों हासिल नहीं कर सका जो भारत ने हासिल की। यहां इसके लिए कौन जिम्मेदार है पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) पार्टी के शीर्ष नेता शरीफ (73 वर्षीय) ने आगे कहा कि भारत ने 1990 में उनकी सरकार द्वारा शुरू किए गए आर्थिक सुधारों का पालन किया है। उन्होंने कहा, जब अटल बिहारी वाजपेयी भारत के प्रधानमंत्री बने थे तो भारत के पास केवल एक अरब डॉलर थे लेकिन अब भारत का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 600 अरब डॉलर हो गया है।

# खरगे के बयान पर राज्यसभा में हंगामा

### महिला आरक्षण विधेयक के श्रेय को लेकर पक्ष-विपक्ष में खींचतान

- जीएसटी और महिलाओं के मुद्दे पर आए आमने-सामने
- कमजोर महिला के बयान पर हंगामा



**नई दिल्ली।** नए संसद भवन में राज्यसभा की पहली बैठक के दौरान ही नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण के बीच तीखी नोंकझोंक हो गई। ऐसा दो बार हुआ। पहली बार जब खरगे ने जीएसटी का जिक्र किया और दूसरी बार तब जब उन्होंने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है।

यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। दोनों ही बार सीतारमण ने खरगे को तीखे प्रहार किए। खरगे ने दावा किया कि राज्यों को जीएसटी राशि समय से नहीं मिल रही है। कुछ राज्यों को जीएसटी, मनरेगा, कृषि, सिचाई सहित विभिन्न कार्यक्रमों की अनुदान राशि समय से नहीं मिलती है। क्या इससे ऐसे राज्य कमजोर नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि भाजपा सिर्फ लोकतंत्र की बात करती है, लेकिन कई राज्यों में लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को उसने गिरा दिया। वित्त मंत्री सीतारमण ने पलटवार करते हुए कहा कि नेता प्रतिपक्ष का बयान तथ्यात्मक रूप से गलत है। केंद्र सरकार ने उधार लेकर राज्यों को जीएसटी का भुगतान किया है। राज्यों को हर बार एक दो महीने एडवांस में भी जीएसटी का भुगतान किया गया। किसी भी राज्य का कोई भी जीएसटी पैसा केंद्र पर बकाया नहीं है। खरगे ने कहा कि अनुसूचित जाति की महिलाओं की साक्षरता दर कम है। यही कारण है कि राजनीतिक दलों को कमजोर महिलाओं को चुनने की आदत है। वे उन लोगों को नहीं चुनते, जो शिक्षित हैं और लड़ सकती हैं। इस पर केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नाराजगी जताई। उन्होंने कहा कि हम विपक्ष के नेता का सम्मान करते हैं, लेकिन यह व्यापक बयान देना कि सभी पार्टियां उन महिलाओं को चुनती हैं जो प्रभावी नहीं हैं, बिल्कुल अस्वीकार्य है। प्रधानमंत्री जी, हमारी पार्टी ने हम सभी को सशक्त बनाया है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू एक सशक्त महिला हैं। नोंकझोंक के बीच सभापति जगदीप धनखड़ ने दोनों नेताओं को शांत कराया और मामले से जुड़ दस्तावेज पेश करने को कहा।

### अमित शाह और अधीर रंजन चौधरी भिड़े

**नई दिल्ली।** संसद के विशेष सत्र का आज दूसरा दिन रहा। आज संसद की कार्यवाही नए संसद भवन में की जा रही है। नए संसद भवन की शुरुआत में ही महिला आरक्षण विधेयक को लेकर जोरदार हंगामा हुआ। गृह मंत्री अमित शाह और कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी के बीच तीखी बहस देखी गई। दरअसल, विधेयक के श्रेय को लेकर पक्ष-विपक्ष में खींचातानी बनी हुई है। अधीर रंजन लगातार महिला आरक्षण विधेयक को कांग्रेस सरकार की पहल बता रहे हैं। उनका कहना है कि महिला आरक्षण विधेयक की मांग यूपीए ने शुरू की थी। इस पर अमित शाह ने नए संसद भवन में कहा कि माननीय अधीर रंजन चौधरी का कहना है कि पुराना विधेयक अभी भी जीवित है, जबकि स्पष्ट जानकारी है कि पुराने विधेयक की वैधता खत्म हो गई है।

# कुपोषण पूरे समाज की लड़ाई हैः योगी

- 1,359 आंगनवाड़ी केंद्रों और 171 बाल विकास परियोजना का सीएम ने किया लोकार्पण
- अब महिलाएं उपलब्ध करा रही गुणवत्तायुक्त पोषाहार



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की भूमिका मां यशोदा की तरह है क्योंकि उन्हें मां यशोदा की तरह बच्चों का पालन-पोषण करना होता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को लखनऊ में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत 1,359 आंगनवाड़ी केंद्रों और 171 बाल विकास परियोजना कार्यालयों के लोकार्पण व शिलान्यास और आंगनबाड़ी कार्यकत्री व सहायिकाओं को यूनिफॉर्म हेतु धनराशि अंतरण के कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस मौके पर उन्होंने कुपोषित से सुपोषित श्रेणी में आने वाले बच्चों के अभिभावकों को सम्मानित किया और डीबीटी के माध्यम से आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के खाते में 29 करोड़ की राशि हस्तांतरित की। उन्होंने कहा कि पोषण अभियान स्वस्थ और एक समर्थ भारत की नींव है। एक समय उत्तर प्रदेश में शराब माफिया पोषाहार की सप्लाई करता था। हमारी सरकार ने एक नया मैकेनिज्म बनाया कि जिसके माध्यम से महिला स्वयंसेवी समूह आंगनबाड़ी केंद्रों तक आज पोषाहार पहुंचा रही हैं। इसी का नतीजा है नेशनल फैमली हेल्थ सर्वे में उत्तर प्रदेश ने लंबी छलांग लगाई है। आंकड़े देखें तो 2015-2016 के सापेक्ष प्रदेश में 2019-2020 में एनीमिया में 5.1 प्रतिशत, बौनापन में 6.6 प्रतिशत, अल्प वजन में 7.4 प्रतिशत और सूखापन में 0.6 प्रतिशत का सुधार हुआ है।

### देश को स्वस्थ, साक्षार और समर्थ बनाना है

सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत काल का यह प्रथम वर्ष है। भारत अनेक उपलब्धियों को लेकर के चल रहा है। हम सबको 2027 तक भारत को दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था के रूप में स्थापित करना है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने 2047 यानी जब देश आजादी का शताब्दी वर्ष मना रहा होगा, उस समय के लिए एक लक्ष्य निर्धारित किया है कि देश को विकसित भारत बनाना है। इसके लिए हमें देश को स्वस्थ, साक्षार और समर्थ बनाना है।

### गोदभराई की रस्म के साथ संपन्न हुआ अन्नप्राशन संस्कार

कार्यक्रम में गोदभराई की रस्म भी निभाई गई। इस दौरान सीएम योगी ने प्रतीक स्वरूप कुछ गर्भवती महिलाओं को उपहार स्वरूप दवाएं और पौष्टिक खाद्य सामग्री भेंट की। यही नहीं कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रतीक स्वरूप कुछ बच्चों को खीर खिलाकर उनका अन्नप्राशन संस्कार भी संपन्न कराया। साथ ही'संभव' अभियान के तहत कुपोषित से सुपोषित श्रेणी में आए तीन बच्चों के अभिभावकों को सीएम योगी ने सम्मानित किया। इसके अलावा उन्होंने प्रतीक स्वरूप चार आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को यूनीफॉर्म के रूप में दो-दो साड़ी भेंट कीं।

# नियंत्रण में निपाह का प्रकोपः पिनरई विजयन



**तिरुवनंतपुरम।** केरल के मुख्यमंत्री पिनरई विजयन ने मंगलवार को कहा कि कोझिकोड जिले में सामने आया निपाह का प्रकोप अब नियंत्रण में है, लेकिन राज्य में इस संक्रामक रोग का खतरा अभी टला नहीं है। उन्होंने कहा कि निपाह प्रकोप की दूसरी लहर की संभावना से इनकार करना संभव नहीं है। मुख्यमंत्री ने समीक्षा बैठक के बाद यहां एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि यह नहीं कहा जा सकता कि निपाह का खतरा पूरी तरह से खत्म हो गया है, लेकिन यह राहत की बात है कि यह बीमारी अधिक लोगों में नहीं फैली है।

उन्होंने कहा, आज यहां निपाह को लेकर समीक्षा बैठक हुई। स्वास्थ्य विशेषज्ञों की राय है कि दूसरी लहर की संभावना बहुत दूर है, लेकिन इसे पूरी तरह से खारिज नहीं किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य की स्वास्थ्य प्रणाली घातक वायरस के प्रसार को प्रभावी ढंग से रोक सकती है। वायरस का जल्दी पता लगाने से खतरनाक स्थिति टल गई। उन्होंने कहा कि संक्रमण का प्रसार नियंत्रण में है लेकिन भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) भी इस बात का स्पष्ट जवाब न दे सका कि उत्तरी कोझिकोड से निपाह के मामले क्यों सामने आ रहे हैं।

# दिल्ली हाईकोर्ट ने सशस्त्र बलों में की लैंगिक समानता की वकालत

- अगर महिला सियाचिन में तो पुरुष की सेना में नर्स के रूप में हो सकती है तैनाती




**नई दिल्ली।** सशस्त्र बलों में लैंगिक समानता की वकालत करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि जब एक महिला अधिकारी को सियाचिन में तैनात किया जा सकता है तो एक पुरुष को सेना में नर्स के रूप में भी नियुक्त किया जा सकता है।

अदालत उक्त टिप्पणी सैन्य प्रतिष्ठानों में केवल महिला नर्सों को रखने की असंवैधानिक प्रथा के विरुद्ध दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए की। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की तरफ से पेश हुए अतिरिक्त सालिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सेना में प्रथाएं लंबे समय से चली आ रही परंपराओं पर आधारित हैं। हालांकि, सरकार अभी लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के लिए एक कानून लेकर आई है। इसके जवाब में मुख्य न्यायाधीश सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति संजीव नरूला की पीठ ने कहा कि संसद में केंद्र सरकार एक तरफ महिलाओं को सशक्त बनाने की बात की जा रही है, वहीं दूसरी तरफ तर्क दिया जा रहा है कि पुरुष नर्स के रूप में शामिल नहीं हो सकते। पीठ ने यह भी कहा कि शीर्ष न्यायालय ने महिलाओं को राष्ट्रीय रक्षा अकादमी में शामिल होने की अनुमति दी है और उसने बार-बार माना है कि कोई लैंगिक पूर्वाग्रह नहीं होना चाहिए। याचिकाकर्ता इंडियन प्रोफेशनल नर्सेज एसोसिएशन की तरफ से पेश हुए अधिवक्ता अमित जार्ज ने कहा कि शीर्ष अदालत ने भी कहा है कि सेवाओं से एक लिंग को बाहर करने की प्रथा का सैन्य पारिस्थितिकी तंत्र में भी कोई स्थान नहीं है।

# 12 घंटे के अंदर ही भारत के सामने झुका कनाडा

### खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या पर ट्रूडो ने दी सफाई, हम भारत को उकसाने की कोशिश नहीं कर रहे

- नौ अलगाववादी संगठनों के ठिकाने कनाडा में
- ट्रूडो पहले भी लगा चुके हैं आरोप



**टोरंटो।** कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ड्रूडो ने खालिस्तानी आतंकी निज्जर की हत्या को लेकर दिए गए अपने बयान पर अब सफाई दी है।

कनाडाई पीएम ने मंगलवार रात को कहा कि उनका बयान भारत को उकसाने या तनाव बढ़ाने के लिए नहीं था। उन्होंने कहा उनके बयान का मतलब उकसाना नहीं, बल्कि निज्जर की हत्या पर भारत से सहयोग मांगना था। बता दें कि कनाडाई पीएम ने मंगलवार सुबह हरदीप सिंह निज्जर की हत्या को लेकर कहा कि सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही है कि क्या निज्जर की हत्या में भारत सरकार के अधिकारियों के हाथ हैं। इसके साथ ही कनाडा ने भारतीय राजनायिक को भी निष्कासित कर दिया था। इस बीच दावा किया गया कि आतंकवादी समूहों का समर्थन करने वाले कम से कम नौ अलगाववादी संगठनों के ठिकाने कनाडा में हैं। यह भी कहा गया कि कई प्रत्यर्पण अनुरोधों के बावजूद कनाडा ने लोकप्रिय पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या सहित जघन्य अपराधों में शामिल लोगों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। विदेश मंत्रालय ने कहा है कि यह फैसला भारत सरकार की इस बढ़ती चिंता को बताता है कि किस तरह से कनाडा के राजनयिक भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप कर रहे हैं और भारत विरोधी गतिविधियों में शामिल हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय की तरफ से जारी बयान में कहा गया, कनाडा में किसी तरह की हिंसा में भारत सरकार के शामिल होने का आरोप पूरी तरह से बेतुका और प्रेरित है। इसी तरह का आरोप ट्रूडो ने भारतीय पीएम नरेन्द्र मोदी के साथ मुलाकात में भी लगाया था, जिसे सिरे से खारिज कर दिया गया था। हम एक लोकतांत्रिक देश है और कानून-व्यवस्था को लेकर प्रतिबद्ध है।

### एफटीए पर वार्ता जारी रहेगी

**लंदन।** ब्रिटेन सरकार ने मंगलवार को कहा कि कनाडा में अलगाववादी सिख नेता की हत्या के गंभीर आरोप के चलते भारत के साथ चल रही व्यापार वार्ता पर कोई असर नहीं पड़ेगा। डाउनिंग स्ट्रीट पर प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के प्रवक्ता से पत्रकारों ने जब इस मुद्दे का भारत-ब्रिटेन संबंधों पर असर को लेकर सवाल किया तो उन्होंने कहा कि ब्रिटेन कनाडा के अधिकारियों से करीबी संपर्क बनाए रखेगा। कनाडा ने एक शीर्ष भारतीय राजनयिक को भी निष्कासित किया।

### भारत ने कनाडा को दिया करारा जवाब

कनाडा के कदम के तुरंत बाद भारत ने तीखी प्रतिक्रिया दी। भारत की तीखी प्रतिक्रिया से साफ हो गया कि भारत सरकार कनाडा सरकार के आरोपों को चुपचाप सहन करने नहीं जा रही। विदेश मंत्रालय ने नई दिल्ली में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैकाये को समन किया और उन्हें बताया कि भारत ने अपने आंतरिक मामले में हस्तक्षेप के चलते कनाडा के एक वरिष्ठ राजनयिक ओलिविएर सिल्वेस्टर को निष्कासित कर दिया है।

# खीरी की 2875 आंगनवाड़ी कार्यकत्री, 2285 सहायिका को यूनिफॉर्म की सौगात

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग के तत्वावधान में मंगलवार को ÷राष्ट्रीय पोषण माह÷ के तहत कलेक्ट्रेट में भव्य कार्यक्रम हुआ, जिसमें सीएम ने जिले के 11 बाल विकास परियोजना (सीडीपीओ) कार्यालय का वर्चुअल शिलान्यास किया।कार्यक्रम का सफल संचालन, संयोजन डीपीओ भारत प्रसाद ने किया।कार्यक्रम का शुभारंभ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल सिंह संग दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम की शुरुआत में सीएम कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग हुई। अफसरों संग आंगनबाड़ी कार्यकत्री ने सीएम के उद्बोधन को देखा और सुना।डीएम ने कहा कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं पर बच्चों को सुपोषित के साथ शिक्षित भी बनाने की जिम्मेदारी है। कुपोषण किसी व्यक्ति की नहीं बल्कि समाज की लड़ाई है। सभी को मिलकर यह लड़ाई लड़नी होगी। सभी आंगनबाड़ी कार्यकत्री तत्परतापूर्वक कार्य करें और बच्चों का भविष्य बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि बच्चों के बेहतर भविष्य और अधिक समृद्ध समाज के लिए पोषण अत्यन्त जरूरी है। शिशु व बाल मृत्यु में वृद्धि का एक प्रमुख कारण मातृ एवं शिशु कुपोषण है। कुपोषण की रोकथाम में सबसे बड़ी चुनौती समाज, परिवार एवं व्यक्ति के स्तर पर पोषण सम्बन्धी मौजूदा व्यवहारों, धारणाओं, मिथकों में परिवर्तन लाना है। डीपीओ भारत प्रसाद ने कार्यक्रम की आवश्यकता एवम् प्रासंगिकता बताइ।बताते चले कि राजधानी लखनऊ के लोकभवन सभागार में राष्ट्रीय पोषण माह (01 सितम्बर से 30 सितम्बर, 2023) के तहत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 155 करोड़ की लागत से 1,359 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण/शिलान्यास, 50 करोड़ की लागत से 171 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास व 2.90 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को यूनिफॉर्म (साड़ी) के लिए डीबीटी से 29 करोड़ की धनराशि का वर्चुअल अंतरण किया।

### इनको मिली योजनाओं की सौगात

डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह के साथ कुपोषित से सुपोषित श्रेणी में आने वाले बच्चों के 05 अभिभावकों को सम्मानित किया। उत्कृष्ट कामकाज वाली बाल विकास परियोजना (शहर) की 05 आंगनबाड़ी कार्यकत्री अल्का अवस्थी, नीतू सिंह, आशा देवी, उमा रानी, अजूरानी, ब्लाक कोआर्डीनेटर बाल विकास परियोजना (शहर) प्रीतकमल वर्मा को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशारानी, मीरावती को रू. 05-05 हजार व सहायिका कहकशा याशमीन, नीलम देवी को रू0 2500-2500 की धनराशि के प्रोत्साहन चेक प्रदान किया। नवजात शिशु आरती, बानी को खीर खिलाकर अन्नप्राशन संस्कार एवम् गर्भवती एवं धात्री वंदना, प्रेमवती को पुष्टाहार किट देकर गोदभराई संस्कार हुआ। संपूर्ण सुपोषण अभियान के तहत सैम श्रेणी के कासिम खान, मो.कादिर को सुपोषण किट प्रदान की।

### न्यूट्रीशन गार्जियन अवार्ड से सम्मानित हुए अफसर, कार्मिक

डीएम ने सैम श्रेणी के बच्चों को गोद लेकर कुपोषण मुक्त बनाने के लिए एआरओ अवधेद्र सिंह, ईओ संजय कुमार, बीईओ फूलचन्द, मुख्य सेविका कीर्ति सचान को न्यूट्रीशन गार्जियन अवार्ड से सम्मानित किया गया।

### खीरी की 2875 आंगनवाड़ी कार्यकत्री, 2285 सहायिका को यूनिफॉर्म की सौगात

जिला कार्यक्रम अधिकारी भारत प्रसाद ने बताया कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद खीरी की 2875 आंगनवाड़ी कार्यकत्री, 2285 आंगनवाड़ी सहायिका को 02-02 साड़ी/यूनिफार्म की सौगात दी। सीएम ने यूनिफॉर्म के लिए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों एवं सहायिकाओं के खातों में एक-एक हज़ार रुपया खाते में अंतरित किए।

## जुआ खेलते हुए 03 नफर अभि0गणो को किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** थाना फरधान पुलिस द्वारा जुआ खेलते हुए 03 नफर अभि0गणो को 52 ताश के पत्ते व माल फड़ से 3150 रूपये के साथ गिरफ्तार कर लिया गया तथा जामा तलाशी से 390 रु0 प्राप्त हुए। जिसके सम्बंध मे मु0अ0सं0 443/2023 धारा 13 जुआ अधिनियम बनाम रामसागर पुत्र बिन्द्रा प्रसाद नि0ग्राम कोरारा थाना फरधान रंजीत कुमार पुत्र घनश्याम नि0ग्राम मोहम्मदपुर थाना फरधान जनपद खीरी सतीश कुमार पुत्र डालचन्द्र नि0ग्राम हिकमतनगर थाना गोला के पंजीकृत किया गया।

## वर्तमान समय में हिन्दी की दशा व दिशा विषय पर एक संगोष्ठी का किया गया आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**लखीमपुर खीरी।** डॉ0 भीमराव अम्बेडकर पी0जी0 कॉलेज मुरादनगर में ÷वर्तमान समय में हिन्दी की दशा व दिशा÷ विषय पर एक संगोष्ठी का आयोजन प्राचार्य डॉ0 कैलाश नाथ की अध्यक्षता में किया गया। संगोष्ठी में लखनऊ क्रिश्चियन पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ के हिन्दी विभागाध्यक्ष डॉ0 ऋषि कुमार मिश्र मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। मुख्य अतिथि ने कहा, आज हिन्दी समी क्षेत्रों में बहुत समृद्ध हो चुकी है वैश्विक स्तर पर आज हिन्दी मारीशस, फिजी, सूरीनाम, कनाडा, ही नहीं अमेरिका, रूस, जापान, ब्रिटेन आदि देशों में खूब लिखी पढ़ी बोली जा रही है। सोशल मीडिया व मीडिया के विभिन्न क्षेत्रों में मोबाइल, लैपटॉप व अन्य माध्यमों से हिन्दी गंगा की अविरल धारा की तरह गतिमान है। हिन्दी विभाग के सहायक आचार्य रमाकान्त बीज वक्तव्य में कहा- हिन्दी आज विश्व में चौथी सबसे अधिक बोली जाने वाली भाषा है, इसकी वैज्ञानिकता व लिपि सहज व सरस है इसलिए निरन्तर यह प्रसारित हो रही है। लखीमपुर के कवि श्याम किशोर बेचैन ने संगोष्ठी में सुमधुर कण्ठ से काव्य पाठ प्रस्तुत करके सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। संचालन कर रहे सुरेश सौरभ ने कहा सोशल मीडिया पर हिन्दी लंबी परवाजें भर रही है। महाविद्यालय के प्रबन्धक डॉ0 महेश प्रसाद की नवीनतम कृति का ÷नशे की समस्या, कारण और निवारण÷ का विमोचन मुख्य अतिथि ने किया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने डॉ0 ऋषि कुमार मिश्र, विदुषी डॉ0 पूनम मिश्र एवं श्याम किशोर बेचैन को हिन्दी की सुदीर्घ सेवा के लिए अंगवस्त्र, श्रीफल, एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करके सम्मनित किया। संगोष्ठी में अमन पाण्डेय, सुनीता, बबिता, ललिता, दीक्षा, लवी देवी आदि छात्र-छात्राओं ने गीत-भाषण की प्रस्तुति से सबको भाव-विभोर कर दिया। उप-प्राचार्य श्री जितेन्द्र सिंह, विशाल वाजपेई, सरोज वर्मा, ने भी संगोष्ठी में विचार प्रस्तुत किये। सर्वेश कुमार, प्रीतम जायसवाल, मेराज अहमद, लक्ष्मी राज, आकाश यादव, शिवेन्द्र वर्मा, कमलेश शुक्ला, नीरज कनौजिया, गुलाब चन्द आदि शिक्षक एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं संगोष्ठी में मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री आवास योजना के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र किये गये वितरण



अवधनामा संवाददाता

**मोहम्मदी-खीरी।** मंगलवार को स्थानीय विकास खण्ड सभागार में वर्ष 2023-24 के मुख्यमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र का वितरण किया गया। मुख्यमंत्री आवास योजना वर्ष 2023-24 के चयनित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र दिए इसके तहत 29 लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र दिया गया। जफर खान, सोनू लाल, नीलम , ताज मोहम्मद, तरन्नुम, जय देवी, मनोहर सहित काफी लोग मौजूद रहे । ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई ने बताया कि आवास निर्माण का कार्य समय पूरा करे ताकि समय से अगली किस्त आ सके। सभी लाभुकों से उन्होंने शीघ्र ही आवास निर्माण करने की अपील की। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख महेंद्र बाजपेई, विपिन कुमार चैधरी उपयुक्त श्रम रोजगार खीरी नोडल अधिकारी, अश्वनी कुमार सिंह खंड विकास अधिकारी, संजय कुमार वर्मा सहायक विकास अधिकारी (आईएसबी), समस्त ग्राम पंचायत अधिकारी सहित अन्य कर्मचारी व लाभुक उपस्थित थे।

## बिना परमिट हरे-भरे आम सहित अन्य प्रजातियों के पेड़ों का कटान धड़ल्ले से जारी

अवधनामा संवाददाता



**मोहम्मदी-खीरी।** कोतवाली क्षेत्र में लकड़ी माफियाओ का राज कायम है। इस क्षेत्र में पुलिस एवं वन विभाग की स्वीकृत पर बिना परमिट हरे-भरे आम सहित अन्य प्रजातियो के पेड़ो का कटान अपने पूरे यौवन पर है। लकड़ी माफियाओ के द्वारा हरे-भरे आम के पेड़ो को काटा जा रहा है और जिम्मेदार चुपचाप मूक दर्शक बने हुए है।

सरकार की लचर नीत एवं जिम्मेदारो की धन लोलुप्ता के चलते पर्यावरण के दुश्मन बेखौफ होकर आम के फलदार पेड़ो एवं बागो का अंधा-धुंध कटान कर रहे है। कोतवाली क्षेत्र सहित पूरे तहसील क्षेत्र में लकड़ी माफियाओ के द्वारा बेखौफ होकर चलाए जा रहे आरे पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। आज फिर बरबर रोड पर गुरेला चैराहे के पास खड़े हरे-भरे फलदार आम के पेड़ो को काट डाला और जिम्मेदार खामोश बैठे रहे। जब एक पत्रकार द्वारा अवैध कटान की सूचना वन विभाग को दी गयी तब वन विभाग द्वारा दो लोगो के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया। वन दरोगा राजेश कुमार के अनुसार मंगलवार को सुबह मार्निग वाक पर निकले लोगो ने बरबर रोड नेशनल हाईवे पर गैस एजेन्सी के पास सड़क के किनारे खड़े गूलर और आम के पेड़ो को काटे जाने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने घटना स्टज्ञल पर जांच कर वृक्षों के मालिक राजकुमार व ठेकेदार वेद प्रकाश के खिलाफ बिना परमिट पेड़ काटने पर उत्तर प्रदेश ग्रामीण वृक्ष संरक्षण अधिनियम के तहत कार्यवाही करते हुए मुकमदा पंजीकृत कर लिया है।

## वाणिज्य संकाय के बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के लिये दीक्षारम्भ कार्यक्रम किया गया आयोजित

अवधनामा संवाददाता




**लखीमपुर खीरी।** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के निर्देशानुसार विद्यार्थी अभिप्रेरण कार्ययोजना अन्तर्गत वाणिज्य संकाय के बी.काम. प्रथम सेमेस्टर के छात्र/छात्राओं के लिये दीक्षारम्भ कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. हेमन्त पाल ने महाविद्यालय के संस्थापक राजा युवराज दत्त सिंह जी तथा माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। कार्यक्रम में चीफ प्राक्टर प्रो. सुभाष चन्द्रा ने विषय प्रवर्तन कर विद्यार्थियों को पठन-पाठन एवं अनुशासन सम्बन्धी नियमों की जानकारी दी और सहपाठी छात्र-छात्राओं के साथ सहज संवाद स्थापित कर सजग रहने व सब पढ़े-सब बढ़े की भावना के साथ आगे बढ़ने के लिये प्रेरित किया। इसी क्रम में भौतिक विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. इष्ट विभु ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति में क्रेडिट ट्रांसफर एवं केडिट एकुमुलेशन के सम्बन्ध में जानकारी दी एवं इसके सफल क्रियान्वयन हेतु अबेकस यूपी की प्रक्रिया के बारे में बताया। तत्पश्चात मोहम्मद आमिर ने अबेकस यूपी पर पंजीकरण प्रक्रिया को स्पष्ट किया व इसको पूरा करने के लिये विद्यार्थियों को प्रेरित किया। वाणिज्य विभाग के प्रोफेसर डॉ. एस. के. पाण्डेय ने जीवन में कैरियर संवारने के लिए लाइफ एवं टाइम मैनेजमेंट को अपनाने के लिये विद्यार्थियों को आकांक्षा, चैतन्यता, समय प्रबंधन तथा लक्ष्यों की पूर्ति के लिये प्रबंधकीय विधियों की जानकारी दी। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. डी.एन. मालपानी ने कहा कि उच्च शिक्षा का मुख्य उद्देश्य व्यक्ति का सर्वागीण विकास करना है। इसकी प्राप्ति के लिये शैक्षणिक ही नही शारीरिक एवं मानसिक स्तर पर छात्रों को मजबूत रहने की आवश्यकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए यह भी कहा कि वाणिज्य शिक्षा न केवल नौकरी पाने के लिये है, अपितु नौकरी देने के लिये भी महत्वपूर्ण है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. पाल ने छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय की गरिमा के अनुरूप अनुशासित रहने एवं महाविद्यालय के विभिन्न आयामों से जुड़ने का आह्वान करते हुए सामुदायिक एवं राष्ट सेवा के लिये तत्पर रहने के लिये प्रेरित किया और अमृत काल के पंचप्रण की शपथ दिलाई। कार्यक्रम का सफल संचालन चीफ प्राक्टर एवं दर्शनशास्त्र विभागाध्यक्ष प्रो. सुभाष चन्द्रा ने किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षक प्रो. नीलम त्रिवेदी, डॉ. आर.पी.एस. तोमर, डॉ. जे. एन. सिंह, प्रो. ज्योति पंत, सतेन्द्र पाल सिंह, डॉ. अमित कुमार, बृजेश शुक्ला, धर्म नारायण, मनोज कुमार, विनयतोष गौतम, रचित कुमार, मो. नजीफ व डॉ. ओ. पी. सिंह सहित बड़ी संख्या में छात्र / छात्राएं उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**जिलाधिकारी ने निर्धारित थीम के अनुरूप कार्य योजना तैयार करने के अधिकारियों को दिए निर्देश**

**गौतम बुद्ध नगर।** डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला पंचायत, क्षेत्र पंचायत व ग्राम पंचायत विकास योजना के अंतर्गत जनपद स्तरीय क्रियान्वयन एवं सामान्य समिति की बैठक संपन्न हुई। जिला पंचायत राज अधिकारी कुंवर सिंह यादव ने बैठक का संचालन करते हुए अवगत कराया कि ग्राम पंचायत विकास योजना के तहत भारत सरकार के द्वारा गरीबी मुक्त और आजीविका उन्नत गांव, स्वस्थ गांव, बाल हितेषी गांव, पर्याप्त जल युक्त गांव, स्वच्छ एवं हरित गांव, आत्मनिर्भर बुनियादी ढांचे वाला गांव, सामाजिक रूप से न्याय संगत एवं सुरक्षित गांव, सुशासन वाला गांव एवं महिला हितेषी गांव सहित 9 थीम निर्धारित की गई हैं, जिनके अनुरूप ही प्रत्येक ग्राम पंचायत को अपनी थीम निर्धारित करते हुए कार्य योजना तैयार करनी है। जिलाधिकारी ने बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए की शासनादेश में दी गई व्यवस्था के अनुसार ग्राम पंचायत में थीम का निर्धारण करते हुए कार्य योजना तैयार कराई जाए और ग्राम प्रधानों से वार्ता करते हुए थीम का निर्धारण कर थीम से संबंधित विभागीय अधिकारी को नामित कर दिया जाए, ताकि निर्धारित की गई थीम को लेकर जो कार्य योजना तैयार की जा रही है उसको मानकों के अनुरूप तैयार किया जा सके। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि ग्राम सभा से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 जनवरी तक, क्षेत्र पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 29 फरवरी व जिला पंचायत से अनुमोदित कार्य योजना को आगामी 31 मार्च तक ई ग्राम स्वराज पोर्टल पर अपलोड कर दी जाए। इस महत्वपूर्ण बैठक में जनप्रतिनिधियों में ग्राम प्रधान, जिला विकास अधिकारी सुधा कुमारी, जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ऐश्वर्या लक्ष्मी, समस्त खंड विकास अधिकारी एवं सहायक विकास अधिकारी पंचायत तथा अन्य संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे। राकेश चौहान जिला सूचना अधिकारी गौतम बुद्ध नगर।

## दिव्यांग आवास योजना का पात्रों को दिया लाभ

**सीतापुर।** पिसावां ब्लॉक में मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना के तहत 64 पात्र लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। मंगलवार को ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव तथा खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी की मौजूदगी मे क्षेत्र से आये मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना के चयनित 64 लाभार्थियों को आवास का प्रमाण पत्र वितरण किया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मोर्या का सम्बोधन लाईव दिखाया गया। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख मिथिलेश सिंह यादव ने भाजपा सरकार द्वारा विकास योजनाओं की उपलब्धियां गिनायी। कहा कि भाजपा सरकार मे ही सबका साथ सबका विकास सम्भव है। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी प्रीती तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री दिव्यांग योजना के अंतर्गत 64 लाभार्थियों के खातों पैसा भेज दिया गया।

## दिव्यांगजनों को ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने सौंपे प्रमाण पत्र



अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** खैराबाद विकासखंड में मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत दिव्यांगजन आवास स्वीकृति प्रमाण पत्र लाभार्थियों को सौपे गए। खैराबाद विकास खंड के सभागार में ये प्रमाण पत्र ब्लाक प्रमुख अजय कुमार विश्वकर्मा ने लाभार्थियों को सौंपे। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद का सम्बोधन भी लाईव दिखाया गया। ये आवास वर्ष 2023-24 में मुख्य विकास अधिकारी एवं परियोजना निदेशक, जिला ग्राम्य विकास अभिकरण द्वारा निर्गत किए गए हैं। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी व प्रदेश की योगी सरकार हर किसी का ध्यान रख रही है। गरीबों के उत्थान के लिए तमाम योजनाएं चला रही है। हर गरीब को आवास मिल सके, इसको लेकर आवास योजना भी चला रही है। उन्होंने कहा कि हर गरीब का एक ही सपना होता है, कि उसे पक्की छत मिल सके। यह सपना भाजपा की सरकारें पूरा कर रही हैं। सभी आवास प्राप्त लाभार्थियों के खातों सरकार द्वारा सीधे पैसा भेज दिया गया है। उन्होंने बताया इससे पहले की सरकारों मे इस तरह की व्यवस्था नहीं थी। पात्रों तक पूरा पैसा नहीं पहुंचता था। बीच मे ही बिचौलिए पैसों मे सेध मारी कर लेते थे। आवास के साथ भाजपा सरकार स्वास्थ्य का भी ध्यान रख रही है। कोई गरीब भूंखा न रहे इसके लिए निशुल्क राशन भी उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सबका साथ, सबका विकास के तहत मोदी व योगी ने सबका विश्वास जीता है। इस अवसर पर काफी संख्या में मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थी मौजूद रहे।

## धूमधाम से मनाया गया गणेशोत्सव

अवधनामा संवाददाता



**सलोन, रायबरेली।** बगहा स्थित न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल सलोन, रायबरेली के प्रांगण में आज गणेशोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा विविध कलात्मक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ति मोरया के घोष के साथ ही गणेश वंदना, भक्तिमय समूह संगीत और संक्षिप्त वक्तव्य के माध्यम से पर्व का निरूपण किया गया। अवसर के अनुरूप श्री गणेश जी की एक भव्य झांकी भी सजाई गई जिसमें गणेश का रूपक बने कक्षा छठवीं के छात्र राजबीर सिंह ने अपनी भाव भंगिमा से सभी को भावविभोर किया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या कामाक्षा सिंह द्वारा सभी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं की उपस्थिति में गणपति बप्पा का विधानपूर्वक स्थापन व पूजन-अर्चन किया गया। बाद में उनके द्वारा विद्यालय परिवार की ओर से सभी के कल्याण की कामना की गई। इस बार विद्यालय में पवित्र मृत्तिका से निर्मित मंगल मूर्ति गणेश की मूर्ति स्थापित की गई है। कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह गणेशोत्सव अपने निर्धारित समय तक चलेगा।

## खाटू श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई



**सीतापुर।** जिले के महोली के ग्राम हाजीपुर में बाबा झूलेलाल स्थान के पास खाटू श्याम की प्राण प्रतिष्ठा की गई। विधिवत्त पूजा अर्चना के बाद मूर्ति स्थापित की गई। आचार्य द्वारा पूजा अर्चना कराया गया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद विशाल जागरण का आयोजन किया गया। जिसमें गांव के श्रद्धालुओं ने भागीदारी निभाई। कार्यक्रम का समापन विशाल भंडारे के साथ किया गया। भंडारे मे हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम के दौरान झूलेलाल स्थान पर भारी भीड़ रही और दर्शकों ने मेला का भी आनंद लिया। जागरण में आकर्षक झाकियों ने उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया।

## अभियुक्तों को अवैध गांजे के साथ पुलिस ने किया गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता



**रायबरेली।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत ऊंचाहार में अवैध मादक पदार्थ/द्रव्यों की बिक्री/तश्करी के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अन्तर्गत 19 सितम्बर को ऊंचाहार पुलिस टीम द्वारा मुखबिरखास की सूचना पर अभियुक्तगण 1- सूरज पाल पासवान पुत्र बालकृष्ण निवासी ग्राम पुरारीपुर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव 2- कुलदीप पाल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम महीपतखेडा थाना माखी जनपद उन्नाव 3- बीरेन्द्र पाल पुत्र बलदेव प्रसाद रविशंकर पुत्र गयाप्रसाद निवासी ग्राम उम्मेदखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव को 03 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ थाना क्षेत्र के फ्लाईओबर कस्बा ऊंचाहार के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है । जिनके विरूद्ध थाना स्थानीय पर मुकदमा अपराध संख्या- 457/2023 धारा-8/ 20 एनडीपीएस अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है । नाम पता अभियुत सूरज पाल पासवान पुत्र बालकृष्ण निवासी ग्राम पुरारीपुर थाना अचलगंज जनपद उन्नाव,कुलदीप पाल पुत्र रामअवतार निवासी ग्राम महीपतखेडा थाना माखी जनपद उन्नाव,बीरेन्द्र पाल पुत्र बलदेव प्रसाद रविशंकर पुत्र गयाप्रसाद निवासी ग्राम उम्मेदखेड़ा थाना अचलगंज जनपद उन्नाव, बरामदगी,3 किलोग्राम अवैध गांजा (01-01 किलोंग्राम प्रत्येक के कब्जे सेगिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम,प्रभारी निरीक्षक आदर्श कुमार सिंह थाना ऊंचाहार रायबरेली,बरिष्ठ उप-निरीक्षक लोकेन्द्र सिंह थाना ऊंचाहार रायबरेली ,आरक्षी अनूप शर्मा थाना ऊंचाहार रायबरेली ,आरक्षी अरूण कुमार थाना ऊंचाहार रायबरेली ,आरक्षी महेश तिवारी थाना ऊंचाहार रायबरेली,आरक्षी दीपक कुमार थाना ऊंचाहार रायबरेली, आरक्षी गौरव चौधरी थाना ऊंचाहार रायबरेली।

# घर में आईआरएस छिड़काव जरूर कराओ, बालू मक्खी से छुटकारा पाओ

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** जिले के आठ ब्लाक के कालाजार से प्रभावित 33 गांवों में बालू मक्खी से बचाव के लिए वर्ष में दो बार होने वाले अंदरूनी विशिष्ट छिड़काव (आईआरएस) का दूसरा चरण पांच सितम्बर से शुरू हो चुका है। आईआरएस छिड़काव कार्य में कालाजार रोगी सहायता समूह नेटवर्क सदस्य महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। छिड़काव से मना करने वाले परिवारों को छिड़काव के फायदे बताते हुए लोगों को पूरे घर में छिड़काव कराने के लिए राजी कर रहे हैं।

जिला मलेरिया अधिकारी सुधाकर मणि ने बताया कि बनकटा ब्लॉक के एक, लार के एक, बनकटा के एक देसई देवरिया के एक बैतालपुर के एक कालाजार प्रभावित गांवों में कालाजार की वाहक बालू मक्खी से बचाव के लिए छिड़काव किया जा रहा है। चिह्नित गांवों में छिड़काव व निरोधात्मक कार्य जारी है। छिड़काव अभियान में नेटवर्क सदस्यों का सहयोग लिया जा रहा है। बनकटा ब्लाक के कालाजार प्रभावित 23 गांव में नेटवर्क सदस्य सुनीता, भगवान शाह, अंतिम, इंदू, विंध्याचल, शोभा, बीरबहादुर, पिंकी चौहान लोगों के साथ बैठक कर कालाजार से बचाव के लिए जागरूक कर रहे हैं और सम्पूर्ण घर में छिड़काव कराने की सलाह दे रहे हैं। नेटवर्क सदस्यों द्वारा बताया जा रहा है कि कीटनाशक दवा का छिड़काव दीवार पर छह फुट तक होता है। खाने-पीने के सामान, बर्तन और दीवारों पर टंगे कैलेंडर आदि को बाहर कर दें। भारी सामानों को कमरे के मध्य भाग में एकत्रित कर उसे ढक दें। रसोईघर, गौशाला सहित पूरे घर में दवा का छिड़काव कराएं और घर की दीवारों में पड़ी दरारों को भर दें। बनकटा ब्लॉक के नेटवर्क सदस्य अंतिम देवी ने बताया कि लोगों को कालाजार से बचाव के बारे में जागरूक किया जा रहा है। उनको यह भी समझाया जा रहा है कि कालाजार बालू मक्खी से फैलने वाली बीमारी है। यह मक्खी नमी वाले स्थानों पर अंधेरे में पाई जाती है। इसके काटने के बाद लोग बीमार हो जाते हैं।

**16 गांव होंगे कालाजार से मुक्त :** सीएमओ डॉ राजेश झा ने बताया कि जिन गांव में कालाजार के मरीज मिलते हैं उन गांवों में तीन साल तक लगातार आईआरएस का छिड़काव कराया जाता है। इस वर्ष दूसरे चरण के छिड़काव के बाद बनकटा ब्लाक के छह, भटनी ब्लाक के तीन, बैतालपुर ब्लाक के दो, देसई देवरिया ब्लाक का एक, लार ब्लाक का एक, पथरदेवा ब्लाक का एक भाटपारनी ब्लाक का एक गांव कालाजार से मुक्त हो जायेंगे। सीएमओ ने बताया कि अबतक इस वर्ष तीन पीकेडीएल और चार वीएल कालाजार के मरीज मिले हैं, जिनका इलाज कराया गया है।

## मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को मिली प्रथम किस्त की सौगात

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत लाभार्थियों को प्रथम किस्त का वितरण कार्यक्रम जनपद के सभी 09 विकास खंडों में आयोजित किए गए। इस अवसर पर विकासखंड बलरामपुर सदर में जिलाधिकारी अरविंद सिंह के निर्देशन में मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य एवं विधायक बलरामपुर सदर पल्टूराम की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी एवं माननीय विधायक सदर द्वारा 633 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। विकासखंड हरैया सतघरवा में विधायक तुलसीपुर कैलाश नाथ शुक्ला की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में विधायक द्वारा 304 लाभार्थियों को प्रथम किस्त का स्वीकृति पत्र सौंपा गया। विकासखंड उतरौला में माननीय विधायक उतरौला राम प्रताप वर्मा की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन संपन्न हुआ।

# नहर में नहाते समय दो बच्चों की डूबने से मौत, परिवार में मचा कोहराम

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया थानाक्षेत्र के गडहियां बसंतपुर गांव निवासी दो बच्चे गांव के समीप से बह रही नहर में नहाते समय डूब गए। इस घटना को सरेआम होते ही मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुटी गई। दोनों लड़के अपने घर की महिलाओं के साथ ऋषि पंचमी पर्व पर नहर पहुंचकर स्नान एवं पूजा पाठ के लिए गए हुए थे। मौके पर खड्डा एसडीएम आशुतोष, सीओ संदीप वर्मा एवं नेबुआ नौरंगिया थानाध्यक्ष अतुल कुमार श्रीवास्तव पुलिस फोर्स के साथ ग्रामीणों की मदद से नहर में लापता बच्चों की खोजबीन में जुटे हुए थे। देर शाम तक दोनों बच्चों का शव बरामद कर लिया गया।

मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार के दिन ऋषि पंचमी पर्व होने के कारण स्थानीय गांव में महिलाएं व्रत व उपवास रखती है, और नदी, तालाब, नहर आदि जगहों पर जाकर स्नान आदि करती हैं। इसी पर्व को लेकर स्थानीय थानाक्षेत्र के गडहियां बसंतपुर गांव में रामकृपाल राव एवं रमोद मद्धेशिया के परिवार की महिलाएं जो एकडंगा रेगुलेटर से कौवासार के लिए निकली नहर में स्नान करने गई हुई थी। इसी दौरान नहर के किनारे नहाने के दौरान रामकृपाल राव का 12 वर्षीय इकलौता पुत्र विपिन राव और उसी गांव के रमोद मद्धेशिया का 8 वर्षीय इकलौते पुत्र आर्यन नहर में नहाते समय गहरे पानी में चले गए। जब तक महिलाएं कुछ कर समझ पातीं, पानी के तेज बहाव में दोनों डूबकर लापता हो गए। महिलाओं के शोर मचाने पर लोगों की भीड़ जुट गई और गांव के तैराक व गोताखोर लोग पानी में बच्चों को ढूंढने लगे लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। सूचना पर प्रशासनिक अमला भी मौके से पहुंचकर दोनों का शव तलाश कराने में जुट गए। उधर एसडीआरएफ टीम को भी खोजबीन करने के लिए इसकी सूचना दे दी गई। देर शाम तक दोनों बच्चों का शव आर्यन 8 वर्ष व विपिन 12 वर्ष का ग्रामीणों व प्रशासन की मदद से बरामद हो गया। उधर दोनों बच्चों की मौत पर परिवार में कोहराम मच गया। परिजनों का रो रोकर बुरा हाल हो गया है।



ऋषि पंचमी पर्व पर स्नान व पूजा पाठ करने परिवार के साथ गए थे दोनों बच्चे

## लम्पी वायरस से बचाव को लेकर जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा एडवाइजरी जारी

अवधनामा संवाददाता

**बलरामपुर।** जिलाधिकारी अरविन्द सिंह के निर्देशन में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा लम्पी स्किन डिंजीज (एलएसएडी) से बचाव को लेकर एडवाइजरी जारी की गई है। जिलाधिकारी ने कहा कि लम्पी पशुओं में होने वाली वायरस जनित बीमारी है जो मक्खियों और मच्छरों की कुछ प्रजातियों और टिक्स द्वारा एक पशु के शरीर से दूसरे पशु के शरीर में फैलता है।

लंपी वायरस से संक्रमित पशुओं को तेज बुखार आने के साथ ही उनकी भूख कम हो जाती है, इसके अलावा पशुओं के चेहरे, गर्दन, थूथन, पलकों समेत पूरे शरीर में गोल उभरी हुई गांठें बन जाती हैं। उन्होंने बताया कि लम्पी स्किन डिजीज एक विषाणुजनित रोग है। इस रोग से ग्रसित होने पर मवेशी सम्पूर्ण शरीर की चमडी विशेष रूप से सिरगर्दन, थूथन, थनों, गुदा व अंडकोष या योगिगुख के बीच के भागों पर गांठों के उभार वन जाते है। कभी भी पूरा शरीर गौठों से ढक जाता है। लम्पी रोग से ग्रसित होने पर पशु के श्वसन पथ में घाव होने से सॉस लेने में कठिनाई होती है, पशुओं का वजन घट जाता है। शरीर कमजोर हो जाता है। बचाव के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि सर्वप्रथम निकटतम पशुचिकित्साधिकारी को सूचित करें, प्रभावित पशु को स्वस्थ पशु से अलग करें। प्रभावित पशुओं का आवागमन प्रतिबन्धित करें। पशुओं को सदैव साफ पानी पिलायें। पशु के दूध को उबाल कर पियें। पशुओं को मच्छरों, मक्खियों, किलनी आदि से बचाने हेतु पशुओं के शरीर पर कीटनाशक दवाओं का प्रयोग करें। पशुबाड़े और पशुखलिहान की फिनायल या सोडियम हाइपोक्लोराइट इत्यादि का छिड़काव कर उचित कीटाणु शोधन करें। बीमारी पशुओं की देखभाल करने वाले व्यक्ति को भी स्वस्थ पशुओं के बाडे से दूर रखना चाहिए। पहले स्वस्थ पशुओं को चारा व पानी दें, फिर बीमार पशुओं को दें। बीमार पशुओं को प्रबंधन करने के पश्चात हाथ साबुन से धोयें। लम्पी स्किन डिजीज होने पर सामूहिक चराई के लिए अपने पशुओं को ना भेजें।

# डीएम ने स्वच्छता रथ व ई-रिक्शा को झंडी दिखाकर किया रवाना

### गांव-गांव भ्रमण कर लोगों को स्वच्छता के प्रति रथ करेगा जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**फतेहपुर।** आगामी दो अक्टूबर को मनाये जाने वाले स्वच्छ भारत दिवस को लेकर स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) योजना के अन्तर्गत स्वच्छता ही सेवा कचरा मुक्त भारत पखवाड़ा 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक अभियान के जनपद स्तरीय शुभारंभ जिलाधिकारी श्रुति ने कलेक्ट्रेट परिसर से स्वच्छता रथ एवं ई-रिक्शा को हरी झण्डी दिखाकर गांव की ओर रवाना किया।

कलेक्ट्रेट सभागार में सभी विभागों के अधिकारियों की स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े के अन्तर्गत किये जाने वाले कार्यों हेतु बैठक एवं स्वच्छता शपथ दिलाई। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रा0) योजना के द्वितीय चरण में ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्धन के कार्य ग्राम पंचायतों में कराये जा रहे हैं। स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा कचरा मुक्त भारत अभियान 17 सितंबर से 02 अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। उक्त अभियान में प्रत्येक व्यक्ति को घरों में उत्सर्जित होने वाले कचरे को पृथक-पृथक गीले एवं सूखे को डस्टबिन में रखने तथा उचित निस्तारण के प्रति जागरूक करने हेतु स्वच्छता रथ एवं ई-रिक्शा के माध्यम से जानकारी प्रदान करने का कार्य किया जाना है। नदियों के किनारे प्लास्टिक, थर्माकोल आदि की सफाई सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध तथा लोगों में, मैं न गंदगी करूंगा/करूंगी, न किसी और को करने दूंगा/दूंगी की भावना उत्पन्न कराना एवं उक्त अभियान में ग्राम पंचायतों में श्रमदान के माध्यम से साफ-सफाई, जागरूकता बैठक, रैली, नारा लेखन, वाल पेन्टिंग आदि कार्य कराये जायेंगें। जिलाधिकारी ने सभी विभागों के अधिकारियों को अपने कार्यालयों तथा आस-पास के क्षेत्रों में साफ-सफाई हेतु श्रमदान कार्यक्रम का आयोजन करना तथा प्रतिवर्ष 100 घंटे यानी हर सप्ताह दो घंटे श्रमदान की शपथ दिलाई गई। साथ ही अपने कार्यालय व सम्पर्क में आने वाले व्यक्तियों को भी शपथ दिलाने के निर्देश दिये गये। इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी प्रमोद सिंह चन्द्रौल, परियोजना निदेशक जिला ग्राम्य विकास अभिकरण शेषमणि सिंह, जिला पंचायत राज अधिकारी उपेन्द्र राज सिंह, रामशंकर वर्मा, किरन वर्मा, सुनीत द्विवेदी, विश्वनाथ तिवारी उपस्थित रहे।

## नगर विकास व ऊर्जा मंत्री से मिलीं विधायक ओममणी

### नगरों के सुंदरीकरण सहित जनहित के कार्यों की मांग की



**नरैनी अवधनामा संवाददाता।** प्रदेश सरकार के नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री से मिलकर विधायक ने क्षेत्रीय समस्याओं से अवगत कराया। नगरों के सुंदरी करण सहित जनहित के कई कार्यों की मांग की है। क्षेत्रीय विधायक ओममणी वर्मा क्षेत्र के विकास के लिए संबंधित विभागों के मंत्रालयों में पहुंचकर समय समय पर जनता की जरूरतों को पूरा करने का प्रयास करती रहती हैं । मंगलवार को उत्तर प्रदेश सरकार में नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री एके शर्मा से मिलकर विधायक ने कई अहम मुद्दों पर चर्चा की। जिनमे प्रमुख रूप से विधानसभा क्षेत्र में विद्युत के लो बोल्टेज की समस्या के निदान के लिए और सिंहपुर पावर हाउस से व्यवस्थित विद्युत आपूर्ति, नगरों का सौंदर्यीकरण कराने एवं ऐतिहासिक और पौराणिक महत्व की ग्राम पंचायत तरहटी कालिंजर को नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की मांग की है। मंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित कर शीघ्रता से समस्याओं का निस्तारण करने एवं अन्य विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूर्ण कराने के निर्देश दिए हैं। क्षेत्रीय विधायक की जनहित की भावना एवं क्षेत्र के प्रति संवेदनशीलता को देखते हुए क्षेत्रवासियों में खुशी का माहौल है।

## दिव्यांगों को आवास योजना के स्वीकृति पत्र बांटे गये

अवधनामा संवाददाता

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** ब्लाक राजेपुर सभागार में दिव्यांगों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण व मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अंतर्गत स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। जिसमें दिव्यांगों को वित्तीय वर्ष 2023- 24 आवंटित लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। दिव्यांगों को एडीओ पंचायत अजीत पाठक व खंड विकास अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता के द्वारा दिव्यांगों को मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण व प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत वितरित किए गए। इस मौके पर कपिल कुमार, खंड विकास अधिकारी कौशल किशोर गुप्ता, एडीओ पंचायत अजीत पाठक सहित अन्य अधिकारी मौके पर मौजूद रहे। ब्लाक राजेपुर के दिव्यांगों को इस योजना का लाभ दिया गया।योजना का लाभ पाते ही दिव्यांगों के चेहरे खिल उठे। दिव्यांगों द्वारा मुख्यमंत्री व प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की गई। लाभार्थियों प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री की जमकर प्रशंसा की गई।

## नातिन की तलाश में भटक रही दादी ने एसपी से लगाई गुहार



**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** नाबालिग नातिन की गुमशुदगी दर्ज कराने व दोषियों की गिरफ्तारी के लिये दर-दर भटक रहीं दादी ने महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष फहमीदा खान के नेतृत्व में अपर पुलिस अधिक्षक से मिलकर नातिन की बरामदगी कराये जाने व दोषियों की गिरफ्तारी की मांग किया। मंगलवार को सदर कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली वृद्धा ने महिला कल्याण संस्था की अध्यक्ष फहमीदा खान के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची जहां एएसपी को दिये शिकायती पत्र में बताया कि उसके पुत्र व बहु स्वर्गवास हो चुका है। माता पिता के मौत के बाद नातिन उसके साथ ही रहती थी। छह जुलाई को अचानक नातिन घर के गायब हो गयी। नातिन की गुमशुदगी दर्ज कराने के लिये उनके द्वारा पुलिस चौकी सदर अस्पताल में प्रार्थना पत्र दिया गया लेकिन तीन माह गुज़र जाने के बाद भी पुलिस के द्वारा गुमशुदा नातिन को बरामदगी कराये जाना तो दूर की बात है पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज नहीं की। वही महिला कल्याण समिति की अध्यक्ष फ्हमीदा खान ने एएसपी से गुमशुदा युवती के साथ अनहोनी होने व सदर अस्पताल चौकी प्रभारी पर दोषियों से संलिप्ता का आरोप लगाते हुए पीड़िता की बरामदगी किये जाने की गुहार लगाई। इस मौके पर गुड्डी, पूनम, राजकुमारी, सीमा, रेहाना, नज़राना आदि महिला संगठन की महिलाए मौजूद रही।

## तमंचा-कारतूस के साथ युवक को दबोचा

**फतेहपुर।** लखनऊ बाईपास चौकी पुलिस ने एक युवक को चौफेरवा कारखाना के समीप से तमंचा-कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार लखनऊ बाईपास चौकी प्रभारी सुमित देव पांडेय अपने हमराही हेड कांस्टेबल असलम व आरक्षी मंगला प्रसाद के साथ गश्त कर रहे थे। तभी मुखबिर ने सूचना दिया कि एक युवक चौफेरवा कारखाना के समीप किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से खड़ा है। सूचना पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी करते हुए युवक को दबोच लिया। पकड़े गये अभियुक्त ने अपना नाम मनोज कुमार पासवान पुत्र हेमराज निवासी चौफेरवा थाना कोतवाली बताया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक तमंचा 315 बोर व एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ।

## युवती की मौत पर पुलिस हत्या आत्महत्या की जांच में जुटी

- तमंचा हुआ बरामद
- सबूत के आधार पर होगी कार्रवाई

अवधनामा संवाददाता

**फर्रुखाबाद।** कनपटी पर अवैध तमंचे से गोली लगने से युवती दीक्षा की मौत हो गई जिससे परिवार में को कोहराम मच गया। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने घटना स्थल पहुंचकर गहनता से पड़ताल की, उन्होंने कहा कि सबूत के आधार पर ही कार्रवाई की जाएगी।

कोतवाली कायमगंज के ग्राम पम्मी नगला निवासी सतेद्र जाटव की 19 वर्षीय पुत्री दीक्षा का लहूलुहान शव कमरे के बेड के नीचे पडा हुआ था। अनुमान लगाया जा रहा है कि युवती ने नजदीक से कनपटी में गोली लगने के कारण ही उस का भेजा बाहर निकल गया। फर्श पर काफी खून फैला था। दीक्षा की मां सुनीता आशा बहू है। सुनीता का बीते दिनों सैफई में इलाज हुआ था। दीक्षा मां के साथ रह रही थी और मां को लेकर घर वापस आई थी। दोपहर के समय टीचर को गेट के दरवाजे पर बैठा हुआ देखा गया। सूचना मिलते ही सीओ सोहराब आलम और इंस्पेक्टर जयप्रकाश पाल ने मौके पर जाकर पड़ताल की। फोरेंसिक टीम ने घटना स्थल से सबूत एकत्र किए हैं। घटनास्थल पर 315 बोर का तमंचा पड़ा था जिसको पुलिस ने कब्जे में ले लिया समझा जाता है कि दीक्षा ने कनपटी पर तमंचा लगाकर गोली मारी है।

### बाढ़ में जलमग्न हुई फसले अब नष्ट हो रही

**अमृतसर फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** गंगा व राम गंगा में बाढ़ आने से किसानों की फसले डूब गई थी। बाढ़ का पानी घटते ही सूरज की तेज किरणें फसलों को नष्ट करने में लगी हुई हैं। तहसील क्षेत्र में गंगा व राम गंगा की बाढ़ से प्रभावित रहा है। गंगा ने क्षेत्र में तबाही मचाई थी। जिससे गन्ना, बाजरा, तिल, उर्द की फसलें पहले ही बर्बाद हो चुकी थी। तो दूसरी तरफ कुछ बची हुई फसले रामगंगा की बाढ़ से चली गई। अब तहसील क्षेत्र का किसान चारों तरफ से बर्बाद हो गया है। दोनों तरफ से ईश्वर अपना कहर ढाने में लगा हुआ है एक तो बाढ़ से परेशान था। फसले डूब जाने के बाद किसान बारिश की आस कर रहा था। बारिश तो नहीं हुई लेकिन सूरज की तेज किरणों ने डूबी हुई फसलों को नष्ट कर दिया। ग्रामीण क्षेत्र के बुजुर्गों द्वारा बताया गया है कि अगर हल्की-फुल्की बारिश हो जाती तो फसले बच सकती थी। अगर ऐसे ही सूरज की तेज किरणें निकलती रही तो फसले नहीं बचेंगे। फसले गल कर नष्ट हो जाएगी। अब शासन व प्रशासन को देखना है कि वह कितनी मदद कर सकता है। तहसील क्षेत्र पर दो तरफ मार पड़ी हुई है। प्रदेश के मुखिया का कहना है कि बाढ़ से हुए नुकसान का हर संभव मुआवजा दिया जाएगा जिसका सर्वे कराया जाएगा। उधर प्रशासन का कहना है कि जिनके बाढ़ के कटान से मकान बाढ़ में समा गए हैं उन लोगों को पट्टा व सरकारी आवास दिलवाया जाएगा।

### राजश्री बुक डिपो का हुआ उद्घाटन

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित श्री राजेंद्र सिंह इंटर कॉलेज के निकट राजश्री बुक डिपो का कॉलेज के प्रधानाचार्य अवधेश सिंह यादव ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि कॉलेज के छात्र-छात्राओं को बुक डिपो का लाभ मिलेगा और उन्हें इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा। इस दौरान अध्यापक प्रेम सिंह यादव के भाई सुधीर यादव ने सभी अध्यापकों के सहयोग से दुकान का शुभारंभ किया। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

### शराबी पुत्र ने पिता से की मारपीट

**नवाबगंज फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ग्राम जानकी पुनवासी रामनाथ पुत्र रमई लाल ने पुलिस को लिखित तहरीर दी है जिसमे कहा है कि मेरा पुत्र भैया लाल शराब का आदी है आए दिन मेरे साथ मारपीट करता रहता है। जब वह अपने घर पर जा रहा था तभी मेरे पुत्र भैया लाल ने मुझे लात घुसो से मारा पीटा छोटी बहू बचाने आई तो उसके साथ भी मारपीट की और पुत्र भैया लाल एवं उसकी पत्नी ममता देवी ने कहा कि उसके साथ काफी समय से मारपीट करते चले आ रहे हैं। पीड़ित को थानाध्यक्ष ने कार्रवाई करने का आश्वासन दिया है।

### आठ पर शांति भंग की कार्रवाई

**फतेहपुर अवधनामा संवाददाता।** जिले में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत तीन थानों की पुलिस ने आधा दर्जन से अधिक लोगों के खिलाफधारा 151 के तहत कार्रवाई की है। पुलिस प्रवक्ता के अनुसार असोथर थाना पुलिस ने छह, थरियांव पुलिस ने एक व हुसैनगंज पुलिस ने भी एक व्यक्ति के खिलाफशांति भंग के तहत कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया।

## एमएलसी ने लिया संज्ञान, डॉक्टरों ने निकाली कंधे में धंसी गोली, कोतवाल-एसआई सस्पेंड

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** सदर कोतवाली क्षेत्र में पुलिस की बड़ी लापरवाही सामने आई है। पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले को महज मारपीट में दर्ज किया है। इतना ही नही युवक को गोली मारने की इस घटना में पुलिस ने युवक का मेडिकल परीक्षण तक कराने की जहमत नही उठायी। गोली लगने से घायल युवक एक हफ्ते तक न्याय की गुहार लगाता रहा। लेकिन सदर कोतवाली के प्रभारी पीड़ित और उसके परिजनों को थाने से दुत्कार कर भगाते रहे। एक हफ्ते बाद जब पीड़ित युवक और उसके परिजन एमएलसी विशाल सिंह चंचल के कार्यालय पर न्याय की फरियाद लेकर पहुंचे,तो एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने युवक को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया। जहां युवक का ऑपरेशन कर डॉक्टरों ने उसके बाएं कंधे में धंसी गोली निकाली।



पूरा मामला गाजीपुर सदर कोतवाली क्षेत्र के तुलसीसागर मुहल्ले के है। जहां रहने वाले युवक आलोक बलवंत को पिछले 11 सितम्बर को मामूली विवाद में दबंगों ने गोली मार दी। जो उसके बाएं कंधे में लगी। घटना के बाद पीड़ित और उसके परिजनों ने स्थानीय पुलिस से शिकायत की। युवक को गोली मारने की इस घटना को लेकर पुलिस ने अपना खेल शुरू कर दिया। थाने पहुंचे पीड़ित के केस हत्या के प्रयास के बजाय महज मामूली मारपीट में दर्ज किया गया। पीड़ित के बार बार कंधे में गोली लगने की बात कहने के बावजूद पुलिस अपनी मनमर्जी पर डटी रही। पुलिस ने पीड़ित का मेडिकल कराने तक कि जरूरत नही समझी। इतना हो नही पीड़ित और उसके परिजनों के जोर देने पर कोतवाल ने उन्हें थाने से डांटकर भगा दिया। पीड़ित युवक और उसके परिजन 17 सितम्बर को एमएलसी विशाल सिंह चंचल से उनके कार्यालय पर जाकर मिले, और आपबीती बताई। जिसके बाद एमएलसी विशाल सिंह चंचल ने एसपी से इस मामले इस मामले में तत्काल कार्यवाही करने को कहा। मामला एमएलसी के संज्ञान में आने के बाद पुलिस हरकत में आई और पीड़ित युवक को मेडिकल कालेज ले गयी। जहां उसे भर्ती किया गया। मेडिकल कालेज में डॉक्टरों ने युवक के 18 सितम्बर को ऑपरेशन कर कंधे में धंसी गोली निकाली। जिसके बाद पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। फिलहाल इस मामले में एसपी ने आनन फानन सदर कोतवाली के एसएचओ तेज बहादुर सिंह और गोराबाजार के चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर डैमेज कंट्रोल की कोशिश की है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने तत्काल प्रभाव से कासिमाबाद थानाध्यक्ष अशेष नाथ सिंह को शहर कोतवाल नियुक्त किया है।

# घर-घर विराजे गणपति बप्पा

### ढोल नगाड़ों संग निकाली शोभायात्रा, गणेश उत्सव में रंगे लोग



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गणेश चतुर्थी के अवसर पर शहर का माहौल गणपति की भक्ति में रंगा नजर आया। शहर के गली, मोहल्लें और मंदिरों से लेकर घर-घर में विधि-विधान से पूजा अर्चना करके गणपति की प्रतिमाएं स्थापित की गई।

इस दौरान शहर में गणपति बप्पा मोरिया, मंगल मूर्ति मोरिया जैसे जयकारे भी लगे। मंगलवार गणेश चतुर्थी पर सुबह से ही श्रद्धालुओं में अलग ही उत्साह देखने को मिला। मानवाधिकार परिवार के रिपोर्टर केके श्रीवास्तव ने बताया कि गणेश महोत्सव के स्थापना पर साकेतपुरी आलमबाग लखनऊ में अंकिता श्रीवास्तव, निकिता श्रीवास्तव, सात्विक श्रीवास्तव, वैभव श्रीवास्तव अपने निवास स्थान पर किया। अश्वनी श्रीवास्तव ने पूजन विधि विधान से किया उनकी पुत्री श्रेया श्रीवास्तव ने स्थापना में शामिल रही साथ में रागिनी श्रीवास्तव, प्रीति श्रीवास्तव सहित परिवार शामिल रहे।



### शिव पुराण की कलश यात्रा निकली

शिव पुराण का कलश यात्रा आलमबाग वैष्णो मां मंदिर साकेतपुर भिलावां के कलश यात्रा के साथ निकली। शिव पुराण के सातवें मंदिर में गणेश जी का भी स्थापना हुआ जिसमें वहां के मुख्य भक्त लक्ष्मी, रमेश बेरी, दीपक बेरी, पंडित संदीप मिश्रा के साथ में हजारों के तादाद में भक्त कलश यात्रा में शामिल हुए। मानवाधिकार परिवार के रिपोर्टर केके श्रीवास्तव ने यह जानकारी दी है।

### फंदे से लटकता मिला युवक का शव

**भेटुआ (अमेठी)।** थाना कोतवाली अमेठी अंतर्गत ग्राम पंचायत भेटुआ निवासी तीस वर्षीय अविवाहित सुरेन्द्र कश्यप पुत्र द्वारिका प्रसाद कश्यप का शव मंगलवार को संदिग्ध परिस्थितियों में उनके घर से महज पांच सौ मीटर दूर एक बाग में पेड़ से फंदे के सहारे लटका मिला। परिजनों के मुताबिक मृतक घर से सुबह तड़के चार बजे निकला था,उसकी मानसिक स्थिति भी ठीक नहीं थी, परिजनों ने किसी से रंजिश से भी इंकार किया है।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मेरी जमीन जो की गाटा संख्या 198 मौजा सैदपुर रज्जीपुर में दर्ज है का मूल दस्तावेज वास्तव में कही खो गया है।

प्रार्थी
कृष्णानन्द पुत्र स्व रामलखन
निवासी - ग्राम भिखनापुर
पोस्ट खासपुर थाना अलीगंज
तहसील टाण्डा
जनपद अम्बेडकरनगर
मो. नं.-9415460343

# आर्य कन्या इंटर कालेज में किया गया दूसरा शिविर

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जनपद न्यायधीश गौरव कुमार श्रीवास्तव के दिशा निर्देशन में और सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अपर जिला जज शैलेन्द्र सिंह यादव के संचालन में प्रारंभ किया गया।

प्रोजेक्ट एक नया सवेरा जिसमें बालक बालिकाओं के अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा वह संवैधानिक अधिकारों के विषय में जागरूक किया जाएगा। प्रोजेक्ट श्वेता राज ने किया था प्रस्तावित, माननीय न्यायपालिका ने दिया हरि झंडी। राजकीय बालिका इंटर कालेज में आयोजित किया गया प्रथम शिविर।



शिविर में बालिकाओं को विधिक सेवा प्राधिकरण की सेवाओं के विषय में अवगत कराया गया, उनके कानूनी अधिकारों के विषय में जानकारी दी और एडवोकेट श्वेता राज सिंह द्वारा बालिकाओं के संवैधानिक अधिकारों, असुरक्षा की भावना, आत्म रक्षा, अपने पर हो रहे अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाना आदि विषयों पर वार्ता करी गई श्वेता द्वारा बालिकाओं को लॉ आफ कम्युनिकेशन और लॉ ऑफ़ रिपोर्टिंग बताया गया और यह भी बताया गया की बालिका अपने पर हों रहे अत्याचार को छुपा कर किसी पुरुष के सम्मान की रक्षा करती है अपने सम्मान के लिए उसे बोलना चाहिए। मौके पर डी. आइ. ओ. एस. अयोध्या के प्रतिनिधि, प्रिन्सिपल आर्य कन्या इंटर कालेज, सभी अध्यापिकाये और छात्राएं उपस्थित रहीं।

# गुस्साए युवक ने मासूम बच्ची का गला रेता, मौत

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम रामचन्द्रही के टोला लेदी में मंगलवार को दोपहर करीब दो बजे एक युवक ने साइकिल की सीट पर हाथ रखने से नाराज होकर एक मासूम बच्ची का गला रेत दिया। जिससे बालिका की मौके पर ही मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलते ही गांव में पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया। गांव में शांति व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार निचलौल थाना क्षेत्र के ग्राम रामचंद्रही टोला लेदी के आज दोपहर करीब दो बजे इसी गांव का निवासी दीपक पुत्रकालीचरण साईकिल खड़ा कर बैठा हुआ था। इसी दौरान गणेश की पांच वर्षीय पुत्री रिमझिम खेलते हुए वहां पहुंच गई। जो साईकिल छूने लगी। जिसे आरोपी युवक भगा दिया। जबकि बच्ची खेलते हुए दुबारा साईकिल के पास पहुंच गई। जिससे नाराज होकर युवक ने घर से बांका लाकर उसका गला रेत दिया। जिससे बच्ची की मौत पर ही मौत हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। वहीं आरोपी के घर से हत्या में प्रयोग किया गया बांका भी बरामद किया है। घटना के बाद से गांव में कोहराम मचा हुआ है। वहीं परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गांव में पुलिस बल तैनात कर दिया है।

## अवैध लकड़ी के साथ दो गिरफ्तार

**महराजगंज।** वन विभाग और चौक पुलिस की संयुक्त टीम ने सोमवार को एक मकान में छापेमारी कर अवैध लकड़ी के साथ दो लोगो को गिफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। वन क्षेत्राधिकारी रवि कुमार गंगवार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिला था कि चैक थानाक्षेत्र के अंतर्गत बरगदही बंसतनाथ निवासी बसंत यादव के घर अवैध लकड़ी का चिरान किया जा रहा है। सूचना मिलते ही वन विभाग व पुलिस की संयुक्त टीम ने घर के चारो तरफ घेराबंदी कर मौके से दो नग साखू 25 नग साखू के चिरान व चिरान में प्रयुक्त सामग्री सहित मौके से दो लोगो को गिरफ्तार कर लिया गया। वही मौके से गृह स्वामी बसन्त यादव व उसके चार सहयोगी टीम को चकमा देते हुए फरार हो गये। इस दौरान वन विभाग से वन दरोगा नित्यानंद मौर्या अवधेश मौर्या वन रक्षक राहुल सिंह बीट प्रभारी वेद प्रकाश मिश्रा डाकिया सोनई।

# घुघली में मेडिकल स्टोर पर छापेमारी से हड़कंप

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज।** जनपद के उपनगर घुघली के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के सामने धड़ल्ले से चल रहे मेडिकल स्टोर्स पर स्वास्थ्य विभाग की ताबड़तोड़ छापेमारी से नगर की दवा व्यपारियो में हड़कम्प मचा हुआ है। छापेमारी में चार मेडिकल स्टोर्स पर स्वास्थ्य विभाग की मंडलीय टीम ने कार्रवाई की है। छापेमारी के दौरान एक मेडिकल स्टोर जो बिना नाम का चल रहा था उसे सीज कर दिया है। टीम की आने की सूचना के बाद क्षेत्र के तमाम मेडिकल स्टोर्स को बंद दिखे छापेमारी में तीन जिलों के ड्रग इंस्पेक्टर शामिल रहे सूत्रों की माने तो इसकी शिकायत किसी द्वारा विभाग तक की गई थी जिसके बाद मंडलीय स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापेमारी कर कार्रवाई की है। इसमें देवरिया जिले के ड्रग इंस्पेक्टर समेत कुशीनगर और महराजगंज के भी ड्रग इंस्पेक्टर शामिल रहे। बताया जा रहा है की स्वास्थ्य विभाग की औषधि अधिनियम के विरुद्ध मेडिकल स्टोर्स संचालित थे जिसके बाद यह कार्रवाई हुई है इस मामले में ड्रग इंस्पेक्टर शिव नायक ने बताया की सोमवार को मंडलीय टीम ने घुघली में मेडिकल स्टोर्स पर छापेमारी की है। जहां चार मेडिकल स्टोर्स कृष्ण मेडिकल स्टोर, सोनू मेडिकल स्टोर,अंकित मेडिकल स्टोर पर कार्रवाई हुई है जिसमें एक बिना नाम के चल रहे मेडिकल स्टोर को सीज कर दिया गया है। उन्होंने आगे बताया की आगे की कार्रवाई के लिए रिपोर्ट सहायक आयुक्त गोरखपुर को भेज दिया गया है।

# भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरे परीक्षा नियंत्रक, जांच के आदेश

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक बीएड परीक्षा केंद्र बनाने में भ्रष्टाचार के आरोपों से घिर गए हैं। एक शिकायत पर राज्यपाल सचिवालय की ओर से कुलपति को जांच के आदेश दिए गए हैं। इसे लेकर अवध विश्वविद्यालय प्रशासन भी सकते में आ गया है। हालांकि विश्वविद्यालय प्रशासन ने आदेश मिलने की पुष्टि नहीं की है।भाजपा नेता डॉ. रजनीश की ओर से कुलाधिपति को भेजे गए एक पत्र में आरोप लगाया गया है कि परीक्षा नियंत्रक द्वारा बीएड में परीक्षा केन्द्र बनाए जाने के नाम पर बड़े पैमाने पर अनियमितता और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया गया है। आरोप है कि प्रस्तावित बीएड परीक्षा निकट है और पहले 25 से 26 कालेजों में ही सम्पन्न होती थी। आरोप है कि गलत तरीके से सम्बद्धता दिलाकर कई कालेजों को परीक्षा केंद्र बना दिया गया है। जिसमें अवैध वसूली की गई है। ये भी आरोप है कि कई महाविद्यालयों में कई कालेजों में बीएड परीक्षा इन डायरेक्ट रूप से स्वकेंद्र हो गए हैं। शिकायती पत्र में कहा गया है कि परीक्षा नियंत्रक के कुलसचिव रहते हुए भी बड़ी अनियमितता की गई है। जिसमें फर्जी ढंग से सम्बद्धता और केन्द्र निर्धारण शामिल है। शिकायतकर्ता ने परीक्षा नियंत्रक उमानाथ को हटाने के साथ उनके द्वारा बनाए गए परीक्षा केंद्रों को निरस्त करने की मांग की है। इसे लेकर विश्वविद्यालय प्रशासन में खलबली मची हुई है। बता दें कि पहले भी परीक्षा नियंत्रक पर तमाम आरोप लग चुके हैं।

# राम मंदिर में उकेरी गई भगवान गणेश जी की मन मोहक फोटो जारी

- श्रीगणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के आंतरिक भाग में उत्कीर्ण श्री गणेश जी

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** गणेश चतुर्थी के त्योहार पर श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ने अपने ट्विटर (ङ्ग) हैंडल से मंगलवार को राम मंदिर में उकेरी गई भगवान गणेश की मन मोहक फोटो जारी की। ट्रस्ट ने इसके साथ लिखा है, श्रीगणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर निर्माणाधीन श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के आंतरिक भाग में उत्कीर्ण श्री गणेश जी को बारंबार नमन। श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र की ओर से समाज के लिए अनंत मंगलकामनाएं।

राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से जारी फोटो में भगवान गणेश अपनी चार भुजाओं में फरसा, दंड, दंत और मोदक अर्थात लडडु लिए हुए हैं। इसी तरह राम मंदिर में जगह-जगह देव मूर्तियों को उकेरा जा रहा है। राम मंदिर के हर खंभे पर 16 मूर्तियां उकेरी जा रही है। इसे राजस्थान के खास किस्म के कारीगर तैयार कर रहे हैं। सैंड पिंक स्टोन से बने खंभों में



बनी यह मूर्तियां भक्तों को अपनी ओर आकर्षित कर रही हैं। इस मूर्ति के अलावा राम मंदिर के परकोटे में बनने वाले 5 मंदिरों में एक में भगवान गणेश का मंदिर होगा। किसी भी काम की सफलता के लिए भगवान गणेश का दर्शन-पूजन शुभ माना जाता है। ऋद्धि और सिद्धि, इनकी दो पत्नियां हैं, जबकि शुभ और लाभ भगवान गणेश के पुत्र हैं। इस तरह भगवान गणेश का पूरा परिवार ही मंगलकारी है। इस परंपरा को ध्यान में रखते हुए राम मंदिर के निर्माण में भी भगवान गणेश प्रमुख को स्थान दिया जा रहा है।

### दूसरे तल का काम दिसबंर 2024 तक और पूरा, राम मंदिर 2025 तक बनेगा

राम मंदिर के भूतल पर 166 खंभे हैं। इनमें 8 गर्भगृह में हैं जो सफेद संगरमरम के बनाए गए हैं। बाकी हर खंभें में 16 मूर्तियां बन रही हैं। यह सभी खंभे सैंड पिंक स्टोन के हैं। मंदिर के पहले तल पर बन रहे खंभे 10 फिट के ऊपर तक बन चुके हैं। पहले तल का काम 50 प्रतिशत पूरा हो चुका हैं। इसे राम मंदिर के उद्घाटन से पहले पूरा कर लिया जाएगा। सूत्रों की माने तो उद्घाटन जनवरी के तीसरे सप्ताह में होना हैं। मंदिर के दूसरे तल का काम दिसंबर 2024 तक पूरा होगा। जबक पूरा राम मंदिर और उससे जड़े कार्य दिसंबर 2025 तक पूरा किए जाने हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### फर्नीचर की दुकान से सामान चोरी

**सिंदुरिया/महराजगंज।** स्थानीय थानाक्षेत्र के अंतर्गत महराजगंज सिंदुरिया मार्ग पर स्थित विशाल फर्नीचर की दुकान में चोरी हो गया। जिसमें पीड़ित दुकानदार ने थानाध्यक्ष को पत्र देकर कार्रवाई की मांग की हैं। पीड़ित दुकानदार सुनील अग्रहरी ने बताया कि निचलौल मेन रोड पर फर्नीचर की दुकान है बीते रात लगभग ढाई बजे के करीब कुछ लोग दुकान पर आये और एक एक सामान ले जाने लगे। लगभग इसी तरह चोरो ने 40 हजार का सामान उठा ले गये। जो सीसीटीवी कैमरे में दिखाई दे रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष मनीशा सिंह ने बताया कि तहरीर मिला है जांच कर कार्रवाई की जायेगी।

### ग्राम प्रधान व रोजगार सेवकों की शिकायत डीएम से

**अयोध्या।** ग्राम सभा पाली अचलपुर के ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व रोजगार सेवकों पर अपने चेहतों को लाभ देने की नियति से 15 मीटर चारागाह की जमीन छोड़कर बंधा बनवाने का गंभीर आरोप लगाया है। परेसान ग्रामीणों जगदंबा दुबे, आवेश दुबे,आदर्श दुबे,शशांक आदि ने मंगलवार को जिलाधिकारी नीतीश कुमार से मिलकर उक्त मामले की शिकायत की। ग्रामीणों का कहना है कि रोजगार सेवकों की इस हरकत की शिकायत दो बार 112 नम्बर पर पुलिस से भी की गई जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने रोक भी लगवाया लेकिन पुलिस के जाते ही मनबढ़ रोजगार सेवकों द्वारा पुनः विधि विरूद्ध कार्य शुरू कर दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने डीएम से चारागाह का सीमांकन राजस्व टीम भेजकर करवाने की मांग की है।

### छात्रों के गुट ने एक छात्र को जमकर पीटा, रिपोर्ट

**बाराबंकी।** माती रोड स्थित श्री रामस्वरूप यूनिवर्सिटी में रंजिश में बीएससी कंप्यूटर साइंस के छात्र की दूसरे छात्र गुट के लोगों ने पिटाई कर दी गई। लोगों ने बीच बराव कर मामला शांत कराया। पीड़ित छात्रा की तहरीर पर नगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज किया गया है। जानकारी के अनुसार देवा थाना के मुजीबपुर गांव निवासी शिव विरेन्द्र सिंह पुत्र हरिगोविन्द सिंह श्रीराम स्वरूप मेमोरियल विश्व विद्यालय में बीएससी बायोटेक प्रथम वर्ष का छात्र है। उसने बताया कि सोमवार की सुबह-सुबह कैंपस में क्लास करने जा रहा था। इसी दौरान विश्व विद्यालय के हस्टल छात्रों ने हमला कर दिया। हमलावरो में छात्र अभिषेक तिवारी बी टेक सीएस तृतीय वर्ष, दिव्याशुं पाण्डेय बीटेक सीएस तृतीय वर्ष, पीयूष पटेल बीटेक तृतीय वर्ष, धनुष राजपूत डिप्लोमा द्वितीय वर्ष, आदित्य बीटेक सीएस तृतीय वर्ष शामिल है। पीड़ित का आरोप है कि हमलावरो ने धारदार हथियार से हमला किया था। उसके साथीत उत्कर्ष व नमन को भी मारा पीटा गया है। लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया। पीड़ित की तहरीर पर नगर कोतवाली पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की है।

### 915 ग्राम मारफीन समेत एक तस्कर गिरफ्तार,



**बाराबंकी।** थाना जैदपुर पुलिस ने एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार कर इसके कब्जे से 915 ग्राम अवैध मारफीन बरामद की है। इसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 91 लाख रुपये बताई जाती है। अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज थाना जैदपुर पुलिस टीम द्वारा मैनअल इंटेलीजेन्स की मदद से अभियुक्त अकबर अली पुत्र स्व0 रहमत अली निवासी पनिहल थाना जैदपुर को जैदपुर- हरख रोड, टिकरा उस्मा मोड़ से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त के कब्जे 915 ग्राम अवैध मारफीन जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय कीमत करीब 91 लाख रुपये है बरामद की गई जिसके सम्बन्ध में थाना जैदपुर पर एनडीपीएस एक्ट पंजीकृत किया गया। पूछताछ से प्रकाश में आया कि अभियुक्त का एक गैंग है जो अपने अन्य साथियों के साथ मिलकर अवैध मारफीन बेचने का काम करता है। अभियुक्त द्वारा बरामद मारफीन को टिकरा उस्मा निवासी से खरीदकर बेचने हेतु ले जाया जा रहा था। पुलिस टीम द्वारा अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु प्रयास किये जा रहे है।

### शक्ति दीदी ने चौपाल में बताए अधिकार



**बाराबंकी।** जिले के विभिन्न थाना पुलिस द्वारा आयोजित की गयी चौपाल मे शक्ति दीदी ने महिला अधिकारों एव हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी। कार्यक्रम मे शिक्षिकाओ, बालिकाओं व बच्चों ने प्रतिभाग किया। चौपाल में महिला बीट पुलिस अधिकारियों द्वारा संवाद कर बालिकाओं से बातचीत कर उनकी समस्याओं व शिकायतों के विषय में जानकारी ली और निस्तारण की कोशिश की। चौपाल में उपस्थित शिक्षिकाओं एवं बालिकाओं को कम्युनिटी पुलिसिंग एवं महिला सशक्तिकरण के तहत महिला सुरक्षा व बचाव संबंधी जानकारी दी गई। शासन द्वारा जारी हेल्पलाइन नम्बर की विस्तृत जानकारी देते हुए संकट के समय इनके प्रयोग हेतु बताया गया। साथ ही साइबर अपराधों के संबंध में अवगत कराते हुए इससे बचने और सतर्क रहने हेतु 1930 हेल्प लाइन नंबर का उपयोग करने के संबंध में जानकारी दी जा रही है। सरकार द्वारा महिलाओं से संबंधित संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के संबंध में जानकारी देकर और पम्पलेट वितरित उन्हें जागरूक किया जा रहा है।

### विद्यालय में संकुल सभा का आयोजन

**फतेहपुर बाराबंकी।** शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर के प्राथमिक विद्यालय गुरसेल मे इस माह की संकुल सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी की मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस सभा में नवाचार तथा बच्चों को निपुण लक्ष्य प्राप्त कैसे कराये, इस पर चर्चा हुई। इस सभा मे प्रधानाध्यापक सीमा देवी सहायक अध्यापक भानु मिहिर गन्गौली से अविनाश धधौरी से अभिषेक एवम समस्त अध्यापक उपस्थित रहे।

# निजी अस्पतालों को दिखाना होगा बेड, स्टाफ व दवाओं की उपलब्धता

- बिना मानक के चल रहे तमाम फर्जी अस्पताल
- अस्पताल के बाहर 10 बिंदुओं की लगानी होगी सूची

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** रामनगरी अयोध्या में शहर से लेकर गांव तक बिना मानक के तमाम फर्जी अस्पताल फर्जी क्लीनिक और फर्जी पैथोलॉजी चल रहे है यह जाल इतना लंबा है कि अस्पताल में भर्ती होने वाला मरीज भी नहीं जान पता है कि जिस अस्पताल में उसका इलाज चल रहा है वह स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंजीकृत है भी या नहीं इसी को देखते हुए अब प्रशासन जनपद में संचालित निजी अस्पतालों की व्यवस्थाओं का अब पूरा ब्यौरा सार्वजनिक होगा। अस्पतालों में मिलने वाली दवाओं से लेकर स्टाफ और उनके यहां बेड की संख्या की जानकारी बाहर एक बोर्ड पर लगानी होगी। इसके लिए सीएमओ डॉ. संजय जैन ने सभी निजी चिकित्सालयों को निर्देश दिए हैं। अगले 10 दिन के अंदर इस व्यवस्था के तहत कार्य पूरा करने के लिए कहा गया है। निरीक्षण के दौरान व्यवसाय पूरी न होने पर कार्रवाई की जाएगी।

अधिकतर यह देखने में आता है कि निजी अस्पतालों में सुविधाओं का अभाव रहता है। बाहर से सब मेनटेन, लेकिन अंदर कुछ और ही रहता है। इसे लेकर शासन भी गंभीर हुआ है, जिसके बाद सीएमओ की तरफ से सभी निजी चिकित्सालयों को पत्र जारी कर दिया गया है। जारी निर्देश के अनुसार यूपी क्लीनिक स्टैब्लिशमेंट (रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन) रूल्स 2016 की धारा 28 का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए अपने चिकित्सालय परिसर में अपनी चिकित्सा इकाई का रजिस्ट्रेशन नम्बर, संचालक का नाम, बेड की संख्या, औषधि की पद्धति और चिकित्सालय द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं व चिकित्सा कर्मचारी का विवरण 15 वर्गफीट का एक डिस्प्ले बोर्ड पर देना होगा, जिसका बैकग्रउण्ड पीला और फॉरमेट हिंदी में होगा। अक्षर काले रंग के होने चाहिए। यह जानकारी जिले के एनआईसी पोर्टल पर भी अपलोड की जाएंगी।

### इन 10 विषयों की बोर्ड पर देनी होगी जानकारी

1-उपचार करने वाली संस्था का नाम व पता
2-अस्पताल के मालिक का नाम व मोबाइल नम्बर
3-पंजीकरण संख्या और वैधता
4-इंचार्ज का नाम और मोबाइल नम्बर
5-बेड की संख्या और चिकित्सा पद्धति
6-प्रयोगशाला और इमरजेंसी में प्रदान की जाने वाली सेवाएं
7-क्लीनिकल सेवाओं की श्रेणी
8-चिकित्सकों के नाम और उनकी पंजीकरण संख्या
9-नर्स, फार्मासिस्ट का नाम और पंजीकरण संख्या
10-प्रस्तावित अन्य सेवाएं।

### सीएमओ के निर्देश को लेकर मची खलबली

जनपद के जिला अस्पतालों और सीएचसी व पीएचसी पर ऐसी व्यवस्थाएं अंकित हैं। लेकिन सीएमओ का निर्देश जारी होने के बाद जगह-जगह गली-कूचों में खुले अस्पताल जो बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे हैं, उनमें खलबली मची हुई है।

# विद्यार्थियों ने तकनीकी कौशल का किया प्रदर्शन

- विद्यार्थियों के गगनयान, होम आटोमेशन व सेफ्टी चेन मॉडल ने लोगों का ध्यान आकृष्ट किय

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय के आईईटी संस्थान में इंजीनियर्स डे पर आयोजित तीन दिवसीय सृजन-2023 का समापन रविवार को किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने अपने तकनीकी कौशल का बढ़चढ कर मॉडल प्रदर्शन किया। छात्रों के गगनयान, होम आटोमेशन तथा सेफ्टी चेन मॉडल ने शिक्षकों एवं छात्रों का ध्यान आकर्षित किया। संस्थान में विद्यार्थियों के मॉडल प्रदर्शन पर विवि की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने उज्ज्वल भविष्य की कामना की। वहीं आईईटी के निदेशक प्रो0 एसएस मिश्र ने छात्रों का उत्साहवर्धन किया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि इनेविटाबल ग्रुप के चेयरमैन इंजीनियर शक्ति तिवारी रहे। कार्यक्रम का समन्वय डॉ0 वन्दिता पाण्डेय द्वारा किया गया। प्रदर्शनी मॉडल में आईईटी के छात्र मुकेश भारती ने सेफ्टी नेकलेस उपकरण बनाया। महिलाओं के साथ हो रही आपराधिक घटनाओं की रोकथाम एवं शारीरिक गतिविधियों में बदलाव को पहचान कर यह लक्षित व्यक्ति या एडमिन के पास फोन कॉल, संदेश, जीपीएस लोकेशन और लाइव वॉयस रिकॉर्डिंग को तुरंत प्रेषित करेगा। छात्र शशांक भट्ट और प्रिया मिश्रा ने स्टीयरिंग सिस्टम द्वारा चलती हेडलाइट का प्रदर्शन किया। इन्होंने बताया कि इसका उपयोग विशेष रूप से पहाड़ी क्षेत्रों में तीव्र मोड़ वाले क्षेत्र पर सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए किया जाता है। प्रदर्शनी में आदित्य यादव एवं अमन सिंह ने फ्लैपिंग विंग माइक्रो एयर वाहन का माडल प्रदर्शित किया। वहीं भूपेश कुमार मौर्य और जया सिंह ने इलेक्ट्रिक ब्रेकिंग सिस्टम उपकरण बनाया। यह उपकरण इलेक्ट्रिक ब्रेक सिस्टम का उपयोग करने में सहायक रहेगा। मॉडल प्रदर्शनी में नीतू मौर्य ने गगनयान मॉडल और होम ऑटोमेशन मॉडल का प्रदर्शन किया। इन्होंने बताया कि गगनयान मॉडल पृथ्वी की निचली कक्षा में मानव अंतरिक्ष उड़ान मिशन को समझने के लिए उपयोगी होगा। वहीं होम ऑटोमेशन सिस्टम कोई भी व्यक्ति फोन का उपयोग करके घरेलू उपकरणों को नियंत्रित कर सकता है। मॉडल प्रदर्शन में संस्थान के शिक्षक इंजीनियर रमेश मिश्र, इंजीनियर चन्दन अरोड़ा, नवीन, दीपक, कन्हैया, समरेन्द्र, विपिन, धमेन्द्र, रतीन्द्र, रितिक कुमार मिश्र, रिषभ देव मिश्र और विनय कुमार सहित बड़ी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई की और रंगोली सजायी

**सहारनपुर।** इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत महानगर में आज नगर निगम दबंग टीम द्वारा ''स्वच्छता ही सेवा'' अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान शहर के सभी चौराहों पर साफ सफाई के अलावा महापुरुषों की प्रतिमाओं की भी सफाई की गयी। चौराहों-तिराहो को रंगोली बनाकर सजाया गया।

केंद्र सरकार द्वारा पूरे देश में पालिकाओं व निगमों के बीच करायी इंडियन स्वच्छता लीग में आज सहारनपुर नगर निगम दबंग टीम के लिए 'स्वच्छता ही सेवा' थीम रखी गयी थी। इसके अंतर्गत नगर निगम दबंग टीम द्वारा अभियान चलाते हुए शहर के सभी प्रमुख चौराहों-तिराहों की विशेष साफ-सफाई और चूना आदि का छिड़काव कराया गया। इसके अलावा महापुरुषों की प्रतिमाओं की भी सफाई करायी गयी।

निगम के सफाई कर्मचारी आज तड़के से ही चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं की सफाई में जुट गए थे। घंटाघर व भगतसिंह चौक पुल खुमरान स्थित शहीद भगतसिंह की प्रतिमा, अंबेडकर चौक देहरादून रोड पर डॉ.अंबेडकर की प्रतिमा, जेल तिराहे पर राजा रोहिला, अस्पताल चौक पर पूर्व प्रधानमंत्री चौ.चरणसिंह, देहरादून चौक स्थित लौह पुरुष सरदार पटेल आदि प्रतिमाओं की साफ-सफाई करायी गयी।

## बीमारी से परेशान युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**बाराबंकी।** बदोसराय थाना क्षेत्र में एक युवक ने गांव के बाहर एक पेड़ में फांसी पर लटककर जान दे दी। बताया जाता है कि वह अपनी बीमारी से बहुत परेशान था। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जानकारी के अनुसार कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम तहसीपुर निवासी शुभम (22) पुत्र पन्नेलाल रावत तीन चार माह से बीमार चल रहा था। आर्थिक तंगी के चलते उपचार भी ठीक तरीके से नहीं हो पा रहा था। जिसके चलते वह काफी परेशान था। सोमवार की रात को वह घर से निकला था। परिजनो को इसकी जानकारी नहीं हो सकी थी। सुबह गांव के लोग खेत की ओर जा रहे थे। इस दौरान साहेब शरन की बाग में एक युवक पेड़ से फांसी पर लटका देखा। सूचना पर काफी संख्या में ग्रामीण एकत्र हो गए। उसकी शिनाख्त शुभम के रूप मे हुई तो ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। मौके पर पहुंचे परिजनों का रो रोकर बुरा हाल था। पुलिस ने शव को फांसी के फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ग्राहक सेवा केन्द्र पर हुयी लूट का खुलासा, एक गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने ग्राहक सेवा केन्द्र पर लूट करने वाले 01 शातिर लुटेरे को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से लूट के 4450 रूपये बरामद किए है। आज पुलिस अधीक्षक नगर अभिमन्यु मांगलिक ने पुलिस लाईन के सभागार में पत्रकारों के सम्मुख लूट की घटना का खुलासा करते हुए बताया कि विगत् 11 सितम्बर को अनुपम शर्मा पुत्र बंशीधर नि.2सी/968 दयाल कालोनी, थाना सदर बाजार ने दो अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ अपने ग्राहक सेवा केन्द्र पर गोली मारने की धमकी देकर लूट की घटना का आरोप लगाते हुए सदर बाजार कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। एसएसपी डॉ.विपिन ताडा के निर्देश पर सदर बाजार कोतवाली पुलिस ने घटना का अनावरण करते हुए मिली सूचना के आधार पर भट्टा कालोनी मोड से अभियुक्त गौरव कुमार पुत्र बसंत कुमार



निवासी तिगरी रामगढ थाना नकुड को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार अभियुक्त गौरव के कब्जे से ग्राहक सेवा केन्द्र से लूटे गये 6500 रूपयो में से खर्च के बाद बचे 4450 रू बरामद किये गये। पूछताछ करने पर अभियुक्त गौरव ने बताया कि वह करीब एक-डेढ साल से बैंक ऑफबडौदा के दयाल कालोनी में स्थित अनुपम शर्मा के ग्राहक सेवा केन्द्र पर पैसा ट्रान्सफर कराने आता था। 05 सितम्बर को वह अपने मामा के गांव का रिश्ते का मुमेरा भाई सागर पुत्र सुरेशपाल निवासी उमरी कला थाना रामपुर मनिहारान के साथ ग्राहक सेवा केन्द्र पर 18150 रू0 ट्रान्सफर कराये थे, तथा वहां से हम चले गये। रास्ते में सागर ने कहा कि ग्राहक सेवा केन्द्र पर काफी रूपये रहते हैं, इसको लूटने का प्लान बनाते हैं। 11 सितम्बर को करीब 12 बजे दिन में सागर अपने साथ एक अन्य अज्ञात लडके को लेकर मोटर साइकिल से आया। सागर व उसका साथी मोटर साइकिल से ग्राहक सेवा केन्द्र पर चला गया व वह अलग खडे होकर निगरानी करता रहा। थोडी देर बाद दोनो हडबडाये हुए तेजी से ग्राहक सेवा केन्द्र से निकले तथा मोटर साइकिल से मल्हीपुर रोड की तरफ भाग गये।

# जल्दी शुरु किया जायेगा बंदर पकड़ने का अभियान



अवधनामा संवाददाता

- 17 शिकायतों में से हुआ चार शिकायतों का निस्तारण

**सहारनपुर।** शहर में जल्दी ही बंदर पकड़ने का अभियान शुरु किया जायेगा। नगर निगम ने इसके लिए ई निविदा पूर्ण कर ली है तथा बंदरों को पकड़कर वन में छोड़ने के लिए वन विभाग से समन्वय स्थापित किया जा रहा है। निगम अधिकारियों ने वार्ड 47 मौहल्ला काहरान निवासी प्रेमकुमार की बंदरों को पकड़वाने सम्बंधी शिकायत पर उन्हें यह आश्वासन दिया। उन्हें बताया गया कि जल्दी ही बंदरों को पकड़कर वन में छोड़ने की प्रक्रिया अमल में लायी जायेगी। जनसुनवाई में आयी 17 शिकायतों में से चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। जनसुनवाई में आज सफाई, बिजली, नाला निर्माण व अतिक्रमण सम्बंधी अधिक शिकायतें रही। इनमें से बिजली व सफाई सम्बंधी चार शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराया गया। वार्ड 18 साहिब जी नगर निवासी अतुल तायल ने साहिब जी नगर में स्ट्रीट लाइट में ऑटो स्वीच लगवाने की मांग की थी, जिस पर वहां ऑटो स्वीच लगवा दिया गया। वार्ड 32 खान आलमपुरा निवासी इनाम अंसारी की शिकायत पर खान आलमपुरा की स्ट्रीट लाइट ठीक करवा दी गयी।

## जनहित मुद्दों पर सपा कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को समाजवादी पार्टी डुमरियागंज के कार्यकर्ताओं ने जनहित की समस्याओं को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। सपा विधायक के अगुवाई में सभी कार्यकर्ता सपा कार्यालय से प्रदर्शन शुरू करते हुए तहसील कार्यालय परिसर पहुंचे। यहां आए वक्ताओं ने सरकार पर जमकर हमला बोला और उसे हर मोर्चे पर विफल बताया। महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी डुमरियागंज को सौंपा। बड़ी संख्या में कार्यकर्ता पार्टी कार्यालय पर एकत्रित हुए सपा विधायक सैय्यदा खातून के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने झंडा तख्ती लेकर कार्यालय से नारेबाजी करते हुए तहसील पर पहुंचे। अघोषित विद्युत कटौती की बहाली और मनमानी तरीके से बिजली मीटर का ज्यादा बिल, छुट्टा पशुओं से किसानों को निजात दिलाना, अस्पतालों में महिला डाक्टर व विशेषज्ञों की तैनाती, पूरे विधानसभा क्षेत्र में सड़को की जर्जर हालत, थानों और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार, भवानीगंज को ब्लॉक का दर्जा दिलाए जाने आदि मांगों को पर सपा नेताओं ने विचार प्रकट करते हुए सरकार पर कटाक्ष किया। विधायक सैय्यदा खातून ने कहा कि जीरो टॉलरेंस की बात करने वाली सरकार में तहसील, थानों व ब्लॉक में बिना जेब गरम किए कोई कार्य नहीं होता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व सांसद आलोक तिवारी, अफसर रिजवी, बेचई यादव, घिसियावन यादव, इरफान मिर्ज़ा, बहरेची प्रेमी, धीरज सहानी, सूर्य प्रकाश, ज़हीर मलिक, बच्चा राम बौद्ध, अनिल सिंह सहित आदि सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# सांसद पुत्र अभिषेक पाल की अध्यक्षता में किया गया ग्राम चौपाल का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** क्षेत्रीय सांसद के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अभिषेक पाल की अध्यक्षता में मंगलवार को विकासखंड बढ़नी के ग्राम पंचायत पकड़िहवा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय सांसद के पुत्र वरिष्ठ भाजपा नेता अभिषेक पाल ने वहां उपस्थित सभी कर्मचारियों को आगाह किया कि गांव की समस्या का गांव में ही समाधान होना चाहिए। ताकि गांव के लोगों को दफ्तरों का चक्कर न लगाना पड़े। योजनाओं का उल्लेख करते हुए कहा सरकार की जो भी योजनाएं हैं, जैसे सौभाग्य योजना के अंतर्गत कनेक्शन की बात हो या पंडित दीनदयाल उपाध्याय योजना के अंतर्गत हर घर में बिजली पहुंचाने की बात हो सरकार की योजनाओं का लाभ हर घर तक पहुंचाना हमारा कर्तव्य है।



अधिकारी गांव में आकर उन योजनाओं का लाभ घर-घर तक पहुंचाएं। श्री पाल ने कहा कि सरकार द्वारा चलाए जा रहे सभी जन कल्याणकारी व महत्वाकांक्षी योजनाओं का लाभ कर्मचारी सीधे लाभार्थियों को दें। चौपाल में आए हुए ग्रामीणों ने अपनी समस्याओं को वहां उपस्थित सभी अधिकारियों के समक्ष रखा। चौपाल कार्यक्रम का संचालन खण्ड विकास अधिकारी धंनन्जय सिंह ने किया। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास, मुख्यमंत्री आवास योजना, स्वच्छ शौचालय, विधवा पेंशन, वृद्धा पेंशन, विकलांग पेंशन, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना जैसी समस्याओं का कर्मचारियों द्वारा निस्तारण करने के लिए आदेशित किया। चौपाल कार्यक्रम में लोकसभा प्रभारी नर्वदेश्वर मणि त्रिपाठी, सोनू सिंह, अनील अग्रहरि, करीम खान, दुर्गा यादव, अजय प्रताप यादव, यशोदानंदन मिश्रा, एडीओ पंचायत शकील अहमद, रविकांत यादव, अवधेश यादव, सचिव अनूप रावत, रोजगार सेवक सोहनलाल यादव, पंचायक सहायक वैभव मिश्रा, कोटेदार सहित प्रधान व प्रतिनिधि के साथ ग्रामीण मौजूद रहे।

### विकलांगों लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की स्वीकृति पत्र सौपी

**कुदरहा, बस्ती।** ब्लॉक सभागार में मंगलवार को विकलांगों लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास की स्वीकृति पत्र सौपी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख अनिल दुबे ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय व श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण व द्वीप प्रज्वलित कर किया। मुख्य अतिथि अनिल दुबे ने कहां कि दिव्यांग लाभार्थियों को आवास मुहैया कराना प्रधानमंत्री जी का सपना था जो आज पूरा हुआ। बजट का अभाव नहीं है शेष लाभार्थियों को भी शीघ्र आवास मुहैया होगा। साथ ही साथ सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में भी लोगों को बताया।

## मिसरे तरह-अब्बास नही आये, सकीना भी नही है: बेताब हल्लौरी



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** क्षेत्र के हल्लौर स्थित बलागत मरहूम के अज़ाखाने में अली ब्रदर्स व मोमनीन हल्लौर के ज़ेरे निगरानी में अंजुमन फिदाए परचमे अब्बास अस की जानिब से एक तरही शब्बेदारी का आयोजन सोमवार रात रात 10 बजे से किया गया। देर रात तक चली शब्बेदारी में भारी संख्या में अक़ीदतमंद अन्त तक मौजूद रहे। शब्बेदारी का संचालन अज़ीम अब्बास ने किया। अंजुमन फिदाए परचमे अब्बास अस की शुरुआत कारी शकील अहमद गुड्डू के तिलावते कलाम पाक व हैदरे कर्रार, संजू व हमनवां की मर्सियख्वानी से हुआ ततपश्चात ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई ने हज़रत अब्बास अ0 व जनाबे सकीना के फजायल व मसायब बयान किया। मजलिस के बाद गैर तरही व तरही कलाम मेज़बान अंजुमन फिदाये परचमे अब्बास अस की तरफ से सावन, डॉ0 इरफान व रिज़वान ने गैर तरही व तरही कलाम पेश किया जिस पर अक़ीदतमंदो ने मातम किया। इसी तरह अंजुमन हुसैनिया जाफराबाद जलालपुर, फरोग मातम सुर्खरू, कायनात शबली फरहान रैना, रज़ा, लकी, अंजुमन सज्जादिया नगपुर जलालपुर की जानिब से डॉ0 आफ़ताब शिशु रोग विशेषज्ञ ने पुरदर्द नौहा पेश किया, अंजुमन गुलदस्ता मातम सावन, हसन जमाल व नज़र, नफ़ीस, राशिद नफ़ीस, शारिब ने नौहा मातम किया।

## चार व्यक्तियों को दिया गया आवास स्वीकृति पत्र

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री विकलांग आवास योजना के अंतर्गत चार विकलांग आवास के लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र ब्लाक सभागार में मंगलवार को दिया गया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या ने वीडियो कांफ्रेंसिग के माध्यम से लोगों को लाईब प्रसारण भी दिखाया गया। वर्ष 2023-24 के लिए मुख्यमंत्री के आदेश के क्रम मे प्रदेश के सभी ब्लाको के विकलांगो के लिए आवास की सुची बना कर भेजा गया था।इसी के तहत विकास खण्ड लोटन मे चार पात्र व्यक्तियों का आवास के लिए चैन किया गया। जिसमें लड्डू पुत्र रामचन्दर, ग्राम प्रसौना ।मंगरी पत्नी राममिलन, ग्राम बनियाडीह टोला सिंगरहा। चिन्कू पुत्र दुःखी ,ग्राम बड़हरा।रेशमा पत्नी कृष्ण पाल बरडाडबरगदही के विकलांग व्यक्ति को आवास स्वीकृति पत्र मुख्य अतिथि प्रमुख आशीष सिंह व बीडीओ राम प्रवेश ने संयुक्त रुप से दिया। उन्होंने बताया की आवास के लिए 1लाख 20 हजार रुपया लाभार्थियों के खाते मे सरकार द्वारा भेजा जायेगा और उसके साथ 90 दिन का मजदूरी भी मजदूरों के खातों मे भेजा जायेगा। बीडीओ रामप्रवेश ने बताया कि अगर आवास लाभार्थियों के पास शौचालय नही है तो उसके लिए अलग से सौचालय बनाने के लिए पैसा दिया जायेगा। सरकार द्वारा हर पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।इस दौरान लेखाकार अभिषेक गुप्ता, वरिष्ठ सहायक उमेश राय,सचिव रविन्द्र कुमार जाटव, प्रियंका गोस्वामी, शुशीला मनोज कुमार, ईश्वर देव, एडीओ एजी राम कृष्ण मिश्र, सुग्रीव, प्रधान सुनील सिंह रिंकू पाण्डेय, कमलेश चौरसिया, वसीर मोहम्मद, आदि मौजूद रहे।



### हाईस्कूल के छात्र का मार्कशीट गुम

**बस्ती।** सन्त कबीर नगर जिला के परसाभारी के छात्र रामकेश का हाई स्कूल का मार्क शीट गुम हो गया है। पिता राम आसरे का बेटा रामकेश ट्यूशन पढ़कर टेंपो से अपने घर जा रहा था।

### पुरानी पेंशन बहाली हेतु ज्ञापन देंगे शिक्षक कर्मचारी

**सिद्धार्थनगर।** राष्ट्रीय एवं प्रांतीय नेतृत्व के निर्देशबके क्रम में पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय संयुक्त मंच द्वारा पुरानी पेंशन की मांग को लेकर 21 सितंबर गुरुवार को दिन में दो बजे जिले के सभी शिक्षक कर्मचारी, जिला अधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को को सम्बोधित ज्ञापन देंगे। पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री कलीमुल्लाह ने बताया कि राज्य और केंद्र के सभी कर्मचारी और शिक्षक संगठनों का एक संयुक्त मंच, पुरानी पेंशन बहाली राष्ट्रीय संयुक्त मंच है। जिसके तत्वाधान में देश के कोने कोने से आए शिक्षक कर्मचारियों ने बीते 10 अगस्त को दिल्ली के रामलीला मैदान में महारैली करके पुरानी पेंशन बहाली का जोरदार आवाज बुलंद की थी, तथा अक्टूबर तक प्रत्येक 21 तारीख को जिला मुख्यालयों पर जिला अधिकारी के माध्यम से पुरानी पेंशन बहाली के लिए धरना प्रदर्शन और ज्ञापन देने के निर्णय लिया गया था।

## नवागत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने किया पदभार ग्रहण

- वरिष्ठ कोषाधिकारी ने बुके देकर जिलाधिकारी का किया स्वागत

अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** नवागत लाधिकारी पवन अग्रवाल ने मंगलवार को कोषागार कार्यालय के डबल लाक का चार्ज ग्रहण कर लिया है। जिलाधिकारी का वरिष्ठ कोषाधिकारी रमेन्द्र कुमार मौर्य द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। नवागत जिलाधिकारी पवन अग्रवाल द्वारा गार्ड ऑफ आनर की शलामी ली गयी। इसके पश्चात कोषागार कार्यालय के डबल लाक का चार्ज लिया गया। जिलाधिकारी पवन अग्रवाल ने बताया कि वह मूलतः राजस्थान के निवासी तथा 2015 बैच के आई0ए0एस0 हैं। मेरी ट्रेनिंग सुल्तानपुर जनपद में हुई। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट के रूप में गाजियाबाद, फरवरी 2019 से फरवरी 2021 तक मुख्य विकास अधिकारी के रूप में महराजगंज तथा फरवरी 2021 से गीडा गोरखपुर में मुख्य कार्यपालक अधिकारी के रूप में सेवा दे चुके हैं। शासन के निर्देश के क्रम में जिलाधिकारी के रूप में हमारी पहली पोस्टिंग जनपद सिद्धार्थनगर में हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि शासन द्वारा चलाई जा रही सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक बिना भेदभाव के पहुंचाना हमारी प्राथमिकता होगी, जहां कमियां होगी उसमें सुधार किया जायेगा। जो भी शिकायतें प्राप्त होंगी उनका समयबद्ध तरीके से त्वरित निस्तारण की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी। जिलाधिकारी ने समस्त उपजिलाधिकारी को संवेदनशील होकर तथा पुलिस विभाग से समन्वय स्थापित करके कार्य करने का निर्देश दिया। जनपद में ला एण्ड आर्डर की कोई समस्या न उत्पन्न होने पाये।



- बिना भेदभाव के योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचाना हमारी प्राथमिकता- डीएम

राजस्व के प्रकरण लम्बित न रहे उसको समय से निस्तारण कराया जाये। जिस पटल का कार्य है उसे सही समय पर निस्तारण कराया जाये। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) उमाशंकर, उपजिलाधिकारी नौगढ़ ललित कुमार मिश्र, बांसी प्रमोद कुमार, शोहरतगढ़ प्रदीप कुमार यादव, डुमरियागंज प्रवेंद्र कुमार, उपजिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका चौधरी, अपर उपजिलाधिकारी कुणाल, ओएसडी पीके सिंह, ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट इन्दुबाला सिंह, प्रशासनिक अधिकारी कलेक्ट्रेट रवीन्द्र कुमार श्रीवास्तव, उमाकान्त मिश्र, नाजिर कलेक्ट्रेट गिरीश चन्द्र मिश्रा, रमाकान्त पाठक व अन्य कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### कोतवाल बांसी ने भारी पुलिस बल के साथ पैदल गश्त किया

**बांसी सिद्धार्थनगर।** प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह व इंस्पेक्टर अजय कुमार के नेतृत्व में बांसी पुलिस फोर्स ने पैदल गस्त कर लोगों को सुरक्षा का एहसास दिलाया।आपकी सतर्कता से न सिर्फ अपराध रुकेगा बल्कि क्षेत्र में शांति भी रहेगी प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार सिंह ने मंगलवार को पूरे नगर क्षेत्र में भारी पुलिस फोर्स के साथ संवेदनशील स्थानों को चिन्हित करते हुए पैदल मार्च किया । पैदल गश्त करते हुए कोतवाल बांसी ने आम जनमानस में सुरक्षा भावना का संचार किया । यह रूटमार्च कोतवाली बांसी से शुरू होकर रोडवेज चौकी होते हुए पिट्रोल पंप तिराहा से मंगल मोड़ होते हुए राप्ती नदी व नरकटहा रानी गंज से वापस बांसी नौगढ़ एन एच पर राप्ती नदी से वापस कोतवाली आकर खत्म हुआ। इस दौरान एस आई दिनेश राजभर ,एस आई चंद्र प्रताप सिंह,आरपी सिंह सेंगर,योगेश मणि, नागेंद्र सिंह, आंनद कुमार सिंह,एचसी योगेश यादव का0नौमीनाथ यादव का बलराम यादव एचसी राजेश यादव शामिल रहे ।

## 3 से 31 अक्टूबर संचारी एवं 16 से 31 अक्टूबर दस्तक अभियान चलेगा

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के निर्देश पर नायब तहसीलदार बांसी राघवेन्द्र पांन्डेय की अध्यक्षता में संचारी एवं दस्तक अभियान का ब्लाक टास्क फोर्स और तहसील टास्क फोर्स की बैठक मंगलवार को एसडीएम कार्यालय में सम्पन्न हुई। बैठक में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसंतपुर बांसी डॉ. राजीव कुमार रंजन ने जानकारी दी कि संचारी अभियान दिनांक 03 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2023 और दस्तक अभियान 16 से 31 अक्टूबर 2023 तक चलेगा। अभियान में कुल 12 विभागों का सहयोग सुनिश्चित रहेगा जिसमें चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, पशुपालन विभाग, दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग, कृषि एवं सिचाई, सूचना विभाग, उद्यान विभाग, शिक्षा विभाग, बाल विकास परियोजना विभाग रहेंगे। अभियान के दौरान स्वास्थ्य विभाग से आशा और आंगनवाड़ी वर्कर द्वारा घर घर भ्रमण करके बुखार के रोगियों की सूची, क्षय रोगियों की सूची, आई एल आई रोगियों की सूची, कुपोषित बच्चों की सूची, क्षेत्रवार ऐसे मकानों की सूची जिनके भीतर मच्छरों का प्रजनन पाया गया होद्य किया जाना है। इस बार अभियान मे चिन्हित रोगियों की सूची ई कवच और यू डी इस पी पर फीड किया जाएगा। बैठक में अधीक्षक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिठवल, खेसरहा बी पी एम ओम प्रकाश द्विवेदी बी सी पी एम प्रदीप जाटव, बी ओ सी ऋषभ, कुशल टण्डन, अमरनाथ, ए.डी.ओ. पंचायत अवधेश श्रीवास्तव डा.प्रदीप वर्मा,बीधी सक्सेना, मंजू चौधरी, धिरज श्रीवास्तव ,शैलेश श्रीवास्तव और अन्य सभी उपस्थित रहे।



### तीन लुटेरों को पुलिस ने लिया अपनी गिरफ्त में

**जलालपुर।** अंबेडकरनगर।मालीपुर थाना में चार दिन पहले सरेराह बहन और भाई से असलहे के बल पर हुई लूट का पुलिस ने खुलासा करते हुए इसमें शामिल तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया। विदित हो कि स्थानीय थाना क्षेत्र के दरियापुर गांव निवासी संजय तिवारी बीते 16 सितंबर की सुबह 10ः30 बजे अपनी बहन का इलाज करा कर मालीपुर से घर जा रहे थे। जब वे गांव से 500 मी दूरी पर थे इसी समय पीछे से पहुंचे तीन मोटरसाइकिल सवार अज्ञात बदमाशों ने संजय के कनपटी पर अवैध तमंचा लगा दिया। बहन को बाइक से धक्का देकर गिरा दिया और असलाह के बल पर वहन के गले से सोने की चेन मंगलसूत्र और चांदी की ताबीज लूट लिया और असलहा लहराते हुए भाग गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लुटेरों की तलाश किया किंतु वह सफल नहीं हुए।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत टांडा में निकली कलश यात्रा



अवधनामा संवाददाता

**अम्बेडकरनगर।** जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुंदर वर्मा, जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा अपर जिलाधिकारी डॉ सदानंद गुप्ता, उप जिलाधिकारी टांडा, भाजपा नेता डॉ मिथिलेश त्रिपाठी, अन्य अधिकारियों तथा टांडा वासियों के साथ 'मेरी माटी, मेरा देश' कार्यक्रम के अंतर्गत झारखंडी मंदिर छज्जापुर से टांडा चौक तक अमृत कलश यात्रा निकाली गई। जिला पंचायत अध्यक्ष तथा जिलाधिकारी द्वारा शिलाफलकम का अनावरण किया गया। आजादी का अमृत महोत्सव, योजना अंतर्गत प्रदेश में, मेरी माटी मेरा देश- अमृत कलश यात्रा नगर पालिका/नगर पंचायत/ग्राम पंचायत में 11 सितंबर से 30 सितंबर तक कार्यक्रम, ब्लॉक स्तर पर 1 अक्टूबर से 13 अक्टूबर तक कार्यक्रम तथा जिला मुख्यालय पर 13 अक्टूबर से 25 अक्टूबर तक कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। 27 अक्टूबर 2023 को प्रदेश की राजधानी लखनऊ में राज्य स्तरीय कार्यक्रम अमृत वाटिका में आयोजित किया जाएगा। 30 अक्टूबर 2023 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

### महिलाओं को आरक्षण देना सोनिया गांधी का संकल्प

**अम्बेडकरनगर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अगुवाई में कांग्रेस मोदी सरकार द्वारा लाये गये महिला आरक्षण विधेयक का संसद के दोनों सदनों में समर्थन कर महिलाओं को तैंतीस प्रतिशत आरक्षण दिलवाकर महिला सशक्तिकरण के अपने संकल्प को पूरा करेगी .पीसीसी सदस्य और जिला कांग्रेस मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी ने आज विशेष सत्र में मोदी सरकार द्वारा लाये गये महिलाओं को आरक्षण के विधेयक का स्वागत करते हुए कहा कि यह कांग्रेस का संकल्प है और कांग्रेस पार्लियामेंटरी पार्टी की चेयरपर्सन मा श्रीमती सोनिया गाँधी जी इसके लिए लगातार प्रधानमंत्री को लिखकर संसद में विधेयक लाने की मांग करती रही हैं .मीडिया प्रभारी डा विजय शंकर तिवारी कहा कि भारतरत्न पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गाँधी ने संविधान संशोधन कर पंचायत राज में महिलाओं को आरक्षण दिया था और 2010 में पीएम मा श्री डा मनमोहन सिंह जी और यूपीए अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी जी की अध्यक्षता में कांग्रेस ने महिला आरक्षण विधेयक राज्यसभा में पारित किया।

## मिश्रौलिया थाने पर आयोजित की गयी पीस कमेटी की बैठक



अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मिश्रौलिया थाने पर मंगलवार को आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थीए बारारबीउल अव्वल के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें ग्रामप्रधानए गांव के सम्भ्रान्त व्यक्ति तथा धर्मगुरू आदि शामिल हुए। जानकारी के अनुसार थाना मिश्रौलिया पर प्रभारी निरीक्षक थाना मिश्रौलिया की अध्यक्षता में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थीए बारारबीउल अव्वल के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गयी। जिसमें धर्मगुरुओंए क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियोंए ग्राम प्रधानए डी0जे0 धारकए मूर्तिकार आदि की उपस्थिति रही। पीस कमेटी की मीटिंग में आगामी त्यौहार गणेश चतुर्थीए बारारबीउल अव्वल को लेकर आने वाली समस्याओं के बारे में समस्त उपस्थित लोगों से पूछा गया। किसी के द्वारा किसी भी प्रकार की समस्या का होना नहीं बताया गया। तत्पश्चात उच्चाधिकारीगण द्वारा दिए गए आदेशोंए निर्देशों से अवगत कराया गया। त्यौहार को सकुशलए शांतिपूर्वक संपन्न कराने में पुलिस का सहयोग करने तथा सामाजिक सौहार्द व आपसी भाईचारा बनाये रखने हेतु अपील की गयी।

### अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा गया न्यायालय

**इटवा सिद्धार्थनगर।** गोल्हौरा पुलिस ने मंगलवार को अपहरण के एक आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनसार श्अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियानश् के अन्तर्गत प्रभारी निरीक्षक गोल्हौरा के नेतृत्व में थाना गोल्हौरा पुलिस द्वारा स्थानीय थाना पर पंजीकृत मु0अ0स0 142ध्2023 धारा 363 भा0द0वि0 व 16ध्17 पाक्सो एक्ट से सम्बंधित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही पूर्ण कर अभियुक्त को माननीय न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त मतीउल्लाह पुत्र बरसाती साकिन चूहिया ग्रांट थाना कठेला समय माता जनपद सिद्धार्थनगर का निवासी है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उ0नि0 जालंधर प्रसादए हे0का0 विवेकानंद यादवए का0 सूरज सिंह शामिल रहे।

## आवास योजना के तहत पहली किस्त पात्रों को आवंटित की गई

अवधनामा संवाददाता

**अंबेडकरनगर।** बसखारी ब्लॉक के डवकरा हाल में मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत डिजिटल प्रथम किस्त जारी तथा दिव्यांग आवास, प्राकृतिक आपदा आवास स्वीकृत पत्र प्रदान करने के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुंवर नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह तथा विशिष्ट अतिथि में अंबेडकर नगर परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर रहे। कार्यक्रम का संचालन सचिव विनय मिश्रा ने किया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि को विकासखंड अधिकारी अनुपम सिंह तथा विशिष्ट अतिथि दिलीप सोनकर द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट किया गया। कार्यक्रम को संचालित करते हुए परियोजना निदेशक दिलीप सोनकर द्वारा मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत दी जा रही राशि के तहत आवास निर्माण मानक के अनुसार बनाने के बारे में जानकारी दी गई। वही कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विकासखंड अधिकारी अनुपम सिंह द्वारा उपस्थित आवास लाभार्थियों को योजना के तहत मिलने वाली राशि के किस्त के बारे में भी जानकारी दी गई। तत्पश्चात मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख कुंवर नरेंद्र मोहन उर्फ संजय सिंह ने खुशी जाहिर करते हुए अधिक से अधिक लाभार्थियों को आवास पहुचाने की बात कही। तत्पश्चात मुख्य अतिथि द्वारा 149 आवास लाभार्थियों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। जिसमें मुख्यमंत्री/ प्रधानमंत्री, दिव्यांग आवास योजना तथा प्राकृतिक आपदा आवास योजना के तहत लोगों को स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया। वहीं स्वीकृति पत्र पाने के पश्चात लाभार्थियों का चेहरा खिल उठा। उक्त कार्यक्रम में जल्लापुर प्रधान प्रदीप सिंह, वरिष्ठ भाजपा नेता रुद्र प्रताप उपाध्याय, समाजसेवी के सी सिंह, एडीओ पंचायत, ग्राम सचिव के साथ साथ भारी संख्या में आवास लाभार्थी मौजूद रहे।

### योगासन चैम्पियनशिप में सम्मानित किए गए 152 खिलाड़ी

**सिद्धार्थनगर।** डिस्ट्रिक योगासना एसोसिएशन जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित जनपदीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता.2023 में प्रतिभाग करने वाले 152 छात्र.छात्राओं को सम्मानित किया गया। इनमें बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को प्रमाणपत्र के साथ ही मेडल प्रदान किया गया। योग के माध्यम से पूर्व माध्यमिक विद्यालय टड़िया की बच्चियों की सांस्कृतिक कार्यक्रम की सराहना हुई। मंगलवार को जिला स्पोर्टस स्टेडियम में डिस्ट्रिक योगासना एसोसिएशन जिला इकाई के तत्वावधान में आयोजित जनपदीय चैम्पियनशिप प्रतियोगिता.2023 का उद्घाटन क्रीड़ा अधिकारी आशुतोष अग्निहोत्री और वरिष्ठ पत्रकार एमपी गोस्वामी ने किया। इसके बाद निर्णायक मंडल में शामिल सदस्यों के देखरेख में हुई प्रतियोगिता में 152 बच्चों ने योग की प्रस्तुति की। समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि नगर पालिका परिषद सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव रहे।

## देईयार में शिक्षक संकुल की हुई बैठक संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** मंगलवार को मासिक शिक्षक संकुल की बैठक पूर्व निर्धारित एजेंडा विन्दु के सापेक्ष कम्पो पूर्व. मा. वि. देईयार पर की गई। जिसमें सम्बन्धित विद्यालय के समस्त प्रधानाध्यापक, स.अ. शिक्षामित्र, अनुदेशक उपस्थित रहें। बैठक को संबोधित करते हुए शिक्षक संकुल अहमद सईद ने कहा कि समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने विद्यालय को माह दिसम्बर 2023 तक निपुण विद्यालय बनाने हेतु 5 पॉइंट इलकिट का उपयोग सुनिश्चित करे। समस्त शिक्षकों को निपुण लक्ष्य ऐप पर लागिन करने व छात्रों का आकलन करने हेतु प्रोत्साहित किया जाए। बैठक में रामकुमार वर्मा व राम सजीवन ने कहा कि ÷समस्त शिक्षक संकुल द्वारा अपने न्याय पंचायत के प्रधानाध्यापक को निपुण भारत मिशन सेन्टर का नियमित उपयोग करने के लिए प्रेरित किया जाय। अंत में बैठक में कहा गया विद्याज्ञान प्रवेश परीक्षा फार्म जमा कर दें और कक्षा 4 से 8 तक के बच्चों को प्रत्येक शिक्षक शिक्षण कार्य योजना के तहत कार्य करें। इस मौके पर नंदलाल, अंकित आर्य, रज्जाक अहमद, परितोष ओझा, मोहम्मद वसीम, परवेज अख्तर, इंदु गुप्ता,प्रमिला, संत कुमार, जसवंत यादव, ओमप्रकाश आदि लोग मौजूद रहे।

## एशिया चैंपियन भारत

भारत एक बार फिर क्रिकेट का 'एशिया चैम्पियन' बना है। करीब 5 साल बाद यह 8वां सरताज टीम इंडिया के हिस्से आया है, लिहाजा अंतरराष्ट्रीय खिताब का सूखा समाप्त हुआ है। टीम इंडिया ने अपने हुनर, परिश्रम और जीत के जज्बे के साथ यह खिताब हासिल किया है। फाइनल मैच में भारत ने श्रीलंका को मात्र 50 रनों पर ढेर कर दिया और 263 गेंदें शेष रहते यह टूर्नामेंट जीत लिया। एशिया कप में यह श्रीलंका की सबसे करारी हार रही, सबसे छोटा स्कोर बन पाया और टीम इंडिया सर्वाधिक 10 विकेट से चैम्पियन बनी। इस ऐतिहासिक जीत में सभी खिलाड़ियों के हिस्से की धूप है, लेकिन जीत के नायक रहे-मुहम्मद सिराज। इस नौजवान गेंदबाज की ऐसी सुनामी आई कि एक ही ओवर में श्रीलंका के अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाज ढह गए। कुल 4 बल्लेबाज तो 'शून्य' पर ही आउट हुए। सिराज ने 21 रन देकर 6 विकेट धराशायी किए। एक ही ओवर में 4 विकेट का करिश्मा करने वाले सिराज प्रथम भारतीय गेंदबाज हैं। पहली बार ही 16 गेंदों पर 5 विकेट उखाड़े।

यह वाकई करिश्माई और सबसे तेज उपलब्धि है। एकदिनी क्रिकेट में सबसे तेज 50 विकेट हासिल करने वाले सिराज विश्व में ऐसे दूसरे गेंदबाज हैं। कीर्तिमान श्रीलंका के अजंथा मेंडिस के नाम है। अब सिराज दुनिया के सर्वश्रेष्ठ 3 गेंदबाजों की जमात में शामिल भी होंगे। बेशक श्रीलंका विश्व चैम्पियन टीम रही है और अब भी अपने 'एशिया खिताब' का बचाव कर रही थी, लिहाजा ऐसी ताकतवर टीम के मुकाबले यह एकतरफा जीत विश्व कप से पहले टीम इंडिया के लिए बेहद शुभ संकेत है। एकदिनी क्रिकेट का विश्व कप 5 अक्तूबर से भारत में ही खेला जाना है। अब टीम इंडिया बेहतर फॉर्म और उत्साह में है।

टीम दमदार लग रही है। इसका भी मनोवैज्ञानिक असर पड़ता है। चूंकि ये खिलाड़ी लंबे अंतराल से साथ-साथ खेल रहे हैं, लिहाजा उम्मीद की जा रही है कि 1983 और 2011 के बाद तीसरी बार भारत विश्व चैम्पियन भी बन सकता है। यह आकलन विश्व चैम्पियन रहे बल्लेबाज सुनील गावस्कर का है। यह कोई अतिशयोक्ति नहीं है। सिराज, कुलदीप यादव और हार्दिक पंड्या की गेंदबाजी ने कहर बरपाते हुए साबित किया है कि वे अपनी सटीक गेंदबाजी से किसी भी देश की टीम को धराशायी कर सकते हैं। 'चाइनामैन स्पिनर' कुलदीप ने पाकिस्तान की आधी टीम को आउट कर, सुपर 4 में श्रीलंका के 4 विकेट लेकर उनके हिस्से से जीत छीन ली थी। उन्हें 'प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट' चुना गया है और 15,000 डॉलर के नकद इनाम से नवाजा गया है। सवाल यह भी सहज है कि सिराज की गेंदबाजी में ऐसा क्या हुनर है कि सबसे तेज 150 विकेट लेने वाले गेंदबाज मुहम्मद शमी सरीखे खिलाड़ी को 'प्रतीक्षारत गेंदबाज' के तौर पर बिठाया गया है।

सिराज को 'विकेट की गारंटी' मान कर सबसे पहले चयन किया जाता है। दरअसल उन्होंने विख्यात गेंदबाज बुमराह के साथ ऐसी आउटस्विंग गेंदबाजी की कि धाकड़ बल्लेबाज भी चकमा खा गए, उनकी गिल्लियां बिखर गई, नतीजतन श्रीलंका को सबसे बड़ी हार झेलनी पड़ी। सिराज ने अपनी गेंदबाजी के कोण, उसकी गति, दिशा और नियंत्रण को भी खूब तराशा है, लिहाजा आज वह विश्व विख्यात गेंदबाजों की जमात में खड़े हैं। सिराज ने पुराने वेस्टइंडीज के तूफानी गेंदबाजों की याद ताजा कर दी। गेंदबाजी के अलावा, टीम इंडिया की बल्लेबाजी में विराट कोहली, शुभमन गिल और केएल राहुल ने एशिया कप में शतक जड़े। रोहित शर्मा, ईशान किशन, पंड्या, अक्षर पटेल आदि ने बेहतर बल्लेबाजी कर संतुलन और शक्ति की व्याख्याएं कीं।

## विपक्ष ने चुनाव के मुद्दे तय नहीं किये


रोहित माहेश्वरी

आगामी लोकसभा चुनाव में बीजेपी के खिलाफ इंडिया गठबंधन का गठन हो चुका है। इस गठबंधन की तीन बैठकें भी हो चुकी हैं। तीसरी बैठक हाल ही में देष की आर्थिक राजधानी मुंबई में हुई है। विपक्ष अपने को मजबूत और एकजुट दिखाने की भरपूर कोषिष कर रहा है, लेकिन विपक्ष की सारी कवायद के बीच एक बात जरूर है कि चुनावी मुद्दों को लेकर कांग्रेस के साथ ही विपक्षी दलों के हाथ तंग नजर आ रहे हैं। विपक्ष कोई भी चुनाव मुद्दों और उन मुद्दों के जरिए बने माहौल के आधार पर जीता जाता है। उसमें भी जब बात लोकसभा चुनाव की हो तो इस नजरिए से देशव्यापी चुनावी मुद्दों का महत्व बेहद बढ़ जाता है। ये वो बिन्दु है, जहां कांग्रेस समेत तमाम विपक्षी दल फिलहाल बीजेपी से काफी पीछे नजर आ रहे हैं। सीधे शब्दों में कहें तो विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ वैसा चुनावी मुद्दा नहीं बना पा रहा है, जिसको हथियार बनाकर बीजेपी को मात दे सके और यही पहलू 2024 के लोकसभा चुनाव में बीजेपी की सबसे बड़ी ताकत साबित होने वाला है। ऐसा नहीं है कि विपक्षी दलों के लिए मुद्दों की कमी है, लेकिन उन मुद्दों को लेकर लगातार संघर्ष करने की क्षमता और उसे जनता के बीच पहुंचाने की रणनीति का अभाव जरूर विपक्षी दलों में दिखता है। बीजेपी मुद्दों को गढ़ने और जनता के बीच उनको पहुंचाने में विपक्ष से कोसों आगे नजर आती है। ये शायद ही कोई भूला होगा कि 2014 लोकसभा चुनाव से पहले कैसे बीजेपी ने महंगाई और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया। इनको आधार बनाकर बीजेपी ने कांग्रेस की अगुवाई वाली यूपीए सरकार 2014 के लोकसभा चुनाव में मात दी थी। भ्रष्टाचार और बढ़ती महंगाई के जरिए उस वक्त बीजेपी ने जो माहौल तैयार किया था, उस माहौल का बहुत बड़ा हाथ था, जिसकी वजह से नरेंद्र मोदी को प्रधानमंत्री का चेहरा घोषित कर 2014 में बीजेपी पहली बार अपनी बदौलत लोकसभा में बहुमत हासिल करने में कामयाब रही थी। उसके बाद बीजेपी की राजनीतिक किताब में लगातार नए-नए अध्याय जुड़ते गए। 2019 के लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष नरेंद्र मोदी सरकार के खिलाफ चुनावी मुद्दा और उसके जरिए माहौल बनाने में नाकामयाब रहा था, जिसके कारण उस चुनाव में बीजेपी को 2014 से भी बड़ी जीत हासिल हुई थी। अब जब 2024 का लोकसभा चुनाव सामने है, तो उस नजरिए से भी न तो कांग्रेस और न ही कोई और विपक्षी दल महंगाई या फिर भ्रष्टाचार को ही लंबे वक्त के लिए जनता के बीच मुद्दा बनाने में कामयाब हो पा रहे हैं. मुद्दा बनाने के लिए जिस तरह का संघर्ष चाहिए, उसमें भी संजीदगी की कमी को महसूस किया जा सकता है। ऐसा भी नहीं है कि अब महंगाई और भ्रष्टाचार कोई मुद्दा ही नहीं रहा है। हम देख ही रहे हैं कि कैसे रोजमर्रा की जरूरतों से जुड़े सामानों की कीमतों में आग लगी हुई है. पेट्रोल-डीजल के दामों को पिछले कुछ सालों में नई ही ऊंचाई मिली है। जबकि गरीब और मिडिल क्लास के लोगों के बीच प्रति व्यक्ति आय में उस रफ्तार से वृद्धि नहीं हुई है। भ्रष्टाचार भी अलग-अलग तरीकों और स्वरूप में मौजूद है।

कहने का मतलब है कि अभी भी महंगाई और भ्रष्टाचार है बहुत बड़ा मुद्दा, लेकिन राजनीतिक और मीडिया विमर्श में उसको ज्यादा समय और महत्व नहीं मिल पा रहा है। इसका एक बहुत बड़ा कारण है कि विपक्ष जनता तक इन मुद्दों को पहुंचाने में सफल नहीं हो पा रहा है और ऐसा करने के लिए लगातार संघर्ष करता नजर भी नहीं आ रहा है। देष में मुद्दों की कमी नहीं है। महंगाई, भ्रष्टाचार के अलावा बेरोजगारी का मुद्दा भी मौजूद है। आलम ये है कि जून के महीने में बेरोजगारी दर 8.45 प्रतिषत तक पहुंच गया है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी के मुताबिक मई में ये आंकड़ा 7.68 फीसदी था। ये तीसरी बार है जब इस साल बेरोजगारी दर 8ः से ऊपर चली गई। शहरों के मुकाबले गांवों में बेरोजगारी दर ज्यादा देखी गई। गांवों में बेरोजगारी दर दो साल में सबसे अधिक देखी गई है. ये तो आंकड़े हैं। ये ऐसा मुद्दा है, जिससे देश के गरीब और मिडिल क्लास के लोगों का सबसे ज्यादा सामना हो रहा है। भले ही आम चुनाव को अभी छह महीने से ज्यादा का समय बाकी है लेकिन देष में चुनावी मौसम छाने लगा है, तो महंगाई और बेरोजगारी दरों की गर्मागर्म चर्चा छिड़ी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

सनातन का शाब्दिक अर्थ है- शाश्वत या सदा बना रहने वाला, यानी जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म जिसे हिन्दू धर्म अथवा वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। इसे दुनिया के सबसे प्राचीनतम धर्म के रूप में भी जाना जाता है। भारत की सिंधु घाटी सभ्यता में हिन्दू धर्म के कई चिह्न मिलते हैं। यह धर्म, ज्ञात रूप से लगभग 12000 वर्ष पुराना है जबकि कुछ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म 90 हजार वर्ष पुराना है। सनातन धर्म के वैचारिक आधार वेद हैं। जब तुर्क और ईरानी भारत आए तो उन्होंने सिंधु घाटी से प्रवेश किया।

# सनातन पर प्रहार की दुर्भाग्यपूर्ण राजनीति


राजेश माहेश्वरी

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन के बेटे और राज्य सरकार में मंत्री उदयनिधि स्टालिन के सनातन धर्म पर दिए गए बयान से विवाद की आंच पूरे देष तक पहुंच गई है। दरअसल, बीते एक सितंबर को मार्क्सवादी पार्टी से जुड़ा संगठन तमिलनाडु प्रगतिशील लेखक और कलाकार संघ की ओर से चेन्नई के कामराजार एरिना में सनातन उन्मूलन सम्मेलन का आयोजन किया गया था। इसमें भाग लेते हुए उदयनिधि स्टालिन ने भारतीय मुक्ति संग्राम में आरएसएस का योगदान शीर्षक से व्यंग्यचित्रों वाली एक पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने सनातन धर्म और बीजेपी को लेकर भी भाषण दिया था। उदयनिधि स्टालिन ने अपने संबोधन में कहा था, 'इस सम्मेलन का शीर्षक बहुत अच्छा है। आपने 'सनातन विरोधी सम्मेलन' के बजाय 'सनातन उन्मूलन सम्मेलन' का आयोजन किया है। इसके लिए मेरी बधाई। हमें कुछ चीजों को खत्म करना होगा। हम उसका विरोध नहीं कर सकते। हमें मच्छर, डेंगू बुखार, मलेरिया, कोरोना वायरस इत्यादि का विरोध नहीं करना चाहिए।

उदयनिधि के अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के पुत्र, पूर्व केंद्रीय मंत्री ए. राजा और बिहार के षिक्षा मंत्री भी सनातन धर्म के विरोध में बयानबाजी की है। और ये सिलसिला थमने की बजाय लगातार बढ़ता ही जा रहा है। देश भर के हिंदू संगठनों के तमाम नेताओं और सदस्यों ने सोशल मीडिया पर बयान जारी कर उदयनिधि के बयान की निंदा की। इस मामले को लेकर राजनीति भी हो रही है।

सनातन का शाब्दिक अर्थ है- शाश्वत या सदा बना रहने वाला, यानी जिसका न आदि है न अन्त। सनातन धर्म जिसे हिन्दू धर्म अथवा वैदिक धर्म के नाम से भी जाना जाता है। इसे दुनिया के सबसे प्राचीनतम धर्म के रूप में भी जाना जाता है। भारत की सिंधु घाटी सभ्यता में हिन्दू धर्म के कई चिह्न मिलते हैं। यह धर्म, ज्ञात रूप से लगभग 12000 वर्ष पुराना है जबकि कुछ पौराणिक मान्यताओं के अनुसार हिंदू धर्म 90 हजार वर्ष पुराना है। सनातन धर्म के वैचारिक आधार वेद हैं। जब तुर्क और ईरानी भारत आए तो उन्होंने सिंधु घाटी से प्रवेश किया। सिंधु एक संस्कृत नाम है। उनकी भाषा में 'स' शब्द न होने के कारण वो सिंधू का उच्चारण नहीं कर पाए, इसलिए उन्होंने सिंधु शब्द को हिंदू कहना शुरू किया। इस तरह से सिंधु का नाम हिंदू हो गया। उन्होंने यहां रहने वाले लोगों को हिंदू कहना शुरू किया और इसी तरह हिंदुओं के देश को हिंदुस्तान का नाम मिला।

सनातन धर्म उस समय से है जब कोई संगठित धर्म अस्तित्व में नहीं था और क्योंकि जीवन जीने का कोई दूसरा तरीका नहीं था, इसलिए इसे किसी नाम की जरुरत नहीं थी। इसके बाद धीरे-धीरे संगठित धर्मों का निर्माण हुआ। 19वीं सदी में और इसके बाद से सनातन धर्म का इस्तेमाल हिंदू धर्म को बाकी धर्मों से अलग एक धर्म के रूप



में दर्शाने के लिए किया गया। कुमतिजन तो इस पर भी सवाल उठा सकते हैं। बहरहाल तमिलनाडु की द्रमुक पार्टी का एक युवा मंत्री 'सनातन' के समूल उन्मूलन का आह्वान कैसे कर सकता है और वह कितना प्रभावी होगा? तमिलनाडु में हजारों हिंदू मंदिर हैं। असंख्य लोग शिव और उनके दर्शन के मतावलंबी हैं। 'सनातन' को क्रूर और खूंखार आक्रांता और उपनिवेशवादी अंग्रेज भी विनष्ट नहीं कर पाए, तो आज स्वतंत्र भारत में कौन कर सकता है?

वहीं कई मीडिया आउटलेट्स ने उदयनिधि के संबोधन की आलोचना करते हुए लिखा है कि इससे आने वाले दिनों संयुक्त विपक्ष यानी इंडिया गठबंधन को नुकसान हो सकता है। कई टीवी चैनलों पर इस तरह के डिबेट प्रोग्राम भी प्रसारित हुए हैं. लेकिन यह सब केवल उत्तर भारत में देखने को मिला है। जहां तक तमिलनाडु की बात है तो वहां लंबे समय से सनातन विरोधी राजनीति चली आ रही है. उदयनिधि के इस भाषण को उसी के एक हिस्से के तौर पर देखा गया है। द्रविड़ कषगम के संस्थापक नेता पेरियार ने हिंदू धर्म के खिलाफ कड़े विचार व्यक्त किए थे। वे जीवन भर हिंदू धर्म के उन्मूलन, रामायण के विरोध और मंदिरों के उन्मूलन पर लेख लिखते रहे। उनके बाद द्रविड़ कषगम और पेरियार के अनुयायी समय-समय पर ऐसे विचार व्यक्त करते आए हैं।

पेरियार खुद को नास्तिक मानते थे और भगवान के अस्तित्व को खारिज करते थे। उस दौर को बीते सात दशकों से अधिक का समय गुजर चुका है। आज छुआछूत विरोधी कानून हैं। जातीय आरक्षण की व्यवस्था है, ताकि आर्थिक-सामाजिक विषमताएं मिट सकें। आध्यात्मिक आस्थाओं के संवैधानिक, मौलिक अधिकार हैं। ब्राह्मण से प्राचीन शूद्र तक आज की व्यवस्था में समान हैं, क्योंकि वे समान स्तरों, पदों और अवसरों पर मौजूद हैं। कथित दलित आज आईएएस, आईपीएस हैं, वैज्ञानिक हैं, सांसद-मंत्री हैं और देश के राष्ट्रपति रह चुके हैं।

लोकतंत्र में सामाजिक न्याय और समानता के समान अवसर हैं, अधिकार हैं। पेरियार का कालखंड आज अप्रासंगिक है। यदि ऐसा नहीं होता, तो यह तमिलनाडु तक ही सिमट कर क्यों रह जाता? पेरियार की सोच वाली द्रमुक पार्टी भी चुनावी तौर पर पराजित हुई है। 'सनातन' के समूल नाश की ऐसी हवा बही है कि बिहार में एक मंत्री ने 'रामचरितमानस' को 'सायनाइड' करार दे दिया। उप्र में सपा नेता स्वामी प्रसाद मौर्य 'मानस' और 'सनातन धर्म' पर अनर्गल अलाप करते रहे हैं। कांग्रेस के बड़े नेता खामोश हैं, क्योंकि उन्हें 'सनातनी वोट' की दरकार है। बात विपक्ष के प्रलापों तक ही सीमित नहीं है। तमिलनाडु की दलित राजनीतिक पार्टी, विडूदलाई चिरुतैगल कच्ची (वीसीके) के मौजूदा अध्यक्ष तोल थिरुमावलवन लगातार सनातन विरोध की बात करते रहे हैं। उन्होंने सनातन के खिलाफ कई बड़े सम्मेलन आयोजित किए हैं। 2018 में पेरियार के स्मृति दिवस पर, थिरुमावलवन ने कहा था, 'सामाजिक न्याय की जीत होगी और हम उस दिन सनातन को जड़ से उखाड़ फेंकेंगे।' उसके बाद, 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले, थिरुमावलवन ने जनवरी में त्रिची में देसम कप्पोम नामक एक विशाल सम्मेलन आयोजित किया और कहा, 'सनातन खत्म होने पर ही भाईचारा कायम रहेगा। सनातनी ताकतों द्वारा इस देश को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई करना हमारा कर्तव्य है। थिरुमावलवन ने 2021 विधानसभा चुनाव के लिए अपने घोषणापत्र में नारा दिया था, 'आओ सनातन को जड़ से उखाड़ें, चलो लोकतंत्र की रक्षा करें।' कई अन्य अवसरों पर उन्होंने पार्टी स्वयंसेवकों से वादा किया है कि वे स्वयंसेवकों के साथ मिलकर सनातन को उखाड़ फेंकेंगे। पिछले साल भी विडूदलाई चिरुतैगल कच्ची (वीसीके), डीएमके और कांग्रेस गठबंधन का हिस्सा थी। उस वक्त बीजेपी ने कहा था कि कांग्रेस गठबंधन की एक पार्टी सनातन धर्म के विरोध की बात कर रही है. लेकिन थिरुमावलवन के भाषणों पर कोई बड़ी प्रतिक्रिया नहीं देखने को मिली थी। सनातन का विरोध की मानसिकता तो पुरानी है। लेकिन पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव और अगले साल होने वाले लोकसभा चुनाव को देखते हुए सनातन पर लगातार कड़े प्रहार किये जा रहे हैं।

# संसद का विशेष सत्र सार्थक बहस का माध्यम बने

18 सिंतबर से 22 सिंतबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र के दौरान कुल 8 विधेयकों को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, उनकी सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि विषयक विधेयक-2023, द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल, डाकघर विधेयक प्रमुख हैं।


ललित गर्ग

आज संसद में भारतीय संसदीय इतिहास का आठवां विशेष सत्र प्रारंभ हुआ, ऐतिहासिक रूप से देखें तो विशेष सत्र आमतौर पर महत्वपूर्ण विधायी या राष्ट्रीय घटनाओं के उपलक्ष्य में बुलाए गए हैं। संसदीय इतिहास में अब तक संसद के सात विशेष सत्र बुलाए जा चुके हैं जिनमें से तीन बार ऐसे सत्र तब बुलाए गए जब देश ऐतिहासिक उपलब्धियों का जश्न मना रहा था। वहीं दो बार राष्ट्रपति शासन लगाने के लिए 1977 में तमिलनाडु और नगालैंड में तो 1991 में हरियाणा में विशेष सत्रों का आयोजन किया गया। इस बार 75 साल की संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए मुख्यतः विशेष सत्र बुलाया गये हैं। इस बार का विशेष सत्र संसदीय परम्परा के श्रेष्ठ स्वरूप को उपस्थित करके उसके उत्कर्ष को बढ़ाने और उसे उन्नत-आदर्श बनाने के लिये होना चाहिए, न केवल इस विषय पर गंभीरता से चर्चा होनी चाहिए, बल्कि इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए। क्योंकि इससे इन्कार नहीं किया जा सकता कि पिछले कुछ वर्षों में संसद में कामकाज के तौर-तरीकों में गिरावट आई है।

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र का विशेष सत्र अन्य सत्रों की तरह हंगामेदार, अमर्यादित एवं अनुशासनहीन न होने की बजाय सार्थक बहस का माध्यम बनना चाहिए कि हमारी संसदीय कार्यप्रणाली किस प्रकार प्रेरक एवं लोकतांत्रिक मूल्यों की वाहक बने। बिना राजनीति आग्रह एवं पूर्वाग्रह के इस पर चिंतन और मनन भी होना चाहिए कि संसदीय कार्यवाही कैसे गरिमापूर्ण तरीके से चले। ऐसे अवसर दुर्लभ ही रहे हैं जब संसद में कोई सार्थक चर्चा हुई हो। इसलिये उचित होगा कि इस सत्र में सरकार ने जो विधेयक प्रस्तावित किए हैं उन पर भी बिना सोचे-समझे विरोध जताने के बजाय विपक्षी दल स्वस्थ बहस के लिए तैयार रहें। यह तभी हो सकता है जब नकारात्मकता का परिचय देने के बजाय विधेयकों की रूपरेखा देखने के उपरांत प्रतिक्रिया व्यक्त की सकारात्मक मानसिकता को अपनाया जाये।

निश्चित ही भारतीय संसद के अमृतकाल को अमृतमय बनाने के लिये संसद एवं आजादी की 75 साल की उपलब्धियों एवं निरन्तर बढ़ रही कमियों पर चर्चा के साथ उन कमियों एवं विसंगतियों को दूर करने का रोडमेप तैयार होना चाहिए। हमें अब तक संसदीय यात्रा की उपलब्धियां, अनुभव, स्मृतियां, कमियों और उनसे मिली सीख को चर्चा का माध्यम बनाते हुए सर्वसम्मति से नये संसदीय यात्रा के लिये उन्नत एवं आदर्श मूल्यों को अपनाने के लिये तत्पर होना चाहिए। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद में भी विरोध के लिए विरोध की राजनीति अधिक देखने को मिलती है। विपक्षी दल संसद में चर्चा करने से अधिक नारेबाजी करने, नारे लिखी हुई तख्तियां दिखाने, अध्यक्ष के आसान तक पहुंच कर हंगामे करने में ज्यादा ऊर्जा खपाते हैं। पिछले कुछ वर्षों में तो ऐसा लगातार हो रहा है और इसके चलते कई सत्र ऐसे भी रहे जब कोई खास काम नहीं



हो सका। 18 सिंतबर से 22 सिंतबर तक चलने वाले इस विशेष सत्र के दौरान कुल 8 विधेयकों को चर्चा और पारित करने के लिए सूचीबद्ध किया गया है। इनमें मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति, उनकी सेवा की शर्तें और कार्यकाल की अवधि विषयक विधेयक-2023, द प्रेस एंड रजिस्ट्रेशन ऑफ पीरियोडिकल्स बिल, डाकघर विधेयक प्रमुख हैं। इस विशेष सत्र की कार्रवाही का पहला दिन पूराने संसद भवन में एवं बाकि चार दिन नये संसद भवन में आयोजित होगी। इस सत्र की एक और विशेषता है कि लोकसभा और राज्यसभा के सभी सांसदों का दूसरे दिन मंगलवार सुबह ग्रुप फोटो होगा। यह भी संभावना की जारही है कि यह मौजूदा संसद का आखिरी सत्र हो सकता है और सरकार लोकसभा चुनाव समय से पहले करवा सकती है। लोकतंत्र में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। लेकिन संसद के विशेष सत्र शुरु होने से पूर्व ही कांग्रेस ने नकारात्मक राजनीति के संकेत दे दिये हैं। क्योंकि कांग्रेस की नकारात्मक राजनीति का ही यह उदाहरण है कि सर्वदलीय बैठक में कांग्रेस की ओर से यह कहा गया कि विशेष सत्र में मणिपुर की स्थिति का मुद्दा भी उठाया जाएगा। जबकि सरकार ने संसद के पिछले सत्र में इस विषय पर चर्चा को लेकर कई बार सहमति जताई थी और अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के दौरान प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की ओर से विपक्ष के सवालों के जवाब भी दे दिए गए थे तब विशेष सत्र में इस मुद्दे को उठाने का क्या कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस एवं विपक्षी दलों के इस तरह के आग्रह एवं पूर्वाग्रह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। लेकिन कांग्रेस एवं विपक्ष ने इस विशेष सत्र को भी हंगामेदार करने की ठानी है तो यह दुर्भाग्यपूर्ण है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, आतंकवाद, चुनावों की स्वच्छता, जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। लेकिन इन्हीं या दूसरे मुद्दों को आधार बनाकर जहां संसद की कार्रवाई को बाधित करने की स्थितियां हैं, यह अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है। विशेष सत्र लोकतांत्रिक समझौते के साथ समझ को विकसित करने का उदाहरण बने, यह अपेक्षित है। स्वतंत्रता के अमृतकाल में संसदीय यात्रा पर चर्चा के लिए बुलाए गए विशेष सत्र में भी सरकार के प्रत्येक कदम की आंख बंदकर विरोध करने की स्थितियों की बजाय राष्ट्रीय महत्व एवं संसदीय गरिमा के विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए, ताकि देश को कोई दिशा मिल सके, विकास के कार्यों को गति मिल सके, लेकिन इसके स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप अधिक होना औचित्यपूर्ण नहीं है। कई बार तो इसे लेकर गतिरोध कायम हो जाता है जो संसद के अमूल्य समय की बर्बादी है। मौजूदा माहौल में सरकार के लिए चर्चा से इनकार करना मुश्किल होगा, लेकिन विपक्ष को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक आक्रामक रुख अख्तियार कर वह संसद की कार्यवाही को बाधित करने तक सीमित न रह जाए। ऐसा होने से लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात होता है। विपक्ष सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने और विशेष सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिए पहल करें एवं एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें। देश की संसद को निरपेक्ष भाव एवं सकारात्मक ढंग से राष्ट्रीय परिस्थितियों का जायजा लेते हुए लोगों को राहत प्रदान करने के प्रावधानों पर चिन्तन-मंथन के लिये संचालित करना होगा। संसद केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद का स्थल नहीं होती है बल्कि जन हित में फैसले करने का सबसे बड़ा मंच होती है। इसके माध्यम से ही सत्तारूढ़ सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय होती है और जरूरत पड़ने पर जवाबतलबी भी होती है परन्तु यह भी सच है कि सत्ता और विपक्ष की संकीर्णता एवं राजनीतिक स्वार्थ देश के इस सर्वोपरि लोकतांत्रिक मंच को लाचार भी बनाते हैं जो 140 करोड़ जनता की लाचारी बन जाते हैं। कहना कठिन है कि संसद के विशेष सत्र में क्या होगा, लेकिन अच्छा यह होगा कि राजनीतिक दल इस विशेष सत्र को निश्चित ही देशहित में 'विशेष' बनाये। जरूरत पड़े तो उन देशों की संसद में होने वाली कार्यवाही को अपना आदर्श बनाएं, जहां प्रत्येक विषय पर धीर-गंभीर एवं सार्थक बहस होती है।

# कुलदीप यादव में वीनू मांकड़ की छवि दिखी!

परंपरा के अनुसार, एक गेंदबाज को कम से कम उस बल्लेबाज को चेतावनी देनी चाहिए। बॉलर उसे इस तरह से आउट करने से पहले खुद काफी पीछे रहता है। यूं तो मांकड़ ने पहले गेम में ब्राउन को इस तरह आउट करने से पहले उन्हें चेतावनी दी भी थी। कर्टनी वॉल्श को भी सलीम जाफ़र को आउट करने के बजाय चेतावनी देने के लिए प्रशंसा मिली, जो 1987 विश्व कप के दौरान खेल रहे थे।


के. विक्रम राव

बड़ी एकांगी होता है खेल रिपोर्टर! कल (11 सितम्बर 2023) भारत-पाक एक दिवसीय मैच था। सभी दैनिकों में बैटर्स विराट कोहली और केएल राहुल की सेंचुरी के सामने बॉलर कुलदीप यादव की करिश्मायी बॉलिंग कम वर्णित हुई, दब सी गई। हालांकि इस 29-वर्षीय बायें बाजू वाले चाइनामैन (गुगली) बॉलर ने मात्र आठ ओवर में पांच विकेट झटक कर पाकिस्तान की हार पक्की कर दी थी। भारतीय क्रिकेट में 25 साल का लंबा इंतजार खत्म कर दिया। मगर रिकॉर्ड नहीं तोड़ पाए, जो आंध्र प्रदेश के अरशद अयूब ने 1988 में ढाका में पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। तब अयूब ने केवल 21 रन देकर पांच विकेट चटकाये थे।

उन्नाव (यूपी) में जन्मे कुलदीप यादव ने महान बायें हाथवाले बॉलर वीनू मांकड़ की अनायास याद दिला दी। पद्म भूषण (1973) मलवंतराय हिममतलाल उर्फ 'वीनू' मांकड़ का तब दौर था। छः दशक पूर्व। जामनगर (गुजरात) के उनका निधन 21 अगस्त 1978 में इकसठ वर्ष के आयु में हुआ था। वे टेस्ट मैच में सैकड़ा मारने वाले प्रथम भारतीय रहे। कुल 44 टेस्ट मैच खेले और 165 विकेट लिए। इंग्लैंड के मशहूर बॉलर इयान बाथम ने कहा अपने दौर के दुनिया में बायें बाजूवाले श्रेष्ठतम स्पिनर मांकड़ थे।

वीनू मांकड़ क्रिकेट इतिहास में विशेषतया स्मरणीय हैं क्योंकि उन्होंने विलक्षण रीति से बैटर को आउट करने का तरीका ईजाद किया था। इस विवादास्पद तरीके का नाम ही मांकड़िंग रख दिया गया था। दरअसल उसी वर्ष भारत आजाद हुआ था। भारतीय क्रिकेट टीम ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर थी। तब मांकड़ ने दूसरे टेस्ट में नॉन-स्ट्राइकर छोर पर बिल ब्राउन को रन आउट कर दिया। मांकड़ अपने गेंदबाजी रन-अप की डिलीवरी के दौरान रुके और विकेट को गिरा दिया। तब ब्राउन क्रीज से बाहर थे। ब्राउन को आउट करने से ऑस्ट्रेलियाई मीडिया नाराज हो गई थी। किसी को इस तरह से रन आउट करना अब कहा जाता है मांकड़िंग। हालाँकि ऐसा क्रिकेट के नियमों का उल्लंघन नहीं है, कुछ लोगों के लिए इसे गैर-खेल और खेल की भावना के विरुद्ध माना जाता है। प्रसिद्ध क्रिकेटर सर डॉन ब्रैडमैन ने अपनी आत्मकथा में मांकड़ की इस हरकत का बचाव करते हुए कहा मैं अपने पूरे जीवन में यह नहीं समझ पाया हूं कि मीडिया ने उनकी खेल भावना पर सवाल क्यों उठाया? क्रिकेट के नियम यह बिल्कुल स्पष्ट कहते हैं कि नॉन-स्ट्राइकर को गेंद



डिलीवर होने तक अपनी जमीन के भीतर ही रहना चाहिए। यदि नहीं, तो वहां ऐसा प्रावधान क्यों है जो गेंदबाज को उसे रन आउट करने की अनुमति देता है ? बहुत दूर या बहुत जल्दी पीछे हटने से, नॉन-स्ट्राइकर स्पष्ट रूप से अनुचित लाभ प्राप्त करता है।

मगर कुछ लोगों का तर्क है कि परंपरा के अनुसार, एक गेंदबाज को कम से कम उस बल्लेबाज को चेतावनी देनी चाहिए। बॉलर उसे इस तरह से आउट करने से पहले खुद काफी पीछे रहता है। यूं तो मांकड़ ने पहले गेम में ब्राउन को इस तरह आउट करने से पहले उन्हें चेतावनी दी भी थी। कर्टनी वॉल्श को भी सलीम जाफ़र को आउट करने के बजाय चेतावनी देने के लिए प्रशंसा मिली, जो 1987 विश्व कप के दौरान खेल रहे थे। वीनू मांकड़ का कानपुर के ग्रीन पार्क स्टेडियम में 1952-53 में खेला टेस्ट यादगार रहा। तब कुलदीप यादव जैसी ही गेंद फेक कर उन्होंने कॉमनवेल्थ क्रिकेट टीम को बांध लिया था। कप्तान थे जैक लिविंगस्टन। टीम में फ्रैंक वारेल (वेस्ट इंडीज) सरीखे मशहूर बैटर थे। मांकड़ और मुस्ताक अली (इंदौर) की सलामी बैटर की जोड़ी भी बड़ी लोकप्रिय थी। मांकड़ गेंद को नचाते, उछालते, फिर फेंकते थे। बैटर को हिट करने के लिए ललचाते थे। उसने मारा कि वह कैच हुआ। यही कुलदीप यादव ने कल कोलंबो में किया था। गेंद फेंकने का उनका स्टाइल, कलाई की कारीगरी, बाल की मंद रफ्तार आदि रहीं। बिल्कुल मांकड़ की याद दिलाई है। कुलदीप यादव भारत के भविष्य के अद्भुत खिलाड़ी बनते दिख रहे हैं।

इसी सिलसिले में भारत-श्रीलंका के मैच का भी उल्लेख हो। एक किस्सा कभी पढ़ा था। हाथी की सूंड में घुसकर उसे तंगकर, एक मच्छर मकड़ी के जाल में फंस गया था। कुछ ऐसा ही हुआ जब पाकिस्तान को हराने वाले भारतीय टीम के पांच बेशकीमती विकेट एक अनजाने श्रीलंकाई बॉलर ने गिरा दिए। नाम है डुनिथ वेललेज, आयु केवल सवा बीस साल। आर. प्रेमदासा स्टेडियम में एशिया कप 2023 में सुपर-फोर के दूसरे मैच में (12 सितम्बर) उसने सीमित दस ओवर फेंके और पांच मूल्यवान भारतीय बैटर्स को आउट किया। केवल चालीस रन दिये। वे हैं इस नए नवेले गेंदबाज वेललेज ने भारत के टॉप ऑर्डर को तहस-नहस कर दिया। महज 20 साल के इस जांबाज लेफ्ट आर्म स्पिनर ने एक के बाद एक शुभमन गिल (19), विराट कोहली (3), रोहित शर्मा (53) और केएल राहुल (39) को और हार्दिक पाण्ड्या को पेवेलियन की राह दिखा दी। इन दिग्गजों ने पाकिस्तान के खिलाफ रन बरसाए थे, शतक लगाए थे, वो सारे वेलालागे के आगे डूब गए। केवल 154 रन पर भारत के चार विकेट गिरा दिए। वेलालागे ने पहले ओवर में शुभमन गिल, दूसरे ओवर में विराट कोहली और तीसरे ओवर में रोहित शर्मा का शिकार किया। राहुल मैच के 30वें ओवर में आउट हुए। बल्लेबाज रोहित शर्मा 53 रन बनाकर खेल रहे थे, लेकिन गुड लेंथ पर डाली गई बॉल को खड़े-खड़े डिफेंड करनने की चाहत में फंस गए। बॉल टप्पा खाकर काफी नीची रही और रोहित उसे परख नहीं सके। बल्ला तो लगाया, लेकिन गेंद सीधा बल्ले को बीट करती हुई तेजी से लेग स्टंप पर जा लगी। कोलंबो में 9 जनवरी 2003 को पैदा हुए वेलालागे का परिचय मिला। कम उम्र में श्रीलंकाई टीम में जगह बना ली थी। घरेलू क्रिकेट में उनके रिकॉर्ड्स कमाल के हैं। उन्होंने 61 फर्स्ट क्लास और लिस्ट ए मैच मिलाकर 126 विकेट चटकाए हैं। भारत के खिलाफ इस चमत्कारिक प्रदर्शन से पहले उन्होंने 12 मैच में 13 विकेट लिए थे। बड़ा उज्ज्वल भविष्य है। सचिन तेंदुलकर से भी बेहतर। वक्त बताएगा।

# गोवंश की सुरक्षा के लिए हर आश्रय स्थल पर 24 घंटे तैनात रहेंगे केयर टेकर

**लखनऊ।** प्रदेश के 6 हजार से अधिक गोवंश आश्रय स्थलों पर 24 घंटे केयर टेकर की तैनाती की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसके लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। गोवंश आश्रय स्थल से जुड़ी शिकायतों के निस्तारण की समीक्षा के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के सभी जिलों के डीएम को निर्देशित किया है कि वो खुद आश्रय स्थलों की सीमक्षा करें।

मुख्यमंत्री ने कहा है कि हर तहसील और ब्लॉक पर इसके लिए नोडल अफसरों की तैनाती की जाए। प्रदेश में 6874 गोवंश आश्रय स्थल बनाए गये हैं, जहां 11 लाख 75 हजार से ज्यादा निराश्रित गोवंश को रखा गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर हाल ही में इनके चारे-पानी के लिए प्रतिदिन की धनराशि में बढ़ोतरी करते हुए इसे प्रति गोवंश 900 रुपए से बढ़ाकर 1500 रुपए कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने पशुपालन विभाग के अधिकारियों सहित सभी मुख्य चिकित्साधिकारी और पशु चिकित्साधिकारी को समय समय पर गोवंश आश्रय स्थलों का निरीक्षण करने के लिए निर्देशित किया है।

■ मुख्यमंत्री योगी ने दिए निर्देश



सीएम योगी ने कहा कि गोवंश आश्रय स्थलों पर 24 घंटे केयर टेकर की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। कम से कम तीन केयर टेकर की व्यवस्था हर अश्रय स्थल पर की जाए। इसके अलावा हर हफ्ते गोवंश की काउंटिंग कराई जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। किसी भी सूरत में कोई भी निराश्रित गोवंश सड़क या खेतों में नहीं दिखना चाहिए। साथ ही पशु चिकित्सक नियमित विजिट करते हुए गोवंश की सेहत की जांच भी करें। बता दें कि पशुधन संख्या के दृष्टिकोण से यूपी देश का सबसे बड़ा राज्य है। 19वीं पशुगणना के अनुसार प्रदेश में 195.57 लाख गोवंशीय पशु हैं। कृषि कार्य में मशीनीकरण के कारण स्वदेशी गोवंश के नर सदस्यों का उपयोग अब कृषि कार्य में किये जाने की परिपाटी प्रदेश से लगभग समाप्त हो गई है।

### आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने के प्रयासों में लाएं तेजी

मुख्यमंत्री ने गोवंश आश्रय स्थलों को स्वावलंबी बनाने की दिशा में हो रहे प्रयासों में और तेजी लाने के निर्देश दिये हैं। इसके लिए यूपी राज्य जैव ऊर्जा विकास बोर्ड, खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग, एमएसएमई विभाग, स्किल डेवलपमेंट मिशन, ग्राम्य विकास विभाग और उद्यान विभाग के सहयोग से बायोगैर, कम्पोस्ट, बर्मी कम्पोस्ट, पंचगव्य आधारित औषधियों एवं उत्पादों यथा साबुन, अगरबत्ती, मच्छर भगाने की कॉयल, गोनाइल (गोमूत्र से बनी फिनायल), औषधियों आदि के उत्पादन एवं विक्रय की व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया है। इसके अलावा गोबर एवं गोमूत्र आधरित जैविक कृषि एवं बागवानी, कीटनाशक, गोबर से बने गमले, सर्दियों में गोबर के उपलों को अलाव जलाने के काम में लाने के लिए निर्देश दिया है।

## 20वां राष्ट्रीय पुस्तक मेला 22 से

**लखनऊ।** 'ज्ञान कुंभ' की थीम पर राष्ट्रीय पुस्तक मेला का आयोजन केटी फाउंडेशन और फोर्स वन बुक्स द्वारा संयुक्त रूप से 22 सितंबर से गांधी जयंती तक बलरामपुर गार्डन अशोक मार्ग में किया जा रहा है। निःशुल्क प्रवेश वाले रोज सुबह 11 बजे से रात नौ बजे तक चलने वाले इस 11 दिवसीय पुस्तक मेले के बारे में संयोजक मनोज सिंह चंदेल ने प्रेसवार्ता में जानकारी दी कि इस वर्ष यह हमारा बीसवां राष्ट्रीय पुस्तक मेला होगा। लखनऊ के इस पुस्तक मेले ने देश के शीर्ष 10 पुस्तक मेलों में अपना स्थान बनाया है। मेले में इस वर्ष दिल्ली, मुंबई, रायपुर, नोएडा, गाजियाबाद, प्रयागराज, रायपुर, गुजरात, राजस्थान के सरकारी, सामाजिक और धार्मिक संगठनों के साथ बड़ी संख्या में अंग्रेजी, हिंदी और उर्दू भाषा के प्रकाशक, वितरक और आयातक भाग ले रहे हैं। 11 दिवसीय पुस्तक-उत्सव में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम जैसे पुस्तक विमोचन, लेखकों से मिलें, कवि सम्मेलन, मुशायरा, युवा और बच्चों के कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे।

# बाढ़ ग्रसित क्षेत्रों की समस्याओं का निस्तारण कराया जाए

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** आज दिनांक 19 सितम्बर को उप्र विधान सभा प्राक्कलन समिति वर्ष 2022-23 की द्वितीय उपसमिति के भ्रमण दल की समीक्षा बैठक, लोकेन्द्र प्रताप सिंह, सभापति समिति की अध्यक्षता में जनपद लखनऊ के विकास भवन सभाकक्ष में आयोजित किया गया। बैठक में प्राक्कलन समिति के सम्मानित सदस्य, जिलाधिकारी लखनऊ सूर्य पाल गंगवार, मुख्य विकास अधिकारी रिया केजरीवाल, अपर जिलाधिकारी-प्रशासन, के साथ पंचायती राज, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण, पर्यटन, नगर विकास तथा ग्राम्य विकास विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

बैठक के प्रारम्भ में सभापति एवं सदस्य, उप्र विधान सभा प्राक्कलन समिति का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। तत्पश्चात बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ की गयी। समीक्षा बैठक में प्राप्त बिन्दुओं पर निम्न निर्देश दिए गए राजस्व विभाग द्वारा बुकलेट में दी गयी सूचनाओं के सन्दर्भ में निर्देश दिये गये कि राजस्व विभाग के दैवीय आपदा, तहसीलों में वरासत के मामलों का निस्तारण, बाढ ग्रसित क्षेत्रों की समस्याओं का निस्तारण तथा दाखिल खारिज के मामले का निस्तारण सम्बन्धी ऑकड़ों की गुणवत्ता में सुधार करते हुए सारगर्भित रूप में पूर्ण विवरण सहित सूचना समिति को उपलब्ध कराया जाये।

पंचायती राज विभाग द्वारा जनपद की 174 न्याय पंचायतों एवं 491 ग्राम पंचायतों में स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत निर्मित शौचालयों, पंचायत भवन तथा अंत्येष्टि स्थलों का वर्षवार विवरण प्रस्तुत किया गया तथासदस्य प्राक्कलन समिति द्वारा भी योजना के क्रियान्वयन के सन्दर्भ में जानकारी ली गई। सभापति महोदय द्वारा पंचायती राज के योजनाओं के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन के सन्दर्भ में आवश्यक निर्देश दिये गये। अपर मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जनपद के स्वास्थ्य विभाग की योजनाओं यथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, मातृ स्वास्थ्य कार्यक्रम, संचारी रोग नियन्त्रण एवं आयुष्मान कार्ड के सन्दर्भ में विवरण प्रस्तुत किया गया।

# मूर्ति स्थापना के साथ गणेश महोत्सव शुरु, आज चढेगा बप्पा को गजरा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** श्री गणेश प्राकट्य कमेटी की ओर से 18वां श्री गणेश महोत्सव मंगलवार को झूलेलाल वाटिका पर शुरु हुआ। कार्यक्रम की शुआत प्रातः 9 बजे विधिविधान से 'मनौतियों के राजा' की मूर्ति स्थापना, श्रंगार एवं पूजन के साथ हुई। आचार्यो ने मंत्रों के साथ मूर्ति स्थापना कराई।

पूजा संस्था के अखिलेश बंसल ने परिवार के साथ की। मूर्ति स्थापना में कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता, अध्यक्ष घनश्याम दास अग्रवाल, महामंत्री सतीश अग्रवाल, पार्षद रंजीत सिंह, देशराज अग्रवाल, जयकरण सिंह, संजय सिंह गांधी, शरद अग्रवाल, योगेश अग्रवाल, अखिलेश बंसल, अजय अग्रवाल, अतुल बंसल, नीलेश अग्रवाल टाटा, रामशंकर वर्मा, नरेश अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, विनोद अग्रवाल मौजूद रहे। मूर्ति स्थापना के समय पंडाल गणपति बप्पा मोरिया के जयघोष से गूंज रहा था।



शाम को बप्पा के दरबार में भजन संध्या का आयोजन किया गया। जिसमें कोलकाता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय शर्मा ने भजनों की गंगा बहाई। उन्होंने गणेश जी की स्तुति 'जय गणपति वन्दन गणनायक' से करने के बाद 'घर में पधारो गजानन मेरे घर में पधारो' सुनाया तो लोग मंत्रमुग्ध हो गए। उसके बाद उन्होंने एक भगवान श्रीराम पर भजन 'तेरे तन में राम मन में राम' सुनाया। कमेटी के संरक्षक भारत भूषण गुप्ता ने बताया कि गणेश उत्सव के दूसरे दिन कल 20 सितम्बर दिन बुधवार को बप्पा को गजरा चढ़ाया जायेगा। उन्होंने बताया कि कमेटी के लोग बप्पा को गजरा चढ़ायेंगे।

# शिकायतों का निस्तारण तत्काल सुनिश्चित करें

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** मंडलायुक्त डा रोशन जैकब ने बताया मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है, जनशिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ताओं के संबधित जनपद में ही किया जाए, लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है तथा आप लोगों की शिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां उपस्थित हुयी हूं। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। हर स्तर पर सुनवाई बेहतर हो, इसके लिये हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। उन्होंने कहा कि अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो, इसके लिए सभी अधिकारियों को कोशिश करनी चाहिए। जनसुनवाई में जनशिकायतों को



निस्तारित करने के लिए मंडलीय अधिकारियों के साथ ही जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। उन्होंने बताया कि अधिकांश शिकायतें भूमि संबधी व आपसी लड़ाई-झगड़े तथा तहसील स्तर पर वरासत व भूमि अभिलेखों से संबधित शिकायतें भी प्राप्त हुयी हैं। उन्होंने सभी संबंधित को निर्देश दिए कि इस तरह की शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता से कर दिया जाए। इसके लिए तहसीलों के अधिकारियों को भी निर्देश दिए गए। उन्होंने पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान आने वाली पुलिस विभाग से संबंधित शिकायतों की सूची तैयार करते हुये आयोजित होने वाले थाना दिवस के एक दिन पूर्व ही दोनों पक्षों से वार्ता करते हुये उन्हें थाना दिवस दिन मौके पर दोनों पक्षों को बुलवाकर तथा सभी संबंधित अधिकारी भी मौके पर उपस्थित रहकर शिकायतों का निस्तारण वहीं पर किया जाये। थाना दिवस जमीन से जुड़ा हुआ होता है इसलिये संसदीय कार्य की तरह न चलाकर गम्भीरता से लिया जाये। नाली से संबंधित शिकायतों के प्रकरण में नाराजगी व्यक्त करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सीतापुर के प्रतिनिधि को निर्देश दिये कि नाली बनाये जाने वाले प्रकरणों को गम्भीरता से लें।

■ अधिक संवेदना, समयबद्ध निस्तारण मौके पर और धरातल पर निस्तारण हो

इस मौके पर 183 शिकायतें प्राप्त हुयी, इसमें से कुछ शिकायतों के निस्तारण के लिए जिम्मेदार अधिकारियों को भेज कर उनका निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए संबधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं। जनसुनवाई में अपर आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ शीलधर यादव, संयुक्त विकास आयुक्त लखनऊ मण्डल लखनऊ केके सिंह, जिलाधिकारी अनुज सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी बृजमोहन शुक्ला, अपर जिलाधिकारी राम भरत तिवारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा हरिपाल सिंह, सभी उपजिलाधिकारी सहित सभी संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# लखनऊ में सेक्स रैकेट : थाईलैंड की लड़कियां पकड़ी गई

**लखनऊ।** लखनऊ के सुशांत गोल्फ सिटी इलाके की अलकनंदा ऐनक्लेव के एक फ्लैट में सेक्स रैकेट पकड़ा गया। मंगलवार सुबह हुई छापेमारी में लखनऊ पुलिस ने थाईलैंड की 3 लड़की समेत 6 लोगों को हिरासत में लिया है। इन सभी के पास से कई आपत्तिजनक सामग्री भी पुलिस ने बरामद की है।

दरअसल, इनका एक पुरुष साथी नशे की हालत में उसी मंजिल के दूसरे फ्लैट में घुस गया। अलकनंदा ऐनक्लेव में रहने वाले लोगों ने पुलिस बुलाई। छापेमारी हुई, तो सेक्स रैकेट का खुलासा हुआ। वहां रहने वाले लोगों का आरोप है कि यहां पर कुछ लोग विदेशी लड़कियों से सेक्स रैकेट चलवा रहे हैं। हालांकि ये रैकेट कब से चल रहा है? इसका पता नहीं चल पाया है। फिलहाल पुलिस पूछताछ कर रही है। पुलिस की छापेमारी में कई विदेशी लड़कियां और लड़के फ्लैट में पकड़े गए। फ्लैट में रहने वाली लड़कियां थाईलैंड और नेपाल की बताई जा रही हैं। ऐनक्लेव में रहने वाले लोगों का दावा है कि यहां युवतियां स्पा सेंटर की सर्विस देने के नाम पर सेक्स रैकेट चलाती हैं। यहां पर देर रात तक लोगों का आना-जाना लगा रहता है। यहां पर कई बार नशेबाजी को लेकर विवाद की भी स्थिति बन जाती है। छापेमारी में जो विदेशी लड़कियां पकड़ी गई हैं। वो खुद को लेकर ब्यूटी पार्लर लाइन से जुड़ा होने का दावा कर रही हैं। इसके साथ ही पकड़े गए दो लड़कों को अपना साथी बता रही हैं। हालांकि, सिटी इंस्पेक्टर के मुताबिक, अपार्टमेंट में सेक्स रैकेट चलने की सूचना पर छापेमारी की गई थी। इंस्पेक्टर अतुल श्रीवास्तव ने बताया, अभी तक की जांच में सामने आया है कि अपार्टमेंट में एक ही थाईलैंड की युवती रहती थी। जिससे मिलने 2 लड़की सोमवार को ही बेंगलुरु से आई थीं।

■ अलकनंदा ऐनक्लेव में छापेमारी, 24 घंटे पहले बेंगलुरु से आई, छह हिरासत में

# उत्तम क्षमा पूजा के साथ दशलक्षण पर्व शुरू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** इन्दिरानगर जैन मंदिर में दशलक्षण पर्व मंगलवार से शुरू हुआ। जैन धर्मावलंबि इन 10 दिनों मे व्रत उपवास रखकर भगवान की भक्ति आराधना जाप अनुष्ठान आदि करेंगे। कार्यक्रम का शुभारंभ भोपाल से पधारे ब्रह्मचारी श्रीपाल जी ने मंगलाष्टक पढ़ कर किया, जैन धर्म के 12 वें तीर्थंकर भगवान वासुपूज्य को पांडुकशिला पर विराजमान कर 108 कलशों से अभिषेक किया गया । भगवान का अभिषेक एवं शांतिधारा करने का सौभाग्य सनत कुमार, महावीर कुमार, दिव्य कुमार को प्राप्त हुआ। जैन समाज के मंत्री अभिषेक जैन ने बताया कि मण्डल पर मुख्य कलश स्थापित करने का सौभाग्य एकता जैन एवं रॉबिन जैन को प्राप्त हुआ। अखंड ज्योति, रोहित जैन द्वारा प्रज्वलित कर स्थापित की गई । ज्ञान का प्रतीक शास्त्र स्थापित करने का सौभाग्य उषा जैन एवं धन्य कुमार जैन को प्राप्त हुआ।



### क्षमाधर्म पालन से वैर भाव समाप्त होता : अभय

**लखनऊ।** आशियाना जैन मंदिर में जैन श्रद्धालुओं ने दशलक्षण के प्रथम दिन मंगलवार को तीर्थंकर जलाभिषेक और शान्तिधारा कर पुण्यार्जन किया। इसके वाद विधि विधान से नित्य नियम पूजन में देव-शास्त्र-गुरू, तीर्थंकर पूजन किया। दशलक्षण पूजन में पहले उत्तम क्षमा धर्म का पूजन अनुष्ठान के साथ किया। क्षमाधर्म की महत्ता के विषय में उ.प्र. जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय जैन ने बताया कि जिसके मन में सभी प्राणियों के प्रति करुणा और समता भाव होता है उसके हृदय में क्षमा निवास करती है। क्षमा सामाजिक सहिष्णुता प्रदान करता है। क्षमाधर्म पालन से वैर भाव समाप्त होता है। क्षमा जीवन में शान्ति स्वभाव का पोषक है। शान्तिधारा के पुर्ण्याजक प्रताप -संजय मोदी और अंकित-स्वाती जैन रहे। पूजन एवं मंत्रोच्चारण सांगानेर से पधारे पण्डित पियूष जैन ने किया।

# सीएमएस छात्र को 32,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, महानगर कैम्पस के छात्र नीलांश अग्रवाल को आस्ट्रेलिया की प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी ऑफ मेलबर्न ने 32,000 अमेरिकी डालर की स्कॉलरशिप के साथ उच्चशिक्षा हेतु आमन्त्रित किया है। नीलांश को यह स्कॉलरशिप चार वर्षीय उच्चशिक्षा अवधि के दौरान प्रदान की जायेगी। सी.एम.एस. छात्र ने इस सफलता का श्रेय विद्यालय के अपने शिक्षकों व विद्यालय के शान्तिपूर्ण शैक्षिक वातावरण को दिया है। सी.एम.एस. संस्थापक डा. जगदीश गाँधी ने सी.एम.एस. छात्र की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. एस.ए.टी. (सैट) एवं एडवान्स प्लेसमेन्ट (ए.पी.) टेस्ट सेन्टर भी है जो उत्तर प्रदेश एवं आसपास के अन्य राज्यों



के छात्रों को विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में स्कॉलरशिप के साथ उच्च शिक्षा प्राप्त करने का अवसर उपलब्ध करा रहा है। श्री शर्मा ने बताया कि प्रतिवर्ष भारी संख्या में सी.एम.एस. छात्र विश्व के सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालयों में उच्चशिक्षा हेतु चयनित होते हैं। इस वर्ष अभी तक के 110 से अधिक छात्रों ने अमेरिका, इंग्लैण्ड, कैनडा, आस्ट्रेलिया, जापान, सिंगापुर, जर्मनी आदि विभिन्न देशों के ख्यातिप्राप्त विश्वविद्यालयों जैसे कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी, कार्नेल यूनिवर्सिटी आदि में स्कॉलरशिप के साथ चयनित होकर लखनऊ का नाम रोशन किया है।

# ताइक्वाण्डो में सीएमएस छात्राओं ने जीती गोल्ड ट्राफी

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर (प्रथम कैम्पस) की प्रतिभाशाली छात्राओं ने कानपुर में आयोजित तीन दिवसीय सी.आई.एस.सी.ई. रीजनल ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में बालिका वर्ग की गोल्ड ट्राफी जीतकर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। टूर्नामेन्ट का आयोजन काउन्सिल फॉर इण्डियन स्कूल सार्टिफिकेट एक्जामिनेशन (सी.आई.एस.सी.ई.) के तत्वावधान में किया गया, जिसमें सी.एम.एस. के बालक व बालिकाओं की टीम ने 2 गोल्ड मेडल, 3 सिल्वर मेडल एवं 6 ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाकर अपनी खेल प्रतिभा का अभूतपूर्व परचम लहराया है। टूर्नामेन्ट में गोल्ड मेडल अर्जित करने सी.एम.एस. की दो छात्राओं सुचिस्मिता शर्मा एवं वैश्णवी सिंह को उनकी अभूतपूर्व खेल प्रतिभा हेतु राष्ट्रीय स्तर



■ सीएमएस टीम ने 2 गोल्ड, 3 सिल्वर एवं 6 ब्रांज मेडल पर जमाया कब्जा

की चैम्पियनशिप हेतु चयनित किया गया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस ताइक्वाण्डो टूर्नामेन्ट में उत्तर प्रदेश एवं उत्तराखंड के प्रतिष्ठित विद्यालयों की छात्र टीमों ने प्रतिभाग किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते सर्वाधिक पदक अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है।

टूर्नामेन्ट के बालिका वर्ग में जहाँ एक ओर सी.एम.एस. छात्रा सुचिस्मिता शर्मा एवं वैश्णवी सिंह ने गोल्ड मेडल पर जीतकर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया तो वहीं दूसरी आराध्या सिंह एवं हर्षिता पाण्डेय ने सिल्वर मेडल जबकि वैष्णवी गुसैन, नित्या प्रकाश एवं स्तशा शुक्ला ने ब्रांज मेडल पर कब्जा जमाया।

# किसी न किसी बहाने विपक्ष महिला आरक्षण का रहा विरोधी : स्वाती

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** जो कोई न कर सका, वह सब करने के लिए प्रधानसेवक के रूप में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर विश्वास कर जनता ने सत्ता सौंपी है। जनता के हर एक इच्छाओं की पूर्ति एक-एक कर होता जा रहा है। यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता में हर दिन इजाफा हो रहा है। नई ससंद में प्रवेश करते हुए ही आधी आबादी को उनका अधिकार देने की प्रतिबंद्धता प्रधानमंत्री ने सर्वोपरि माना और नई ससंद में पहला बिल ही महिला आरक्षण को लेकर पेश किया गया, जो इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा।

प्रधानमंत्री द्वारा पेश किये नारी शक्ति वंदन बिल पर पहले तो मैं सभी महिलाओं की तरफ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को बधाई देती हूं। वास्तव में महिलाओं की पूर्ण भागीदारी अब होगी, जब वे पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर लोकसभा में देश की तरक्की में



नीति नियंता बनेंगी। हमें याद है 1996 में 13 दलों की गठबंधन वाली यूनाइडेट फ्रंट सरकार ने इस दिशा में पहली कोशिश की थी। तत्कालीन कानून मंत्री रमाकांत डी खलप ने संविधान के 81वीं संशोधन के लिए संसद में एक बिल पेश किया। इसके तहत संविधान में दो नए कानून अनुच्छेद 330ए और 332ए जोड़ा जाना था। जनता दल समेत सरकार को समर्थन देने वाली कई पार्टियों ने इस बिल का विरोध कर दिया। सरकार इससे घबराकर बिल को 31 सांसदों वाले एक संयुक्त समिति के पास विचार करने के लिए भेज दिया गया।

# ध्वजारोहण से दशलक्षण महामहोत्सव का शंखनाद

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के ग्रुप वाइस चेयरमैन श्री मनीष जैन और उनके सुपुत्र एवम् एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन ने सैकड़ों श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में पर्वाधिराज दसलक्षण महामहोत्सव के प्रथम दिवस- उत्तम क्षमा के अवसर पर जिनालय पर ध्वजारोहण से दशलक्षण महापर्व का शंखनाद किया। ध्वजारोहण के दौरान विधि-विधान की प्रक्रिया प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ जैन शास्त्री जी के सानिध्य में हुई। सुबह सात बजे श्री 1008 शांतिनाथ भगवान को पालकी में विराजमान करने का सौभाग्य श्री अक्षत जैन को प्राप्त हुआ। दिव्यघोष के बीच श्रीजी को मंदिर से रिद्धि-सिद्धि भवन तक लाया गया, जिसमें श्रावक-श्राविकाओं नृत्य आदि में मंत्र-मुग्ध हो गए। श्रीजी का समोवशरण रिद्धि-सिद्धि भवन में किया गया। पालकी को उठाने का सौभाग्य आतिशय जैन, ध्रुव जैन, अर्पित जैन और आदित्य जैन को मिला। दिव्यघोष




के दौरान श्रावक केसरिया धोती-दुपट्टा पहने थे, जबकि श्राविकाएं केसरिया कुर्ता- सफेद सलवार, नारंगी चुनरी के संग पहनी थी, जबकि कुलाधिपति, जीवीसी और ईडी ऑफ व्हाइट परम्परागत परिधान धारण किए हुए थे। इनकी भव्यता देखते ही बनती थी। पालकी यात्रा के दौरान कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, श्रीमती ऋचा जैन, सुश्री नंदिनी जैन के संग-संग समस्त टीएमयू जैन परिवार भी शामिल था। रिद्धि-सिद्धि भवन में भोपाल की सुनील सरगम एंड पार्टी ने आस्थामय भजन सुनाकर माहौल भक्तिमय कर दिया।

स्वर्ण कलश से शांतिधारा का सौभाग्य एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर श्री अक्षत जैन एवम् कुलाधिपति परिवार, जबकि प्रथम स्वर्ण कलश से रिषभ जैन, द्वितीय स्वर्ण कलश से काव्य जैन, तृतीय स्वर्ण कलश से प्रियांश जैन, चतुर्थ स्वर्ण कलश से रिषभ जैन को अभिषेक करने का सौभाग्य मिला। करीब 400 से अधिक छात्रों ने कलशों से अभिषेक किया। चांदी की झारी से शांतिधारा अनमोल जैन, अनुपम जैन, सार्थक जैन, अनन्त जैन, अपूर्व जैन ने की। इससे पूर्व श्री 1008 शांतिनाथ भगवान की पालकी को रिद्धि-सिद्धि भवन तक ले जाने का सौभाग्य अतिशय, दक्ष, अनंत, आदित्य, अदिश, अर्पित, हर्षित, रिंकू, सुधांशु आदि छात्रों को प्राप्त हुआ। साथ ही अष्ट प्रातिहार्य को लेकर अष्ट कन्याओं में डॉली, स्तुति, आकांक्षा, आस्था, अदिति, यामिनी, आस्था और शिमि को अवसर प्राप्त हुआ। सम्मेदशिखर से आए पंडित श्री ऋषभ जैन ने शुद्धिकरण कराकर विधि-विधान से पूजा आरम्भ कराई। पंडित जी ने मंगलाचरण से शुरूआत कर सर्वप्रथम श्रावक और श्राविकाओं की थाली में स्वास्तिक बनवाया। इसके बाद दाहिने हाथ में जल लेकर चारों दिशाओं की शुद्धि करवाई। उत्तम क्षमा को समुच्चय पूजन, सोलहकारण पूजन, पंचमेरु पूजन, दशलक्षण पूजा विधि विधान से कराई गई।

■ ईडी श्री अक्षत जैन को स्वर्ण कलश से शांतिधारा का मिला सौभाग्य

# सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है : उमानंद शर्मा




अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** गायत्री ज्ञान मंदिर इंदिरा नगर, लखनऊ के विचार क्रान्ति ज्ञान यज्ञ अभियान के अन्तर्गत सिटी इंटरनेशनल स्कूल एवर ग्रीन कैम्पस देवां रोड लखनऊ के पुस्तकालय में गायत्री परिवार के संस्थापक युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा रचित सम्पूर्ण 79 खण्डों का 395वाँ ऋषि वांड़मय की स्थापना कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। उपरोक्त साहित्य गायत्री परिवार की सक्रीय कार्यकत्री सावित्री शर्मा ने अपने पूर्वजों की स्मृति में भेंट किया। उमांनद शर्मा ने छात्र-छात्राओं एवं संकाय सदस्यों को अखण्ड ज्योति पत्रिका भेंट की। इस अवसर पर वाड्मय स्थापना अभियान के मुख्य संयोजक उमानंद शर्मा ने कहा कि 'सद्ज्ञान व्यक्ति को नर से नारायन बना सकता है, वी.के. श्रीवास्तव ने भी अपने विचार रखे तथा संस्था की उपप्रधानाचार्या कुसुम श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापन व्यक्त किया। इस अवसर पर उमानंद शर्मा, वी.के. श्रीवास्तव, शिवम, बृजेश तथा संस्था की प्रधानाचार्या रेनू बक्शी, प्रबन्धक पी.के. सिंह, उपप्रधानाचार्या कुसुम श्रीवास्तव, शिक्षक /शिक्षिकायें सहित छात्र-छात्रायें, मौजूद थे।

# इंडियन स्वच्छता लीग 20 और स्वच्छता ही सेवा पखवाडा का वृहद रूप से अभियान



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** केन्द्र एवं राज्य सरकार के निर्देशन मे नगर पालिका परिषद एवं स्वच्छ भारत मिशन द्वारा यमुना नदी के हनुमान घाट पर इंडियन स्वच्छता लीग और स्वच्छता ही सेवा पखवाडा के अन्तर्गत वृहद रूप से अभियान चलाया गया।नगर पालिका परिषद की चेयरमैन. ज्योति सन्टू गुप्ता एवं अधिशाषी अधिकारी विनय मणि त्रिपाठी के सयुक्त निर्देशन मे स्वच्छ भारत मिशन के ब्राण्ड एम्बेसडरध्प्रमुख समाज सेवी डा0 हरीशंकर पटेलएडीपीएम सुनील कुमार मुख्य सफाई एवं खाद्य निरीक्षक .राकेशए खाद्य एवं सफाई निरीक्षक नथ्थी लाल कुशवाहाएस्वच्छ भारत मिशन के प्रोजेक्ट एनालिस्ट जयबीर सिंह के अथक प्रयासो से अभियान चलाया गया।स्वच्छता अभियान के बाद ब्राण्ड एम्बेसडर डा. हरीशंकर पटेल ने स्वच्छता व पर्यावरण पर जन.जागरुकता का प्रचार प्रसार करने के बाद शपथ दिलायी।

# एक दिवसीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** बेसिक शिक्षा परिषद के तत्वाधान में आयोजित ब्लाक स्तरीय एकदिवसीय बैडमिन्टन प्रतियोगिता का आयोजन सन्तोष भुवनेश कोल्ड स्टोर के बैडमिंटन हॉल में मुख्य अतिथि गौरव पाठक जिला व्यायाम शिक्षक द्वारा टीम का टॉस कराकर किया गया।जिसमे 10 टीमों ने प्रतिभाग किया।बालक एकल वर्ग में पहला सेमीफाइनल मैच जुगौरा भीखनपुर के मध्य हुआ जिसमें जुगौरा ने फाइनल में जगह बनाई दूसरा सेमी फाइनल निलोई और धरवार के मध्य खेला गया।जिसमें देवांश धरवार ने आयुष जुगौरा को हराया। बालिका एकल वर्ग के फाइनल में लक्ष्मी निलोई ने आकांक्षा जुगौरा पर विजयी हासिल कर विजेता बनी। युगल बालक वर्ग में आयुष एव मोहित जुगौरा की जोड़ी ने ऋतिक एवं शिवा सरायभूपत की जोड़ी को हराकर विजेता घोषित हुए।बालिका युगल वर्ग में लक्ष्मी एवं शालिनी निलोई की जोड़ी ने इलमा एवं शिखा नगरक्षेत्र जसवंतनगर की जोड़ी पर विजयी हासिल की। निर्णायक की भूमिका हरिओम अजीत बलबीर सत्यनारायण प्रसाद योगेंद्र केशव सत्यवीर रामनरेंद्र ने निभाई समापन अवसर पर जितेंद्र यादव महामंत्री राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ विनय यादव ने विजेता उप विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरण किया। समस्त प्रतियोगिता राजेश जादौन ब्लाक व्यायाम शिक्षक के दिशानिर्देशन में सफलतापूर्वक संपन्न

# ज्ञान स्थली में गणेश पूजन का हुआ शुभारंभ



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** ज्ञान स्थली आवासीय विद्यालय करवा खेड़ा मैं गणेश पूजन का शुभारंभ हुआ।विद्यालय के उप प्रबंधक विनीत यादव नदी प्रज्वलित कर श्री गणेश का पूजन किया।इस पुनीत अवसर पर सिर्फ परिवार की झांकी की आरती उतारी और भगवान गणेश जी के महत्व को समझाया विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों के साथ गणेश वंदना की इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य मुकुल कुमार सिन्हा ने बच्चों के बीच मोदक बट बाय विद्यालय के वरिष्ठ शिक्षक एवं समाज सुधार श्री शिव मंगल सिंह ने बच्चों को गणेश भगवान की तरह ज्ञानवान बनने का आशीर्वाद दिया इस कार्यक्रम को सफल बनाने में श्री वासिफखान अंशु दुबे मोहम्मद ताहिर रीता राजपूत आदि मौजूद रही।

# उद्यमियों का वेरिफिकेशन करके उनको लोन दिया जाए



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** सिटी मजिस्ट्रेट अरुण कुमार गोंड की अध्यक्षता में जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।बैठक में सर्वप्रथम सिटी मजिस्ट्रेट को प्रजापति समाज के उद्यमियों द्वारा गणेश चतुर्थी के अवसर पर गणेश जी की मूर्ति भेंट की।उन्होंने कहा कि उद्यमियों का वेरिफिकेशन करके उनको अधिक से अधिक लोन दिया जाए,जिससे वह व्यापार को अच्छे ढंग से चला सके।उन्होंने प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के संबंध में सभी बैंकर्स को निर्देशित करते हुए कहा कि फाइलों का निस्तारण जल्द से जल्द किया जाए।उन्होंने उद्यमियों द्वारा उठाई समस्याओं के समाधान पर गहन मंथन किया।उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का निस्तारण करना शासन की शीर्ष प्राथमिकता है।व्यापारियों द्वारा उठाई गई समस्याओं के निदान के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।उन्होंने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदनों के संदर्भ से संबंधित विभागों से पूछताछ कर कारण जाना एवं जल्द ही निस्तारण के निर्देश दिए।उन्होंने कहा कि उद्यमियों के हर समस्या के निदान हेतु प्रशासन तत्पर है।उन्होंने उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार को निर्देशित करते हुय कहा कि निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित आवेदन पत्रों,विभाग द्वारा संचालित पीएम रोजगार सृजन कार्यक्रम,ओडीओपी सहित सभी रोजगारपरक योजनाओं के प्रकरणों को जल्द से जल्द निस्तारण किया जाए। बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग सुधीर कुमार,समस्त बैंकर्स सहित संबंधित जिला स्तरीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## गणेश महोत्सव का हुआ आयोजन

**इटावा।** नगर के मोहल्ला नखासा में सातवें श्री गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया।आयोजन में श्री गणेश भगवान की 5 फिट लंबी मिट्टी की प्रतिमा की स्थापना की गई।आयोजक मण्डल के अध्यक्ष एवम भाजयुमो के जिला मीडिया प्रभारी अनुरुद्ध गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष सातवें गणेश महोत्सव का आयोजन किया गया है। जिसमें इस बात का विशेष ध्यान दिया गया की गणेश जी की प्रतिमा मिट्टी से निर्मित हो जिससे की नदी में प्रवाहित करने के पश्चात प्रतिमा पानी में घुल सके। गणेश महोत्सव के आयोजन को लेकर समिति के अध्यक्ष ने कार्यक्रमों पर चर्चा करते हुए कहां कि हर वर्ष भांति इस वर्ष भी 26 सितंबर को भगवान का छप्पन भोग 27 सितंबर को भंडारा एवम 28 सितंबर विधिवत श्री गणेश भगवान की प्रतिमा का विसर्जन किया जायेगा।

# प्रो. शिवराज सिंह की एकतरफा जीत, केवल पाँच वोट मिले बिन्दु सिंह को

वहाज अली निहाल



**इटावा।** केण्केण्पीण्जीण्कालेज में शिक्षक संघ इकाई का चुनाव सम्पन्न हुआ। शिक्षक संघ इकाई में अध्यक्षएउपाध्यक्षए मंत्रीएकोषाध्यक्ष एवं दो संयुक्त मंत्री पदों का निर्वाचन होना था।अध्यक्ष पद पर हुए मतदान में प्रो0शिवराज सिंह यादव 28 मत पाकर भारी बहुमत से विजयी हुयेए इनके विपक्ष में डॉ बिन्दु सिंह मात्र 5 वोटों में सिमट गयी और बुरी तरह पराजित हुई।उपाध्यक्ष पद पर डा0 रवीन्द्र सिंह के विरुद्ध डाण्जैनेंद्र सिंह ने पर्चा भरा था परन्तु अंतिम समय पर अपना नामांकन वापिस ले लिया। उपाध्यक्ष पद पर डाण्रविन्द्र सिंहएमंत्री पद पर डा0 सुशील वर्माएकोषाध्यक्ष पर डा0 सुरभि सिंहए संयुक्त मंत्री पद पर क्रमशः डा0 सुजीत कुमार एवं डा0अनुपम कुमार निर्विरोध निर्वाचित हुये। 18 सितम्बर को नामांकन प्रक्रिया संपन्न हुई और 19 सितम्बर को मतदान दोपहर 12 बजे कूटा अध्यक्ष डॉण्बीण्डीण्पाण्डेयएकूटा महामंत्री डॉण्अवधेश सिंहएकूटा पर्यवेक्षक डॉण्अरविन्द कुमार की देखरेख में प्रारम्भ हुआ।सभी शिक्षकों ने मतदान में बढ़.चढ़ कर भाग लिया।शिक्षकों ने एकतरफा वोटिंग करते हुए डॉण्बिंदु सिंह को बुरी तरह हराया।चुनाव अधिकारी प्रो. उदयवीर सिंह व उपचुनाव अधिकारी डाण्मनोज गुप्ता ने शुचितापूर्वक चुनाव सम्पन्न कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कूटा अध्यक्ष बीडी पाण्डेय, कूटा महामंत्री डॉ अवधेश सिंहएपूर्व कूटा अध्यक्ष डॉ. बजेश यादव व पर्यवेक्षक डॉ अरविन्द कुमार ने सभी नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दी और कहा केण्केण्कॉलेज शिक्षक इकाई सदैव से कूटा की मजबूत इकाई रही है और शिक्षक हितों के लिए कूटा की हर लड़ाई में मजबूत स्तम्भ रही है।नई इकाई भी कूटा के संघर्ष में तत्पर रहेगी ऐसा हम सबका विश्वास है।मंगलवार को हुए मतदान में कूटा उपाध्यक्ष प्रो. पद्मा त्रिपाठी ने सभी पर्यवेक्षकों को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डा0अरुण वर्मा, प्रो. ओमकुमारी, प्रो0सुनील सिंह, प्रो. शाजिया अख्तर, प्रो0अनिल यादवएप्रो0अनिल त्रिपाठीए प्रो0 रमाशंकर यादवएडॉण्चित्रा यादव निवर्तमान अध्यक्ष शिक्षक संघएडा0मिथिलेश सिंहएडा0 हिमांशु कुमारएसुभाष कुमारएडा0ब्रजेश सोनकरएडा0धर्मेंद्र कुमारएडा0मनोज यादवएडा0अजरा बेगमएडा0जी सी गुप्ताए अजय कुमार आदि सभी शिक्षकों ने मतदान किया।महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0महेंद्र सिंह ने अध्यक्ष प्रो0शिवराज सिंह सहित सभी निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि कूटा के पदाधिकारियों के पपर्यवेक्षण में केण्केण्कालेज शिक्षक संघ चुनाव निष्पक्ष तरीके से संपन्न हुआ, आशा करता हूँ कि सभी पदाधिकारी महाविद्यालय की उत्तरोत्तर प्रगति में सहभागी बनेंगे।इस मौके पर नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रोण् शिवराज सिंह ने कहा कि जिस प्रचंड सहयोग से हमे एवम हमारी टीम को हमारे शिक्षक साथियों ने एकतरफा जीत दिलाई है मैं सभी का आभार प्रकट करता हूँ और आश्वस्त करता हूँ।

# सरकार की योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुँचे

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा माननीय मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए सरकार पूर्णतय कटिबद्ध है। जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह ने सरकार की मंशा के अनुरूप कलेक्ट्रेट सभागार में समस्त विभागीय अधिकारियों के साथ सीएम डैशबोर्ड तथा जनपद में संचालित विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। योजनाओं का क्रियान्वयन अच्छे तरीके से होना चाहिए, इसमें कोई भी लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। समस्त अधिकारियों को यह भी हिदायत दी कि अपने अंदर इंप्रूवमेंट कर लें, जो जनता के हित में कार्य करने के लिए अधिकारियों को पत्र आते हैं, उसका समय अंतर्गत निस्तारण करें। पत्रों को अपने पास ना रखा जाए, अधिकारियों को कार्य जनता के हित में, जनता की भलाई के लिए और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से जनता को जोड़ने के लिए मिले हैं। इन कार्यो पर ही अधिकारी अपना ध्यान दें और मनोयोग से कार्य करें। जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा में जिन अधिकारियों ने सीएम डैशबोर्ड पर अपने विभाग की रैंकिंग में सुधार नहीं किया, उसमें गंभीरता नहीं दिखाई ऐसे अधिकारियों से नाराजगी व्यक्त की। श्री सिंह ने यह भी कड़े निर्देश दिए कि जो अधिकारी अपने कार्यो से बचने का प्रयास करेंगे या कार्यो के प्रति उत्तरदाई या गंभीरता प्रदर्शित नहीं कर पाएंगे ऐसे अधिकारियों के खिलाफ उनके उच्च अधिकारियों को भी लिखा जाएगा। जिलाधिकारी को विभागीय अधिकारी संतोषजनक उत्तर नहीं दे पा रहे हैं, जिस पर काफी नाराजगी व्यक्त की। जिलाधिकारी ने सख्त निर्देश दिए अधिकारियों को टीम भावना के रूप में काम करना चाहिए और अपने जनपद की रैंकिंग में सुधार किया जाए। अपने विभाग से संबंधित योजनाएं अधिकारियों के कंठस्थ होनी चाहिए, अपने दायित्वों को गंभीरता के साथ निर्वहन करना सुनिश्चित करें। कन्या सुमंगला योजना में प्रगति कर लाभार्थियों की संख्या बढ़ाएं। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी मनीष मीना, डीएफओ रजनीकांत मित्तल, जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे, डीसी मनरेगा दुष्यंत सिंह, उपायुक्त उद्योग रामेंद्र कुमार, पीड़ी अरुण कुमार उपाध्याय, अधिशासी अभियंता लोक निर्माण अजय कुमार वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी किरन चैधरी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विद्यालयों की बदहाल व्यवस्था देखकर बीएसए नाराज

**मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मथुरा सुनील दत्त द्वारा परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया गया । निरीक्षण के समय विद्यालयों की भौतिक व शिक्षण व्यवस्था चरमराई हुई मिली जिसमें छाता ब्लॉक के प्राथमिक विद्यालय शाकुरगंज में अध्यापिका श्रीमती रचना भारती लंबे समय से विद्यालय में अनुपस्थित मिली रजिस्टर के कॉलम भी खाली पाए गए ।इसके बाद उच्च प्राथमिक विद्यालय चौडरस विकासखंड छाता में इंचार्ज प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक अनुपस्थित मिले व सहायक अध्यापिका मनीषा सिंह भी लंबे समय से अनुपस्थिति पाई गई ।

# फिल्मों के साथ खेती और वृद्धजनों की सेवा करने का मन

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** हिन्दी फिल्मों के जाने माने अभिनेता, लेखक और निर्देशक महेश मांजरेकर का कहना है अब फिल्म करने के साथ साथ सामाजिक सरोकारों के लिए काम करना उनकी शीर्ष प्राथमिकता होगी। इस समय महेश मांजरेकर मथुरा में फ़िल्म द सीक्रेट ऑफ देवकाली की शूटिंग में शिरकत करने आये हुए हैं। बातचीत करते हुए उन्होंने फ़िल्म में अपनी भूमिका को लेकर बताया कि फ़िल्म में बतौर खलनायक एक राजनीतिक शख्स का किरदार अदा कर रहे हैं। फ़िल्म की कहानी ब्रज के एक शापित गांव से जुड़ी हुई है। अपने फिल्मी सफर पर चर्चा करते हुए बताया कि अभिनय के अलावा निर्देशक भी काम किया जिनमें चर्चित फिल्म पद्मश्री लालू प्रसाद यादव के अलावा अन्य प्रमुख फिल्मों हथियार, वास्तव, रन, विरुद्ध, कुरुक्षेत्र, एहसास, जिस देश मे गंगा रहता है आदि का निर्देशन किया है। भविष्य की कार्ययोजना पर बातचीत करते हुए महेश मांजरेकर कर ने कहा कि अब फिल्मों में काम करने के साथ साल में कम से कम छह माह खेती करना है, खेती के माध्यम से प्रकृति के सानिध्य में रहने के साथ श्रम और संवाद करने का इससे बेहतर विकल्प नहीं हो सकता। आगे बताते हैं कि खेती के अलावा एक ऐसा ओल्ड एज होम बनाना जिसमें रहने वाले वृद्धजन आत्मसम्मान के साथ मस्ती के साथ जीवन जियें। ब्रज पर चर्चा करते हुए कहा कि शूटिंग से मौका मिलते ही श्रीकृष्ण जन्मस्थान के अलावा अन्य प्रमुख मंदिरों के दर्शन किये जायें।

## बचपन ए प्ले स्कूल में गणेश चतुर्थी मनाई

**इटावा,जसवंतनगर।** बचपन ए प्ले स्कूल में गणेश चतुर्थी का पर्व धूमधाम से मनाया गया।विद्यालय के एम डी राहुल दीक्षित ने बच्चों को गणेश चतुर्थी के महत्व और इतिहास संबंधी जानकारी दी।

# आंगनबाड़ी केंन्द्रों पर योग दिवस और अभिवावक बैठक आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** पोषण माह के अंतर्गत आज आंगनबाड़ी केन्द्रों पर योग दिवस और अभिभावक बैठक का आयोजन किया गया ।केंद्रों पर छोटे छोटे बच्चों को विभिन्न प्रकार के आसन करना सिखाए गए जिन्हें बच्चे सहजता से कर सकते हैं ।बच्चों ने इसका आनंद उठाया है और बड़ी आनंद और उत्साह के साथ आसन किए। योगासन के बाद उन्हें शारीरिक गतिविधि भी कराई गई साथ ।बच्चों को योग आसन और शारीरिक प्रशिक्षण के फ़ायदे भी बताया गया ।कार्यकर्ताओं ने बच्चों और केंद्र पर उपस्थित उनकी माताओं को बताया कि मानसिक विकास के साथ साथ शरीर को स्फूर्ति देने के लिए शारीरिक गतिविधियां करना ज़रूरी है ।योग आसन से शरीर के साथ साथ मांसपेशियों और हड्डियों का भी व्यायाम होता है और इससे शरीर लचीला बनता है। योगा दिवस के बाद आंगनबाड़ी केन्द्रों पर अभिभावक बैठक का भी आयोजन किया गया ।इस बैठक में बच्चों की माताओं /अभिभावकों को अपने बच्चों को प्रतिदिन केंद्र पर भेजने के लिए प्रेरित किया गया साथ ही साथ बच्चों को प्रतिदिन नहलाने - धुलाने एवं घर एवं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध सामग्री से पौष्टिक भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने के संबंध में जानकारी दी गई ।गांवों में अधिकांश महिलाएँ छ: माह के बाद भी बच्चों को लंबे समय तक दूध पिलाती रहती है ।इससे बच्चे की शारीरिक विकास की आवश्यकता के अनुरूप खाद्य पदार्थ नहीं मिल पाता है ।ज़्यादातर बच्चों को वही खाद्य सामग्री दी जाती है जो घर में बड़ों के लिए बनती है इसलिए बच्चे इसे रुचि से नहीं खाते हैं और माता को ऐसा लगता है कि बच्चे को खाना पसंद नहीं है इसलिए वह उन्हें दूध ही पिलाती रहती है कार्यकर्ताओं ने बताया कि बच्चे को उसकी आयु और रुचि के अनुसार खाद्य सामग्री बनाकर दी जाए तभी बच्चे रुचि से खाएँगे ।लंबे समय तक बच्चे को केवल दूध देने से उसकी शारीरिक और मानसिक विकास की आवश्यकताएं पूरी नहीं होती है और बच्चों में खाने की इच्छा कम होती जाती है ।बाद में परिवार वाले यह समस्या बताते हैं कि बच्चे को कोई भी चीज़ पसंद नहीं है तो उसे क्या बनाकर खिलाए? अभिभावकों को जानकारी दी गई छोटे बच्चों के खाद्य सामग्री में थोड़ा सा घी या तेल तथा हरी सब्ज़ी आवश्य मिलाएँ जिससे बच्चों ऊर्जा मिलेगी और पोषण की कमी नहीं होगी ।

## विवाद में मां व पुत्र घायल

**सीतापुर।** पिसावां थाना क्षेत्र मे जमीन विवाद के चलते दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। इस घटना में एक महिला समेत दो लोग जख्मी हो गए। पुलिस जांच की बात कह रही है। पिसावां थाना क्षेत्र के ग्राम तेजी पुरवा निवासी राम भजन का अपने चचेरे भाई राम सेवक, रामू तथा विजय पाल से विवाद हो गया। जमीन बंटवारे को लेकर दोनों पक्षों में जमकर हुआ विवाद। राम भजन ने बताया कि मां राधिका बचाने आयी तो उसे भी आरोपितों ने पीटा। इससे रामभजन व उसकी मां घायल हो गई। राम भजन ने इस संबंध में राम सेवक, रामू तथा विजय पाल के खिलाफ पिसावां थाने में तहरीरी दी है। थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया घायलों को उपचार के लिये स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया है। जांच कर कार्यवाई की जा रही है।

# एडीजी ने कानून व्यवस्था के साथ समस्याओं को देखा

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** अपर पुलिस महानिदेशक लखनऊ जोन पीयूष मोर्डिया मंगलवार को पुलिस कार्यालय एवम् रिजर्व पुलिस लाइन्स का निरीक्षण किया। इस दौरान पुलिस कार्यालय में गार्द द्वारा सलामी दी गयी। इइस दौरान एडीजी ने पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई की। जनसुनवाई के दौरान प्राप्त प्रार्थना पत्रो की जांच एवम् संबंधित अधिकारियों को मौके पर जाकर प्रार्थना पत्रों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु को निर्देशित किया। जनसुनवाई के उपरांत पुलिस कार्यालय स्थित विभिन्न शाखाओ का निरीक्षण किया गया। पुलिस कार्यालय निरीक्षण के उपरांत रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित आरटीसी ट्रेनिंग सेंटर में तत्समय संचालित कक्षाओ में पहुंचकर प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओ से विभिन्न विषयो पर वार्ता की गयी। रिजर्व पुलिस लाइन्स स्थित सभागार में सभी राजपत्रित अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, थानाध्यक्ष एवम् शाखा प्रभारी के साथ गोष्ठी की। निर्माण कार्यो, अपराध एवम् कानून व्यवस्था संबंधी अपराधो सहित चलाये जा रहे अभियान आदि की समीक्षा की गयी। साथ ही पुलिस लाइन स्थित विभिन्न कार्यालयों, शाखाओ, निर्माणाधीन भवनो आदि का निरीक्षण किया।

## मुजीब की पेशी मामले में दो पुलिसकर्मी निलंबित

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** शहर कोतवाली के गैंगेस्टर मुजीब अहमद को न्यायालय पेश कराने के लिए फर्जी कागजात जेल में पेश किए। जिसके बाद उसे फर्जी कागजातों से जेल से बाहर निकाला था। इस मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी ने कार्रवाई के आदेश दिए थे। शहर कोतवाली में इस मामले को लेकर केस दर्ज हैं। एसपी चक्रेश मिश्रा ने इस मामले में कोर्ट मोहर्रिर कुलदीप सिंह व रंजीत को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। एसपी ने बताया कि इस मामले में करीब 5 लोगों को पहले ही निलंबित किया जा चुका है।

## भाजपा नेत्री कमिश्नर के पैरों में गिरी

**सीतापुर।** जनता दर्शन में मंडलायुक्त डॉ रोशन जैकब मंगलवार को सीतापुर आई थीं। इस दौरान भाजपा महिला मोर्चा शहर अध्यक्ष ममता डोडेजा उनके चरणों में गिर पड़ीं। गिरते ही वह बेहोश हो गई। घटना से कलेक्ट्रेट परिसर में अफरातफरी मच गई। आसपास मौजूद कर्मियों ने उनके चेहरे पर पानी के छींटे मारे। जिससे कुछ देर बाद उन्हें होश आ गया। मंडलायुक्त ने उनको अंदर बुलाकर समस्या सुनी और प्रकरण के निस्तारण को टीम को मौके पर भेजा है। **दो दिन पहले की थी आत्महत्या की कोशिश** शहर के लोहारबाग में ममता डोडेजा की दुकान है। उनका आरोप है कि कांग्रेस नेता राजा भार्गव ने कुछ दिन पहले उनकी दुकान तोड़वा दिया था।

## अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखा

**महराजगंज,रायबरेली।** हापुड़ कांड को लेकर मंगलवार को भी महराजगंज के दोनों अधिवक्ता संगठनों से जुड़े अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्य का बहिष्कार जारी रखा। जिससे न्यायिक कामकाज नहीं हो सका। वादकारी सामान्य तिथि लेकर बैरंग घरों को वापस लौट गए। उधर अधिवक्ताओं की हड़ताल के चलते तहसील में वह रौनक नहीं दिखाई पड़ती, जैसा कि आम दिनों में दिखाई देती थी। आपको बता दें कि, महराजगंज बार एसोसिएशन महराजगंज और तहसील अधिवक्ता संघ दोनों संगठनों से जुड़े सैकड़ो अधिवक्ताओं ने बेमियादी हड़ताल कर रखी है। अधिवक्ता मांग कर रहे हैं कि, हापुड़ जिले में दोषी पुलिस जनों के विरुद्ध कड़ी वैधानिक कार्यवाही की जाए।

# हैदरगढ़ रोड पर गणपति बप्पा मोरिया के स्वर गूंज उठे

अवधनामा संवाददाता

**महराजगंज,रायबरेली।** कस्बे के हैदरगढ़ रोड पर स्थित महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में गणेश चतुर्थी पर गणपति बप्पा मोरिया के स्वर गूंज उठे। विद्यालय परिवार एवं छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश चतुर्थी पर गणपति लक्षार्चन का आयोजन हुआ। धान के लावा एवं मोदक से भगवान गणपति को प्रसन्न करने के लिए पूरे विधि विधान से पूजन हुआ। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने बताया कि, मंत्रों से भगवान गणपति का पूजन देश-समाज और विद्यालय की उन्नति के लिए किया गया। गणपति लक्षार्चन से विघ्नों को समाप्त किया जा सकता है। कहा कि, हर वर्ष विद्यालय में गणेश चतुर्थी पर यह आयोजन किया जाता है। आपको बता दें कि, महावीर स्टडी इस्टेट सीनियर सेकेंडरी कॉलेज में देवताओं के अग्रगण्य प्रथम पूज्य गणेश जी का पूजन बच्चों तथा अध्यापकों ने श्रद्धापूर्वक किया। प्रधानाचार्य कमल वाजपेई ने ÷वक्रतुंड महाकाय सूर्यकोटि संप्रभ, निर्विघ्नम कुरु में देव सर्वकारेषु सर्वदा÷ तथा एकदंताय विद्मंडे वक्रतुंडाय् धीमहि तन्नो दंती प्रचोदयात। मंत्र द्वारा गणपति का परिचय बताया। कहा कि,शं एक दांत वक्रतुंड पाश और अंकुश धारण करने वाले सूर्पकर्ण लंबोदर, लाल वस्त्र तथा लाल चंदन व लाल फूलों से सुशोभित सर्वजन सुखाय, सर्वजन हिताय, सुखकर्ता विघ्नहर्ता के रूप में स्वीकार्य है। श्री गणेश संगठित समाज के सूत्रधार हैं, जो जाति भेद, लिंग भेद, वर्ण भेद से ऊपर हैं। श्री गणेश समान शुभ-सामान लाभ के द्वारा सर्वपूज्य है। उत्तर-दक्षिण-पूरब-पश्चिम की संस्कृति को आपस में मिलने का अद्भुत काम किया है। गणेश चतुर्थी पर अध्यापिका मंजू सिंह तथा नीरू वाजपेई ने पूजन में विशेष सहयोग किया। प्रधानाचार्य ने सभी बच्चों अध्यापकों तथा अभिभावकों को गणेश चतुर्थी की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर गिरिजा शुक्ला, राजीव मिश्रा, सौरभ श्रीवास्तव, अनिमेष मिश्रा, सुरेंद्र प्रजापति, मंजू सिंह, सरिता मिश्रा, अनुपम सिंह, शालिनी सिंह, शिवानी वर्मा, सुमन बहादुर, अमित सिंह, ज्योति जयसवाल, ज्योति सिंह, फातिमा, रुचि सिंह, कविता सिंह, दिलीप गुप्ता, आलोक यादव, जय सिंह, निखिल शुक्ला, राधा शुक्ला सहित सभी शिक्षक शिक्षिकाएं तथा समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## जनता दर्शन में सुनी जन शिकायतें

**सीतापुर।** मंगलवार को जन शिकायतों के निस्तारण के लिए आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डॉ रोशन जैकब ने कलक्ट्रेट सभागार में शिकायतों की सुनवाई की। उन्होंने बताया मुख्यमंत्री की प्राथमिकता में है।

उन्होंने कहा कि लोगों को अपनी शिकायतों के निस्तारण के लिए बेवजह लखनऊ तक की दौड़ न लगानी पड़े, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि इसलिए मंडलीय जनता दर्शन को विकेंद्रीकृत कर जनपद स्तर पर किया जा रहा है। आप लोगों की शिकायतों को सुनने व निस्तारित करने के लिए यहां उपस्थित हुयी हूं। उन्होंने कहा कि कोशिश रहेगी दर्ज की गई शिकायतों का एक सप्ताह के अंदर निस्तारण सुनिश्चित किया जाये।

# परसेंडी के गौरिया झाल में सड़क बदहाल

अवधनामा संवाददाता

**सीतापुर।** परसेंडी विकासखंड क्षेत्र के ग्राम कायस्थन सरैया मजरा गौरिया झाल मुख्य मार्ग पर लगभग 30 मी सड़क न बनी होने से ग्रामीणों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि मार्ग कच्चा होने के कारण गंदगी एवं कीचड़ फैला हुआ है। जिससे बीमारी फैलने का खतरा अधिक बढ़ रहा है। मार्ग खराब होने के कारण आवागमन में लोगों को भारी परेशानी हो रही है। बच्चों के लिए यह मार्ग बड़ी मुसीबत है। आए दिन लोग इस कीचड़ में रपट कर गिर रहे हैं। बाइक भी फिसल रही है। जिससे लोग चोटिल हो रहे हैं। गौरैया झाल पेंटेड रोड से गांव के लिए मुख्य मार्ग पर इंटरलॉकिंग लगाई गई है। लेकिन लगभग 30 मीटर छोड़ दी गई है। गांव के राजेश श्रीवास्तव के घर से उपेंद्र श्रीवास्तव के घर के सामने तक इंटरलॉकिंग लगभग दो वर्षों से न लगी होने के कारण कीचड़ व गंदगी पनप रही है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। जिसमें भरे गंदे पानी में अक्सर बाइक सवार गिरकर घायल हो रहे हैं। गांव में लगभग 30 मीटर इंटरलॉकिंग सड़क न होने के कारण लोगों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मंडल अध्यक्ष भाजपा अनूप श्रीवास्तव, ग्राम पंचायत सदस्य अनीता देवी, श्रीकांत, बृजेश कुमार, रामनाथ, रामचंद्र, गुलशन राज, राम प्रकाश, कमलेश, आनंद कुमार, राम हेतु सहित लगभग आधा सैकड़ा लोगों ने खंड विकास अधिकारी परसेडी से प्राथमिकता के आधार पर उक्त मार्ग पर इंटरलॉकिंग लगाए जाने की मांग की है। इस संबंध में खंड विकास अधिकारी राजेश तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र मिला है। जांच टीम बनाई गई है। रिपोर्ट मिलते ही प्राथमिकता के आधार पर त्वरित निस्तारण किया जाएगा।

## गणेश प्रतिमा स्थापित की गई

**सीतापुर।** महोली नगर इंटर कॉलेज में गणेश महोत्सव का शुभारंभ किया गया। गाजे बाजे के साथ गणेश जी की प्रतिमा स्थापित की गई। पूजा अर्चना आचार्य पंडित रामनरेश त्रिवेदी द्वारा संपन्न कराई गई। इस अवसर पर दिन में विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए।

# 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा का जिलाधिकारी ने किया शुभारंभ



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत कचरा मुक्त भारत की थीम पर आधारित 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा अभियान का शुभारंभ जिलाधिकारी डॉ.दिनेश चंद्र द्वारा किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने सभागार में उपस्थित लोगों को स्वच्छ भारत बनाये जाने हेतु शपथ भी दिलाई। विकास भवन सभागार में सरस्वती की प्रतिमा के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर जिलाधिकारी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्वच्छता का कार्य केवल कुछ दिनों का अभियान न होकर निरन्तर चलने वाला अभियान होना चाहिए। हम जो भी कार्य अभियान के तौर पर करते हैं उसमें अच्छा प्रदर्शन करते हैं। इसीलिए सफाई व स्वच्छता का कार्य भी अभियान की तरह प्रतिदिन चलना चाहिए। डॉ.दिनेश चन्द्र ने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अपने घर एवं आस पडोस में साफसफाई पर विशेष ध्यान दें और दूसरे लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करें। उन्होंने ओडीएफप्लस में चयिनत गांवों में कचरा मुक्त भारत अभियान के तहत गांवो में स्टील के बर्तन बैंक बनाने की बात कही। जिससे गांवों में विवाह एवं अन्य कार्यक्रमों में होने वाले कचरे में कमी लाई जा सके। जिलाधिकारी ने कहा कि पचांयती राज विभाग, स्वास्थ्य विभाग, शिक्षा विभाग आपसी समन्वय से इस अभियान को सफल बनाने के लिए कार्ययोजना बनाकर कार्य करें। कार्यक्रम में जिलाधिकारी ने कि एक स्वच्छ एवं विकसित देश की कल्पना बिना स्वच्छता के संभव नहीं है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति सजग रहने और उसके लिए 100 घंटे हर साल यानी हर सप्ताह 2 घंटे श्रमदान करके स्वच्छता के संकल्प को चरितार्थ करने की अपील की। डीएम ने कहा कि न गंदगी स्वयं करें, ना किसी और को करने दें। सबसे पहले स्वयं से शुरूआत करें उसके बाद अपने परिवार, मोहल्ले, गांव और कार्यस्थल को स्वच्छ रखें। साथ-साथ गांव-गांव और गली-गली स्वच्छ भारत मिशन का प्रचार करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की तरफ बढाया गया हमारा कदम पूरे भारत देश को स्वस्थ बनाने में मदद करेगा। मुख्य विकास अधिकारी विजय कुमार ने कहा कि गन्दगी न करना हमारी आदत में शामिल होना चाहिए। अपनी आदतों में छोटे-छोटे परिवर्तन करके स्वच्छ परिवेश का निर्माण किया जा सकता है। स्वच्छता ही सेवा-2023 की थीम ''कचरा मुक्त भारत'' है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता एक दिन का कार्यक्रम नहीं है यह सतत चलने वाली प्रक्रिया है। जिला पंचायत राज अधिकारी आलोक शर्मा ने कहा कि तेजी से बढ़ती जनसंख्या के कारण

## महर्षि कश्यप का होर्डिंग हटाने जताया विरोध

**सहारनपुर।** मुजफ्फरनगर में महर्षि कश्यप का पुलिस द्वारा जबरन होर्डिंग उतरवाने के विरोध में कश्यप समाज के लोग आज सपा के प्रदेश सचिव मांगेराम कश्यप के नेतृत्व में जिलाधिकारी से मिले और जांच कराये जाने की मांग का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में अवगत कराया गया कि जनपद मुजफ्फरनगर के थाना खतौली के ग्राम नया गांव में लगे भगवान महर्षि कश्यप के होर्डिंग को पुलिस द्वारा जबरदस्ती उतरवाया गया। मामले को लेकर मुजफ्फरनगर में कश्यप समाज के लोगों द्वारा धरना दिए जाने के बावजूद भी अभी तक होर्डिंग को नहीं लगाया गया। जिससे कश्यप समाज की भावनाओं को ठेस पहुंची है, जो सहन नहीं की जायेगी। समाज के लोगों ने चेतावनी दी की भगवान महर्षि कश्यप का होर्डिंग एक सप्ताह के अंदर नहीं लगा, तो कश्यप समाज विशाल धरना प्रदर्शन करने को मजबूर होगा।

# बेहट रोड पर दो दर्जन दुकानों से हटाया अतिक्रमण



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम द्वारा आज बेहट रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। नाला सफाई में अवरोध बन रहा दो दर्जन दुकानों का अतिक्रमण हटाया गया। इस दौरान चार दुकानों से आठ हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। नालों पर अतिक्रमण सम्बंधी शिकायत जनसुनवाई में भी आयी थी। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज के निर्देश पर नगर निगम ने आज बेहट रोड पर सेंट थॉमस स्कूल से स्टार पैलेस तक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। निगम अधिकारी जेसीबी लेकर आज दोपहर जब बेहट रोड पहुंचे तो अतिक्रमणकारियों में खलबली मच गयी। पिछले दो दिन से निगम द्वारा एनाउंस कर दुकानों के सामने से स्वयं अतिक्रमण हटाने की अपील की जा रही थी, लेकिन इसके बाद भी किसी ने अतिक्रमण नहीं हटाया। इस पर आज सहायक नगरायुक्त व अतिक्रमण प्रभारी शिवराजसिंह के नेतृत्व में निगम अधिकारी जेसीबी लेकर पहुंचे और अतिक्रमणकारी दुकानदारों पर कार्रवाई शुरु कर दी। कार्रवाई के दौरान करीब दो दर्जन दुकानों से स्थायी अतिक्रमण हटाया गया। कुछ लोगों ने नालों के ऊपर न केवल टीन शेड डाल लिए थे बल्कि साइड में दीवारें भी खड़ी कर अतिक्रमण कर लिया था। जेसीबी की मदद से ऐसा सब अतिक्रमण ध्वस्त किया गया। चार दुकानदारों से आठ हजार रुपये जुर्माना भी वसूला गया। सहायक नगरायुक्त शिवराज सिंह ने बताया कि नालों पर किये गए अतिक्रमण के कारण नालों की सफाई में काफी कठिनाई आ रही थी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि दोबारा किसी दुकानदार द्वारा अतिक्रमण किया गया तो उसके खिलाफकार्रवाई के साथ साथ मुकदमा भी दर्ज कराया जायेगा। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन दल प्रभारी कर्नल बी एस नेगी, हेमराजसिंह, शिवकुमार, प्रवीन, प्रदीप, जगपाल, पवन व मौ.तौसीफआदि शामिल रहे।

# अली का चाहने वाला किसी के आगे हाथ नही फैलताः मौलाना हसनैन बाकरी



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** अली का चाहने वाला किसी के आगे हाथ नही फैलाता बल्कि मेहनत और हलाल की कमाई से दूसरों की मदत करता है। यह बात मौलाना हसनैन बाकरी ने हसन अब्बास नकवी के आवास अली कालोनी की सालाना मजलिस में कही। तिलावते कुरआन ए पाक के बाद मुकामी शोहराओ ने इमाम की शान में अपने अशआर पेश किया।मजलिस की निजामत अफ़रोज़ जैदी एडवोकेट कर रहे थे मजलिस को खिताब करते हुए मौलाना ने कहा की हम नौ जवानों और बच्चों से कहना चाहते हैं।की दो माह आठ दिन की अजादारी के बाद इमाम हुसैन अलैहिसालम रुखसत नही होते जाते हैं।दो माह आठ दिन अजादारी करके अपने आपको हमने कितना हुसैनी बनाया।हमे हुसैनी किरदार बनाना चाहिए दो माह आठ दिन अजादारी के बाद देखना है हम कितना मौलाई है कितना हुसैनी हैं। दो माह दिन मुस्लसल अजादारी करने पर कितना हमारे में बदलाव आया। मौलाना ने मसायब में हजरत सकीना का मार्मिक वाक्या बयान किया।कर्बला के शहीदों का दर्दनाक वाक्या सुन कर अज़ादार अश्क बार हो उठे।

## तथाकथित लोग संस्था को कर रहे है बदनामः विश्वास

**सहारनपुर।** यूपीडीबीएफए के महासचिव विश्वास राव ने कहा कि कुछ तथाकथित लोग अपने निजी स्वार्थो की खातिर खिलाड़ियों और खेल को दूषित कर संस्था को बदनाम करने का कार्य कर रहे है, जबकि इनमें खेल की भावना को लेकर कोई भी सकारात्मक सोच नहीं है। महासचिव विश्वास राव ने कहा कि संस्था पिछले 20 वर्षो से खेल व खिलाड़ियों के प्रोत्साहन के लिए कार्य कर रही है, परंतु कुछ लोग खिलाड़ियों को भ्रमित कर उनकी खेल भावना को समाप्त करने का प्रयास कर रहे है। जो लोग खिलाड़ियों को भ्रमित करने का काम कर रहे है, उन्हें कुछ वर्ष पूर्व गलत कार्य करने के कारण संस्था से निष्कासित कर दिया गया था इसी कारण वह अनाधिकृत दबाव बनाकर संस्था में वापिसी चाहते है। लेकिन वापिसी न मिलने पर यदाकदा दबाव बनाकर संस्था को बदनाम करने में लगे है।

# श्रद्धा पूर्वक मनायी भगवान विश्वकर्मा की जयंती



अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** जनता दल यू के तत्वाधान में भगवान श्री विश्वकर्मा का जन्मोत्सव अटूट श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर हवन यज्ञ एवं सत्संग का आयोजन किया गया, सभी ने भगवान विश्वकर्मा के आदर्शो को जीवन में अपनाने पर बल दिया। चलकाना रोड स्थित ग्राम बालपुर में जिला कार्यालय पर आयोजित जन्मोत्सव समारोह का शुभारंभ जिला अध्यक्ष राजगोपाल विश्वकर्मा ने भगवान विश्वकर्मा के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने आतिशबाजी छोड़ अपनी खुशी का भी इजहार किया। कार्यक्रम में पंडित के सानिध्य में पूजा अर्चना कर हवन यज्ञ में पूर्णाहुति दी गई और सभी लोगों के मंगलमय होने की कामना की। इस अवसर पर महिलाओं ने सत्संग का आयोजन कर भगवान विश्वकर्मा की महिमा का गुणगान किया और उनके दिखाएं मार्ग पर चलने का संकल्प भी दोहराया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हयूमन राइट्स मिशन के प्रदेश मंत्री एवं जदयू के जिला अध्यक्ष राजगोपाल विश्वकर्मा ने कहा कि समाज में शिक्षा पर ज्यादा जोर देना होगा। उन्होने उपस्थित लोगो का आह्वान किया कि संगठित होकर ही समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाया जा सकता है। इस अवसर पर जेडी नासिर हैदर जैदी ने कहा कि विश्व मे ज्ञान विज्ञान की तकनीकी शिक्षा तथा वास्तु शास्त्र के जन्म दाता भगवान विश्वकर्मा का जन्मदिन समाज के सभी लोगों को मनाना चाहिए, तभी समाज की उन्नति सम्भव है। समाज सेवी निसार अहमद सिद्दकी ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा विश्व सृष्टि के निर्माता है। प.वेद प्रकाश धीमान ने कहा कि सभी देवताओं मे इनका विशिष्ट स्थान है। निरंकारी तेजपाल ने कहा कि भगवान विश्वकर्मा सम्पूर्ण समाज के प्रेरक थे। इस अवसर पर ओम प्रकाश, राजेन्द्र धीमान, तेजपाल, गोर्वधन, ब्रज महोन, ब्रहम दत्त, सुभाष, प्रवेश, रामकुमार बिट्टू, अशोक, जितेन्द्र, प्रवेश, इसम सिंह, मनोज कुमार, महेन्द्र, अरुण राणा, ओमबीर राणा, कार्तिक, तन्नू, कन्हैया, सरोज, पिंकी, संगीता, पूनम, प्रिंस, मनीषा, नेहा, उपसना, भावना स्वाति, नरेन्द्र समेत आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे

## मार्ग दुर्घटना में पति घायल पत्नी को मौत

**बृजमनगंज (महराजगंज)।** बृजमनगंज थाना क्षेत्र के कोल्हुई मार्ग पर सोमवार को सोनाबंदी की तरफ जा रहे बाइक सवार पति पत्नी अनियंत्रित हो कर गीर गए। राहगीरों को सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने दोनों घायलों को ईलाज के लिए सीएचसी बृजमनगंज ले गया जहां डाक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया। गोपालपुर के टोला अहिरौली निवासी गंगा राम अपनी पत्नी प्रभावती के साथ बाइक से सोनाबंदी की तरफ जा रहे थे।

# कार्डियक अरेस्ट आने पर पहला तीन मिनट गोल्डन टाइमः डॉ द्विवेदी

### किसी भी व्यक्ति को कार्डियक अरेस्ट आने पर उसे समय से व सही तरीके से सीपीआर देने से उसकी जान बचाई जा सकती हैः नितीश कुमार

अवधनामा संवाददाता

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट के नवीन सभागार में एक दिवसीय सीपीआर कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन की कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे राजकीय चिकित्सा अधिकारी, वाराणसी डा. शिवशक्ति प्रसाद द्विवेदी ने कार्डियक अरेस्ट आने पर बरती जाने वाली सावधानियों और सीपीआर की बारीकियों से सब को अवगत कराया तथा जनपद के विभिन्न विभागों के जनपद स्तरीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सीपीआर का प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने कहा कि कोरोना के बाद कार्डियक अरेस्ट के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। आजकल जांगिंग और डांस करते समय भी लोगों को कार्डियक अरेस्ट हो रहा है। ऐसी घटनाओं में देश के विभिन्न हिस्सों में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। ऐसे समय में सीपीआर देने की जानकारी अधिक से अधिक लोगों को होनी चाहिए। उन्होंने बताया कि कार्डियक अरेस्ट में मरीज के लिए पहला तीन मिनट गोल्डन टाइम होता है। अगर नौ मिनट तक मस्तिष्क को ऑक्सीजन नहीं मिले तो व्यक्ति ब्रेन डेथ का शिकार हो सकता है। इस समय मरीज को सीपीआर दिया जाए तो उसकी जान बचाई जा सकती है। डा. द्विवेदी ने बताया कि सीपीआर एक मेडिकल थेरेपी की तरह है। इससे कार्डियक अरेस्ट आने पर मरीज को सीपीआर देते हुए अस्पताल पहुंचाया जाता है। सीपीआर तब तक देते रहना चाहिए जब तक एंबुलेंस न आ जाए या मरीज अस्पताल या विशेषज्ञ चिकित्सक के पास नहीं पहुंच जाए। ऐसा करने से मरीज के बचने की संभावना बहुत बढ़ जाती है। उन्होंने बताया कि अगर व्यक्ति की सांस या धड़कन रुक गई है तो ऑक्सीजन की कमी से शरीर की कोशिकाएं बहुत जल्द खत्म होने लगी है। इसका असर मस्तिष्क पर भी पड़ता है। सही समय पर सीपीआर और इलाज शुरू नहीं होने पर व्यक्ति की मौत भी हो सकती है। इस विधि से व्यक्ति की सांस वापस लाने तक या दिल की धड़कन सामान्य हो जाने तक छाती को विशेष तरीके से दबाया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान डा. द्विवेदी ने मानव शरीर की डमी पर सीपीआर (कार्डियो पल्मोनरी रिससिटेशन) प्रक्रिया को करके दिखाया। उन्होंने दिखाया कि सीपीआर के लिए सबसे पहले पीड़ित को किसी ठोस जगह पर लिटा दिया जाता है और प्राथमिक उपचार देने वाला व्यक्ति उसके पास घुटनों के बल बैठ जाता है। उसकी नाक और गला चेक कर यह सुनिश्चित किया जाता है कि उसे सांस लेने में कोई रुकावट तो नहीं है। इसके बाद अपने दोनों हाथों की मदद से विशेष तरीके से एक मिनट में 100 से 120 बार छाती के बीच में तेजी से दबाना होता है। हर एक पुश के बाद छाती को वापस अपनी सामान्य स्थिति में आने देना चाहिए। इससे शरीर में पहले से मौजूद रक्त को हृदय पंप करने लगता है। 30 बार पुश करने के बाद मुंह पर साफ रूमाल रखकर दो बार सांसें दी जाती हैं।

# महिला आरक्षण विधेयक को लेकर ओबीसी महासभा ने प्रधानमंत्री

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** महिला आरक्षण विधेयक को लेकर ओबीसी महासभा ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को खुला पत्र लिखा है। महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. अनूप पटेल ने बताया कि पत्र में महिला आरक्षण के संबंध में वर्ष 1996 में गीता मुखर्जी कमेटी ने 7 मुख्य सुझाव दिये थे, जिसमें एक ओबीसी महासभा की महिलाओं के लिए आरक्षण के प्रावधान का जिक्र था। ओबीसी महासभा महिला आरक्षण के वर्तमान विधेयक के मसौदे में ओबीसी वर्ग की महिलाओं के लिए आरक्षण का कोई प्रावधान न होने का विरोध करते हुए कहा कि अगर यह विधेयक पास हो जाता है तो देश की 54 प्रतिशत महिलाओं के हक और हिस्सेदारी का हनन होगा और देश कभी स्वीकार नहीं करेगा। महासभा ने अपने पत्र में महिला आरक्षण विधेयक पर संशोधन के 6 प्रस्ताव भेजे हैं। इन प्रस्तावों में महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत आरक्षण की मांग, जातिगत जनगणना जल्द कराई जाए जिससे ओबीसी, एससी-एसटी और सामान्य वर्ग की वास्तविक आबादी का आंकड़ा मिल सके, जातिगत जनगणना के बाद नए आंकड़ों के अनुसार ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग का वर्टीकल आरक्षण सुनिश्चित किया जाए, महिलाओं को ओबीसी, एससी-एसटी वर्ग और सामान्य वर्ग के तहत क्षेतिज 50 प्रतिशत का सब-कोटा प्रस्तावित किया जाए, संविधान के अनुच्छेद 340-ए में संशोधन कर ओबीसी वर्ग की महिलाओं को संसद के साथ विधानसभा में भी प्रतिनिधित्व सुनिश्चित किया जाए और वर्तमान बिल में अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के प्रतिनिधित्व का प्रावधान नहीं है। इसलिए संसद और विधान मंडलों में उनके प्रतिनिधित्व को भी सुनिश्चित किया जाए।

# क्षेत्र में मोहल्ला समिति के साथ बैठक कर किया जागरुक

अवधनामा संवाददाता

**सहारनपुर।** नगर निगम ने इंडियन स्वच्छता लीग के अंतर्गत चलाये जा रहे स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड 35 बेहट रोड पर नीलकंठ मंदिर के पास स्थित कूड़ाघर समाप्त करने की कवायद शुरु कर दी है। जनसहयोग के लिए आज मंदिर परिसर में निगम अधिकारियों ने क्षेत्र के लोगों के साथ बैठक की और उन्हें स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। बेहट रोड़ पर नीलकंठ मंदिर के निकट स्थित गार्बेज़ वनरेबल प्वाइंट पर क्षेत्र के लोगों द्वारा काफी दिनों से कूड़ा डाला जा रहा है, जिससे वह स्थान कूड़ाघर बन गया है। नगरायुक्त ग़ज़ल भारद्वाज द्वारा शहर के कूड़ाघर समाप्त करने की मुहिम के तहत आज उक्त गार्बेज़ वनरेबल प्वाइंट को समाप्त कर उस स्थान का सौंदर्यीकरण करने की पहल की गयी। इसके तहत आज सहायक नगरायुक्त व नगर स्वास्थय अधिकारी अशोक प्रिय गौतम ने मौहल्ला निगरानी समिति के सहयोग से क्षेत्र के लोगों के साथ एक बैठक कर विचार विमर्श करते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक किया। गौतम ने कहा कि शहर को स्वच्छ सुंदर बनाने के लिए यह जरुरी है कि सभी लोग उसमें अपने-अपने स्तर से सहयोग करें। बैठक में क्षेत्रीय पार्षद मयंक गर्ग व जेडएसओ राजीव ने डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन पर जोर देते हुए कहा कि यदि शत प्रतिशत लोग डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में सहयोग करें तो शहर जल्दी ही गार्बेज फ्री हो जायेगा।

# कांग्रेस ने केन्द्र सरकार के महिला आरक्षण बिल को चुनावी जुमला बताया

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी की केन्द्र सरकार के पेश नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिला आरक्षण बिल को चुनावी जुमला बताया है। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि 9 सालों से अधिक का वक्त गुजरने के बाद चुनावी साल में यह बिल देश और महिलाओं के साथ धोखा और मोदी सरकार का एक और चुनावी जुमला है। बिल के अनुसार अधिनियम लागू होने के लिए दशकीय जनगणना और परिसीमन जरूरी है। मोदी सरकार 2021 में जनगणना कराने में नाकाम रही। ऐसे में आनन-फानन में इस बिल को लाना हैडलाइन मैनेजमेण्ट की तरह है। श्री राय ने कहा कि कांग्रेस ने महिलाओं को राजनैतिक रूप से सशक्त बनाने के लिए हमेशा प्रयत्नशील रही है। पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय राजीव गांधी ने 1989 में संविधान संशोधन के जरिए ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकाय में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए महिला आरक्षण बिल लोकसभा में पारित कराया था। इस बिल को पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय पी.वी. नरसिम्हा राव सरकार ने 1992-93 में 33 प्रतिशत आरक्षण देकर लागू किया था। यूपीए की तत्कालीन चेयरपर्सन सोनिया गांधी लगातार महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए महिला आरक्षण लागू कराने को तत्पर रहीं। उन्हीं के प्रयासों से 2010 में महिला आरक्षण बिल राज्यसभा में पारित हुआ था। मोदी सरकार में भी उन्होंने कई बार महिला आरक्षण मुद्दा उठाते हुए देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखे। श्री राय ने बिल में पिछड़ा वर्ग की महिलाओं के आरक्षण के प्रावधान की मांग की। उन्होंने कहा कि भाजपा ने प्रदेश में एक बार भी महिला मुख्यमंत्री या महिला अध्यक्ष नहीं बनाया। 2010 में कांग्रेस के पेश बिल को मौजूदा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इसे कांग्रेस का पाप बताते हुए कहा कि इसे भाजपा को अपने सिर नहीं लेना चाहिए। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ में महिलाओं को सदस्य बनाने की परम्परा नहीं है और आज तक एक भी सर संघचालक महिला नहीं रही। यह भाजपा, आरएसएस और प्रदेश के मुख्यमंत्री के महिला विरोधी चेहरे को उजागर करती है। कांग्रेस ने प्रदेश को पहली महिला मुख्यमंत्री के साथ ही कई बार महिलाओं को प्रदेश अध्यक्ष बना कर नेतृत्व सौंपा।



प्रथम प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, लोकसभा अध्यक्ष सहित अन्य महत्वपूर्ण पदों पर महिलाओं को लाकर महिलाओं के सशक्तीकरण की दिशा में व्यापक कार्य किया। कांग्रेस प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने 2022 के विधानसभा चुनाव में महिलाओं की 40 प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित की थी, जो महिलाओं के राजनैतिक सशक्तीकरण का अद्वितीय उदाहरण है। वहीं प्रदेश कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग के अध्यक्ष मनोज यादव ने कहा कि भाजपा सामाजिक न्याय की धुर विरोधी है और आरएसएस घोर मर्दवादी संस्था है, जो अपने गठन के 100 सालों में एक भी महिला संघ प्रमुख नहीं बना सका। महिला सशक्तीकरण के नाम पर भाजपा सरकार पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक तबके की महिलाओं को आरक्षण न देकर गरीब वर्ग की महिलाओं को संसद से दूर रखने का प्रयास किया, जिसे पिछड़ा वर्ग बर्दाश्त नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि सबसे पहले दलित-पिछड़े, आदिवासी और अल्पसंख्यक तबके की जाति जनगणना कर उसके अनुपात में पिछड़े-दलित, आदिवासियों और अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं को भी सदन में आरक्षण दे। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा महिला सशक्तीकरण के नाम पर अमीर और संसाधन सम्पन्न वर्ग की महिलाओं को सदन में भेज कर देश की बहुसंख्यक आबादी को उनके हक और सम्मान से वंचित करने की साजिश रच रही है, जिसे देश का बहुसंख्यक वर्ग बखूबी समझ रहा है।

# विकासखंड पर आयोजित की गई प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पोषण माह मेला



अवधनामा संवाददाता

**बीकापुर- अयोध्या।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत बाल पुष्टाहार विभाग बीकापुर द्वारा मंगलवार को विकासखंड पर मेला, जागरूकता गोष्ठी, अन्नप्राशन सहित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया गया। गोष्ठी में आंगनबाड़ी कर्मियों को पोषण से संबंधित टिप्स दिया गया। कार्यक्रम ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सीडीपीओ राजेश गुप्ता और खंड विकास अधिकारी रषेश गुप्ता द्वारा फीता काटकर तथा दीप प्रज्वलित करके किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन कुपोषण मुक्त भारत के क्रम में छठे राष्ट्रीय पोषण माह सितंबर 2023 के अंतर्गत ब्लॉक सभागार बीकापुर में विविध कार्यक्रमों का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में कुपोषण से मुक्त हुए 10 कुपोषित बच्चों को ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा एवं जिला पंचायत सदस्य सुनील राजपूत द्वारा गिफ्ट प्रदान किया गया और उनके स्वस्थ जीवन तथा उज्जवल भविष्य की मंगल कामना की गई। कुपोषण मुक्त अभियान में सराहनीय कार्य करने वाली ब्लॉक क्षेत्र की आंगनबाड़ी कर्मियों को सम्मानित करके उनका उत्साह वर्धन किया गया। 6 माह की आयु पूरी कर चुके पांच बच्चों को अन्नप्राशन के तहत खीर खिलाई गई। तथा 5 गर्भवती महिलाओं का गोद भराई का कार्यक्रम भी संपन्न हुआ। आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा मोटे अनाज को बढ़ावा देने के लिए मोटे अनाज से बनाए गए पकवानों का स्टाल भी लगाया गया था। अधिकारियों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया। आंगनबाड़ी कर्मियों द्वारा ब्लाक परिसर में पोषण के प्रति जागरूकता रैली भी निकल गई। ? खंड विकास अधिकारी और ब्लॉक प्रमुख द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में खंड विकास अधिकारी रशेष गुप्ता, ब्लॉक प्रमुख दिनेश कुमार वर्मा, सीडीपीओ राजेश गुप्ता, बाल पुष्टाहार विभाग की संतोष वर्मा, आरती रावत, उर्मिला पांडे, मीनू चौधरी समेत जिला पंचायत सदस्य गण अतुल यादव, मोहम्मद मुस्लिम शेख, लवकुश यादव, सुनील राजपूत ने भी अपना योगदान दिया। इस मौके पर कई ग्राम प्रधान और क्षेत्र पंचायत सदस्य भी शामिल रहे।

# सेवानिवृत शिक्षक के घर चोरी का पुलिस ने 24 घंटे के अंदर किया खुलासा

अवधनामा संवाददाता

**मिल्कीपुर- अयोध्या।** नगर पंचायत कुमारगंज क्षेत्र स्थित पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक के घर हुई चोरी का कुमारगंज पुलिस ने घटना के महज 24 घंटे के अंदर ही पर्दाफाश कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम ने घटना में शामिल दो साथी चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी किए गए पैसे एवं फायरिंग में प्रयुक्त 315 बोर का अवैध तमंचा एवं कारतूस भी बरामदर कर लिया है। बता दें कि पिठला गांव निवासी सेवानिवृत शिक्षक ओम प्रकाश सिंह के घर के पीछे की दीवाल के सहारे घुसे चोरों ने जेवरात एवं नकदी पार कर दिए थे। हालांकि घर वालों के जग जाने के बाद चोरी कर रहे शातिर चोर फायरिंग करते हुए भागने में कामयाब हो गए थे।

घटना की सूचना के बाद कुमारगंज पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो शातिर युवकों को हिरासत में ले लिया था। प्रभारी निरीक्षक संजीव कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम पकड़े गए साथी चोरों से पूछताछ में जुट गई थी। पुलिस ने पकड़े गए दोनों शातिर चोर ओमप्रकाश उर्फ प्रकाश महरा पुत्र जंगली उर्फ बिरेन्द्र महरा निवासी पिठला के कब्जे से चोरी किए गए 11 हजार एक सौ नकद व 315 बोर का अवैध तमंचा व दो कारतूस एवं अभियुक्त अभिनन्दन पुत्र पतिराज निवासी पिठला चोरी किए गए पैसे में से 9 हजार 3 सौ नकद बरामद कर लिया। पकड़े गए दोनों साथी चोरों के खिलाफ पुलिस ने आर्म्स एक्ट एवं चोरी का मुकदमा दर्ज करते हुए जेल भेज दिया है हालांकि पुलिस अभी चोरों के साथी की तलाश में लगी हुई है। चोरी की बड़ी वारदात का खुलासा करने वाली पुलिस टीम में एनडीए चौकी प्रभारी उप निरीक्षक संतोष कुमार मौर्य, अभिषेक सिंह एवं कांस्टेबल कुलदीप तथा राहुल सिंह शामिल रहे।

# ट्रूडो के बयान पर भारत का एक्शन

## कनाडा के उच्चायुक्त को पांच दिन के अंदर देश छोड़ने का आदेश

**नई दिल्ली।** भारत और कनाडा के बीच रिश्तों में तल्खियां बढ़ चुकी है। खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर कनाडा के प्रधानमंत्री ने भारत के खिलाफ बयान दिया। इसके अलावा, हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ बताकर कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया है। बुधवार को भारत ने भी कनाडा सरकार को करारा जवाब दिया। भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा,पीएम ट्रूडो आरोप निराधार हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम द्वारा दिए गए ऐसे बयान खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की एक कोशिश है, जिसे कनाडा में आश्रय मिलता रहा है। वहीं, बुधवार सुबह भारत ने कनाडा के उच्चायुक्त कैमरून मैके को तलब किया। भारत के कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने का फैसला भी लिया गया है। विदेश मंत्रालय ने

**निष्कासित**

> इसके अलावा, हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत का हाथ बताकर कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित कर दिया है।

कहा,भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज तलब किया गया और भारत में स्थित एक वरिष्ठ कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में सूचित किया गया। विदेश मंत्रालय ने आगे कहा,÷संबंधित राजनयिक को अगले पांच दिनों के भीतर भारत छोड़ने के लिए कहा गया है। यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी



गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर भारत सरकार की बढ़ती चिंता को दर्शाता है। पीएम जस्टिन ट्रूडो ने दावा किया कि कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं कि क्या हरदीप सिंह की हत्या के पीछे भारतीय एजेंसियों का हाथ है। ट्रूडो ने ये भी कहा कि कनाडा में उनके एक नागरिक की हत्या के पीछे दूसरे देश या सरकार की संलिप्तता को स्वीकार नहीं किया जा सकता है। भारत सरकार ने कनाडा के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि ऐसे आरोप खालिस्तानियों और चरमपथियों से ध्यान हटाने के लिए लगाए जा हैं। भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा कि पीएम द्वारा दिए गए ऐसे बयान खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों से ध्यान हटाने की एक कोशिश है, जिसे कनाडा में आश्रय मिलता रहा है। भारत ने यह भी कहा कि कनाडा के कई राजनेताओं ने खालिस्तानी आतंकवादियों और चरमपंथियों के प्रति नर्म रवैया अपनाया है, जो एक चिंता का विषय है। कनाडा के उच्चायुक्त को निष्कासित किए जाने के बाद भारत के पूर्व राजनयिक राजीव डोगरा ने कहा,जस्टिन ट्रूडो पिछले कुछ समय से मुश्किल में हैं। उन्हें आशंका है कि वह कनाडा के पीएम पद पर ज्यादा समय तक नहीं टिक पाएंगे। इसलिए, वह अन्य मुद्दों पर घरेलू ध्यान भटकाने की कोशिश कर रहे हैं। हरदीप सिंह निज्जर खालिस्तान टाइगर फोर्स का चीफ था। वह मूल रूप से पंजाब के जालंधर जिले के शाहकोट के नजदीकी गांव भारसिंहपुर का रहने वाला था और लंबे समय से कनाडा में रह रहा था। हरदीप सिंह निज्जर पंजाब में टारगेट किलिंग करवाता था। वो अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी और कनाडा में भारतीय मिशनों के बाहर भारत विरोधी प्रदर्शनों का आयोजन करता था।

## विदेश मंत्रालय में बैठक के बाद मीडिया से बचते दिखे भारत में कनाडा के राजदूत

**नई दिल्ली।** कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो ने मंगलवार (19 सितंबर) को खालिस्तान समर्थक आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के हाथ होने का बेतुका आरोप लगाया। इसके बाद भारत सरकार ने भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके को तलब कर लिया। हालांकि, बैठक के बाद उच्चायुक्त कैमरन मीडिया से बचते हुए नजर आए।

भारत के विदेश मंत्रालय में बैठक करने के बाद बाहर निकले कैमरन मैके की समाचार एजेंसी एएनआई ने वीडियो जारी की है। वीडियो में देखा जा सकता है कि मैके विदेश मंत्रालय ऑफिस से बाहर निकलते हुए सीधे अपनी कार की तरफ बढ़ रहे हैं। इस दौरान मीडिया ने मैके से बात करने की कोशिश की तो उन्होंने उससे दूरी बनाई। पीएम ट्रूडो के बयान के बाद कनाडाई विदेश मंत्री ने हत्या में शामिल होने का आरोप लगाने वाले एक भारतीय शीर्ष राजनयिक को देश से निष्कासित कर दिया। वहीं, भारत



के विदेश मंत्रालय के बयान में कहा गया, ÷भारत में कनाडा के उच्चायुक्त को आज बुलाया गया और भारत में स्थित एक सीनियर कनाडाई राजनयिक को निष्कासित करने के भारत सरकार के फैसले के बारे में बताया गया। अपनी कार की ओर बढ़ते समय उच्चायुक्त कैमरन मैके ने इस मामले पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवालों से बचते हुए माइक को हटा दिया। एक अलग वीडियो में, कनाडाई राजदूत बैठक से पहले विदेश मंत्रालय के ऑफिस में जाते हुए दिखाई दे रहे हैं। इस दौरान भी जब मीडिया ने द्वारा पूछे गए सवालों का जवाब दिए बिना वह सीधे इमारत के अंदर चले गए।भारत सरकार ने सीनियर कनाडाई अधिकारी को पांच दिनों के अंदर भारत छोड़ने को कहा है। भारतीय विदेश मंत्रालय के बयान के मुताबिक, यह निर्णय हमारे आंतरिक मामलों में कनाडाई राजनयिकों के हस्तक्षेप और भारत विरोधी गतिविधियों में उनकी भागीदारी पर नई दिल्ली की बढ़ती चिंता के परिणामस्वरूप लिया गया है। बता दें कि इसी सल जून में कनाडा के सरे में एक गुरुद्वारे की पार्किंग में दो अज्ञात हमलावरों ने 46 साल के आतंकी निज्जर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। केंद्र सरकार के अनुसार, हरदीप सिंह निज्जर जालंधर के भार सिंह पुरा गांव का रहने वाला था और खालिस्तान टाइगर फोर्स को चलाता था।

## खरगे ने सभी सांसदों को दी नसीहत, कहा- संवैधानिक मूल्यों के संरक्षण के लिए रहें प्रतिबद्ध

**नई दिल्ली।** आज से नए संसद में बैठकें होंगी। सभी सांसद नए संसद में आज से बैठेंगे। नए संसद में जाने से पहले पुराने संसद भवन

**संवैधानिक**

> मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा, संस्था की सफलता संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों को कायम रखने में निहित है।

के सेंट्रल हॉल में एक कार्यक्रम रखा गया था। लोकसभा और राज्यसभा के सदस्य मंगलवार को समारोह के लिए पुराने संसद भवन के ऐतिहासिक सेंट्रल हॉल में एकत्र हुए। पुराने संसद के केंद्रीय कक्ष में आयोजित एक समारोह में बोलते हुए, राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे ने मंगलवार को कहा कि सांसदों को संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए। खरगे ने यह भी कहा कि सांसदों के सामूहिक प्रयासों ने एक राष्ट्र के रूप में भारत




के विकास के लिए एक मजबूत आधार तैयार किया है। मल्लिकार्जुन खरगे ने आगे कहा, संस्था की सफलता संवैधानिक मूल्यों और आदर्शों को कायम रखने में निहित है। यह विचार कि संस्थाएं पवित्र हैं और सफलता के लिए आवश्यक हैं। यह शासन और विकास में एक बुनियादी सिद्धांत है। खरगे ने कहा, जैसे-जैसे देश आगे बढ़ रहा है, हमें संवैधानिक मूल्यों और संसदीय परंपराओं को संरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए... अपने राजनीतिक दलों को भूलकर, हमें राष्ट्र के निर्माण, संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए एक होना चाहिए। यह हमारा उद्देश्य होना चाहिए। कांग्रेस नेता ने भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद, पहले प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू, पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल और भारतीय संविधान के निर्माता डॉ. बीआर अंबेडकर के योगदान को भी याद किया। खरगे ने जीवी मावलंकर और एस राधाकृष्णन को श्रद्धांजलि अर्पित की और संविधान सभा, अस्थायी संसद और उसके बाद की सभी लोकसभा के सदस्यों के सामूहिक योगदान को याद किया। खरगे ने सोमवार को लोकसभा में अपने भाषण में नेहरू को याद करने के लिए पीएम मोदी को धन्यवाद दिया।

## विकसित देश बनने में भारत के सामने कई चुनौतिया

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार (19 सितंबर) को संसद में बोलते हुए कहा कि देश में धन सृजन के मामले में ÷घोर असमानता है। इस असमानता को पाटना विकसित देश का दर्जा हासिल करने में महत्वपूर्ण चुनौती होगी। उनके कहने का आशय है कि देश में कुछ लोगों के पास ही ज्यादा पैसा है और जबकि बहुत से लोगों के पास कम पैसा है।

अधीर रंजन चौधरी ने सेंट्रल हॉल का इतिहास बताते हुए मोदी सरकार पर तंज कसा। चौधरी ने कहा कि मानव विकास सूचकांक में भारत 189 देशों में 131वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि भारत की 10 प्रतिशत आबादी देश की कुल संपत्ति के 73 प्रतिशत पैसे पर नियंत्रण रखती है, जबकि 2017 में 73 प्रतिशत संपत्ति सबसे अमीर लोगों के पास गई। उन्होंने कहा, ÷मुझे नहीं पता कि कैसे किसी देश को विकसित देश कहा जाएगा। मुझे यह भी नहीं पता कि इसकी परिभाषा पर कोई वैश्विक सहमति है या नहीं क्योंकि जब आप देखते हैं कि दूसरे विकसित देशों में मानव विकास



सूचकांक एक अहम फैक्टर है, तो इस मामले में भारत काफी पीछे है। हम 189 देशों में 131वें स्थान पर हैं। उन्होंने बेरोजगारी, शिक्षा, स्वास्थ्य जैसे मुद्दों का जिक्र करते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि 2047 से पहले ही देश विकसित बने लेकिन रास्ते में कई चुनौतियां हैं। अधीर रंजन ने कहा कि देश में 670 मिलियन लोगों ने 2017 में अपनी संपत्ति में एक प्रतिशत की वृद्धि देखी। यह भारी असमानता यह सुनिश्चित करने में एक महत्वपूर्ण चुनौती पेश करती है कि गरीबी रेखा से नीचे रहने वाले लाखों लोगों को भोजन, एक विकसित देश की ओर बढ़ने के लिए घर और स्वास्थ्य देखभाल जैसी मूलभूत आवश्यकताओं तक पहुंच जरूरी है।

### आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में किसी तरह का समझौता ना हो

### कनाडाई प्रधानमंत्री ट्रूडो के बयान पर आई कांग्रेस की प्रतिक्रिया

**नई दिल्ली।** भारत द्वारा मंगलवार को खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या पर कनाडाई सरकार के बेतुके आरोपों को खारिज करने के कुछ घंटों बाद कांग्रेस की ओर से प्रतिक्रिया आई है। दरअसल, कांग्रेस ने कहा कि उसका मानना है कि आतंकवाद के खिलाफ देश की लड़ाई समझौता हीन होनी चाहिए और हर समय देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने आरोप लगाया है कि जून में ब्रिटिश कोलंबिया के सरे में खालिस्तानी आतंकवादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत शामिल है। हालांकि, भारत ने इस आरोपों से इनकार कर दिया है और ट्रूडो को करारा जवाब दिया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा, ÷भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस का हमेशा मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई समझौता नहीं होना चाहिए, खासकर तब जब आतंकवाद से भारत की संप्रभुता, एकता और अखंडता को खतरा हो।÷ उन्होंने कहा, ÷हमारे देश के हितों और चिंताओं को हर समय सर्वोपरि रखा जाना चाहिए। कांग्रेस की टिप्पणी भारत द्वारा मंगलवार को कनाडाई सरकार के बेतुके आरोपों को खारिज करने के बाद आई है।

### मीरा पैबी समूह के कारण इंफाल घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित, स्थानीय क्लबों ने 48 घंटे के बंद का किया आह्वान

**इंफाल।** मणिपुर महीनों से हिंसा की आग में जल रहा है। मंगलवार को एकबार फिर मणिपुर के इंफाल घाटी में सामान्य जनजीवन प्रभावित दिखा। मैतेई महिलाओं के एक समूह मीरा पैबी और पांच स्थानीय क्लबों ने गिरफ्तार किए गए पांच युवकों की रिहाई की मांग को लेकर 48 घंटे के बंद का आह्वान किया है। अधिकारियों ने कहा कि वे आग्नेयास्त्र और कैमोफलेज यूनिफार्म पहने हुए थे। इस आह्वान के बाद बाजार और व्यावसायिक प्रतिष्ठान बंद रहे और मंगलवार सुबह सड़कों पर कुछ ही वाहन चल रहे थे। सोमवार को मीरा पैबिस ने युवाओं की रिहाई की मांग करते हुए इंफाल पूर्वी जिले के खुरई और कोंगबा, इंफाल पश्चिम जिले के काकवा, बिष्णुपुर जिले के नंबोल और थौबल जिले के कुछ हिस्सों में कई महत्वपूर्ण सड़कों को अवरुद्ध कर दिया था।

## आईएमएफ से फंडिंग के लिए पाकिस्तान ने किया अपने हथियारों का सौदा

**इस्लामाबाद।** हाल ही में एक रिपोर्ट सामने आई थी, जिसमें दावा किया गया था कि पाकिस्तान ने अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष से एक महत्वपूर्ण बेलआउट पैकेज हासिल करने

**मदद**

> आईएमएफ से एक विवादास्पद बेलआउट को सुविधाजनक बनाने में पाकिस्तान की मदद की।

के लिए यूक्रेन को हथियार और गोला-बारूद बेचा है। हालांकि, पाकिस्तान ने उस रिपोर्ट को खारिज कर दिया है। विदेश कार्यालय की प्रवक्ता मुमताज जहरा बलूच ने सोमवार को इंटरसेप्ट रिपोर्ट को निराधार और मनगढ़ंत करार देते हुए उसे खारिज कर दिया है। इस रिपोर्ट में कहा गया था कि नकदी की कमी से जूझ रहे पाकिस्तान ने जून के अंत में आईएमएफ के साथ 3 बिलियन अमेरिकी डॉलर का सौदा करने के लिए अमेरिका का समर्थन हासिल



करने के लिए उसे हथियार मुहैया कराया था। जिसमें कहा गया कि पाकिस्तान ने अमेरिका को गुप्त हथियार बेचे हैं, जिसने इस साल की शुरुआत में आईएमएफ से एक विवादास्पद बेलआउट को सुविधाजनक बनाने में पाकिस्तान की मदद की। साथ ही, रिपोर्ट में कहा गया है कि हथियारों की बिक्री यूक्रेनी सेना को आपूर्ति करने के उद्देश्य से की गई थी। इस कहा जा सकता है कि इस युद्ध में पाकिस्तान ने यूक्रेन का समर्थन किया है। पिछले साल की शुरुआत में रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से पाकिस्तान क्रेमलिन और वाशिंगटन के साथ संबंधों में एक संतुलन बनाए रखने के लिए लगातार संघर्ष कर रहा है। बलूच ने कहा कि पाकिस्तान ने दोनों देशों के बीच विवाद में सख्त तटस्थता की नीति अपनाई और उस संदर्भ में किसी को कोई हथियार या गोला-बारूद मुहैया नहीं कराया है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान का रक्षा निर्यात हमेशा सख्त अंतिम-उपयोगकर्ता आवश्यकताओं के साथ होता है। जुलाई में पाकिस्तान की यात्रा के दौरान, यूक्रेनी विदेश मंत्री दिमित्रो कुलेबा ने भी ऐसी ही रिपोर्टों को खारिज कर दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि नकदी संकट से जूझ रहा देश रूस के साथ चल रहे संघर्ष के दौरान अपनी सेना का समर्थन करने के लिए यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया था कि दोनों देशों के बीच हथियारों और गोला-बारूद की आपूर्ति के लिए कोई समझौता नहीं हुआ है। पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो-जरदारी ने भी इसी बात पर सहमति जताई, जिसमें कहा गया था कि युद्ध शुरू होने के बाद से पाकिस्तान ने सैन्य आपूर्ति के लिए यूक्रेन के साथ किसी समझौते पर हस्ताक्षर नहीं किए हैं।

### कनाडा के आरोपों पर क्या बोला अमेरिका? प्रधानमंत्री ट्रूडो की हिमाकत का भारत ने दिया करारा जवाब

**वॉशिंगटन।** खालिस्तानी आतंकी हरदीप सिंह निज्जर हत्याकांड को लेकर कनाडा के पीएम जस्टिन ट्रूडो द्वारा भारत सरकार पर लगाए गए आरोपों पर अमेरिका ने गहराई से चिंता जताई है। व्हाइट हाउस के राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता एड्रिएन वॉटसन ने कहा, हम प्रधानमंत्री ट्रूडो द्वारा लगाए गए आरोपों के बारे में चिंतित हैं। एड्रिएन वॉटसन ने कहा, हम अपने कनाडाई साझेदारों के साथ लगातार संपर्क में रहते हैं। यह महत्वपूर्ण है कि कनाडा की जांच आगे बढ़े और अपराधियों को न्याय के कटघरे में लाया जाए।÷ पीएम ट्रूडो ने सोमवार को कनाडाई संसद में बोलते हुए कहा कि ऐसे विश्वसनीय आरोप हैं कि भारत सरकार का खालिस्तान टाइगर फोर्स के प्रमुख हरदीप सिंह निज्जर की हत्या से संबंध हो सकता है। इसके साथ ही कनाडा सरकार ने शीर्ष भारतीय राजनयिक को देश से निष्कासित कर दिया।

## काराबाख में बारूदी सुरंगों के विस्फोट में छह लोगों की मौत, अजरबैजान ने अर्मेनिया पर लगाया आरोप

**अजरबैजान।** अजरबैजान में मंगलवार (19 सितंबर) को काराबाख के बारूदी सुरंगों में छह नागरिक मारे गए। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने जानकारी देते हुए बताया है कि अजरबैजान के नागोर्नो-काराबाख क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में बारूदी सुरंगों से उसके छह नागरिक मारे गए। अजरबैजान ने आरोप लगाया कि यह बारूदी सुरंगें अर्मेनियाई के अवैध सशस्त्र ग्रुप्स ने लगाई थी। काराबाख को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अजरबैजान के हिस्से के रूप में मान्यता मिली ही है। काराबाख में बड़ी संख्या में अर्मेनियाई आबादी रहती है, यह क्षेत्र युद्ध के बाद से 1990 के दशक की शुरुआत में बाकू के नियंत्रण से अलग हो गया था। अजरबैजान ने साल 2020 के युद्ध में और काराबाख के आसपास की जमीन पर फिर से कब्ज़ा कर लिया। वहीं, बाकू ने कहा कि आंतरिक मंत्रालय के चार कर्मचारियों की मौत हो गई। यह हादसा एक सुरंग निर्माण स्थल के पास ट्रक को एक खदान से उड़ा दिया गया। वहीं, बयान में आगे कहा गया है कि एक अन्य बारूदी सुरंग विस्फोट से दो नागरिकों की मौत हो गई। हालांकि, काराबाख में



जातीय अर्मेनियाई अधिकारियों की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। आर्मेनिया ने सोमवार को कहा कि यह आरोप झूठे हैं कि उसके अपने सशस्त्र बलों ने अजरबैजानी क्षेत्र में बारूदी सुरंगें बिछाई हैं। अजरबैजान और आर्मेनिया के बीच संबंध लगातार तनावपूर्ण बने जा रहे हैं, इस घटना ने दोनों देशों के बीच की खाई को और बड़ा कर दिया है। अजरबैजान के रक्षा मंत्रालय ने मंगलवार को अर्मेनियाई सशस्त्र ग्रुप्स पर जॉर्जिया के तिब्लिसी से बाकू के लिए उड़ान भरने वाले एक यात्री जेट के जीपीएस नेविगेशन को रोकने का आरोप लगाया। काराबाख में अजरबैजान के आरोपों को अर्मेनियाई लोगों ने सिरे से नकार दिया। आर्मेनिया के विदेश मंत्रालय ने सोमवार को कहा कि अजरबैजान का कूटनीतिक रुख ऐसा लग रहा है जैसे वह सैन्य ताकत बढ़ाने के लिए जमीन तैयार कर रहा है। दोनों देशों का कहना है कि वे शांति समझौते के जरिए अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## विनाशकारी बाढ़ से लीबिया में मची तबाही, डर्ना शहर सबसे ज्यादा प्रभावित; पत्रकारों को इलाके छोड़ने का मिला आदेश

**ट्यूनिस।** लीबिया में फ्लैश फ्लड ने चारों ओर तबाही का मंजर बना रखा है। हजारों की



संख्या में लोगों की मौत हो गई है। बांध के टूट जाने से कई शहर जलमग्न हो गए हैं। देश के डर्ना शहर का बाढ़ के पानी से बुरा से हाल है। पूर्वी लीबिया के अधिकारियों ने पत्रकारों को बाढ़ प्रभावित डर्ना शहर छोड़ने का आदेश दे दिया है। सरकार के एक मंत्री ने मंगलवार को न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को बताया कि बड़ी संख्या में पत्रकारों के कारण बचाव टीमों के काम में बाधा आ रही है। पूर्वी लीबिया को चलाने वाले प्रशासन में नागरिक उड्डयन मंत्री हिचेम अबू चकियोआट ने न्यूज एजेंसी रॉयटर्स को फोन पर बताया, यह बचाव टीमों के लिए बेहतर स्थिति बनाने का एक प्रयास है ताकि काम अधिक सुचारू रूप से और प्रभावी ढंग से किया जा सके। बड़ी संख्या में पत्रकार बचाव टीमों के काम में बाधा बन गए हैं।

फ्लैश फ्लड के पानी से लीबिया का तटवर्ती शहर डर्ना तहस-नहस हो गया है। भारी बारिश और उसके बाद दो बांधों के टूट जाने से कई मीटर ऊंची पानी की लहरों की चपेट में आकर 891 इमारतें नष्ट हो गई हैं। इसके अलावा 211 इमारतों का कुछ हिस्सा नष्ट हो गया है। वहीं, 398 इमारतें ऐसी भी हैं जिसमें कीचड़ भर गया है। इन सब परेशानियों के कारण स्थानीय लोगों को काफी परेशानी हो रही है। इन घरों को रहने लायक बनाने में हफ्तों का समय लगेगा। शहर की 25 प्रतिशत से ज्यादा इमारतों को नुकसान हुआ है। 40 हजार से ज्यादा लोग बेघर हो गए हैं। इसके अतिरिक्त सड़कों, पुल और पुलिया भी टूटी व क्षतिग्रस्त हुई हैं।

## दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में चल रही रूस-यूक्रेन युद्ध की सुनवाई, कीव ने की इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस से ये दो मांग

**हेग।** दुनिया की सबसे बड़ी अदालत में रूस और यूक्रेन युद्ध को लेकर सुनवाई चल रही है। इस बीच कीव ने इंटरनेशनल कोर्ट ऑफ जस्टिस से दो मांग की है। यूक्रेन के वकीलों ने मंगलवार को जोर देकर कहा है कि संयुक्त राष्ट्र की शीर्ष अदालत के पास रूस के खिलाफ कीव के मामले की सुनवाई का अधिकार क्षेत्र है।

कीव चाहता है कि संयुक्त राष्ट्र की सर्वोच्च अदालत अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के न्यायाधीश रूस को अपने हमले रोकने और मुआवजा देने का आदेश दें। हालांकि, ऐसा लगता नहीं है कि मॉस्को इसका कोई भी अनुपालन करेगा। रूस ने पिछले साल मार्च में अदालत द्वारा जारी एक बाध्यकारी अंतरिम आदेश का उल्लंघन किया।

यूक्रेन की कानूनी टीम के नेता एंटोन कोरिनविच ने 16-न्यायाधीशों के पैनल को बताया,

**अवहेलना**

> यूक्रेन की कानूनी टीम के नेता एंटोन कोरिनविच ने 16-न्यायाधीशों के पैनल को बताया, रूस का हमला करना इस अदालत की अवहेलना करना है।

रूस का हमला करना इस अदालत की अवहेलना करना है। रूस हमारे शहरों पर जो भी मिसाइल दागता है, वह इस अदालत की अवहेलना में दागता है। गौरतलब है कि रूस द्वारा यूक्रेन पर आक्रमण करने के तुरंत बाद कीव ने ICJ में मामला दायर किया। यूक्रेन का तर्क है कि यह हमला पूर्वी यूक्रेन के लुहान्स्क और डोनेट्स्क क्षेत्रों में नरसंहार के कृत्यों के झूठे दावों पर आधारित था। कोरिनविच ने कहा, रूस इस



भयानक झूठ के नाम पर मेरे देश के खिलाफ युद्ध छेड़ रहा है कि यूक्रेन अपने ही लोगों के खिलाफ नरसंहार कर रहा है। उन्होंने कहा कि यह झूठ रूस की आक्रामकता और विजय का बहाना है। रूस ने कोई विश्वसनीय सबूत पेश नहीं किया है। यह नहीं कर सकता। वास्तव में, रूस ने नरसंहार सम्मेलन को उल्टा कर दिया है।

रूस ने सोमवार को इस मामले पर अपनी आपत्तियों को रेखांकित किया, मॉस्को की कानूनी टीम के नेता गेन्नेडी कुजमिन ने इसे %निराशाजनक रूप से त्रुटिपूर्ण और इस अदालत के लंबे समय से चले आ रहे न्यायशास्त्र के विपरीत बताया। रूस इस बात से इनकार करता है कि कोई विवाद है। उल्लेखनीय है कि मार्च में, ICC ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के लिए युद्ध अपराध गिरफ्तारी वारंट जारी किया था, जिसमें उन पर यूक्रेनी बच्चों के अपहरण का आरोप लगाया गया था।

### रूस की यात्रा पूरी कर स्वदेश लौटे तानाशाह किम जोंग उन, पुतिन के साथ मैत्रीपूर्ण संबंधों को मिली मजबूती

**सियोल।** उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन अपनी रूस की यात्रा से वापस लौट आए हैं। उत्तर कोरिया ने जानकारी देते हुए कहा कि नेता किम जोंग उन रूस की यात्रा से स्वदेश लौट आए हैं। किम ने इस यात्रा के दौरान राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ सौदेबाजी और मैत्रीपूर्ण संबंधों को गहरा किया है। किम की यह रूस यात्रा छह दिवसीय रही। एक नेता के रूप में किम की यह सबसे लंबी विदेश यात्रा थी। दोनों देशों के नेताओं ने कहा कि उन्होंने अपने रक्षा संबंधों को बढ़ावा देने पर चर्चा की है। दोनों देशों ने किसी विशेष कदम का खुलासा नहीं किया। विदेशी विशेषज्ञों का अनुमान है कि पश्चिम के साथ टकराव में फंसे दोनों देश संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करते हुए हथियार हस्तांतरण सौदे पर पहुंचने पर जोर दे रहे हैं।

# विधायक ने लाभर्थियों को दिया आवास स्वीकृति पत्र

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (सिरकोनी)।** स्थानीय क्षेत्र के ब्लाक परिसर में मंगलवार को विधायक जगदीश नारायण राय ने मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत 85 लाभर्थियों को स्वीकृति पत्र वितरण किया। कार्यक्रम में उपस्थित परियोजना निदेशक जैकेश त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री आवास योजना के अंतर्गत दिव्यांगजन, मुसहर, प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवार को स्वीकृति पत्र दिया जाएगा जिसमें 120 लाभर्थियों की सूची है जिसमें 85 लोग उपस्थित है। आज इनको स्वीकृति पत्र गया है।

उन्होंने बताया कि पहली किश्त आज से दो दिन के भीतर 40 हजार आपके खाते में सीधे चली जायेगी। उसमें आप आवास बनवाना शुरू कर देंगे। नींव तक अगर पहुंच जाएगा। उसके बाद अधिकारियों द्वारा जीओ टैग किया जाएगा तब जाकर दूसरी किश्त 70 हजार आपके खाते में जाएगी जिसमें आपको छत ढलवाना होगा। उसके बाद फिर जीओ टैग होगा तब जाकर तीसरी किश्त 10 हजार आपके खाते में सीधे जाएगी। 25 वर्ग मीटर में आवास बनवाना है। जब आप आवास काम शुरू करेंगे तब मनरेगा 90 मानव दिवस की मजदूरी आपको मिलेगा। मजदूरी सीधे आपके खाते में जाएगी। मुख्य अतिथि जफराबाद विधायक जगदीश नारायण राय ने कहा कि जनप्रतिनिधि या प्रधान, बीडीसी व सरकारी कर्मचारी को पैसा देने की कोई जरूरत नहीं है। सीधे आपके खाते में 1 लाख 20 हजार रुपये सीधे जाएंगे। आपको कोई दिक्कत हो तो सीधे हमसे आकर मिल सकते हैं। सरकार आपको आवास दे रही है। इसका लाभ उठाएं और अपना आवास बनवाएं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी अस्मिता सेन एवं संचालन अनिल सिंह ने किया इस अवसर पर एडीओ रामजी, उमेश द्विवेदी, रत्नेश सिंह ग्राम पंचायत अधिकारी, राम आसरे मौर्य, रत्नेश सोनकर, अजय सरोज, राजेश चौधरी, ममता प्रजापति, सरिता मौर्य, अभिषेक यादव, सरिता मौर्य, प्रधान संगठन के अध्यक्ष मनोज यादव, अनिल कुमार, प्रधान प्रतिनिधि अजय सिंह, सपा नेता उमाशंकर पाठक सहित क्षेत्र के तमाम लोग उपस्थित रहे।

# प्रयागराज मांगे एम्स पदयात्रा शहर में पहुंची

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** प्रयागराज में एम्स चिकित्सा संस्थान की स्थापना को लेकर समाजसेवी, अधिवक्ता राम चंद्र यादव एडवोकेट के नेतृत्व में निकाली गई पदयात्रा आज शहर में प्रवेश कर गई। शास्त्री पुल पर यात्रा का स्वागत सपा के प्रदेश उपाध्यक्ष, पूर्व प्राचार्य श्याम लाल, जिला प्रवक्ता दान बहादुर मधुर, त्रिलोकी नाथ यादव, महेन्द्र यादव एडवोकेट,अनुपम यादव आदि सहित तमाम समाज सेवियों, अधिवक्ता गण एवं आम शहर वासियों ने किया। बता दें कि धनुपुर ब्लाक के जगदीशपुर गाँव निवासी समाजसेवी एवं पेशे से अधिवक्ता राम चंद्र यादव द्वारा लम्बे अरसे से प्रयागराज में एम्स चिकित्सा संस्थान की स्थापना के लिये प्रयास किया जा रहा है। राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, सहित कई बड़े रजनीतिज्ञयों एवं उच्च पदों पर बैठे प्रशासनिक अधिकारियों से तमाम बार पत्राचार करते रहने एवं समय समय पर मुलाक़ात कर ज्ञापन आदि देते रहने के बाद यह पदयात्रा निकाली गई है। विगत 18सितम्बर सोमवार को हंडिया से शुरू इस यात्रा का आज दूसरा दिन है। आज का पड़ाव अलोपीबाग स्थित सरदार पटेल संस्थान में होगा।

# जिला महिला वॉलीबाल टीम घोषित



**चयनित खिलाड़ी 21 सितंबर को मंडल स्तरीय वॉलीबाल चयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** स्थानीय मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रयागराज जिले की सीनियर महिला वॉलीबाल टीम के चयन हेतु खिलाड़ियों का ट्रायल आज दिनांक 19 सितंबर 2023 को संपन्न हुआ। खेल प्रदर्शन के आधार पर चयनित सीनियर महिला वॉलीबाल खिलाड़ी आगामी 21 सितंबर को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित मंडल स्तरीय वॉलीबाल चयन प्रतियोगिता में भाग लेंगी। डिस्ट्रिक्ट वॉलीबाल एसोसिएशन (डीवीए) प्रयागराज के महासचिव आर.पी.शुक्ला के अनुसार प्रयागराज जिला की सीनियर महिला वॉलीबाल टीम में चयनित खिलाड़ियों के नाम निम्नानुसार है-चांदनी (कप्तान), पूजा कुमारी, रितिका यादव, खुशी सिंह, नम्रता शर्मा, साक्षी शुक्ला, महिमा जायसवाल, दामिनी गौतम, ईशा चौधरी, वैष्णवी कुमारी, दीपा पाल व रिंकी कुशवाहा है। आरक्षित खिलाड़ी - ज्योति सिंह, काजल सरोज व स्वाति पाल है। सभी चयनित खिलाड़ी आगामी 21 सितंबर को मदन मोहन मालवीय स्पोर्ट्स स्टेडियम प्रयागराज में आयोजित ÷ मंडल स्तरीय वॉलीबाल चयन प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे।

# रसोईया फ्रंट के तत्वाधान में होगा एक दिवसीय धरना प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (महराजगंज)** मध्यान भोजन योजना अंतर्गत प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालयों में कार्य कर रहे रसोइयों को काम की सुरक्षा व लायक पारिश्रमिक भुगतान करने तथा अन्य ज्वलंत समस्याओं के निराकरण करने के लिए राष्ट्रीय मध्यान भोजन रसोईया फ्रंट के तत्वाधान में दिनांक 23 सितंबर 2023 को ईको गार्डन लखनऊ के प्रांगण में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया जाएगा जिसकी जानकारी महराजगंज ब्लाक निवासी संगठन के प्रदेश महासचिव राजेंद्र प्रसाद शर्मा ने दी उन्होंने बताया कि जिले भर के पदाधिकारी व रसोईया गोष्ठी के माध्यम से लखनऊ चलने के लिए लोगों को आहुत कर रहे हैं। वही प्रदेश अध्यक्ष संतोष मिश्र ने सभी रसोइया फ्रंट को संबोधित करते हुए कहा कि अधिक से अधिक संख्या में लखनऊ चले इस मौके पर प्रदेश महासचिव राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा, जिला महासचिव सरोजा मिश्रा, जिला सर्वेयर वीरेन्द्र कुमार, महराजगंज ब्लॉक अध्यक्ष कमला देवी, सचिव आशा सोनी, बक्शा ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार, सचिव राज बहादुर यादव, उपाध्यक्ष मनीषा यादव, सिकरारा ब्लॉक अध्यक्ष मेनका, सचिव शीला , उपाध्यक्ष विनोद कुमार गौंड, मड़ियाहूं ब्लॉक अध्यक्ष साहबलाल यादव उपाध्यक्ष कल्लू कार्यकर्ता रसोइया उर्मिला श्रीवास्तव, शीला, सुधा सिंह, मीरा, पारो, सुषमा, श्रीकान्त शुक्ला राकेश कुमार, सुमन आदि लोग उपस्थित रहे।

## टैंकर की चपेट मैं आने से अधेड़ की मौत

**जौनपुर।** मडियाहू कोतवाली के शिवपुर बाईपास पर टैंकर की चपेट में आने से अधेड़ की मौत हो गई। गोपालपुर निवासी 65 वर्षीय नूर मोहम्मद नाई गोपालापुर बाजार से मडियाहू में कैंची में धार लगवाने आया था, धार लगवा कर वापस घर जा रहा था शिवपुर बाईपास पर जैसे ही अधेड़ पहुंचा , एक टैंकर की तेज रफ्तार गति से अनियंत्रित होकर घूमने लगा जिसके कारण टैंकर की चपेट नूर मोहम्मद आ गया। टैंकर का अगला पहिया उसके सिर पर चढ़ते हुए निकल गई जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई , घटना को देखकर आसपास के लोगों ने जब शोर मचाया तो चालक और खलासी टैंकर छोड़कर भागने लगे, क्षेत्रीय लोगों ने पड़कर पुलिस को सौंप दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# दैवीय आपदा, गरीब और दिव्यांगों को मिला 478 आवास

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर (खुटहन)** ब्लाक मुख्यालय पर मंगलवार को समारोह आयोजित कर 478 दिव्यांग जनों, मुसहर और दैवीय आपदा के पात्रों को प्रधानमंत्री आवास दिया गया। बतौर मुख्य अतिथि विधायक रमेश सिंह ने सभी पात्रों को आवास प्रमाण पत्र देकर उनके हर सुख दुख में कदम से कदम मिलाकर चलते रहने का भरोसा दिया।

सिंह ने कहा कि दिव्यांग और ग़रीबी जब तक विकास की मुख्य धारा से नहीं जुड़ेंगे,तब तक देश विकास की ऊंचाइयों तक नहीं पहुंच सकता। यह बात हम लोग ही नहीं देश और प्रदेश के मुखिया के तौर पर बैठे मोदी और योगी भी विधिवत समझ रहे हैं। इन्हें मुख्य धारा से जोड़ने के लिए सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य,व्यवसाय, आवास के अलावा हर सरकारी सुविधाओं में विशेष छूट और सहयोग मुहैया करा रही है। कहा कि यदि हौसला बुलंद हो तो व्यक्ति के विकास में दिव्यांगता कभी आड़े नहीं आती। ऐसे तमाम प्रत्यक्ष उदाहरण हमारे समाज में ही आस पास विद्यमान है। जिनसे सीख लेने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति को हमेशा उच्च स्थान दें। उनका उपहास उड़ा कर कभी मनोबल तोड़ने का अपराध न करें। इस मौके पर ब्लाक प्रमुख बृजेश यादव,बीडीओ गौरवेंद्र सिंह,एडीओ पंचायत अखिलेश वर्मा, राजेन्द्र सिंह सोनल, प्रमोद यादव,सिम्मी सिंह, स्वदेश यादव, संतलाल सोनी आदि मौजूद रहे।

## जिलाधिकारी ने मुण्डेरा मण्डी स्थित वेयर हाउस का किया निरीक्षण



**प्रयागराज।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल मंगलवार को मुण्डेरा स्थित ईवीएम एवं वीवीपैट के वेयर हाउस का त्रैमासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट का भण्डारण सुरक्षित ढंग से पाया गया। उन्होंने वहां पर सीसीटीवी कैमरों की क्रियाशीलता, सुरक्षा व्यवस्था तथा बारिस के दृष्टिगत कक्षों की स्थिति के बारे में जानकारी ली तथा उन्होंने वेयर हाउस में सभी आवश्यक व्यवस्थायें चुस्त-दूरूस्त बनाये रखने का निर्देश दिया है। निरीक्षण के दौरान एडीएम प्रशासन हर्षदेव पाण्डेय, चकबन्दी विभाग के अधिकारी सहित निर्वाचन से सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# सत्य और सेवा के मार्ग पर चलना सच्ची श्रद्धांजलिः पुलिस महानिदेशक, रूल्स एवं मैनुअल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** डॉ सुचिता गोइंदी के जन्मोत्सव आज राजर्षि टंडन सेवा केंद्र बैंक रोड पर लोकसेवक मंडल एवं गाँधी अकादमिक संस्थान द्वारा मनाया गया। जिसमे मुख्य अतिथि पुलिस महानिदेशक रूल्स एवं मैनुअल आशीष गुप्ता ने अपने सम्बोधन मे कहा की सत्य मार्ग पर चलना ही डॉ सुचिता गोइंदी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। सुचिता गोइंदी ने प्रेणा स्रोत और गाँधी जी के मूल्यों को जिया है। गोइंदी परिवार से हमारे संबंध हैं यही मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि गोइंदी जी कहती थी कि सूरज बनने के लिए क्यों परेशान हो, दीपक बन कर जहां हो प्रकाश करो। पुलिस विभाग को बल प्रयोग करना उसका संविधाननिक दायित्व है पर अहिंसात्मक होना चाहिए, बदले की भावना से किया गया बल प्रयोग हिंसात्मक होता है।

लोक सेवक मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चोपड़ा ने कहा कि डॉ सुचिता गोइंदी -महिलाओ एवं युवाओं के लिए संवेदन शील एवं प्रेणा स्रोत के साथ युवाओं को प्रेरित करती थी। गोइंदी जी में दूरदर्शी और आदर्श नागरिक के सारे गुण भरे थे। प्रो आर सी त्रिपाठी एवं श्रीमती प्रीति शुक्ला जिला कमाडेंट ने सुचिता गोइंदी के साथ बिताये पल के संस्मरण सुनाये। गाँधी अकादमिक संस्थान के निदेशक ओमप्रकाश शुक्ल ने आये हुये अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

उपरोक्त जानकारी कर्मचारी नेता बरिष्ठ समाजसेवी रविशंकर मिश्र ने दिया। कार्यक्रम मे डॉ सुचिता गोइंदी की बड़ी बहन सुश्री संतोष गोइंदी, बरिष्ठ समाजसेवी शिक्षक श्रीनारायण यादव, डॉ सरिता, कर्मचारी नेता रविशंकर मिश्र, श्रीमती मधू, घनश्याम मास्टर, जावेद सिद्दकी, बरिष्ठ समाजसेविका अनुराधा, अनंत कुमार चौधरी, श्रीमती प्रिया रावत, लवलेश सिंह, सगीर अहमद, दीप चंद्र यादव, श्री रवि कुमार लेखक, चंदन निषाद, प्रशांत मौर्य, पदमावती, दीपमाला, राहुल ध्रुववंशी आदि लोग उपस्थिति रहे।

# एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर छात्रों का ओरिएण्टेशन प्रोग्राम आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उदयातिथि की हरियाली तीज और गणेश चतुर्थी के क्षणों के शुभ अवसर पर बी.एस.एन.वी. पी.जी. कॉलेज के रसायन विभाग में एम.एस.सी प्रथम सेमेस्टर छात्रों का ओरिएण्टेशन प्रोग्राम किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदे की वंदना, दीप प्रज्जवलन और पुष्पांजलि अर्पित करके हुआ। माँ शारदे की वंदना आशुतोष शुक्ला ने अपने सुमधुर स्वरों से किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विज्ञान संकाय के प्रभारी प्रोफेसर संजीव शुक्ला रहे, जिनका स्वागत विभाग द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि ने डाइस पर आकर बटन दबाकर ओरिएण्टेशन प्रोग्राम का शुभारंभ किया। सभी नव प्रवेशी विद्यार्थियों का स्वागत शिल्पी मिश्रा ने कुमकुम, चंदन और अक्षत का तिलक लगाकर किया। इस ओरिएण्टेशन प्रोग्राम में सभी नव प्रवेशी छात्र, विभाग के सभी शिक्षक, सभी कर्मचारी गण मौजूद रहे। प्रोफेसर डी. के. गुप्ता ने सभी के सामने विभाग का परिचय दिया। समस्त छात्रों ने भी एक एक करके अपना परिचय दिया। प्रोफेसर संजीव शुक्ला ने बच्चों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उन्हें उनके दायित्यों को भी कैसे निर्वाह किया जाए, इस पर भी बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्रो. एन. के. अवस्थी, प्रो जी. के. मिश्रा, डॉ राजेश राम, डॉ इंद्रेश शुक्ला सभी ने समस्त बच्चों का विभाग में स्वागत करते हुए अपने ओजस्वी शब्दों से बच्चों का मार्गदर्शन किया। एम.एस.सी तृतीय सेमेस्टर के आशुतोष शुक्ला, शिवांगी मिश्रा, आयुष मिश्रा और शिल्पी मिश्रा ने विभाग में अर्जित अनुभवों को बहुत ही सुंदर शब्दों से सभी को अवगत कराया। कार्यक्रम का संचालन डॉ चिंकि गंगवार ने किया।

# पांच महिलाओं की गोद भराई और छह बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार आयोजित

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** छठां ''राष्ट्रीय पोषण माह'' माह सितम्बर-2023 के आयोजन की मुख्य थीम ''सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत'' के अन्तर्गत जनपद स्तर पर कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन के सभागार में प्रभारी मुख्य विकास अधिकारी जिला विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला कृषि अधिकारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी द्वारा प्रसारण के समाप्ति पर 05 गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की गई एवं 06 माह पूर्ण लाभार्थियों का अन्नप्राशन किया गया।

उक्त कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम अधिकारी दिनेश सिंह के द्वारा पोषण माह में आयोजित किए जाने वाले थीम आधारित प्रभावी स्तनपान व सम्पूरक आहार, स्वस्थ बालक स्पर्धा, पोषण भी पढ़ाई भी, मिशन लाइफ के माध्यम से पोषण में सुधार, मेरी माटी मेरा देश एवं एनीमिया स्तर में सुधार हेतु परीक्षण, उपचार व संवाद गतिविधियों को प्रचार-प्रसार एवं समुदाय की भागेदारी को जोड़ते हुए 'सुपोषण भारत' (कुपोषण मुक्त भारत) के लक्ष्य को प्राप्त करने के संबंध में बताया गया। मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश की प्रेरणा से बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय कोरांव विकास खण्ड कोरांव, जनपद प्रयागराज का शिलान्यास राजमणि कोल विधायक कोरांव द्वारा किया गया। कार्यक्रम में बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर प्रथम श्रीमती संजिता सिंह, बाल विकास परियोजना अधिकारी शहर द्वितीय ओम प्रकाश यादव, शहर परियोजना की समस्त मुख्य सेविकायें सहित लाभार्थियों के परिवारजन उपस्थित रहे।

# जनपद स्तरीय उन्मुखीकरण कार्यक्रम डायट सभागार में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** कार्यालय महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में वर्तमान शैक्षिक सत्र मे समग्र शिक्षा के अंतर्गत जनपद के समस्त परिषदीय एवं सहायता प्राप्त विद्यालयों मे संचालित कार्यक्रम यथा-डीबीटी के माध्यम से धनराशि का सीधे अभिभावकों के बैंक खातों मे प्रेषित किया जाना, निपुण भारत मिशन, विद्यालय प्रबन्ध समिति एवं आपरेशन कायाकल्प आदि कार्यक्रमों के सफल संचालन हेतु डायट मेण्टर, खण्ड शिक्षा अधिकारी, एआरपी, एसआरजी, स्पेशल एजूकेटर, नोडल अध्यापक/ प्रधानाध्यापक, एसएमसी अध्यक्ष, ग्राम प्रधान /स्थानीय निकाय के सदस्यों के उन्मुखीकरण हेतु जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार मे उन्मुखीकरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जौनपुर द्वारा आयोजित उन्मुखीकरण कार्यक्रम मे शासन द्वारा संचालित योजनाओं के सफलता हेतु बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद-जौनपुर के अधीन कार्यरत समस्त अधिकारियों, अध्यापकों के साथ-साथ स्थानीय समुदाय का जुड़ना भी महत्वपूर्ण है साथ ही साथ जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा विकास खण्ड स्तर पर उन्मुखी कार्यक्रम आयोजित कर शासन द्वारा निर्गत निर्देश के क्रम मे स्पेशल एजूकेटर, नोडल अध्यापक/ प्रधानाध्यापक साथ-साथ स्थानीय समुदाय के सदस्यों एवं विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष को उन्मुख किये जाने हेतु दिशा निर्देश निर्गत किये गये।

# अंतर महाविद्यालयीय ‘स्वरचित काव्य पाठ’ प्रतियोगिता का आयोजन

अवधनामा संवाददाता




**प्रयागराज।** राजर्षि टंडन महिला महाविद्यालय प्रयागराज में ÷राजभाषा हिंदी पखवाड़ा÷ के अंतर्गत आज अंतरमहाविद्यालयीय ÷स्वरचित काव्य पाठ÷ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने स्वरुचि के अनुसार अपनी कविता प्रस्तुत की। इस प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ कल्पना वर्मा, अवकाश प्राप्त एसोसिएट प्रोफेसर, हिंदी विभाग, आर्य कन्या डिग्री कॉलेज थीं। उन्होंने प्रतियोगिता के परिणाम की घोषणा करने के पूर्व प्रतिभागियों को कविता पाठ के कुछ नियम भी बताये, जैसे कविता को प्रस्तुत करते समय यह ध्यान रखना चाहिए कि कविता की लयात्मकता बनी रहे, अतः उसे एक लय में ही पढ़ना चाहिए,कभी भी कविता चिल्ला कर नहीं पढ़नी चाहिए। चूंकि काव्य पाठ के लिए प्रतिभागी को एक निश्चित समय दिया जाता है इसलिए भूमिका न बनाते हुए सीधे कविता पढ़ें। कविता का प्रारम्भ करते समय दूसरों की कविताओं की पंक्तियों को न पढ़ें। डॉ वर्मा ने उदाहरण स्वरूप अपनी कुछ कविताओं का पाठ करके प्रतिभागियों को काव्य पाठ के नियमों से अवगत कराया। तत्पश्चात् उन्होंने परिणाम की घोषणा की। आज के कार्यक्रम का संचालन डॉ नीलिमा सिंह, एसो प्रो राजनीति शास्त्र तथा राज भाषा हिन्दी की कार्यक्रम की संयोजिका ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन प्राचार्या प्रो रंजना त्रिपाठी ने किया,अपने वक्तव्य में उन्होंने कहा कि कविता लिखने का गुण सबमें रहता है पर निकलता किसी किसी से है। इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं शामिल हुए।

## छेड़खानी के दौरान हुई छात्रा की मौत की घटना के बाद अयोध्या में ‘एलर्ट’

**सुल्तानपुर।** अंबेडकरनगर की छेड़खानी घटना पर अयोध्या पुलिस भी अलर्ट हो गई है। अश्लील हरकत व छेड़खानी करने वाले एक बाल अपचारी समेत 6 लोग को कस्टडी में लिया। चार युवकों को हिदायत देते हुए परिजनों को सौंपा, एक के खिलाफ कार्रवाई की गई।पटरंगा थाना के लालाराम इंटर कॉलेज के पास पटरंगा मंडी के गेट पर एंटी रोमियो स्क्वायड ने उसे गिरफ्तार किया है। कोतवाली नगर पुलिस ने भी एक बाल अपचारी को गिरफ्तार कर लिया। अंबेडकरनगर में छेड़खानी के दौरान शोहदों ने एक छात्रा को कुचल दिया था, जिसमें उसकी मौत हो गई थी।जनपद सुल्तानपुर,विशेषकर नगर मुख्यालय में भी बड़े घरों के बिगड़े युवकों द्वारा आए दिन बालिक विद्यालयों के आसपास चहलकदमी की जा रही है।

# मंडी परिषद के 4 अफसरों के खिलाफ रिपोर्ट, 3 नामजद

**2.44 करोड़ गबन की शिकायत पर शासन ने कराई विभागीय जांच**

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** मुंडेरा स्थित मंडी परिषद में 2.44 करोड़ रुपए के गबन की शिकायत पर 3 नामजद सहित चार अफसरों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। घपले की शिकायत मिलने के बाद शासन ने यह जांच कराई थी। जांच में आरोप सही पाए गए हैं। धूमनगंज थाने ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सहायक उप निदेशक कुलभूषण वर्मा की तहरीर पर धूमनगंज थाने ने वरिष्ठ सहायक मंजीत सिंह, संजीव कुमार गंगवार, मैकूलाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। रवींद्र सिंह प्रभारी उननिदेशक (निर्माण) मंडी परिषद प्रयागराज, संजीव कुमार गंगवार तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षाधिकारी, मैकूलाल तत्कालीन लेखा एवं सम्परीक्षाधिकारी के पद पर कार्यरत रहे हैं। विभागीय जांच में गबन के लिए इन तीनों को जिम्मेदार ठहराया गया है। जांच के दौरान पाया गया कि निर्माण खंड में 12 जुलाई 2022 तक कार्यरत रहे वरिष्ठ सहायक मंजीत सिंह जिनकी वर्तमान में तैनाती निर्माण खंड झांसी में है ने अपनी पत्नी और कई करीबियों के खातों में गबन के पैसे जमा कराए हैं। एसओ धूमनगंज राजेश मौर्या ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच शुरू हो गई है। जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी कर पूछताछ होगी।

## लोक प्रिय युवा भाजपा नेता सुरज पाल के जन्मदिन पर सैकड़ों युवाओं ने बाटी खुशियाँ

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर (खुटहन)** सोमवार को बनुवाडीह गाँव के पार्क में जुटे सैकड़ों की संख्या में युवाओं ने अपने युवा भाजपा नेता सुरज पाल के जन्म दिन के शुभ अवसर पर खुशियाँ बाटी सभी ने एक दुसरे को केक मिठाई खिलाकर युवा नेता की उज्वल भविष्य की कामना किये डीजे के गानों पर घंटो युवा समर्थक थिरकते रहे।

आपको बता दे खुटहन में हजारों की संख्या में युवाओं के सुरज पाल पसंदीदा नेता बने हुए हैं अपने इमानदारी पार्टी के प्रिय सच्ची लगन से परिश्रम कर रहे हैं जहाँ एक तरफ ईमानदारी से क्षेत्र के युवा तेजी से सुरज पाल के जुड रहे हैं वही कुछ सत्ताधारी नेताओं के खास बने लोग थाना से लेकर विकास खण्ड खुटहन में वसुली के कार्य पर लगे हुए है जिसका असर आने वाले चुनाव पर निश्चित रूप से पडेगा।

# सपा शहर उत्तरी विधान सभा में 33 लोगों को मिली ज़िम्मेदारी

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** समाजवादी पार्टी शहर उत्तरी विधान सभा की बहुप्रतीक्षित कमेटी की आज विधान सभा अध्यक्ष ओ पी यादव ने जार्जटाउन स्थित ज़िला कार्यालय पर घोषणा की। वरिष्ठ नेताओं की उपस्थिति में एक एक माल्यार्पण कर मनोनयन पत्र सौंपा गया।

नवनियुक्त कमेटी में ओ पी यादव अध्यक्ष पुनः बने तो 9 लोगों को उपाध्यक्ष बनाया गया। सऊद अहमद, जयशंकर रावत, मोहम्मद हसीब, मोहम्मद हारुन, विवेक कुमार यादव, मोहम्मद अहमद, नितिन यादव, विजय महतो, मनीष द्बे को शहर उत्तरी विधान सभा में उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई। राजेश कुमार पप्पू पासी को महासचिव तो सूरज यादव को कोषाध्यक्ष बनाया गया। सचिव में नन्हे मंसूरी, अंकज निषाद, शाह आलम, रफी अहमद, पंकज कुमार यादव, रवि सिंह यादव, धर्मेन्द्र सोनकर, सुजीत पाल, सरफराज़, अनुपम रावत, योगेश कुमार, अमित यादव को शहर उत्तरी विधान सभा कमेटी में शामिल किया गया।

विकास यादव, आशीष कुमार यादव, सुमित कुमार चौधरी व रजत यादव को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया। महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन की अध्यक्षता व महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि के संचालन में पदाधिकारियों को फूल माला पहना कर और मनोनयन पत्र सौंप कर पद व निष्ठा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान सैयद इफ़्तेख़ार हुसैन, रवीन्द्र यादव, ज़िलाध्यक्ष गंगापार अनिल यादव, प्रतिमा रावत गंगापार महिला सभा ज़िलाध्यक्ष अध्यक्ष, श्याम लाल पाल, पूर्व सांसद धर्मराज पटेल, पंधारी यादव, नाटे चौधरी, इसरार अन्जुम, संदीप यादव, शिव संकर वर्मा, अमरनाथ सिंह मौर्य, पंधारी यादव, मंजू यादव, लल्लन पटेल, मृत्युंजय पाण्डेय, मोहम्मद अजहर, अभिमन्यु पटेल, दिलीप यादव आदि उपस्थित रहे।

# कोटक महिंद्रा बैंक ने विज्ञान की शिक्षा को बेहतर बनाने के उद्देश्य से खान एकेडमी इंडिया के साथ साझेदारी की

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक लिमिटेड ने उत्तर प्रदेश राज्य में छात्रों को बेहतर गुणवत्ता युक्त शिक्षा प्राप्त करने के लिए एक निःशुल्क मंच उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक गैर-लाभकारी संगठन, खान एकेडमी इंडिया (च्रढ्ढ) के साथ अपनी सीएसआर साझेदारी को मजबूत किया है। बैंक द्वारा अपनी सीएसआर पहलों के माध्यम से शिक्षा एवं आजीविका के क्षेत्र में किए जा रहे प्रयासों के तहत हीच्रढ्ढ को आर्थिक सहायता प्रदान की गई है ताकि राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद् के अनुरूप वित्त-वर्ष 21-23 में KMBL के सहयोग से तैयार की गई 9वीं से 12वीं कक्षा की शैक्षणिक सामग्री की मुख्य पेशकश को कस्टमाइज किया जा सके।कोटक बैंक विज्ञान विषय से संबंधित शैक्षणिक सामग्री को क्षेत्रीय भाषाओं में उपलब्ध कराने की अहमियत से अच्छी तरह अवगत है और इसे ध्यान में रखते हुए बैंक ने खान एकेडमी इंडिया के साथ एक नए समझौता ज्ञापन (रूश्व) पर हस्ताक्षर किए हैं। उत्तर प्रदेश में विशेष रूप से 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए विज्ञान विषय में तैयार की गई शैक्षणिक सामग्री को स्थानीय भाषा हिंदी में उपलब्ध कराते हुए छात्रों एवं शिक्षकों के सीखने के अनुभव को और समृद्ध बनाने के उद्देश्य से यह साझेदारी की गई है। इसके अलावा, उत्तर प्रदेश में छठी से बारहवीं कक्षा तक के 1,500 से अधिक स्कूलों में एकेडमी द्वारा विज्ञान विषय में चलाई जा रही शैक्षिक गतिविधियों को सहायता प्रदान करने से 50,000 से अधिक छात्रों को लाभ मिलने की उम्मीद है। नया रूश्व हाल ही में लॉन्च की गई और एनसीईआरटी के अनुरूप तैयार की गई विज्ञान विषय के अनिवार्य पाठ्यक्रम से संबंधित शैक्षणिक सामग्री की मुख्य पेशकश पर आधारित है। इस शैक्षणिक सामग्री को उत्तर प्रदेश राज्य के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों कि आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए संशोधित किया जाएगा।

इसके साथ ही च्रढ्ढ राज्य के शिक्षकों के क्षमता निर्माण में भी सहायता प्रदान करेगी ताकि वे च्रढ्ढ एड-टेक प्लेटफॉर्म को अपनाकर और उसके साथ जुड़कर 6वीं से 12वीं कक्षा के लिए विज्ञान विषय के शिक्षण को बेहतर बना सकें। इस अवसर पर कोटक महिंद्रा बैंक के सीएसआर प्रमुख, श्री हिमांशु निवसरकर ने कहा, ÷हमें इस बात की खुशी हो रही है कि हम खान एकेडमी इंडिया के साथ अपनी साझेदारी को मजबूत करते हुए शिक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को एक कदम और आगे ले जा रहे हैं।

# मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी के जरिए बीमाकर्ताओं को बदलना हुआ आसान

**वाराणसी।** ज्यादातर लोगों को पता है कि, मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, भारतीय सड़कों पर कानूनी रूप से ड्राइव करने के लिए कम से कम थर्ड पार्टी मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी होना अनिवार्य है। एक सही मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी खरीदने के लिए हमें किस प्रकार का मोटर इंश्योरेंस खरीदना है, कहां से खरीदना है, आदि के बारे में जानकारी होना बहुत ही आवश्यक है। सभी प्रकार की पॉलिसी के बारे में जानकारी प्राप्त करने और पॉलिसी के लाभों से परिचित होने के बाद भी, कुछ ग्राहकों को अपने वर्तमान बीमा प्रदाताओं से संतुष्टि नहीं मिल पाती है। अगर आप ऐसे व्यक्ति तो आप पॉलिसी अवधि के दौरान अपनी इंश्योरेंस पॉलिसी को किसी अन्य इंश्योरेंस कंपनी में स्विच कर सकते है। नितिन कुमार, हेड-मोटर इंश्योरेंस, पॉलिसीबाजार डॉट कॉम~ अगर पॉलिसीधारक पॉलिसी और उसके लाभों से संतुष्ट नहीं है तो मोटर इंश्योरेंस पोर्टेबिलिटी काम आती है। इसके कई कारण हो सकते हैं जैसे कि अगर पॉलिसीधारक को सस्ती कीमत पर व्यापक कवरेज मिल रहा है, या अगर बीमाकर्ता या एजेंट ने मोटर इंश्योरेंस पॉलिसी बेचते समय आपकों गुमराह किया है, या वर्तमान बीमाकर्ता का क्लेम सेटलमेंट प्रोसेस मुश्किल है, या अगर आप अपनी कार का अधिक या कम उपयोग करने लगे है, या अगर आपकी पॉलिसी में कोई नेटवर्क गैरेज नहीं है। इसलिए एक बेहतर बीमाकर्ता को खोजने के लिए पॉलिसीधारक पोर्टेबिलिटी का विकल्प चुन सकता है प्रत्येक क्लेम फ्री वर्ष के लिए, इंश्योरेंस कंपनी नो क्लेम बोनस का लाभ प्रदान करती है। यह नो क्लेम बोनस ह्रष्ठ प्रीमियम का 50त्न तक हो सकता है। लोगों की आम धारणा है कि उनकी मौजूदा पॉलिसी उन्हें नई मोटर इश्योरेंस पॉलिसी में ट्रांस्फर होने पर एनसीबी का लाभ प्रदान नहीं करती है। लेकिन यह सच नहीं है क्योंकि जब भी कोई पॉलिसीधारक मोटर इश्योरेंस को पोर्ट करता है, तो यह उसे इस बोनस को बनाए रखने की अनुमति देता है।

# सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड को मिला एनर्जी डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड से 9.40 मिलियन अमेरिकी डॉलर (752.38 मिलियन रुपये) का ऑर्डर

**नई दिल्ली।** सालासर टेक्नो इंजीनियरिंग लिमिटेड (एसटीईएल) (बीएसई~ 540642, एनएसई~ स्ह्लस्नक्र), जो बड़े और भारी स्टील स्ट्रक्चर्स के निर्माण में लगने के साथ ही विभिन्न प्रकार के उद्योगों जैसे टेलीकॉम, पावर, रेल्वे और अन्य को कस्टमाइज़ स्टील स्ट्रक्चर्स और ईपीसी सोल्यूशन प्रदान करती है, कंपनी ने बीएसई को बताया कि उसे एक बड़ा ऑर्डर मिला है अर्थात रवांडा ट्रांसमिशन सिस्टम रीइन्फोर्समेंट और लास्ट माइल कनेक्टिविटी प्रोजेक्ट के लिए एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा 9.40 मिलियन डॉलर, जो 75.23 करोड़ रुपये के बराबर है, का एक कॉन्ट्रैक्ट दिया गया है।ऑर्डर प्राप्ति पर टिप्पणी करते हुए, एसटीईएल की प्रबंधन टीम ने कहा~ ÷हमें एक महत्वपूर्ण उपलब्धि की घोषणा करते हुए खुशी हो रही है जो उत्कृष्टता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता और अत्याधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर सॉल्यूशंस प्रदान करने में हमारी क्षमताओं को रेखांकित करती है। एसटीईएल ने अफ्रीकी क्षेत्र Rwinkwavu-Kirehe, Gabiro-Nyagatare और रुलिंडो-गिकुम्बी में 110kV ट्रांसमिशन लाइन की डिजाइनिंग, आपूर्ति और स्थापना के लिए हमे यह ऑर्डर मिला है । इस ऑर्डर ने इंपोर्ट बाज़ार में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने में सक्षम बनाया है, जो सर्वोत्तम श्रेणी के उद्योग मानकों को कायम रखते हुए ऑर्डर को तुरंत निष्पादित करने की एसटीईएल की क्षमता पर विदेशी ग्राहकों द्वारा रखे गए भरोसे का सबूत है।आगे उन्होंने कहा अफ्रीका, अपनी विशाल क्षमता और ग्रोइंग एनर्जी डिमांड के साथ, भारी विकास क्षमता वाले आशाजनक बाजार का क्षेत्र बना हुआ है और इस अनुबंध को हासिल करने में हमारी उपलब्धि तकनीकी उत्कृष्टता, निर्भरता और मजबूत अंतर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए हमारी स्थापित प्रतिष्ठा को रेखांकित करती है।इसके अलावा,



110द्मङ्क ट्रांसमिशन लाइन परियोजना एक अत्यधिक विशिष्ट प्रयास है और इसके लिए पावर ट्रांसमिशन, इंजीनियरिंग और प्रोजेक्ट्स मैनेजमेंट में लंबे अनुभव की आवश्यकता है। एसटीईएल की तकनीकी कौशल और जटिल परियोजनाओं को संभालने में दक्षता ने इस अनुबंध को हासिल करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) को जल प्रबंधन में उत्कृष्टता के लिए प्रतिष्ठित पुरस्कार

**चेन्नई।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज विश्व जल निगरानी दिवस पर घोषणा की कि कंपनी को प्रतिष्ठित सीआईआई-एसआर ईएचएस उत्कृष्टता पुरस्कारों में जल प्रबंधन में उत्कृष्टता पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार सुश्री वेधा मुरली और श्री ए मोहम्मद ने चेन्नई में एक समारोह के दौरान वरिष्ठ टीकेएम अधिकारियों को सौंपा। सुश्री वेधा मुरली टास्क फोर्स ऑन होलिस्टिक सस्टेनेबिलिटी, ईएसजी एजेंडा, एमब्रेसिंग एनर्जी ट्रांजिशन और सीआईआई-एसआर ईएचएस एक्सीलेंस पुरस्कार - सीआईआई की प्रमुख हैं। श्री ए मोहम्मद प्रतियोगिता के जूरी हैं। इस मौके पर दोनों ने टोयोटा की टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं की सराहना की और ऑटोमोटिव उद्योग में उदाहरण पेश करने की प्रतिबद्धता जताई। पानी एक अमूल्य संसाधन है, और एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, टीकेएम टिकाऊ जल प्रबंधन प्रथाओं के लिए प्रतिबद्ध है। कंपनी ने विभिन्न प्रयासों के माध्यम से वि वत्त वर्ष 21-22 के लिए अपनी विनिर्माण प्रक्रिया में मीठे पानी पर निर्भरता को 89त्न तक कम कर दिया है। उत्पादन प्रक्रिया में पानी के उपयोग को अनुकूलित करने के लिए विकसित की गई रणनीतियों के अलावा, मौजूदा नलों के लिए पानी की सबसे कम पहुंच वाले एरेटर, बर्तनों के लिए स्वचालित डिश वॉशर और घरेलू उपयोग के लिए वर्षा जल के उपयोग की स्थापना के माध्यम से घरेलू जरूरतों के लिए पानी के उपयोग को कम करने के प्रयास किए गए। इन प्रयासों से कंपनी ने नदी के जल पर निर्भरता 65% कम कर ली है। इसके अलावा, जल प्रबंधन में उत्कृष्टता हासिल करने के प्रयास में, अपने किस्म के अनूठे एक अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र की स्थापना की गई है जो 70-85% तक अपशिष्ट जल का दोबारा उपयोग कर सकता है। इसके परिणामस्वरूप 2014 में भूजल 80 फीट पर था जो 2022 में घटकर 26 फीट पर आ गया है। सीआईआई का यह पुरस्कार मुख्य रूप से जल प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्टता को मान्यता और सम्मान देने के लिए है। इससे उन लोगों का सम्मान किया जाता है जिन्होंने जल संरक्षण प्रयासों में असाधारण प्रतिबद्धता और नवाचार का प्रदर्शन किया है। इसके अलावा, इसका उद्देश्य उद्योगों और संगठनों के बीच ज्ञान के आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, दक्षता और स्थिरता बढ़ाने के लिए सर्वोत्तम प्रथाओं के प्रसार को प्रोत्साहित करना है। अंत में, यह पुरस्कार विभिन्न क्षेत्रों में जल प्रबंधन और प्रथाओं को आगे बढ़ाने में प्रौद्योगिकी विकास और अपनाने की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के एसोसिएट एक्जीक्यूटिव वाइस प्रेसिडेंट, विनिर्माण, श्री बी पद्मनाभ ने कहा, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम इस पुरस्कार को स्थिरता और संरक्षण के प्रति अपने अटूट समर्पण की मान्यता के रूप में देखते हैं। कुशल जल प्रबंधन के प्रति हमारी प्रतिबद्धता न सिर्फ अनुपालन तक है बल्कि उससे आगे भी है। यह हमारे लोकाचार का एक अभिन्न अंग है। हमारा दृढ़ विश्वास है कि ऑटोमोटिव उद्योग की एक अग्रणी कंपनी के रूप में, यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम अपने अमूल्य जल संसाधनों को संरक्षित करने के लिए अत्याधुनिक प्रौद्योगिकियों और नवीन प्रथाओं को अपनाकर एक उदाहरण स्थापित करें।

# एमजी हेक्टर डीजल प्रदान करती है सर्वोत्तम रीसेल वैल्यू, हुंडई क्रेटा, किआ सेल्टोस, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी 700 और महिंद्रा एक्सयूवी 300 को छोड़ा

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख ऑटोमोबाइल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म ड्रूम ने एक अध्ययन किया, जिसका उद्देश्य यह पता लगाना था कि कौन सी एसयूवी बेस्ट रीसेल वैल्यू (सर्वोत्तम पुनर्विक्रय मूल्य) प्रदान करती है। इस तुलनात्मक विश्लेषण में, एमजी हेक्टर डीजल विजेता रही, जिसने हुंडई क्रेटा, टाटा हैरियर, महिंद्रा एक्सयूवी700, महिंद्रा एक्सयूवी300, किआ सेल्टोस और हुंडई अल्कज़ार जैसे प्रतिद्वंद्वियों के खिलाफ सफलता हासिल की। इसने सामान प्राइस रेंज के अन्य कारों की तुलना में असाधारण 85 फीसदी रीसेल वैल्यू हासिल किया है। साथ ही, अत्यधिक प्रतिस्पर्धी एसयूवी सेगमेंट में एक इंडस्ट्री लीडर के रूप में अपनी स्थिति को मजबूत किया है। यह अंतर व्हीकल की सर्वश्रेष्ठ विरासत के बारे में बहुत कुछ बताता है। अपनी विश्वसनीयता के लिए प्रसिद्ध, एमजी हेक्टर डीजल को समय की कसौटी पर खरा उतरने के लिए तैयार किया गया है, जिससे यह सुनिश्चित होता है कि आने वाले वर्षों तक इसका मूल्य बरकरार रहेगा। हुड के नीचे एक पावरहाउस हैः एक 2.0 लीटर टर्बोचार्ज्ड डीजल इंजन, जो प्रभावशाली 170 हॉर्स पावर और 350 एनएम का टॉर्क देता है। आपके पास निर्बाध 6-स्पीड मैनुअल




ट्रांसमिशन या सहज 6-स्पीड ऑटोमैटिक के बीच विकल्प है, जो आपके ड्राइविंग अनुभव को परफेक् बनाता है। साथ ही, हेक्टर डीजल एक विशाल, आरामदायक और सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया इंटीरियर प्रदान करता है।

कार्यक्षमता/कुशलता...एमजी हेक्टर डीजल की एक और उपलब्धि है। 21 किमी प्रति लीटर' तक के उल्लेखनीय हाईवे माइलेज के साथ, यह आसानी से अपने प्रतिस्पर्धियों से आगे निकल जाती है। इसकी तुलना में, क्रेटा और हैरियर जैसी गाड़ियां लगभग 18 किमी प्रति लीटर हासिल करते हैं। यह ईंधन-कुशल प्रदर्शन न केवल आपके कार्बन फुटप्रिंट को कम करता है, बल्कि एक रोमांचक ड्राइविंग अनुभव भी सुनिश्चित करता है। एमजी हेक्टर डीज़ल एक व्हीकल से कहीं अधिक है। यह शक्ति/पॉवर और कॉन्सियस लग्जरी (सचेतन/जागरूक विलासिता) के मिश्रण का प्रतीक है। एक कुशल डीजल पॉवरट्रेन द्वारा संचालित, एसयूवी शानदार प्रदर्शन, असाधारण दक्षता और स्थिरता की प्रतिबद्धता प्रदान करती है। एमजी हेक्टर डीजल की अभूतपूर्व इंजीनियरिंग इसके कार्बन फुटप्रिंट को काफी कम कर देती है, जिससे पर्यावरण के प्रति जागरूक डिजाइन के लिए नए मानक स्थापित होते हैं। एमजी हेक्टर डीजल में सुरक्षा सर्वोपरि है। एयरबैग, इलेक्ट्रॉनिक स्थिरता नियंत्रण और एक सटीक-इंजीनियर्ड रियरव्यू कैमरा जैसी उन्नत सुरक्षा सुविधाओं से लैस, यह हर ड्राइव में दृढ़ आत्मविश्वास पैदा करता है। आसियान एनकैप क्रैश टेस्ट में इसकी प्रभावशाली 5-स्टार रेटिंग एमजी मोटर इंडिया के यात्री सुरक्षा के प्रति अटूट समर्पण को रेखांकित करती है। भारतीय बाजार में एसयूवी (स्पोर्ट यूटिलिटी व्हीकल) की लोकप्रियता और बाजार हिस्सेदारी में वृद्धि वास्तव में एक उल्लेखनीय प्रवृत्ति है, जो इंडस्ट्री में विकास को जारी रख रही है।

# हेयर ट्रांसप्लांट के करिश्में से पाएं बालों के झड़ने की समस्या से निजात

**कानपुर।** बालों के झड़ने की समस्या से लगभग हर कोई जूझता है फिर चाहे पुरुषों हो या महिला, दोनों इस समस्या से प्रभावित होते हैं। अक्सर यह समस्या बहुत गंभीर बन जाती है। बालों से व्यक्ति की सुन्दरता तो दिखती है, साथ ही बाल होने से व्यक्ति का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। बालों का झड़ना कई आनुवंशिक, पर्यावरणीय और सिस्टेमेटिक फैक्टर्स के साथ-साथ लाइफस्टाइल विकल्पों के कारण भी हो सकता है। चिंता की बात यह है कि कई लोगों के बाल जब उनकी उम्र 20 की होती है तभी से ही झड़ना शुरू हो जाते हैं। भारत में बहुत ज्यादा प्रदूषण और ऑटोइम्यून बीमारियाँ आदि कई ऐसे कई फैक्टर हैं जिससे बालों के झड़ने की समस्या ज्यादा देखने को मिलती है। जो लोग बालों के झड़ने की समस्या से पीड़ित रहते हैं उनके लिए हेयर ट्रांसप्लांट एक ऐसा समाधान होता है जिससे वे अपने पूरे सिर के बालों को फिर से उगा सकते हैं। हेयर ट्रांसप्लांट एक सर्जिकल प्रक्रिया होती है। इससे मौजूदा बालों को पतले या बिना बाल वाले क्षेत्रों में शिफ्ट किया जाता है। इस प्रक्रिया




को अंजाम देने से पहले व्यक्ति के स्कैल्प को साफ़ किया जाता है और फिर मरीज को कोई दर्द न हो, इसके लिए उसे एनेस्थेसिया दिया जाता है। हेयर ट्रांसप्लांट के लिए दो प्राइमरी तरीके अपनाए जाते हैं। पहला फॉलिक्युलर यूनिट स्ट्रिप सर्जरी (स्नस्स्) और दूसरा फॉलिक्युलर यूनिट एक्सट्रैक्शन (स्नश्व)। स्नस्स् में सिर के पीछे से त्वचा की एक पट्टी निकाली जाती है, जिसे बाद में सावधानीपूर्वक अलग-अलग बालों वाले छोटे ग्राफ्ट में बांटा जाता है। स्नश्व में बालों के रोमों को एक-एक करके निकाला जाता है। दोनों तरीकों द्वारा टार्गेटेड क्षेत्रों में ग्राफ्टों को सावधानीपूर्वक लगाना शामिल होता है। हेयर ट्रांसप्लांट में लगने वाला समय इस बात पर निर्भर करता है कि ट्रांसप्लांट का दायरा कितना है। मरीज बालों को और ज्यादा घना बनाने या झड़ने की समस्या से निजात पाने के लिए अतिरिक्त प्रक्रियाओं का विकल्प भी चुन सकते हैं। रीजेंसी हॉस्पिटल लिमिटेड कानपुर की डर्मेटोलॉजिस्ट कंसल्टेंट डॉ ध्वनि सक्सेना हेयर ट्रांसप्लांट की जानमानी एक्सपर्ट हैं। उन्होंने बताया, हेयर ट्रांसप्लांट सर्जरी के बाद ज्यादातर मरीजों को 6 से 9 महीने में शानदार असर देखने को मिलता है हालांकि पूरा असर नज़र आने के लिए साल भर भी लग सकता है।

# ओराइमो ने ज्यादा आकर्षक फीचर और 40 घंटे के व्यापक प्लेटाइम के साथ फ्रीपॉड्स लाइट को भारत में लांच किया

**लखनऊ।** ऑडियो नवाचार में अग्रणी रहने वाले ओराइमो को अपने सबसे आधुनिक मास्टरपीस-फ्रीपॉड लाइट की पेशकश की घोषणा की है जो वास्तव में वायरलेस ऑडियो तकनीक के सबसे टॉप वायरलेस ईयरबड्स का प्रतिनिधित्व करता है।

फ्रीपॉड्स 4 एवं ओपनपॉड्स जैसे प्रोडक्ट की सफलता के बाद ओराइमो भारत भर के उपयोगकर्ताओं को एक बार फिर नया ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिये तैयार है। ओराइमो, अपनी इस नयी पेशकश के साथ बॉलीवुड अवतार मृणाल ठाकुर को अपना आइऑन बनाकर गर्व महसूस कर रहा है। यह आपसी समर्थन नये युग की बात करता है जहां व्यवहारिक रूप से स्टाइल का मेल दिखता है। यूजर को बेहद अनोखी सुविधाओं के साथ शानदार ऑडियो अनुभव देने के लिये फ्रीपॉड्स लाइट को डिजाइन किया गया है, जो डायनामिक साउंड क्वालिटी देने का वादा करता है। चाहे आप संगीत प्रेमी हों, फिटनेस के शौकीन हों या आप नियमित सुनने वाले हों, फ्रीपॉड्स लाइट आपके ऑडियो अनुभव को और बेहतरीन करने के लिये आपके सामने है। केवल एक बार चार्ज करने पर 40 घंटे के व्यापक प्लेटाइम के साथ फ्रीपॉड्स लाइट अपना शक्तिशाली पावर पेश करता है, जिससे आप अधिक समय तक संगीत अनुभव ले सकते हैं। फास्ट चार्जिंगः यह ईयरबड्स केवल 10 मिनट में ही तेजी से चार्ज हो जाते हैं, जो 120 मिनट का प्लेटाइम देते हैं। अद्भुत साउंड क्वालिटीः फ्रीपॉड्स लाइट एक जबरदस्त साउंड प्रोफाइल प्रदान करता है। इसके क्रिस्टल क्लियर नोट्स प्रत्येक ट्रैक में जान फूंक देते हैं। अनुकूल श्रवण अनुभवः फ्रीपॉड्स लाइट आपकी इच्छा के अनुरूप अद्भुत श्रवण प्रोफाइल देते हुए यह सुनिश्चित करता है कि प्रत्येक नोट को उसी तरह सुना जा सके जैसा कि आप सुनना चाहते हैं। ओराइमो साउंड ऐप इंटीग्रेशनः आपके अनुभव को और बेहतरीन करने के लिये हमारा ओराइमो साउंड ऐप आसानी से आपके डिवाइस की




कार्यक्षमता को बढ़ाता है। यह ऐसा अकेला ब्रांड है जो 1000 रूपये से कम कीमत वाले प्रोडक्ट के साथ इस तरह का ऐप पेश करता है। ओराइमो सबसे आधुनिक ऑडियो तकनीक को हर किसी तक आसानी से पहुंचाने के लिये प्रतिबद्ध है। फ्रीपॉड्स लाइट की लांच कीमत केवल 799 रूपये है, जो शानदार गुणवत्ता अनुभव देने वाले प्रोडक्ट के लिये एक अविश्वसनीय मूल्य है।

फ्रीपॉड्स विशेषरूप से अनुमानतः फ्लिपकार्ट पर 19 सितंबर 2023 से बिक्री के लिये उपलब्ध होंगे। इस लांच के बारे में ओराइमो के सीईओ कहते हैं कि हम समझते हैं कि अद्भुत साउंड क्वालिटी और सहूलियत एक प्रीमियम कीमत के साथ नहीं मिलनी चाहिये और फ्रीपॉड्स लाइट, गुणवत्ता के साथ बिना कोई समझौता किये हर किसी के लिये सुलभ बनने की दिशा में काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय बाजार में बेहतर ऑडियो सॉल्यूशन लाने के हमारे सफर में फ्रीपॉड्स लाइट का लांच एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। हम संगीत प्रेमियों, पेशेवरों और नियमित उपयोग करने वालों को एक अनूठा ऑडियो अनुभव प्रदान करने के लिये उत्साहित हैं। फ्रीपॉड्स लाइट, अधिकृत ओराइमो ऑनलाइन प्लेटफॉर्म से खरीदे जा सकेंगे। ओराइमो की पेशकश, फ्रीपॉड्स लाइट के साथ ऑडियो क्रांति का हिस्सा बनने का मौका न चूकें। ऑडियो और मोबाइल उपकरण उद्योग में ओराइमो एक अग्रणी ब्रांड है, जो दुनियाभर में उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता युक्त नवीन और किफायती प्रोडक्ट प्रदान करने के लिये समर्पित है। प्रत्येक उपभोक्ता के लिये प्रीमियम ऑडियो आसानी से उपलब्ध हो सके, इस सोच पर तकनीकी दक्षता के साथ ओराइमो, ऑडियो क्षेत्र में लगातार काम कर रहा है।

# देश भर के 900 से अधिक छात्रों ने डिजिटल साक्षरता, सुरक्षा एवं स्वास्थ्य सम्बन्धी वर्कशॉप में भाग लिया

**लखनऊ।** लखनऊ, दिल्ली, पटना, बेंगलुरु, रांची, दरभंगा और नवादा में ऑनलाइन सुरक्षा और यौन



एवं प्रजनन स्वास्थ्य पर सिलसिलेवार तरीके से आयोजित वर्कशॉप ने छात्रों को सेफ्टी से दोस्ती करने के लिए प्रेरित किया।

युवाओं द्वारा डिजिटल साक्षरता, ऑनलाइन सुरक्षा और स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर खास तौर से ध्यान देना बेहद जरूरी है और इसलिए उन्हें जागरूक बनाने के लिए पूरे भारत में सिलसिलेवार तरीके से आयोजित की गयी ये वर्कशॉप एक बहुत बड़ी पहल है. पिछले एक महीने के दौरान लखनऊ, दिल्ली, पटना, बेंगलुरु, रांची, दरभंगा और नवादा सहित देश के सात प्रमुख शहरों में 900 से अधिक छात्रों को एक ख़ास वर्कशॉप के आयोजन से बहुत कुछ सीखने का अवसर मिला। उपयोगी जानकारी प्रदान करने वाले इन सत्रों में ऑनलाइन सुरक्षा, यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य, साइबर स्टॉकिंग, साइबर बुलिंग, साइबर ग्रूमिंग, ऑनलाइन खतरे जैसे कई आवश्यक विषयों को भी शामिल किया गया । पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया नामक एनजीओ द्वारा विभिन्न नागरिक समाज संगठनों तथा सरकारी संस्थानों के सहयोग से वर्कशॉप का आयोजन किया गया, जिसमें शिक्षकों के क्षमता विकास पर भी चर्चा हुई । इन सत्रों में किशोर यौन एवं प्रजनन स्वास्थ्य (ऋस्ऌ) के संबंध में उम्र के लिहाज से उपयुक्त जानकारी की अहमियत पर बल दिया गया। ये भी उजागर किया गया कि कैसे किशोर ऑनलाइन माध्यमों को सुरक्षित रह कर प्रयोग में ला सकते हैं. आज के दौर में डिजिटल साधनों की पहुंच का दायरा लगातार बढ़ रहा है, और ऐसे माहौल में किशोरों के विभिन्न प्रकार के ऑनलाइन उत्पीड़नों की चपेट में आने की संभावना भी बढ़ रही है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट के अनुसार, 30 देशों में एक-तिहाई से अधिक युवाओं को साइबर बुलिंग का सामना करना पड़ा है। इसके अलावा, संयुक्त राष्ट्र ने बच्चों पर नफरत भरे भाषण, हिंसक सामग्री और ग़लत सूचना के प्रभाव तथा ऑनलाइन यौन शोषण के बढ़ते जोखिमों के बारे में भी अपनी चिंता व्यक्त की है। संयुक्त राष्ट्र के निष्कर्षों के अनुसार, 25 देशों के 80त्न से अधिक बच्चों पर ऑनलाइन यौन शोषण का खतरा है।

# हॉलीवुड की सबसे बड़ी एक्शन फिल्म एक्सपेंडेबल्स,भारत मे रिलीज होने के लिए तैयार!

**लखनऊ।** फैंस के बीच पॉपुलर और हॉलीवुड की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी में से एक , जिसके चौथे अध्याय की हो रही हैं सिनेमाघरों में एंट्री। यह फिल्म चार भाषाओं में दिखाई जाएगी ( हिंदी, अंग्रेजी, तेलुगु और तमिल )। इस फ़िल्म का डिस्ट्रब्यूशन मल्टीविज़न मल्टीमीडिया इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एमवीपी इंडिया) द्वारा किया जाता है। मल्टीविजन मल्टीमीडिया इंडिया प्राइवेट



लिमिटेड (एमवीपी स्टूडियोज) के कंट्री हेड सुनील उधानी कहते हैं कि एक्सपेंडेबल्स एक बहुत बड़ा ब्रांड है, और हम इस फ्रेंचाइजी के चौथे भाग को भारत में लाने और 22 सितंबर को इसकी सबसे बड़ी रिलीज करने के लिए बहुत उत्साहित हैं। हर पार्ट के साथ यह फ्रेंचाइजी बड़ी होती जा रही है।

स्कॉट वॉ, जिन्हें ÷नीड फॉर स्पीड÷ और ÷हिडन स्ट्राइक÷ फिल्मों के लिए जाना जाता है, उन्होंने फिल्म का निर्देशन किया है, जिसमें स्टैथम और स्टेलोन क्रमशः ली क्रिसमस और बार्नी रॉस के अपने किरदारों को दोहराते हैं। जेसन स्टैथम ने हॉलीवुड सुपरस्टार सिल्वेस्टर स्टेलोन में साथ काम करने पर कहा, सिल्वेस्टर स्टेलोन एक्सपेंडेबल्स है, उनके बिना मैं आज यहां आपके सामने नहीं आ पाता। वह इस फिल्म के बारे में हर चीज का प्रतिनिधित्व करते है, उनकी मौजूदगी के बिना, उनकी क्रेएटिविटी के बिना हम एक्सपेंडेबल्स में कुछ भी नहीं हैं। वह इस फिल्म के बैकबोन हैं। सेट पर उनके आने से एक एनर्जी महसूस होती हैं वो अविश्वसनीय है , सेट पर सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत हैं, हर कोई स्ली की ओर नजरे गढ़ाए रहता है, उनकी अद्भुत बुद्धि, हास्य और शानदार अभिनय अविस्मरणीय है, और वह एक निर्देशक है, वह आपको सिर्फ बेहतरीन लाइनें दे सकते है।

# दीपक चाहर ने लॉन्च किया अपना घरेलू स्पोर्ट्स ब्रैंड डीनाइन स्पोर्ट्स क्रिकेट स्पाइक्स और स्पोर्ट्स न्यूट्रिशन सेगमेंट में आएगा बड़ा बदलाव

**लखनऊ।** खिलाड़ियों के प्रदर्शन और तंदुरुस्ती में सुधार के लिए समर्पित, नए जमाने का आधुनिक ब्रैंड डीनाइन स्पोर्ट्स भारतीय खेल उद्योग में अपनी पहचान बनाने के लिए पूरी तरह तैयार है। डीनाइन को आधिकारिक रूप से 19 सितम्बर को लॉन्च किया जा रहा है और इस ब्रैंड का लक्ष्य क्रिकेट और दूसरे खेलों के लिए उत्कृष्टता के एक नये युग की शुरुआत करना है। यह ब्रैंड पेशेवर क्रिकेटरों सहित खिलाड़ियों की अलग तरह की ज़रूरतों के लिए डिजाइन किये गए अत्याधुनिक व्यापक उत्पादों को पेश करके गर्व हो रहा है। ब्रैंड के फाउंडर, दीपक चाहर पहले अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी है, जिन्होंने अपना क्रिकेट शूज तैयार किया है। उन्हों ने बिलकुल सही क्रिकेट शू का निर्माण करने के लिए 18 महीनों से अधिक समय तक अनुसंधान और विकास किया। ये क्रिकेट स्पाइक्स और रबर स्टड्स खेल में प्रदर्शन और सुरक्षा को एक नया आयाम देने को तैयार हैं। डीनाइन स्पोर्ट्स शूज न केवल तकनीकी रूप से बेहतर है, बल्कि इन्हें इंटरनेशनल फिजियोथेरेपिस्ट, प्रशिक्षणों और खिलाड़ियों द्वारा अनुमोदित भी किये गए हैं। ब्रैंड के प्रमुख उत्पादों में से एक,




डीनाइन वीऑलिव व्हे प्रोटीन सप्लीमेंट उद्योग में धूम मचाने के लिए तैयार है। इसकी एक खुराक में 24 ग्राम व्हे प्रोटीन होता है। इसके अलावा इसमें 4.5 ग्राम बीसीएए, 8.6 ग्राम इएए, प्रीबायोटिक्स और पाचक एंजाइम्स होते हैं। यह अपनी मांसपेशियों को सुगठित और भरा-पूरा बनाने के इच्छुक खिलाड़ियों के लिए बेहद उपयोगी है। डीनाइन हेल्थ सप्लीमेंट्स को इसकी सुरक्षा और प्रभावकारिता के लिए एफएसएसएआई, आईएसओ, और जीएमपी द्वारा सख्ती से जाँचा-परखा गया है। डीनाइन स्पोर्ट्स की प्रेरणा के स्रोत, श्री दीपक चाहर ने गुणवत्ता और कम कीमत के प्रति अपना समर्पण व्यक्त करते हुए कहा कि, ÷डीनाइन स्पोर्ट्स में हम सभी उम्र के क्रिकेट खिलाड़ियों के आराम और परफॉरमेंस में सुधार के लिए वचनबद्ध हैं। हमारे उत्पादों को लंबे समय में एक महत्विपूर्ण स्थाएन प्रदान करने के लिए डिजाइन किया गया है, जो खिलाड़ियों को चोट लगने के न्यूनतम जोखिम के साथ अपना करियर आगे बढ़ाने में मदद करते हैं। बेहद सावधानी से तैयार किये गए क्रिकेट शूज से लेकर हमारे अभिनव सप्लीमेंट्स तक, हमारे एक-एक उत्पाद को कठिन रिसर्च और डेवलपमेंट के माध्यम से परखा गया है और इस प्रक्रिया में मैदान पर आने वाली चुनौतियों पर पूरा ध्यान दिया गया है।

## जल जीवन मिशन का हुआ प्रशिक्षण



**गौरीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** सरकार की अतिमहत्वाकांक्षी योजना हर घर नल जल पर तेजी से कार्य हो रहा है।आम ग्रामीणों से लेकर जनप्रतिनिधियों तक को जागरूक भी किया जा रहा है।विकास खंड में चल रहे जल जीवन मिशन का वार्ड सदस्यों का दो दिवसीय प्रशिक्षण मंगलवार को सम्पन्न हुआ। मास्टर ट्रेनर राजेश कुमार वर्मा ने प्रशिक्षणार्थियों को बताया कि प्रकृति की गोद से इंसान, जीव और पेड़ पौधों के लिए जीने के तरह तरह के संसाधन मिले हैं, जिसकी महत्ता समझते हुए उसका सदुपयोग करने की जरूरत हैं। उसी की एक कड़ी जल भी हैं, जो मनुष्य से लेकर, पशु और पेड़ पौधे सबके लिए अमूल्य धरोहर हैं। हम सभी को इसकी बर्बादी नहीं करना चाहिए।बरसात के पानी का संचय पानी की बर्बादी को रोका जा सकता है।इस अवसर पर ट्रेनर रमेश कुमार, धीरेंद्र सिंह, अमरेन्द्र सिंह, अपार सिंह, अनुभव यादव, राम मूरत, शिव दर्शन यादव, हनुमान यादव, राजेन्द्र यादव, सर्वेश शर्मा, सूरज दुबे, सूर्य प्रकाश तिवारी, योगेंद्र नाथ पांडेय आदि मौजूद रहे।

## चंदौकी कलस्टर का हुआ गठन

**मुंशीगंज (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** केन्द्र और प्रदेश सरकार



लगातार ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है।इसी क्रम में ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को समूह से जोड़कर उन्हें तरह तरह से कार्य देकर मजबूती और आर्थिक रूप से सम्पन्न करने का कार्य कर रही है। केन्द्र सरकार द्वारा संचालित राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत विकास खंड के 39 ग्राम सभाओं में महिलाओं के 520 समूह संचालित हैं। जिसे चार कलस्टर में बाटा गया हैं। इनमें शाहगढ़, कौहार, सेवई हेमगढ़ के बाद चंदौकी कलस्टर सृजित हैं। विकास खंड के बाकी कलस्टर का गठन पूर्व में हो चुका हैं। अवशेष चंदौकी क्लस्टर में नई किरण महिला प्रेरणा संकुल संघ का गठन हुआ। इस अवसर पर एडीओ मनी राम सरोज, ग्राम विकास अधिकारी राम मिलन, ब्लाक मिशन प्रबन्धक सुशील कुमार, मैनेजर अमित कुमार, सोनू कुमार आदि मौजूद रहे।

## संजय गांधी अस्पताल का लाइसेंस हुआ निलंबित

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** गत दिनों पथरी के उपचार के लिए आई एक




महिला को बेहोशी का इंजेक्शन लगाने के बाद हालत बिगड़ने से उसकी मौत के प्रकरण को लेकर परिजनों द्वारा हंगामा काटना डिप्टी सीएम वृजेश पाठक का मामले को संज्ञान लेते हुए तीन सदस्यीय जांच टीम गठित करना, जांच टीम में डॉक्टर रामप्रसाद अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर पी के उपाध्याय उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मुख्य चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर अभय गोयल एनेस्थेटिस्क जिला संयुक्त चिकित्सालय गौरीगंज शामिल रहे।इनकी जांच आख्या के आधार पर दोष सिद्ध होने पर संजय गांधी हॉस्पिटल मुंशीगंज का रजिस्ट्रेशन तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया। उक्त आशय का एक पत्र सीएमओ अमेठी ने जारी किया है। इस सूचना पर जिले में अफरा तफरी का माहौल रहा, लोग सार्वजनिक स्थलों और चट्टी चौराहों पर भी संजय गांधी अस्पताल पर हुई कार्यवाही की चर्चा करते देखे गए।इस चर्चा के पीछे अमेठी में चिकित्सा व्यवस्था की कोई और सुंदर व्यवस्था ना होना कारण माना जा रहा है।लोग इसको राजनीतिक दृष्टिकोण से भी देखकर चर्चा कर रहे हैं।

# सीएम योगी के नेतृत्व में कुपोषण मुक्त होगा प्रदेश: डॉ शलभ मणि

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज लखनऊ स्थित लोकभवन में 155 करोड रुपए की लागत से 1359 आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास किया तथा 50 करोड रुपए की लागत से 171 बाल विकास परियोजना कार्यालय का शिलान्यास किया। कार्यक्रम का सजीव प्रसारण विकास भवन स्थित गांधी सभागार में किया गया जिसे सदर विधायक डॉ शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया, नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह, जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह एवं सीडीओ प्रत्यूष पांडे की उपस्थिति में किया गया। इस अवसर पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि योगी सरकार के प्रयासों से आंगनबाड़ी केंद्रों का निरंतर उन्नयन हो रहा है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए टेक होम राशन के तहत फोर्टीफाइड राइस, दाल, गेहूं की दलिया एवं तेल दिया जा रहा है। आंगनबाड़ी केंद्रों पर आने वाले बच्चों को प्रारंभिक अक्षर ज्ञान संख्या ज्ञान एवं जोर-जोड़कर वाक्य बोलना सिखाया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अथक प्रयासों के फ़लस्वरूप इंसेफेलाइटिस का खात्मा हुआ है। उसी तर्ज पर मुख्यमंत्री जी के नेतृत्व में प्रदेश को कुपोषण मुक्त किया जाएगा। विधायक रामपुर कारखाना सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के विकास के प्रति समर्पित है। पोषण माह के अंतर्गत विविध गतिविधियां आयोजित कर गर्भवती महिलाओं एवं 6 वर्ष से कम आयु के बच्चों को लाभ दिया जा रहा है।नगर पालिका अध्यक्ष अलका सिंह ने प्रदेश सरकार की योजनाओं का उल्लेख किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री जी द्वारा आज जनपद के चार आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण एवं 13 का शिलान्यास किया गया है। सचिन आंगनबाड़ी केंद्रों का लोकार्पण किया गया है, उनमें रुद्रपुर का श्रीनगर कोल्हुआ, गौरीबाजार का करमजीतपुर, भलुअनी का फतेहपुर एवं देसही देवरिया का टड़वा शामिल है। उन्होंने बताया कि जनपद के सभी 3,241 आंगनबाड़ी केंद्र परिसर में सहजन का पेड़ लगाने का अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान अच्छा कार्य निष्पादन करने वाली 34 आंगनबाडी कार्यकत्रियों को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया गया। जिन आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्मानित किया गया उनमें ममता देवी, शाहजहां खातुन, सावित्री देवी, सुनीला यादव, वन्दना मद्धेशिया, पुष्पा शर्मा, सरिता गुप्ता, जानकी देवी, निर्मला गुप्ता, इन्दु देवी, निर्मला देवी, पूनम देवी, मीरा शर्मा, तारा यादव, सरोज चौहान, रीना साहनी, बिन्दु देवी, रेखा देवी, सुषमा मल्ल, मालती देवी, बिन्दु सिंह, मीनाक्षी कुशवाहा, पुष्पा पाण्डेय, सुनीता देवी, ज्योति शर्मा, चन्द्रप्रभा सिंह, मंजू रानी, पूनम सागर, शोभा देवी, विभा चौरसिया, गीता मौर्या, बिन्दा यादव, सुमन सिंह, शीला सिंह आदि शामिल हैं।

## डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखण्ड प्रताप सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को देर सायं जिला शिक्षा अनुश्रवण समिति की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित समस्त जनपदीय एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।

समीक्षा में परिवार सर्वेक्षण में जनपद देवरिया का प्रदेश स्तर पर प्रथम स्थान पाया गया। विकास खण्ड लार, देवरिया एवं बरहज के खण्ड शिक्षा अधिकारियों को परिवार सर्वेक्षण कार्यों में तेजी लाने हेतु जिलाधिकारी ने निर्देशित किया तथा अवशेष बचे परिवार सर्वेक्षण का कार्य 15 दिवस के अन्दर पूर्ण कराने हेतु सभी खण्ड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। डीबीटी योजना में कुल 155522 बच्चों के अभिभाव के खातों धनराशि शासन स्तर से प्रेषित कर दी गयी है। शेष 3059 नाट सीडेड एवं 3788 आधार जिनका अप्राप्त है, को एक सप्ताह के अन्दर पेंडिंग कार्य को पूर्ण करने हेतु जिलाधिकारी ने सभी खड शिक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया। पुनर्निमाण हेतु भवनों के निर्माण के लिए नामित कार्यदायी संस्था यूपी स्टेट कन्स्ट्रक्शन एण्ड इन्फास्ट्रक्चर डेवलेपमेंट कार्पोशन देवरिया को अनारम्भ 21 भवनों को तत्काल ले आउट कराने हेतु निर्देशित किया तथा 40 ले-आउट एवं 15 नींव स्तर के भवनों को 25 प्रतिशत से ऊपर निर्माण करने हेतु निर्देशित किया।

## जिले में लर्निंग लैब बनेंगे 14 आंगनबाड़ी केंद्र, बदलेगी सूरत

शकील अहमद

- अब आंगनबाड़ी केंद्रों पर भी बेहतर शिक्षा देने की तैयारी शुरू

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले बच्चों को भी शिक्षा का बेहतर माहौल देने की तैयारी शुरू हो गई है। बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग अब आंगनबाड़ी केंद्रों में लर्निंग लैब बनाएगा। जिले के सभी ब्लॉकों के एक-एक आंगनबाड़ी केंद्र का चयन किया गया है। विद्युतीकरण के अलावा 18 बिंदुओं पर कार्य कराए जाएंगे।

जिले में आंगनबाड़ी केंद्र संचालित हैं। शासन की ओर से आंगनबाड़ी केंद्रों को बेहतर बनाने की तैयारी चल रही है। प्रथम चरण में ब्लॉक से एक-एक आंगनबाड़ी केंद्र का चयन कर वहां लर्निंग लैब बनाई जाएगी। जिले के 14 ब्लॉकों से एक-एक आंगनबाड़ी केंद्र का चयन किया गया है, जो ब्लॉक से नजदीक हो। यहां पर कई तरह की सुविधाएं मौजूद रहेंगी। इसमें तीन से चार वर्ष के बच्चों को रंगों के साथ अक्षर ज्ञान भी कराया जाएगा।

इसमें सुरक्षित एवं स्वच्छ पेयजल, ओवरहेड टैंक के साथ नल जल आपूर्ति, शौचालय, दिव्यांग मैत्रिक ग्रीन बोर्ड, केंद्र पर रंगाई पुताई और चित्रकारी, दिव्यांग लाभार्थियों के लिए रैंप, विद्युत संयोजन, विद्युत आपूर्ति सुरक्षित वायरिंग के साथ लाइट, पंखे, फर्नीचर, गेट के साथ बाउंड्रीवाल के अलावा रसोई में सिंक के साथ नल-जल की व्यवस्था आदि की जाएगी।

शैलेंद्र राय, जिला कार्यक्रम अधिकारी ने कहा कि लर्निंग लैब के रूप में विकसित करने के लिए जिले के 14 आंगनबाड़ी केंद्रों को चयनित किया गया है। जल्द ही चयनित आंगनबाड़ी केंद्रों पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## एसीएमओ ने सीएचसी मोतीचक मथौली का किया निरीक्षण



**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोतीचक मथौली का मंगलवार की शाम पांच बजे एडिशनल सीएमओ ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीएमओ एस एन त्रिपाठी ने सबसे पहले अस्पताल की साफ- सफाई, इमरजेंसी वार्ड, कर्मचारी उपस्थिति पंजिका, ओपीडी रजिस्टर, वैक्सीन रुम, प्रसव कक्ष, लैब, आदि का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कमियों को दुरुस्त करने का निर्देश प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ राजेश मद्धेशिया को दिया। इसके साथ ही बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने का भी दिशा निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान एडिशनल सीएमओ ने सबकुछ ठीक ठाक पाया। इस दौरान डॉ. सुधीर तिवारी, फैजल अब्बास, सुनील कुमार, उदय प्रताप सिंह, प्रिया राय स्टॉफ नर्स, शिवांगी दुबे आदि मौजूद रहे।

## पंचायत भवन मथौली 3.18 लाख में नीलाम यहां बनेगा भव्य नगर पंचायत कार्यालय




**मथौली बाजार, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे के मुख्य चौराहे पर स्थित पंचायत भवन का नीलामी प्रक्रिया मंगलवार को पूर्ण कर लिया गया। उक्त पंचायत भवन 3.18 लाख में नीलाम हुआ है। अब यहां भव्य नगर पंचायत कार्यालय बनेगा। बता दें कि अस्थाई नगर पंचायत कार्यालय में पुर्व निर्धारित टेंडर प्रक्रिया के अनुसार नीलामी शुरू की गई जहां पीडब्ल्यूडी विभाग द्वारा मथौली पंचायत भवन की नीलामी हेतु तीन लाख बारह हजार आठ सौ पांच रुपया (3,12, 805) तय किया गया था। इस नीलामी प्रकिया में सबसे अधिक बोली रविशंकर तिवारी ने तीन लाख अठठारा हजार पांच सौ रुपए (3,18, 500) की बोली लगाकर मथौली पंचायत भवन अपने नाम कर लिया। ज्ञात हो कि मथौली में स्थित पंचायत भवन के जगह पर नए नगर पंचायत कार्यालय का निर्माण होना है। इस दौरान चेयरमैन नवरंग सिंह, अधिशाषी अधिकारी सीमा राय, जेई कृष्ण कुमार मद्धेशिया, लिपिक हरेराम शर्मा, सभासद प्रिंस जायसवाल, रविन्द्र सैनी, प्रिंस मद्धेशिया, रामकृपाल यादव, महेंद्र यादव, दिनेश राव, अदालत प्रसाद, श्रीराम कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

## राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सुरक्षा में बड़ी चूक



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की सुरक्षा में बड़ी चूक सामने आई है। जंगल धूषण वापस लौट रही राज्यपाल की फ्लिट आने से से पहले दो बाइक सवार युवक पुलिस की लापरवाही से सड़क पर आ गए। जिसकी वजह से काफिले में चल रही तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी उनकी जोरदार टक्कर हो गई। दोनों घायलों को इलाज के लिए बीआरडी भेजा गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। इतना ही नहीं, तेज रफ्तार पुलिस की गाड़ी बाइक सवारों को रौंदते हुए एक दुकान में घुस गई। जिसके बाद गाड़ी पेड़ से टकराकर रूक गई। घटना पिपराइच इलाके पादरी रोड पर स्थित लाला बाजार, हैदर गंज मोड़ पर हुआ।

## अभियान चलाकर प्लास्टिक के दुष्परिणामों की दी जानकारी



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय, गोरखपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना की महायोगी आदिनाथ एवं महायोगी मत्स्येन्द्रनाथ इकाई के संयुक्त तत्वावधान में स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के तहत प्लास्टिक प्रतिबंधन पर जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। आयोजन के दौरान कम्पोजिट उच्च प्राथमिक विद्यालय बालापार में कक्षा एक से आठवीं तक के विद्यार्थियों को प्लास्टिक के प्रयोग के दुष्परिणामो एवं वातावरण को होने वाली हानियों के बारे मे विस्तारपूर्वक बताया गया। साथ ही उन्हें इसका प्रयोग नहीं करने के लिए जागरूक किया गया। इस दौरान सभी स्वयंसेवकों ने स्वच्छता ही सेवा के तहत विद्यालय परिसर में झाड़ू लगाकर, पौधों की सफाई कर बच्चों को साफ सफाई करने का तरीका बताया। विश्वविद्यालय की टीम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. विकास कुमार यादव, डॉ. अनामिका अर्जरिया तथा आचार्य साध्वी नन्दन पाण्डेय शामिल रहे।

## महायोगी गोरखनाथ विवि में मना गणपति महोत्सव

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय गोरखपुर



के अंतर्गत संचालित संबद्ध स्वास्थ्य विज्ञान संकाय एवं दीप्तिमान संस्कृति फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में अधिष्ठाता प्रो. सुनील कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंगलवार को गणपति महोत्सव मनाया गया। महोत्सव में सर्वप्रथम विश्वविद्यालय के कुलपति मेजर जनरल डॉ. अतुल वाजपेयी ने दीप प्रज्वलित कर गणपति बप्पा की पूजा एवं आराधना की। उन्होंने सभी को गणपति बप्पा महोत्सव मनाने का महत्व बताते हुए ईश्वर के प्रति सदा भक्तिभाव रखने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर आयुर्वेद कॉलेज के प्राचार्य डॉ. मंजूनाथ एनएस, कृषि संकाय के अधिष्ठाता डॉ. विमल कुमार दूबे, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. अखिलेश दुबे, डॉ. विनम्र शर्मा, डॉ. पवन कुमार कन्नौजिया, डॉ. कुलदीप सिंह, डॉ. अनुपमा ओझा, सुश्री प्रभा शर्मा, अपूर्वा आनंद सिंह सहित विभाग के सभी प्राध्यापक उपस्थित रहे। इस महोत्सव में विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा गणपति बप्पा पर केंद्रित कलाकृतियों को प्रांगण में सजाया गया। कार्यक्रम का संयोजन डॉ. संदीप कुमार श्रीवास्तव ने किया।

## गणेश चतुर्थी पर निकली भव्य कलश यात्रा

**बाजार शुकुल (अमेठी) अवधनामा संवाददाता।** मंगलवार को गणेश चतुर्थी के पुनीत पर्व पर गणनायक विघ्न विनाशक गणेश जी की पूजा -अर्चना हेतु सेवा समिति द्वारा कटरा चौराहा से गोमती नदी तक भव्य कलश यात्रा का आयोजन किया गया। आदि गड्गा गोमती से जल लाने के लिए गणेश भक्त पुरुष व महिलाएं पैदल ही कलश लेकर निकल पड़ी। गणेश जी की पूजा जलकलश यात्रा से शुरु होकर 24 सितम्बर तक चलेगी। इसके उपरान्त 25 सितम्बर को गणेशजी की मूर्ति का विसर्जन मंत्रोच्चारण के साथ किया जायेगा।

# दो दिन से लापता युवक का शव गांव के समीप पेड़ से लटकता मिला

अवधनामा ब्यूरो

- मां की डांट से नाराज होकर 17 सितम्बर को घर से निकला था युवक
- पडरौना कोतवाली क्षेत्र के पचफेड़ा गांव का है मामला

**कुशीनगर।** पडरौना कोतवाली थाना क्षेत्र के पचफेड़ा गांव में मंगलवार की सुबह एक शीशम की पेड़ से लटकता हुआ दो दिन पूर्व से लापता किशोर का शव मिला, जिसे देख परिजनों के होश उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के भेज दिया।

मिली जानकारी के अनुसार पिंटू प्रसाद उम्र करीब 18 वर्ष बीते 17 सितम्बर को किसी बात से खफा होकर बिना बताए घर से निकल गया। जब पूरा दिन व पूरी रात गायब रहने के बाद परिवार के लोगों ने पास पड़ोस व रिश्तेदारों के यहां खोजबीन किया परन्तु कहीं पता नहीं चल सका। गांव के पूरब प्राथमिक विद्यालय के पास गन्ने की खेत में शीशम के पेड़ से मंगलवार की सुबह लटका हुआ शव ग्रामीणों द्वारा देख परिजनों को सूचना दिया। आनन फानन में घटना स्थल की ओर दौड़े शव देख दहाड़े मारकर रोने लगे। मृतक की मां बेहोश होकर गिर पड़ी।

घटनास्थल पर पहुंचे कोतवाल राज प्रकाश सिंह ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज अगली कार्यवाई में जुट गई। बताया जा रहा है कि दो दिन पूर्व किसी बात को लेकर मां की डांट से खफा होकर पिंटू घर से निकल गया था, जिसका शव मंगलवार को सुबह गांव के बाहर पेड़ से लटकता मिला।

## सर्प दंश से युवक की मौत, परिवार में मातम

**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** जटहां बाजार थाना क्षेत्र के जटहां जंगल निवासी एक तीस वर्षीय युवक की सर्प दंश से मौत हो गई। युवक की मौत से परिवार में मातम छाया हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र जटहां बाजार के उक्त गांव निवासी सत्तन बैठा पुत्र श्री किशुन रोज की तरह सोमवार की रात भी करीब 11 बजे अपने बिस्तर पर सो रहा था जिसे किसी विषधर सर्प ने डंस लिया। सर्प डंसने के बाद उसने तत्काल परिजनों को बताया। परिजन जिला संयुक्त अस्पताल रवींद्र नगर ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के सम्बंध में बताया जा रहा है कि मानसिक इच्छा के अनुसार वह प्रारम्भ से ही नीचे फर्श पर बिस्तर लगा वह सोया करता था। वह छः भाइयों में चौथे नम्बर का भाई था।

## फरार चल रहा हत्यारोपी गिरफ्तार

**कुशीनगर।** चार दिन पूर्व पत्नी व बेटी की हत्या कर सनसनी फैलाने वाला फरार हत्यारोपी को पुलिस टीम ने मंगलवार साहबगंज चौराहे से दबोच लिया। बता दें कि पुलिस उक्त हत्यारोपी के खिलाफ 25 हजार रुपए इनाम भी घोषित किया था। रामकोला थाना क्षेत्र के फुलवरिया मगरिब गांव निवासी इंद्रजीत अली बीते चार दिन पूर्व घरेलू विवाद को लेकर शब्बल से पत्नी जखीरून (50) व बेटी रूबीना (19) को सर पर प्रहार कर मौत के घाट उतार दिया और उसी दिन से फरार चल रहा था। हत्यारोपी को गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की कई टीमें लगाई गई थी। इसी क्रम में मंगलवार को थाना क्षेत्र के साहबगंज चौराहे से पुलिस टीम ने हत्यारोपी इंद्रजीत को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्त के पास से पुलिस ने हत्या में प्रयुक्त आला कत्ल खंती बरामद करते हुए जेल भेज दिया। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक अखिलेश कुमार सिंह थाना रामकोला संजय कुमार सिंह, लक्ष्मण सिंह, शिवा सिंह, मिथिलेश सिंह, मनोज साहनी व अंकुर चौधरी शामिल रहे।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने भगवान बुद्ध का किया दर्शन, चढ़ाया चीवर

अवधनामा ब्यूरो



- डीएम, एसपी के साथ टीम ने बुद्ध स्थलीय का भ्रमण कर विभिन्न मंदिरों का किया दर्शन

**कुशीनगर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र के साथ पांच सदस्यीय टीम, जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय बुद्ध स्थलीय कुशीनगर का भ्रमण किया गया। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा के साथ टीम के सदस्यों ने सर्वप्रथम महापरिनिर्वाण बुद्ध मंदिर तथागत की लेटी प्रतिमा पर चीवर चढ़ाया और पूजा की।

म्यांमार बुद्ध मंदिर के प्रभारी भिक्षु नन्दका ने पूजा कराई, तथा डॉ अभय राय द्वारा गाईड की भूमिका निभाई गई। तत्पश्चात मुख्य निर्वाचन अधिकारी के साथ टीम ने माथा कुंवर बुद्ध मन्दिर, रामाभार स्तूप (मुकुट वंदन चैत्य) व थाई बुद्ध मन्दिर का भी दर्शन किया। जिलाधिकारी उमेश मिश्रा व एसपी धवल जायसवाल द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी सहित पूरी टीम को होटल इम्पीरियल में स्वागत किया गया। इस दौरान बुद्ध प्रतिमा स्मृति चिन्ह तथा पर्यटन साहित्य पुस्तक भेंट की गई। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के द्वारा आयोग के निर्देश के क्रम में निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यक्रम के संबंध में जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के साथ औपचारिक वार्ता की गई तथा उन्होंने बताया कि कल बुधवार को गोरखपुर में लोकसभा चुनाव तैयारियों की समीक्षा बैठक में भाग लेंगे।

इस मौके पर एडीएम वैभव मिश्र, एसडीएम कसया योगेश्वर सिंह, हाटा हीरालाल, एसडीएम मुहम्मद जफर, सीओ कुन्दन सिंह, पर्यटक सूचना अधिकारी डॉ प्राण रंजन, नायब तहसीलदार शैलेश कुमार सिंह, सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सीएचओ की मदद से कराएं टीबी जांच, घर के नजदीक मिल जाएगा सम्पूर्ण इलाज

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** टीबी उन्मूलन में हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर (एचडब्ल्यूसी) अहम भूमिका निभा रहे हैं । इन पर तैनात सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ) के सहयोग से घर के नजदीक टीबी की जांच कराई जा सकती है । वहीं से सम्पूर्ण इलाज भी संभव है। जिले के 486 एचडब्ल्यूसी पर तैनात कुशल और प्रशिक्षित सीएचओ के स्तर पर बलगम कलेक्शन कर जांच और टीबी की पुष्टि होने पर इलाज की सुविधा भी उपलब्ध है। यह सुविधा अब प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को एचडब्ल्यूसी पर आयोजित आयुष्मान मेले में भी दी जाएगी। यह जानकारी जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ गणेश यादव ने दी।

जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि अब आयुष्मान भवः अभियान के तहत भी टीबी जांच में सीएचओ की भूमिका बढ़ा दी गयी है । माह के प्रत्येक दूसरे शनिवार को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर आयुष्मान मेला लगेगा जिसमें टीबी के संभावित मरीजों की भी स्क्रिनिंग कर उनकी जांच कराई जाएगी। अगर किसी को दो सप्ताह से अधिक समय तक लगातार खांसी, शाम को पसीने के साथ बुखार, बलगम में खून आने की समस्या, सीने में दर्द, भूख न लगना, तेजी से वजन गिरने जैसे लक्षण हैं तो उसे टीबी की जांच अवश्य करवानी चाहिए । जांच में टीबी की पुष्टि होने पर न सिर्फ इलाज किया जाता है बल्कि पोषण युक्त खानपान के लिए मरीज के खाते में इलाज चलने तक 500 रुपये प्रति माह भी दिये जाते हैं। भटहट ब्लॉक के चकदहां गांव की 20 वर्षीय युवती के टीबी की पहचान एचडब्ल्यूसी चकजलाल के सीएचओ विवेकानंद ने ही इसी साल मई माह में की। युवती ने बताया कि उसे सीने में दर्द और खांसी की दिक्कत तीन महीनों से थी। पति श्रमिक हैं। बड़े डॉक्टर को दिखाने के लिए पैसे नहीं थे इसलिए मेडिकल स्टोर से खांसी और दर्द की दवा खरीद कर खा रही थी।

### अभियान में मिले थे नये रोगी

डॉ यादव ने बताया कि 15 मई से 16 जून तक हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर को केंद्रित कर टीबी रोगी खोजने का अभियान चलाया गया था। इसमें 2017 लोगों के बलगम की जांच की गयी थी जिनमें से 101 नये टीबी मरीज मिले। सभी का इलाज चल रहा है । टीबी की जांच व इलाज सम्बन्ध में अतिरिक्त जानकारी के लिए पब्लिक प्राइवेट मिक्स समन्वयक अभय नारायण मिश्र से हेल्पलाइन नंबर 9125765273 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

## सात ट्रेनों का ठहराव हुआ स्वीकृत



**सलेमपुर अवधनामा संवाददाता।** सलेमपुर सांसद रविन्दर कुशवाहा के प्रयास से क्षेत्रीय भाजपा विशेष संसद सत्र के दौरान रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने के पश्चात उप निदेशक रेलवे बोर्ड राजेश कुमार ने आदेश निर्गत कर 11123/24 ग्वालियर-बरौनी का ठहराव भाटपाररानी रेलवे स्टेशन, 11059 / 60 लोकमान्य तिलक-छपरा एक्सप्रेस, 18201/02 दुर्ग नौतनवा एक्सप्रेस का ठहराव सलेमपुर स्टेशन, 11081/82 लोकमान्य तिलक गोरखपुर एक्सप्रेस, 11037/38 पुणे - गोरखपुर का ठहराव बेल्थरा स्टेशन 15111/12 छपरा-वाराणसी एक्सप्रेस का ठहराव रेवती स्टेशन, 19489 / 90 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस का ठहराव भटनी स्टेशन पर शीघ्र किये जाने की स्वीकृति प्रदान किया है। अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस का ठहराव भटनी में किये जाने पर भाजपा नेता सत्यप्रकाश सिंह विशेन ने कहा कि सांसद रविन्दर कुशवाहा का प्रयास सराहनीय है। वे क्षेत्र के लोगो के प्रति समर्पित रहते है। 7 ट्रेनों के ठहराव पर सलेमपुर भाजपा कार्यकर्ताओं ने बधाई दी है। बधाई देने वालो में अशोक पाण्डेय, जयनाथ कुशवाहा गुड्डन, बलबीर सिंह दादा, कन्हैया लाल जायसवाल, अजय दूबे वत्स, अशोक कुशवाहा, अमित सिंह सिद्धू, जगदीश यादव, मनोज सिंह, अभय तिवारी, सुनील स्नेही, राजेश शाह आदि शामिल रहे।

# शिव विवाह सुनने से जीवन की जटिलता दूर होती है: रमेश

अवधनामा संवाददाता

**श्री राम नाम जागरण मंच द्वारा कथा मे प्रतिदिन श्रद्धालुओं की भोजन प्रसाद में उमड़ी भीड़**

**सुल्तानपुर।** शहर में चल रहे भव्य श्रीराम कथा के दूसरे दिवस ज्ञान झंझा मे भक्तों की बड़ी संख्या पंडाल में मौजूद रहे। पंडाल में चल रहे शिव पार्वती कथा का श्रवण पान कराया। एमजीएस मैदान में 11 दिवसीय श्री राम कथा के अमृत महोत्सव में मानस मर्मज्ञ पंडित श्री रमेश भाई शुक्ला जी ने शिव पार्वती कथा श्रवण कराने के पूर्व व्यास पूजन कराया। व्यास पूजन में जिले के संभ्रांत राम भक्तों में भाजपा जिलाध्यक्ष डाक्टर आर ए वर्मा, एमजीएस के प्रवन्धक बिनोद सिंह, प्राचार्य डाक्टर महेश सिंह, अधिवक्ता शुभ नारायण सिंह, प्रधान अनूप चतुर्वेदी, पूजा कसौधन, सभासद दीप सिंह, भारतीय मीडिया परिषद व राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी के जिला अध्यक्ष सर्वेश कुमार सिंह ने भगवान श्रीराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित कर व्यास पूजन किया। कथा व्यास से महाराज ने कथा श्रवण कराते हुए कहा कि नारद जी एक बार भ्रमण करते हुए हिमाचल राज के घर पहुंचे। महाराजा हिमाचल की पत्नी मैना ने नारद मुनि को देखकर उनका स्वागत सत्कार किया और अपनी चिंता को व्यक्त करते हुए पार्वती के विवाह की चर्चा की। भाव सहित मां पार्वती के पूर्व जन्म की कथा श्रवण करते हुए राजा हिमाचल की पत्नी मैना से कहा कि कन्या की भाग्य रेखा में यह लिखा है कि पुत्री बड़ी ही भाग्यवान है, भाग्य में लिखा है की पार्वती का विवाह अघोरी, नग्न भगवान भोलेनाथ के साथ ही होना है, इसलिए भगवान भोलेनाथ को पाने के लिए पुत्री को कठोर तप करना पड़ेगा। जिस पर राजा हिमाचल को बड़ा आश्चर्य हुआ, यह सब पार्वती सुन रही थी पहले से ही भगवान भोलेनाथ को पाने की लालसा मन में थी। भगवान भोलेनाथ के विवाह के पूर्व कहा शिवहि शम्भु गन करहि सिंगारा, बाबा के गणों ने सिंगार शुरू कर दिया, सुंदर प्रसंग प्रस्तुत करते हुए विवाह गीत प्रस्तुत किया। मौजूद भक्तों ने जमकर भक्तिभाव की डुबकी लगाई। श्री राम कथा के संयोजक पंडित निर्मल शास्त्री जी ने पंडाल में पहुंचे श्री राम भक्तों का अभिवादन किया। 17 सितंबर से यह राम कथा सायं 4 बजे से 8 बजे तक प्रतिदिन आगामी 27 सितंबर तक चलेगा। कथा विसर्जन के बाद पंडाल में भोजन प्रसाद वितरण भी चल रहा है। अखिल भारतीय श्री राम नाम जागरण मंच में श्री राम भक्त मंडल के अलावा भोला सोनी, राजकुमार सोनी के अलावा भारतीय मीडिया परिषद जिला महामंत्री जयशंकर दुबे एडवोकेट, मीडिया प्रभारी रवि दुबे, आशीष दुबे, सुनील सिंह, अशोक मिश्रा, सभासद अरुण तिवारी, रामकरन यादव, सुनील यादव, अनिल अग्रहरि, जय प्रकाश तिवारी, मनोज शुक्ला, यश जायसवाल उर्फ राजा, भीम देव, सतीश यादव, अनिल मिश्रा, आशीष द्विवेदी, विकेश सिंह, विनोद श्रीवास्तव, अमर बहादुर यादव, राहुल शर्मा, राजू कौशल, सन्दीप सिंह, अभय प्रजापति, सुजीत गुप्ता, दीप सिंह एडवोकेट, सुदामा पांडे, सुरेश ज्वेल्स, सहित महिलाओं में पूजा कसौधन अर्चना तिवारी, अनीता सिंह, मधु सिंह, कंचन उपाध्यक्ष, अनीता श्रीवास्तव, लगभग सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित रहे। भोलेनाथ के विवाह में नारी चेतना समिति की भागेदारी रही,जिसमे सुनीता कसौधन, प्रीति कसौधन, रीता कसौधन, ममता कसौधन,सालिनी कसौधन, रजनी कसौधन, निशा कसौधन, अर्चना कसौधन, दीपमाला कसौधन, सन्तोष कसौधन, रंजना कसौधन, सारिका कसौधन,कुसुम कसौधन,पूनम, कंचन, नेहा, एकता कसौधन आदि मौजूद रही।

## रेकी कर उड़ाई थी ट्रक पुलिस की जवाबी गोली में बदमाश घायल

**सुल्तानपुर।** बीते 11/12सितंबर की रात रेकी कर उड़ाई गई 14 चक्का ट्रक वाहन सं0 क्र44,ञ 1065 के अभियुक्त को पुलिस ने मुड़भेड़ में गोली मारी है। बताते चलें कि पयागीपुर निवासी दीनदयाल मिश्रा की निकट के चौराहा से ट्रक चोरी हो गया था। सुरगरसी के दौरान पुलिस को निकट के हवाई पट्टी के झाडियों के पास छिपाई गई ट्रक खड़ी मिली। घटना के खुलासे के लिए समस्त पुलिस बल व एसओजी टीम के साथ बने हवाई पट्टी पर मुखबिर के बताये गये निशादेही पर घेरने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस को खुला चैलेंज दे दिया। गिरफ्तारी से बचने के लिए फायर करने लगे। अपने बचाव में पुलिस टीम ने भी फायर किया।

# शारदा नहर में मिला किशोर का शव

अवधनामा संवाददाता



**कूरेभार,सुल्तानपुर।** बारह वर्षीय किशोर का संदिग्ध परिस्थितयों में नहर के अंदर शव मिलने से हड़कंप मच गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किशोर के शव को नहर से निकलवा कर पोस्टमार्टम में भेजा है। पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई की बात कह रही है। मिली जानकारी के अनुसार कूरेभार थाना क्षेत्र के भरथीपुर गांव निवासी रितेश अग्रहरि (12) पुत्र मदनलाल अग्रहरि सोमवार की शाम 5 बजे के आसपास गायब हो गया था। परिवार वालों ने उसकी काफी खोजबीन किया लेकिन जब उसका कुछ पता नहीं चला तो उन्होंने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर किशोर की तलाश शुरू किया। मंगलवार दोपहर रितेश का शव गोसाईगंज थानाक्षेत्र के बाबूगंज स्थित शारदा सहायक नहर में उतरता पाया गया। जिसे देखकर वहां काफी भीड़ जमा हो गई। लोगों ने शव मिलने की सूचना पुलिस को दिया। स्थानीय पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जैसे तैसे शव को बाहर निकलवाया। पंचायतनामा भर कर शव को पोस्टमार्टम में भेजा। एसओ कूरेभार प्रवीण यादव ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही ये पता चल पाएगा की मौत का कारण क्या है। उधर किशोर की मौत से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। मां संगीता देवी का पुत्र की मौत की खबर सुनकर रो रोकर बुरा हाल है। बताया जा रहा है कि मां गूंगी हैं और पिता पैर से दिव्यांग हैं। बूढ़ी दादी हैंजो घर पर परचून की दुकान चलाती हैं। तीन बहनें रिया, रागिनी और श्रेयांसी भी भाई की मौत से सदमे में हैं। परिवार वालों ने घटना को लेकर पुलिस में लिखित तहरीर दी है।

# डॉ. राजीव श्रीवास्तव बेस्ट लायन ऑफ़ द ईयर पुरस्कार से हुए सम्मानित




अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** जनपद में समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाली संस्था लाइंस क्लब मिड टाउन के पूर्व अध्यक्ष व जनपद के सुप्रसिद्ध फिजिशियन एवं हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ राजीव श्रीवास्तव को निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से समय-समय पर जनपद वासियों की निशुल्क सेवा के लिए बेस्ट लायन अवार्ड से विगत दिनों सम्मानित किया गया। मौका था लायंस क्लब के अधिष्ठापन समारोह का,जिसमें लायंस क्लब के गवर्नर जे एन श्रीवास्तव ने डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव को दोबारा बेस्ट लायंस ऑफ़ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया।लायंस क्लब मिड टाउन ने गत वर्ष भी डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव को बेस्ट लाइन ऑफ़ द ईयर के अवार्ड से सम्मानित किया था। गवर्नर श्री जैन श्रीवास्तव ने बताया कि डॉ राजीव श्रीवास्तव जिला 321 के रीजन चेयरपर्सन के रूप में कार्य कर रहे हैं। अमेरिकन कॉलेज ऑफ़ फिजिशियन डे सैंडिगो कैलिफोर्निया में गत वर्ष डॉक्टर राजीव श्रीवास्तव को एसीपी फैलोशिप से भी सम्मानित किया है। लायंस क्लब में टाउन लायंस क्लब सेंट्रल एवं युवराज में डॉ राजीव के सम्मान से खुशी के लहर दौड़ गई। डॉ राजीव श्रीवास्तव आशीर्वाद चिकित्सालय बढ़िया वीर रोड में एक प्रतिष्ठित हृदय रोग विशेषज्ञ एवं फिजिशियन के पद पर कार्यरत हैं।

## दीपक पटवारी बने नगर समिति अध्यक्ष

**ललितपुर।** नामदेव समाज के नगर समिति के चुनाव मंगलवार को तालाबपुरा स्थित मंदिर पर एक कार्यक्रम के रूप में संपन्न हुये। इस दौरान विधिवत चुनाव प्रक्रिया अपनायी गयी। जिसमें नगर समिति चुनाव के लिए एक ही आवेदन प्राप्त हुआ, जिस पर दीपक नामदेव पटवारी को निर्विरोध अध्यक्ष निर्वाचित घोषित किया गया। इस मौके पर चुनाव अधिकारी राजेश नामदेव, अवधेश नामदेव, प्रमोद नामदेव, प्रेम नामदेव ने दीपक पटवारी के अध्यक्ष पद पर निर्वाचित होने की घोषणा की। इस अवसर पर उपशिथत सभी समाज बंधू ने फूलमालाओं से अध्यक्ष का स्वागत किया। इस अवसर पर पूर्व जिला अध्यक्ष सनत नामदेव, पूर्व नगर अध्यक्ष महेश गोल्डी, नवनिवार्चित अध्यक्ष दीपक टेलर, पत्रकार विनोद नामदेव, अखलेश नामदेव, आचार्य लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा, हरिश्चन्द्र नामदेव, नरेंद्र नामदेव आदि उपस्थित रहे।

# इनर व्हील क्लब ने खुशियों की गुल्लक का किया शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता



**हरदोई।** जनपद हरदोई में गरीबों जरूरतमंदों की सहायता के लिए इनर व्हील क्लब ने खुशियों की गुल्लक का शुभारंभ किया। आपको बता दें कि इस गुल्लक में क्लब के सदस्य प्रतिदिन पैसे डालेंगे जो गरीबों जरूरतमंदों की सहायता के लिए खर्च किए जाएंगे इनर व्हील क्लब ने जरूरतमंदों के जीवन में खुशियां बिखरने के लिए एक नया प्रयोग किया है इस प्रयोग के तहत इनर व्हील क्लब के सदस्य प्रतिदिन इस गुल्लक में एक रुपया डालेंगे। यह रुपया जरूरतमंदों के चेहरों पर मुस्कान लायेगा। खुशियों की गुल्लक के द्वारा लोगों की सेवा करने के लिए एक प्रतियोगिता भी रखी गई है जिसमें 10 से अधिक सदस्यों को प्रोजेक्ट के साथ पूरे वर्ष जोड़ने वाले क्लब मेंबर 10 सदस्यों को जोड़ने तथा 5 सदस्यों को जोड़ने वाले मेंबर रखे जाएंगे। इस अवसर पर इनर व्हील क्लब की कोषाध्यक्ष पारुल तिवारी ने बताया कि संस्था की ओर से इस गुल्लक में जो पैसे एकत्र किए जाएंगे जो समय-समय इन पैसों का उपयोग गरीबों जरूरतमंदों की सहायता के लिए किया जाएगा समाजसेवा के क्षेत्र में लगातार इनर व्हील क्लब संस्था द्वारा कार्यक्रम किए जाते हैं खुशियों की गुल्लक के शुभारंभ के अवसर पर रागिनी तिवारी, वंदिता, अनुराधा, चित्रा, डॉक्टर शिवानी, शिल्पी सहित क्लब के अन्य सदस्य मौजूद रही।

# संक्षिप्त समाचार

## युवक फंदे से झूला, पुलिस ने पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा

**सुल्तानपुर।** नायलन की रस्सी से युवक फंदे से झूलता मिला । सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लिया है।मंगलवार की सुबह राजेन्द्र यादव पुत्र चन्द्रवली यादव निवासी ग्राम बहुबरा थाना कुड़वार की तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर सूचना प्राप्त हुयी कि राजेन्द्र यादव के भाई जितेन्द्र यादव ने टीन सटरिंग में लगा लोहे की पाइप में नाईलन की रस्सी गले में बांधकर फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है। इस सूचना उ0नि0 राम विलास यादव द्वारा मौके पर पहुंचकर पंचायतनामा की कार्यवाही की जा रही है। मौके पर शांति व्यवस्था कायम है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक




**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जिला स्वास्थ्य समिति की समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि आयुष्मान कार्ड बनाने के कार्य मे तेजी जाएं। लोगों को आयुष्मान ऐप डाउनलोड करने के लिए प्रेरित किया जाए। हेल्थ एण्ड वेलनेस सेंटरों के निर्माण में प्रगति लायी जाए। निर्मित सेंटरों को पूरी तरह क्रियाशील किया जाए। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत लाभार्थी भुगतान ससमय सुनिश्चित किया जाए। भुगतान में लापरवाही करने पर संबंधित की जवाबदेही निर्धारित की जाएगी। शासन के निर्देशों का पूरी तरह पालन सुनिश्चित किया जाए। संस्थागत प्रसव की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने संस्थागत प्रसव की कम संख्या को लेकर संडीला व भरावन के अधीक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी प्रथम सन्दर्भन इकाइयों को पूरी तरह सक्रिय किया जाए। नियमित टीकाकरण के कार्य मे तेजी लायी जाए। डिफ्थीरिया के मामलों में कमी लाने लिए विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने कार्यदायी संस्थाओं को निर्देश दिए कि स्वास्थ्य विभाग से संबंधित निर्माण कार्य ससमय पूर्ण किये जायें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहताश कुमार व अन्य सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## 22 व 23 सितम्बर को होगा अन्जुमन आजाए हुसैन का शब्बेदारी व 72 ताबूत का प्रोग्राम

**बिलग्राम।** अन्जुमन आजाए हुसैन हैदरिया रजिस्टर्ड की जानिब से प्रोग्राम जो होता चला आ रहा है वो 6 व 7 रवीउल अव्वल को होगा जिसका आयोजन बिलग्राम के बारगाहे हुसैनी बड़ा इमाम बड़े में अनवरत वर्षो से परम्परागत तरीके से मनाये जाने वाले जुलूस अजा को कामयाब बनाने के लिए अंजुमन बज्मे आज़ाए हुसैन हैदरिया रजिस्टर्ड के सदस्यों द्वारा तैयारियां तेज कर दी गई है इसमें ना सिर्फ स्थानीय व बाहरी अंजुमनों की तरफ से नोहखानी व सीनाजनी की जाएगी बल्कि उलमा ए करम कर्बला के शहीदों पर प्रकाश डालेंगे इसी क्रम में बड़ा इमामबाड़ा में अंजुमन बज्मे आज़ाए हुसैन हैदरिया की तरफ से बताया गया कि पहले शाम को ऊंचीमाड़ी से ताजिया उठ कर मेहंदी हैदर आयेगा उसके बाद प्रोग्राम का आगाज होगा जैसा की 6 व 7 रवीउल अव्वल यानी 22 व 23 सितम्बर को होने वाली शब्बेदरी व 72 ताबूत जुलूस होगा।

# गुण्डा एक्ट के तहत 09 अपराधी हुए जिला बदर

अवधनामा संवाददाता

**11 व्यक्तियों को 06 माह तक उपस्थिति दर्ज कराने हेतु किया गया पाबन्द**

**बहराइच।** जनपद में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से जिला मजिस्ट्रेट मोनिका रानी द्वारा 09 अपराधियों के विरूद्ध धारा 3(1) गुण्डा एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 06 माह के लिए जनपद से जिला बदर कर दिया गया है। जिला मजिस्ट्रेट द्वारा जारी आदेश के अनुसार थाना रामगावं अन्तर्गत ग्राम लौकना नि. मो. फुरकान पुत्र गोबरे व मतीन पुत्र बहदू उर्फ अकबर अली, थाना मोतीपुर के ग्राम मिश्रीपुरवा दा. सर्रामुन्दरी नि. संजय पुत्र ठाकुर, थाना बौण्डी के ग्राम बिसवा बगिया नि. गुड्डी पुत्र बाबादीन, थाना रिसिया के ग्राम सिख्खनपुरवा दा. गोकुलपुर नि. राम सिंह पुत्र बच्चन सिंह व थाना फखरपुर अन्तर्गत ग्राम परशुरामपुर नि. मुईद बेग पुत्र बिल्लू बेग, तौसिब बेग पुत्र मुजीब बेग, गुड्डू उर्फ मोहसिन बेग पुत्र मोईन बेग व कादिर बेग पुत्र नाज़िर बेग को 06 माह के जिला बदर किया गया है। इसके अलावा थाना रामगांव अन्तर्गत ग्राम खैराधौकल नि. छब्बन खां पुत्र इब्राहीम, थाना फखरपुर के ग्राम केवलीपुरवा दा. टेण्डवामहन्त नि. मनोज पुत्र राम मिलन व श्यामू पुत्र कर्ताराम, थाना कोतवाली नानपारा के ग्राम मोतीपुरसिंहपुरवा नि. मनोज पुत्र मिहीलाल, थाना मोतीपुर के ग्राम दौलतपुर नि. शकील पुत्र मोहम्मद शफी को जिला मजिस्ट्रेट द्वारा निर्देश दिया गया है कि अपने से सम्बन्धित थाने में आगामी छः माह तक प्रत्येक माह उपस्थिति दर्ज कराना सुनिश्चित करेंगे।

# प्रधानमंत्री का जन्मदिन हवन पूजन रक्तदान एवं केक काटकर मनाया गया

अवधनामा संवाददाता



**बिलग्राम।** हरदोई भगवान शिव के त्रिशूल पर बसी काशी नगरी के सांसद एवम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य मे उनकी लंबी आयु की कामना करते हुए हवन पूजन का आयोजन किया गया इस अवसर पर उनके चित्र पर तिलक भी किया गया। रविवार को सुबह कार्यकर्ता बिलग्राम कस्बे में स्थित बाबा मंशानाथ मंदिर में एकत्र हुए और भगवान भोलेनाथ के समक्ष हवन पूजन किया। क्षेत्रीय विधायक आशीष सिंह आशू ,पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर, दीपा विश्वास सहित अन्य लोगों ने हवन पूजन किया। बाबा मंशा नाथ मंदिर परिसर में प्रधानमंत्री मोदी की तस्वीर लगाई गई, जिस पर विधायक ने तिलक किया। इस दौरान कस्बे के बीजीआर इन्टर कालेज में आयुष्मान भव अभियान अंतर्गत स्वैच्छिक रक्तदान शिविर शुभ अल्ट्रासाउंड की संचालिका दीपा विश्वास ने आयोजित किया गया। इसके बाद रक्तदान का सिलसिला शुरू हुआ जिसमे क्षेत्रीय विधायक ने रक्तदान किया। कुल 28 युवाओं ने रक्तदान कर प्रधानमंत्री की दीर्घायु की कामना की। इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष अनिल राठौर, जिला मंत्री मंगत राम, नीरज गुप्ता, आकाश तिवारी, अनुराग मिश्रा, हरिशचंद्र राठौर, प्रदीप यादव, राजीव दीक्षित, अमित विश्वास, सुधांशु कश्यप, टोनू शर्मा, मोहम्मद फाजिल, ब्रजकिशोर मौर्य, चंद्रपाल प्रजापति सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

# पीएनबी आरसेटी द्वारा सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का समापन



अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा ब्लॉक बार की स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को स्व-रोजगार से जोडने् के उद्देश्य से सामान्य उद्यमिता विकास कार्यक्रम का 06 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के समापन अवसर पर मुख्य अतिथि अग्रणी जिला प्रबंधक रंजीत कुमार का आरसेटी इन हाउस फैकल्टी आकांक्षा खरे द्वारा किया गया। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को नव उद्यमिता के लिये शुभकामनाऐं देते हुए बैंक योजनाओं, बचत व उद्योग स्थापित करने के लिये संस्था से समय-समय पर मार्ग दर्शन लेने को कहा गया व स्व-रोजगार हेतु प्रेरित किया गया। उन्होने कहा कि समूह में साथ रहकर छोटे स्तर से कार्य को शुरू करना चाहिए। आरसेटी इन हाउस फैकल्टी द्वारा प्रशिक्षणर्थियों को व्यवसाय अपने समूह की महिलाओं को एक साथ मिलकर कार्य करने को कहा आगे कार्य करने में यदि आर्थिक परेशानी आये तो बैंक व समूह की मदद लेकर कार्य को शुरू किया जाये। प्रशिक्षण के उपरान्त अग्रणी जिला प्रबंधक द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण-पत्र वितरण किया गया।

# वाटर कूलर सहित प्याऊ का हुआ लोकार्पण



**मानव सेवा में उत्कृष्ट सेवा कार्य है जल सेवा: स्वामी चन्द्रेश्वरगिरी**

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** लायंस क्लब ललितपुर सेवा के सौजन्य से श्री चंडी माता मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के लिए वाटर कूलर सहित प्याऊ का लोकार्पण भारतीय प्राचीन संस्कृति मानव सेवा को उत्कृष्ट सेवा कार्यों की श्रेणी में रखते हुए हम सभी को प्रेरित करती है और जल सेवा तो अत्यंत ही सर्वोच्च और अनुकरणीय सेवा है। यह बात वाटर कूलर के लोकार्पण के दौरान महामंडलेश्वर स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज ने कही। लायंस क्लब ललितपुर सेवा के तत्वाधान में लायन कृष्ण कुमार बंसल एवं ला.अनूप बंसल परिवार ने अपने पूज्य पिताजी स्व.डा.आर.के.बंसल एवं माताजी स्व.सरोज बंसल की स्मृति में एक सुव्यवस्थित वाटर कूलर सहित प्याऊ का निर्माण कराकर श्रीचंडी माता मंदिर के श्रद्धालुओं के लिए भेंट की। शीतल जल सेवा प्याऊ का लोकार्पण अनंत विभूषित 108 महामंडलेश्वर स्वामी चंदेश्वर गिरी महाराज के कर कमलो द्वारा किया गया। तत्पश्चात स्व. डा.आर.के.बंसल एवं स्व.सरोज बंसल के चित्रों पर सभी ने पुष्पांजलि अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि प्रदान की। मुख्य अतिथि उप मंडल अध्यक्ष लायन सन्मति सराफ, विशिष्ट अतिथि पूर्व नपाध्यक्ष ला.सुभाष जायसवाल, अतिथि जोन चेयरपर्सन ला.अखिलेश शर्मा एवं अध्यक्षता लायंस क्लब ललितपुर सेवा के अध्यक्ष लॉ. राजेंद्र गुप्ता ने की। महामण्डलेश्वर ने सभी को आशीर्वाद देते हुए दान की महिमा का विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बंसल परिवार के इस पूर्ण कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए उन्हें अपना मंगल आशीर्वाद दिया। साथ ही उपस्थित समुदाय से मंदिर परिसर में दिव्य, भव्य मंदिर निर्माण में सहयोग की भी अपील की। मुख्य अतिथि ला. सन्मति सराफ ने आज के श्रेष्ठ स्थाई सेवा कार्य की प्रशंसा करते हुए अध्यक्ष ला. राजेंद्र गुप्ता, ला.के.के.बंसल, ला.अनूप बंसल के सार्थक प्रयासों की सराहना की। आगे भी जन सेवा को सर्वोपरि मानते हुए स्वास्थ्य क्षेत्र में भी कार्य करने की अपील की। साथ ही साथ सुझाव भी दिया की जिला ललितपुर में किडनी के रोगियों के लिए डायलिसिस की समुचित व्यवस्था नहीं है।

# लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का हुआ सजीव प्रसारण

**कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का कराया गया अन्नप्रासन्न**

**स्वस्थ्य बालक-बालिका का प्रदान किया गया**

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** राष्ट्रीय पोषण माह के अन्तर्गत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ में रू0 155 करोड़ की लागत से 1359 आंगनबाड़ी केन्द्रों का लोकार्पण /शिलान्यास एवं रू0 50 करोड़ की लागत से 171 बाल विकास परियोजना कार्यालयों का शिलान्यास तथा 2.90 लाख आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं को यूनीफार्म (साड़ी) हेतु डीबीटी के माध्यम से रू0 29 करोड़ की धनराशि का अंतरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी, जिलाधिकारी मोनिका रानी, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह सहित अन्य अधिकारियों तथा अन्य सम्बन्धित की उपस्थिति में सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस अवसर पर एमएलसी डॉ त्रिपाठी द्वारा जिलाधिकारी, पार्टी पदाधिकारी रणविजय सिंह व अन्य के साथ 13 गर्भवती महिलाओ की गोदभराई के साथ शाल भेंट किया गया। इसके अलावा 09 बच्चो का अन्नप्रासन कराया गया तथा बच्चों को खिलौना भी भेंट किया गया। इसी प्रकार 10 बच्चो के माता-पिता को स्वस्थ्य बालक बालिका स्पर्धा का स्वस्थ्यता प्रमाण पत्र के साथ स्कूल बैग, टिफिन एवं पानी की बोतल प्रदान किया गया। सभी लाभार्थियो एंव आंगनबाड़ी कार्यकत्रियो को सहजन का पौधा भी भेंट किया गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ एस.के. सिंह, उप निदेशक कृषि टी.पी. शाही, जिला कार्यक्रम अधिकारी राजकपूर, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अव्यक्तराम तिवारी, सहायक श्रमायुक्त सिद्धार्थ मोदियानी, बाल विकास परियोजना अधिकारी तथा अन्य सम्बन्धित मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर ससमय पोषाहार वितरण किया जाए: जिलाधिकारी

**हरदोई।** राष्ट्रीय पोषण माह 2023 के अवसर पर आज गाँधी भवन में अन्नप्राशन एवं गोद भराई का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस वर्ष के राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम-सुपोषित भारत, साक्षर भारत, सशक्त भारत रखी गयी है। मुख्य कार्यक्रम का शुभारंभ लखनऊ में माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा किया गया। जिला स्तरीय कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती रहीं। कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती प्रेमावती, जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया।

# नेहरू नगर में युवक की हत्या में नामजद छह पकड़े

अवधनामा संवाददाता

**घटना में प्रयुक्त लाठी व रॉड पुलिस ने की बरामद**

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला नेहरू नगर में विगत रात्रि युवक से मारपीट करते हुये उसे मौत के घाट उतार दिया गया था। इस मामले को गंभीरता से संज्ञान लेते हुये पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक ने दो महिलाओं समेत छह लोगों को हिरासत में लिया है। पुलिस अधीक्षक ने मामले की जानकारी देते हुये बताया कि अभियुक्तों के पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त आलाकत्ल लोहे की रॉड व लाठी बरामद की है। एसपी मो.मुश्ताक ने बताया कि 18 सितम्बर को नेहरू नगर निवासी पार्वती पत्नी पन्नालाल ने तहरीर देकर बताया था कि 17 सितम्बर की शाम दिन्नु व महेन्द्र उसके पुत्र किशन को अपने साथ ले गये थे। जिसके बाद रात करीब साढ़े नौ बजे मोहल्ले में चीख-पुकार मची, जिसे सुनकर वह मौके पर पहुंची तो सुरेन्द्र महाराज, नन्दराम, अप्पी पुत्री नंदराम, नन्दराम की पत्नी इत्यादि दो अज्ञात लोगों के साथ उसके पुत्र को लाठी व रॉड से मारपीट कर रहे थे। इस मामले में मरणासन्न हो चुके किशन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां 18 सितम्बर की रात किशन की मौत हो गयी। पुलिस ने पार्वती की शिकायत पर उक्त लोगों के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 302,



504, 506 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। मामले में नामजद अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन में चार टीमों का गठन किया गया था। पुलिस ने मामले में पड़ताल करते हुये नन्दलाल पुत्र स्व.पुन्नु अहिरवार, गेंदाबाई पत्नी नन्दलाल, असर्फी उर्फ अप्पी पुत्री नन्दलाल, बबलू पुत्र नन्दलाल, द्रोपाल सिंह पुत्र भगवान सिंह निवासीगण ग्राम चकलालौन थाना जखौरा हाल नैन्सी गार्डन के पीछे नेहरू नगर निवासी एवं नेहरू नगर निवासी सुरेन्द्र सिरौठिया पुत्र केशवदास सिरौठिया को हिरासत में ले लिया। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि किशन शराब के नशे में आया और घर की महिला असर्फी उर्फ अप्पी से गाली-गलौज करने लगा। गाली-गलौज की जानकारी सुरेन्द्र महाराज व परिजन को बतायी तो उक्त लोगों द्वारा एकराय होकर किशन के साथ मारपीट कर दी गयी। हत्या में शामिल नामजद अभियुक्तों को पकडने् वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चन्द, निरीक्षक जनार्धन यादव, उप निरीक्षक पुत्तनलाल, उप निरीक्षक जखौरा राहुल राठौर, उप निरीक्षक सर्विलांस सेल सतीश कुशवाहा, महिला उप निरीक्षक अनीता देवी अपनी टीम के साथ शामिल रहे।

## ब्रह्मानन्द विवि की मांग को 17वें दिन अनशन जारी



**राठ (हमीरपुर) अवधनामा संवाददाता।** ब्रह्मानंद महाविद्यालय को विश्व विद्यालय को लेकर आज धरने के 17 वे दिन सैकड़ो की संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। धरना स्थल पर स्वामी ब्रह्मानंद राजकीय विश्वविद्यालय की मांग को लेकर आंदोलन कारी स्वामी की प्रपौत्री चंद्रकांता राजपूत ने कहा प्रबंध कमेटी हमें जानकारी देने में आना कानी कर रही है इसीलिए मजबूरन प्रबंध कमेटी के खिलाफ आज जन सूचना अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 (1)के अंतर्गत सूचनाएं धनोरी नर्सरी की जमीन स्वामी जी की संस्था के अधिकार क्षेत्र में है या नहीं अगर नहीं है तो कितनी जमीन वापस चली गई स्वामी ब्रह्मानंद महाविद्यालय राठ हमीरपुर के नाम कुल कितनी जमीन है। प्राप्त करने के संबंध में आर टी आई दाखिल की है। इस मौके पर शिव सिंह, देव प्रकाश, स्वतंत्र रावत, अशोक पालीवाल, विपिन राजपूत, ममता वर्मा, अंजुमाल खातून, ग्रामप्रधान कामताप्रसाद अहिरवार, अलका देवी, नेहा मिश्रा, भगवती प्रसाद, नरेंद्र सेन, जयदीप द्विवेदी, विनोद कुमार कुशवाहा, संदीप यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## समाज कल्याण मंत्री ने दिया स्वीकृति पत्र



**चोपन /सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश के क्रम में मुख्यमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के लाभार्थियों का प्रथम किस्त की धनराशि अन्तरण एवं स्वीकृति पत्र वितरण का कार्यक्रम मंगलवार को प्रातः 10 बजे विकास खण्ड मे आयोजन किया गया, जिसमें 353 लाभार्थियों को आवास स्वीकृत किया गया है। विकास खण्ड चोपन के सभागार हाल में उपस्थित 30 लाभार्थियों को मुख्य अतिथि संजीव कुमार गोंड़,समाज कल्याण राज मंत्री अनु0जाति/जनजाति कल्याण विभाग उ0प्र0 सरकार लखनऊ के द्वारा स्वीकृति पत्र वितरित किया गया।

## एनटीपीसी विंध्याचल में गणेशोत्सव की हुई शुरुआत



**सोनभद्र/विंध्यनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी विंध्याचल के मंदिर प्रांगण में गणेश चतुर्थी के अवसर पर परियोजना के पूजा समिति द्वारा गणेशोत्सव का शुभारांभ विधि-विधान से गणेशजी की मूर्ति स्थापना कर किया गया। इस बार गणेश उत्सव के अवसर पर पुजा पंडाल को थीम-चंद्रयान पर सजाया गया है , जो श्रद्धालुओं को अपनी ओर आकर्षिक कर रही है। पूरा मंदिर प्रांगण रोशनी से जगमगा रहा है। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख (विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार, अध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सरोजा फणि कुमार, महाप्रबंधक(प्रचालन एवं अनुरक्षण) श्री राजेश भारद्वाज, उपाध्यक्षा सुहासिनी संघ श्रीमती सुभा भारद्वाज एवं सभी महाप्रबंधकगणों ने पूजा व आरती कर गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया। गणेशजी की स्थापना के उपरांत सभी श्रद्धालुओं ने गणेशजी पर पुष्प अर्पण किया तथा आरती मे भाग लेकर गणेशजी की पूजा अर्चना की।

### वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई गणपति प्रतिमाओं की स्थापना

# गणपति बप्पा का हुआ शुभागमन

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** गणेश चतुर्थी पर्व के अवसर पर कमेटियों के उत्साहित कार्यकर्ता गाजे-बाजे और डीजे की धुन पर हवा में गुलाल उड़ाते हुए 'गणपति बप्पा मोरया, मंगलमूर्ती मोरया' के जयकारे लगाकर गौरीनंदन को पूरे सम्मान के साथ पांडालों में लाये। गणपति बप्पा की प्रतिमा स्थापना के लिये ज्योतिषियों ने 2 घंटा 27 मिनट का समय बताया था, लेकिन घरों से लेकर पांडालों तक आयोजकों ने अपनी सुविधा के अनुसार समय निर्धारित कर स्थापना की। घरों में भी गणपति बप्पा का लोगों ने विधि विधान से पूजन-अर्चन कर स्थापना की।

भाद्रपद मास की चतुर्थी तिथि का आगमन वैसे तो सोमवार को ही हो गया था, लेकिन शुभकर्ता-दुखहर्ता गौरा के लाल का जन्मोत्सव गणेश चतुर्थी पर्व के रूप में मंगलवार को पूरे जनपद में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ज्योतिषियों के अनुसार लाल बाग के



राजा की बैठकी का समय दिन 11 बजकर 27 मिनट से लेकर 1 बजकर 34 मिनट तक बताया गया था, लेकिन सभी ने अपनी सुविधा के अनुसार गणेश बप्पा की प्रतिमाओं को विधिविधान से पूजन-अर्चन कर स्थापित किया। समूचे जनपद में गणेश महोत्सव का मुख्य कार्यक्रम शास्त्री नगर (अलीगंज) में आयोजित होता है। नूतन बाल समाज की ओर से गणेश भवन में आयोजित होने वाला यह कार्यक्रम बीती एक शताब्दी से मनाया जा रहा है। इस बार 101वें गणेश महोत्सव के अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक दत्तू पंत गुर्जर, राजेश शुक्ला, अभय पांडेय, राजबहादुर तिवारी और विनोद कुमार द्विवेदी की देखरेख में सुबह 9 बजे गणेश भवन में गणेश प्रतिमा की स्थापना की गई। शाम को रमेश पाल एंड पार्टी ने गणेश भवन के प्रांगण में दीवारी नृत्य प्रस्तुत किया। देर शाम परिसर में विलाइंड म्यूजिक एकेडमी की ओर से मनमोहन सिंह बावला और ग्वालियर ग्रुप ने शानदार सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किया, जिसे देखने के लिये श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। कल बुधवार को यहां रंगोली और मेंहदी प्रतियोगिताओं के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। उधर, घरों में भी लोगों ने विधिविधान के साथ बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित कीं। ऐसी मान्यता है कि गौरीनंदन का घर में आगमन बेहद शुभ होता है, क्योंकि वे अपने साथ रिद्धी और सिद्धी को भी साथ लेकर आते हैं। गणपति के पूजन से शिव और पार्वती भी प्रसन्न होते हैं, क्योंकि वे उनके लाड़ले हैं। इसलिये शहर में अब यह चलन तेजी से बढ़ रहा है। **कस्बे से लेकर गांव तक रही कार्यक्रमों की धूम:** नरैनी कस्बे में भी गणेश चतुर्थी पर्व मनाया गया। घरों से लेकर पांडालों तक गणपति बप्पा की प्रतिमाएं स्थापित की गई। मंदिरों में धार्मिक अनुष्ठान हुए। सुबह से लेकर शाम तक भगवान गणेश की जयकारे गूंजते रहे। कस्बे से लेकर गांव तक कार्यक्रमों की धूम रही। कस्बे के बम्बा तालाब पर न्यू इंडियन ग्रुप द्वारा गजानन प्रतिमा की स्थापना पं.ओमप्रकाश अग्नहोत्री ने वैदिक मंत्रों के साथ कराई।

> पंडाल संचालकों ने हवा में गुलाल उड़ाते हुए गौरीनंदन को कराया विराजमान

**पहले दिन देरी से खुली बप्पा की झांकियां**

शहर के आधा सैकड़ा से भी अधिक बड़े पांडालों में गणपति की प्रतिमाओं की स्थापना कमेटी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मंत्रोच्चारण के साथ पूरे विधि विधान से की, लेकिन पांडालों में सजाई गई झांकियां पहले दिन देरी से खुल पाईं, क्योंकि स्थापना के बाद सजावट में काफी समय लग गया। जय गणेश, जय गणेश, जय गणेश देवा, माता जाकी पार्वती पिता महादेवा आरती के साथ जैसे ही झांकियों के पट खुले, दर्शनों के लिये श्रद्धालुओं का तांता लग गया। देर शाम तक शहर में चहल-कदमी बनी रही। आने-जाने वालों को भीड़ में दिक्कतों का सामना न करना पड़े इसके लिये जगह-जगह पुलिस फोर्स भी तैनात रहा।

## 'सुन लो स्वर पाषाण शिला के' का अद्भुत नाट्य मंचन

**सोनभद्र/शक्तिनगर।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एनटीपीसी सिंगरौली एवं इफको के सहयोग से ख्यातिलब्ध रंग संस्था समूहन कला संस्थान द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली में तीन दिवसीय नाट्य समारोह का आयोजन किया जा रहा है। नाट्य समारोह केदूसरे दिन नाटक 'सुन लो स्वर पाषाण शिला के' का अद्भुत मंचन हुआ। नाटक 'सुन लो स्वर पाषाण शिला के' राम कथा का ऐसा प्रसंग है जो भगवान राम के जीवन के आरम्भ में आता है परन्तु भगवान राम के जीवन का महत्वपूर्ण प्रसंग है। यह अहिल्या प्रसंग पर आधारित रामकथा का नारी स्वर है, जो उनको पुरूषोत्तम रूप में सामाजिक मर्यादा प्रदान करता है। इस प्रसंग में नारी की सामाजिक दशा का विस्तृत वर्णन और राम के अप्रतिम पुरूषार्थ से उसके उद्धार का उल्लेख मिलता है। अहिल्या उद्धार प्रसंग में राजनैतिक सत्ता की उच्श्रृंखलता का भी वर्णन मिलता है। इन्द्र की कुटिलता से उपजी यह घटना परवर्ती अनेक सैद्धांतिक दृष्टांतों को समाज के सम्मुख रखती है। गौतम ऋषि का पत्नी त्याग के उपरान्त तपस्या हेतु उन्मुख होना पुरूषवादी सोच का परिमार्जन है। अहिल्या द्वारा पति की इच्छा के सम्मुख नत हो जाना नारी आदर्श की पराकाष्ठा को भी प्रस्तुत करती है।

## एनसीएल की दूधीचुआ परियोजना को मिली सौगात

**सोनभद्र/सिंगरौली।** सोमवार को भारत सरकार की मिनिरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दूधीचुआ परियोजना के मशीनी बेड़े में एक नयी इलैक्ट्रिक रोप शॉवेल को शामिल किया गया। इस नयी इलैक्ट्रिक रोप शॉवेल को सीएमडी एनसीएल श्री भोला सिंह ने राष्ट्र की ऊर्जा सुरक्षा में योगदान के लिए दूधीचुआ खदान में नियोजित किया। इस उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि एनसीएल के सीएमडी श्री भोला सिंह के अतिरिक्त निदेशक (तक./संचालन) श्री जितेंद्र मलिक विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। साथ ही महाप्रबंधक (उत्खनन) मुख्यालय, महाप्रबंधक दूधीचुआ एवम मुख्यालय के विभिन्न विभागाध्यक्ष व अन्य कर्मी भी उपस्थित रहे। दूधीचुआ के मशीनी बेड़े में शामिल हुई 20 क्यूबिक मीटर क्षमता की इलैक्ट्रिक रोप शोवेल बेहद ही आधुनिक तकनीक व नवीनतम सुरक्षा सुविधाओं से लैस है। एनसीएल में इन मशीनों का उपयोग परियोजनाओं में मुख्यतः अधिभार हटाने में किया जा रहा है।

# एनसीएल में ज़ोर शोर से मनाया जा रहा राजभाषा पखवाड़ा-2023

अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/ सिंगरौली।** भारत सरकार की मिनीरत्न कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) प्रत्येक वर्ष हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य पर 14 सितंबर से 28 सितंबर तक राजभाषा पखवाड़े का आयोजन करती है। इस वर्ष के राजभाषा पखवाड़े के दौरान एनसीएल राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं कार्यालयीन कार्यों में इसके प्रयोग को बढ़ावा देने हेतु मुख्यालय सहित सभी परियोजनाओं व इकाइयों में कई कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है।

राजभाषा विभाग, एनसीएल के तत्वाधान में आयोजित हो रहे राजभाषा पखवाड़े के दौरान राजभाषा कार्यान्वयन, टिप्पण लेखन, कंप्यूटर पर हिंदी टंकण, निबंध लेखन, तात्कालिक भाषण, प्रश्न मंच, टंग ट्विस्टर, काव्य पाठ एवं गीत जैसी अनेक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में सोमवार को एनसीएल मुख्यालय में टिप्पण लेखन कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। साथ ही मंगलवार को राजभाषा कार्यान्वयन प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें 80 कर्मियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। गौरतलब है कि राजभाषा क्रियान्वयन प्रतियोगिता के दौरान राजभाषा के संबंध में



> राजभाषा पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं का किया जा रहा आयोजन

संवैधानिक जानकारियों, प्रमुख अग्रेजी शब्दों व वाक्यांशों का हिन्दी में अनुवाद, प्रसिद्ध मुहावरों व लोकोक्तियों के अर्थ, स्वर-व्यंजन, राजभाषा अधिनियम एवं संविधान में राजभाषा से संबन्धित संसोधन जैसे विषयों पर अनेक प्रश्न पूछे जाते हैं जिससे हिन्दी के बारे में कर्मियों के ज्ञान में बढ़ोत्तरी होती है। उल्लेखनीय है कि एनसीएल की सभी परियोजनाओं/ इकाईयों में राजभाषा पखवाड़ा ज़ोर शोर से मनाया जा रहा है एवं इस दौरान राजभाषा से संबंधी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इस पखवाड़े का समापन 28 सितंबर 2023 को किया जाएगा जिसमें विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## नौ दिन चले अढ़ाई कोस की तर्ज पर कराया जा रहा सीसीरोड का निर्माण

**चोपन /सोनभद्र अवधनामा संवाददाता।** स्थानीय नगर के बैरियर से उत्तर प्रदेश के अंतिम गांव भरहरी तक जाने वाली सड़क के पुनर्निर्माण कार्य ठेकेदार के अपने कर्मचारियों समेत अधूरा छोड़कर फरार हो जाने की वजह से आधर में लटक गया है जिससे नगर निवासियों सहित आसपास के गांव के राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है साथ ही आक्रोश भी बढ़ रहा है बताते चलें की चोपन बैरियर से भरहरी तक जाने वाली सड़क का निर्माण कार्य



कराया जा रहा था जिसमें बैरियर चौराहे से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के आगे तक 800 मीटर तक सीसी रोड का कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जाना था लेकिन सड़क लगभग 100 मी बनाने के बाद ठेकेदार अपने विभिन्न उपकरणों तथा कर्मचारियों समेत अचानक गायब हो गया और सड़क का निर्माण कार्य वहीं ठप्प हो गया यही नहीं सड़क को खन खोद कर ठेकेदार द्वारा एक तरफा कर दिया गया है जिससे इस मार्ग से गुजरने वाले वाहनो के पास एकतरफा रास्ते से ही आने जाने की मजबूरी बन गयी है उसी गढ्ढायुक्त सड़क से अस्पताल की एम्बुलेंस स्कूल की बसें विभिन्न व्यावसायिक वाहनों के साथ ही मध्यप्रदेश तक के यात्री टैम्पू बस मोटर साइकिल आदि से आते जाते हैं ऐसे में प्रायः जाम लग जाने से यात्रियों तथा मरीजों को काफी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है यही नहीं सड़क के मध्य बिजली के खम्भों के बेतरतीब खड़े होने से दुर्घटना की भी संभावना बनी रहती है पिछले दिनों हाइवा के धक्के से टूटकर गिरे बिजली के तार से बाबू नंदन नामक एक व्यक्ति की मौत भी हो चुकी है वहीं बायीं तरफ लगभग 100 मीटर तक सीसी रोड़ की ढलाई कर दी गई है इस संबध में जब पीडब्ल्यूडी के जेई से बात की गयी तो उन्होंने बताया कि जल्द ही काम शुरू कर दिया जायेगा लेकिन ठेकेदार का कहना है कि उसके द्वारा अब तक 80 लाख रुपये का काम कराया जा चुका है लेकिन भुगतान केवल 8 लाख रुपये का ही किया गया है जिससे कार्य बंद करने के आलावा उसके पास कोई विकल्प नहीं है।

# जनसूचना अधिकार को नहीं मानते है सीएमओ आफिस के अधिकारी

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** उत्तर प्रदेश की भजपा सरकार भ्रष्टाचार पर लगाम लगाने और पारदर्शिता बनाये रखने के लिये नित नये नये नियम बनाये जा रहे है वहीं बाँदा के मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय द्वारा लगातार भ्रष्टाचार को बढाया जा रहा है। पूरे जनपद मे कितने रजिस्टर्ड पैथालाजी सेंटर हैं और कितने नर्सिंग होम्स पंजीकृत है इस पर विभाग द्वारा मौन धारण कर लिया गया है विभाग से जब पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों के बारे मे जानकारी मांगी गयी तो विभाग ने किसी भी प्रकार का जवाब देना उचित नही समझा। जब एक पत्रकार ने जनसूचना अधिकार के अंतर्गत जानकारियां मांगी तो विभागीय अधकारियों और बाबुओं ने जानकारी देने से साफ इंकार कर दिया, एसीएमओ डा. मनोज कौशिक और अशोक कुमार बाबू की मिलीभगत से बबेरू तहसील और तिंदवारी मे सैकडो नर्सिंग होम और पैथालाजी सेंटर चल रहे हैं और इतना ही नही इन नर्सिंग होम्स मे जो डाक्टर अपनी सेवायें दे रहे हैं वो भी सिर्फ कागजो मे ही सीमित हैं। बबेरू मे चल रहे कई अवैध नर्सिंग होम्स पर पूर्व मे भी मीडिया ने बताया था इसी तरह तिंदवारी मे संचालित उत्कर्ष नर्सिंग होम्स पर एसीएमओ डा. मनोज कौशिक की विशेष कृपा बरसती है क्योकि एसीएमओ महोदय हर बार अपने पैतृक गृह से लौटते समय उत्कर्ष नर्सिंग होम के

**जनसूचनाओं का जवाब भी नहीं देते है बाबू**

संचालक से मुलाकात करके ही अपने आफिस मे आते हैं ऐसी जानकारियां सूत्रों द्वारा दी गयी है। इसीलिये कई बार मीडिया मे उत्कर्ष नर्सिंग होम के अवैध होने की जानकारियां दी गयी परंतु कार्यवाही कभी नही हुयी। पूरे जनपद मे अगर रजिस्ट्रेशन को आधार मानकर उनके रजिस्टर्ड नं. को देखा जाये तो लगभग साढे चार सौ नर्सिंग होम्स का पंजीकरण विभाग द्वारा किया गया है परंतु वास्तविकता मे इनका कोई लेखा जोखा मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय मे नही है इसीलिये विभागीय अधिकारी और बाबू जनसूचना देने के नाम पर आनाकानी कर रही हैं। अब जबकी एसीएमओ डा. मनोज कौशिक का स्थानांतरण कर दिया गया है तो एक उम्मीद है कि अब अशोक बाबू पर भी शीघ्र ही कार्यवाही करके नर्सिंग होम्स और पैथालाजियों के फर्जी रजिस्ट्रेशन गिरोह का भंडाफोड हो सकता है और अवैध रूप से संचालित अस्पतालो और सेंटरों पर लगाम लगायी जा सकती है। अपर स्वास्थ निदेशक ने बताया कि शासन द्वारा एसीएमओ डा. मनोज कौशिक का तत्काल स्थानांतरण करके उनको पडोसी जनपद मे आर्थोपैडिक डाक्टर के रूप मे अपनी सेवायें देने के लिये भेजा है क्योकि उनकी शिकायते बहुत अधिक आ रही थी।

## 275 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास के सौंपे प्रमाण पत्र



**बांदा अवधनामा संवाददाता।** मुख्यमंत्री आवास योजना के 275 लाभार्थियों को समारोह के बीच ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि व बीडीओ समेत अन्य अधिकारियों ने प्रमाण पत्र वितरित किए। ग्रामीणों को योजना की खूबियां बताई गई। बताया कि प्रमाण पत्र पाने वाले लाभार्थियों खातों में डिजिटल माध्यम से धनराशि हस्तांतरित की जाएगी। जसपुरा ब्लाक कार्यालय परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री आवास योजना प्रमाण पत्र वितरण समारोह आयोजित हुआ। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि महेश निषाद, बीडीओ जसपुरा ज्ञानेंद्र सिंह, एडीओ प्रदीप कुमार अनुरागी ने 275 लाभार्थियों को मुख्यमंत्री आवास योजना के प्रमाण पत्र वितरित किए। खंड विकास अधिकारी ने योजना पर प्रकाश डालते हुए खूबियां बताईं। कहा कि मोदी सरकार हर व्यक्ति को पक्का घर दे रही है। बताया कि प्रमाण पत्र पाने वाले लाभार्थियों के खाते में डिजिटल माध्यम से धनराशि जल्द ही हस्तांतरित की जाएगी। इस मौके अभिनेंद्र, चंदन, योगेश कुमार, आनंद मोहन शर्मा, जितेंद्र सिंह, शिवदर्शन, राम सजीवन, अमर सिंह, रोहित निषाद, प्रमोद निषाद, रामबाबू, ओमप्रकाश, बरदानी, सुरेश कुमार, सुरेंद्र पाल, मूलचंद्र, उजैर खां, ऊषा, राधेश्याम, मन्नूलाल समेत लाभार्थी मूलचंद्र, रमेश, शिवचरन, उदय प्रसाद समेत अन्य उपस्थित रहे।

# मिठाई दुकानों में नियमों को ताक पर रखकर बेची जा रही है मिठाई

### मिठाई सामग्री पर नहीं लिखा जाता निर्माण व एक्सपायरी डेट

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** सरकार ने देश के नागरिकों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए 2020 मे नियम बनाया था इस नियम के तहत बाजार में बिकने वाली खुली मिठाइयों की बनने की तारीख और उसे कब तक इस्तेमाल किया जा सकता है, इसकी जानकारी ग्राहकों को देनी है।

दुकानदारों को डिब्बा बंद मिठाइयों के लिए यह जानकारी डिब्बे के ऊपर लिखनी होगी।यह नियम भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण ने जारी किए हैं, जिसके तहत मिठाई की दुकानों में एक अक्टूबर 2020 से मिठाई की ट्रे में बेस्ट बिफोर, मैन्युफेक्चरिंग डेट, मिठाई की कीमत व मिठाई का नाम प्रदर्शित करना अनिवार्य किया गया है। लेकिन मौदहा व ग्रामीण क्षेत्र में संचालित 2 दर्जन से अधिक मिठाई की दुकानों में खाद्य विभाग की मिलीभगत से नियमों का पालन नहीं हो रहा है। दुकानों में निर्मित मिठाई पर दुकानदार निर्माण एवं एक्सपायरी डेट न लिखकर ग्राहकों को बेच रहे हैं। वहीं कुछ दुकानदार फूड सेफ्टी एंड स्टेंडर्ड अथॉरिटी द्वारा जारी लाइसेंस के बिना ही व्यापार कर अमानक स्तर के खोवा सहित अन्य खाद्य सामग्री का उपयोग कर आमजन की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। नगर की 1 दर्जन से ज्यादा मिठाई दुकानों पर न निर्माण की तारीख लिखी जा रही है और न ही एक्सपायरी तारीख लिखी। यहां केवल मिठाई का नाम लिखकर बिक्री की जा रही है। फूड सेफ्टी एंड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने खाद्य सुरक्षा के नियम बनाए हैं लेकिन पालन कोई नहीं कर रहा। व्यापारी लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं। अफसर भी जांच नहीं कर रहे हैं। लोगों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए खाद्य सुरक्षा कानून में बदलाव किया था। सुरक्षा के लिए पैकिंग व खुली सामग्री विक्रय के लिए कई नियम बनाए हैं। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते नियमों का पालन नहीं हो रहा है।

फूड सेफ्टी एंड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने खुली मिठाइयों की ट्रे के सामने जिस तरह रेट की पर्ची लिखी जाती है। उसी पर बनाने का समय व एक्सपायरी डेट भी लिखना अनिवार्य किया था लेकिन इसका पालन बिल्कुल भी नहीं हो रहा है। व्यापारी पारदर्शी फ्रीज में मिठाई तो रख रहे हैं। इसमें केवल मिठाइयों का नाम लिखा जा रहा है। जबकि उसका निर्माण व एक्सपायरी डेट के बिना वह मिठाई बेच ही नहीं सकते हैं। मौदहा के थाना चौराहा पर 3 मिठाई की दुकान संचालित हैं। इसके अलावा बड़ा चौराहा, मलिकुआं चौराहा , उपरौस, नेशनल चौराहा, गुढाई बाजार, इलाही तालाब के पास सहित नगर के अन्य स्थानों पर संचालित मिठाई दुकानों में नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। अंतिम तिथि के बाद की मिठाई सेहत के लिए बहुत हानिकारक है। लेकिन खाद्य विभाग के अधिकारी जानते हुए भी नियमित जांच नहीं करते और न ही इन दुकानदारों पर कार्रवाई करते। जिससे यह दुकानदार लोगों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे हैं। इस सम्बंध में जब सहायक आयुक्त खाद द्वितीय राम औतार सिहं यादव से पूछा गया तो उन्होनें कहा कि इसकी जानकारी है, जल्द ही ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जो भी नियमों का उल्लंघन करेगा, उसे बख्शा नहीं जाएगा।

## वित्तीय अनियमतताओं की जांच का जिम्मा तहसीलदार को मिला

**नरैनी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित रूप से किए बगैर कई प्रकार से वित्तीय अनियमितताएं करने के आरोपो पर प्रकरण की जांच तहसीलदार को दी गई है। कस्बा निवासी पूर्व सभासद रामबाबू श्रीवास ने मंडलायुक्त सहित कई उच्चाधिकारियों को 11 सितंबर को शिकायती पत्र भेजकर आरोप लगाए थे कि सामुदायिक स्वास्थ्य के अधीक्षक/सचिव रोगी कल्याण समिति के द्वारा रोगी कल्याण समिति की बैठक नियमित रूप से किए बगैर अधिकारियों को भ्रमित कर कई तरह की वित्तीय अनियमितताएं की जाती हैं। चार बिंदुओं पर दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया गया है कि रोगी कल्याण समिति की बैठक 26 जून 2023 के बिंदु संख्या 1 से 9 तक में दी गई जानकारियों में रोगियों के हित में किन्हीं भी प्रस्ताओं का अनुपालन नहीं किया गया है। उक्त शिकायती पत्र को संज्ञान में लेकर उपजिलाधिकारी ने तहसीलदार लखन लाल सिंह राजपूत को मामले की जांच सौंपी है।

# छह दिवसीय स्वास्थ्य जागरूकता कैंप का समापन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** नगर के स्टेडियम में पोषण माह विशेष योग सत्र न्यूट्रिशन से नेशन निर्माण पोषण माह के उपलक्ष्य में जिलाधिकारी के आदेशानुसार जिला आयुर्वेद युनानी अधिकारी के मार्गदर्शन में डॉ बलभद्र द्वारा निर्देशित गाईडलाइन के आधार पर जिला चिकित्सालय हमीरपुर आयुष विंग, योग वेलनेस सेंटर के योग प्रशिक्षक डा. बृजेश कश्यप के द्वारा जिला हमीरपुर क्षेत्र के राजकीय क्रीड़ा स्टेडियम के दैनिक योग अभयसी के बीच में सभी प्रतिभागियों को न्यूट्रिशन से नेशन निर्माण में हेल्थ जोन मुकेश और रघुराज टीम की उपस्थिति में सभी के बीएमआई बताए गए सभी लगभग 50 लोगो का वजन और हाइट मापन किया गया योगा एंव आयुष की महत्ता समझाई गई जिसमें उपस्थित लोगो को जनसामान्य जीवन में स्वास्थवर्धक एवे उपयोग में आने वाले योग, लाइफस्टाइल एवं आहार के बारे में प्रेक्टिकल के साथ प्रर्दशन व जानकारी




दी गई। कुछ विषयो पर शिक्षण प्रशिक्षण दिया गया।वजन एवं आहार अपने आहार में उन्ही चीज़ों को शामिल करे जो प्राकृतिक हो और सुपाच्य हो आपके आहार में क्षारीय चीज़ों का समावेश ज्यादा होना चाइए, पैसा वाला मॉल बढ़ाए पैसा कमाए खूब कमाए लेकिन पेट वाला मॉल कम कमाए नही तो आप मोटापे के शिकार कब बन जायेंगे पता नही चलेगा और धीरे धीरे शरीर में रोग अपना घर बनाने लगेंगे।

सभी के लिए योग इस प्रकार है। मर्जारी आसन ताड़ासन त्रिकोण आसन चक्रासन भद्रासन तितली आसन सीतली सीत्कारी प्राणायाम दुई पाद विस्तार आसन चक्की चालान आसन कपालभाति क्रिया सिंह गर्जन सहज प्राणायाम नदीशोधन प्राण्याम क्लैपिंग थेरेपी लाफिंग थेरेपी। स्वास्थ्य एवं लाइफस्टाइल डॉ. कश्यप ने अपने अनुभव में कहा देखा गया है कि, ज्यादा देर तक एक ही अवस्था में बैठने से शशिर में अतिरिक्त वसा जमा होने लगता है।

ऐसे में शशीर को सुबह योग के द्वारा बढ़ रहे वजन को संतुलित कर रोग से निरोग बना जा सकता है। ऊषापान नियमित करना, सुबह नियमित घूमने निकले ज्यादा आलस्य नहीं करना, नियमित योग अभ्यास करना संतुलित आहार का प्रयोग, बीच बीच में वजन जाचना, ये ना खाएं मैदा, चीनी ,कोल्ड ड्रिंक, फास्ट फूड योग एवं स्वास्थ्य भारत में शहरी और ग्रामीण स्तर पर बढ़ सिजिरियन डिलीवरी (आप्रेशन से बच्चे का जन्म) को योगा के द्वारा 80 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। पोषण माह का कार्यशाला किया गया। योग एवम आहार चिकित्सा का प्रशिक्षण दिया गया। राकेश साहू महामंत्री व्यापार मंडल ने बताया कि 6 दिवसीय कार्यक्रम था। कार्यक्रम का शुभारंभ 14 सितंबर से 19 सितंबर 2023 को समापन हुआ। सभी सहयोगी भाइयों का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। कार्यक्रम के दौरान राकेश साहू, संतोष सचान, डॉ बृजेश कश्यप, हरदेश मिश्रा, सुनील गुप्ता, घनश्याम, गणेश, नीरज कश्यप, रामकरन अहिरवार, रामफूल निषाद, बम भोला, एडवोकेट कमलेश धुरिया, अश्वनी एडवोकेट एवं सम्पूर्ण टीम मौजूद रही।

> मोटापा घटाएं वजन बढ़ाए- राकेश कुमार साहू महामंत्री व्यापार मंडल

## अपर जिला जज ने जिला कारागार का निरीक्षण किया

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जेल अधीक्षक जिला कारागार हमीरपुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि 18 सितम्बर 2023 को सचिव विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर / अपर जिला जज श्रीमती गीतान्जलि गर्ग द्वारा जिला कारागार का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बन्दियो से उनकी समस्याओं एंव विधिक सेवा के सम्बन्ध में पूछताछ की गयी। जेल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान भर्ती बंदियो एंव दवाइयो के स्टॉक आदि के सम्बन्ध में अभिलेखो को चेक किया गया तथा साफ सफाई के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये। अल्पवयस्क बैरक में निरूद्ध बंदियों से उनकी शिक्षा एवं खानपान के सम्बन्ध में पूँछा गया तथा बच्चो की पढ़ाई के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिये गये। बंदियों से वार्ता के दौरान किसी बंदी द्वारा किसी प्रकार की कोई शिकायत नही की गयी । तदोपरान्त कारागार में स्थापित लीगल एड क्लीनिक का निरीक्षण किया एवं लाइब्रेरी को भी देखा गया। कारागार प्रशासन द्वारा महिला बंदियो को सिलाई ट्रेड में प्रशिक्षित करने के उद्देश्य से उपलब्ध करायी गयी सिलाई मशीनो से महिला बंदियों को महिला बंदियो द्वारा ही सिलाई प्रशिक्षण दिलाने के कार्यक्रम का शुभारम्भ अपर जिला जज द्वारा फीता काट कर किया गया।

# आंगनबाड़ी केन्द्रों को सुसज्जित करने हेतु 100 किटों का किया वितरण

## आंगनबाड़ी केन्द्रों की सभी गतिविधियों को शत-प्रतिशत संचालित किया जाएः राज्यपाल

अवधनामा ब्यूरो





### गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिए जागरूक करें: आनंदीबेन पटेल

**लखनऊ।** प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने अपने दो दिवसीय गोरखपुर भ्रमण कार्यक्रम में आज दूसरे दिन जनपद के विकास खण्ड जंगल धूसड़ के आंगनबाडी केन्द्र बड़ी रेतवहिया का निरीक्षण कर 100 आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को आंगनबाड़ी किट का वितरण करने के साथ आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को सम्बोधित किया। अपने सम्बोधन में उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों की सभी गतिविधियाँ शत-प्रतिशत संचालित हों। आंगनबाड़ी कार्यकत्री गर्भवती महिलाओं को सुरक्षित संस्थागत प्रसव के लिये लगातार जागरूक करें, उन्हें यह भी समझाएं की प्रसव के एक घन्टे के भीतर बच्चों को माँ का दूध जरूर पिलायें क्योंकि माँ का दूध नवजात बच्चों के लिये अमृत के समान होता है।

राज्यपाल ने कहा कि बच्चों को कुपोषण से बचाने के लिये पोषण माह का अभियान चलाना पड़ता है, यदि महिलाएं तथा आमजन लोग जागरूक हो जायें तो पोषण अभियान चलाने की आवश्यकता ही नहीं होगी। इसमें आंगनबाड़ी कार्यकत्री महत्वपूर्ण भूमिका का निवार्हन कर सकती है। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्रों से मिलने वाले पुष्टाहार से गर्म भोजन बनाकर कुपोषित बच्चों को खिलाकर उनके कुपोषण को खत्म किया जा सकता है। इसके लिये भी महिलाओं को जागरूक करना होगा।

कार्यक्रम में बच्चों की शिक्षा पर चर्चा करते हुए राज्यपाल ने कहा कि 2020 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति की घोषणा की, जिसमें मातृभाषा में शिक्षण पर भी जोर दिया गया है। उन्होंने कहा कि कक्षा 01 से 05 तक बच्चों की शिक्षा मातृ-भाषा में हो, क्योंकि ये अवस्था संस्कार और स्वास्थ्य के लिये महत्वपूर्ण है। बच्चों के स्वस्थ विकास के लिए समय-समय पर आंगनबाड़ी केन्द्रों पर बच्चों के स्वास्थ्य की जांच भी हो। उन्होंने कहा कि हम सभी का प्रयास यह भी हो कि योगा सहित अन्य गतिविधियों को भी केन्द्रों पर सिखाया जाये। जिससे की बच्चों का सर्वांगीण विकास हो। आंगनबाड़ी केन्द्र पर राज्यपाल ने बच्चों द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रम का अवलोकन किया और उनका उत्साहवर्द्धन किया। मुख्य विकास अधिकारी ने कार्यक्रम में बाल विकास विभाग के कार्यों के बारे विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री कृष्णा करूणेश, एसएसपी डा0 गौरव ग्रोवर सहित विभिन्न अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री के लिए महिला उत्थान पहली प्राथमिकता

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नए संसद भवन में प्रवेश करते ही पहले बिल के रूप में नारी शक्ति वंदन बिल को पेश कर 65 करोड़ महिलाओं का दिल जीत लिया। उज्ज्वला योजना, तीन तलाक बिल के माध्यम से महिलाओं की जिंदगी को संवारने वाले नरेंद्र मोदी ने आखिर यह भी बता दिया कि नीति नियंता के रूप में भी महिलाओं की अच्छी भागीदारी जरूरी है। ये बातें पूर्व मंत्री व भाजपा नेता स्वाती सिंह ने कही।

स्वाती सिंह ने नारी शक्ति वंदन बिल लोकसभा में पेश होने पर खुशी जाहिर करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को धन्यवाद दिया। इसके साथ ही कहा कि नए संसद भवन में पहला बिल के रूप में नारी शक्ति वंदन बिल को पेश कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया कि उनकी पहली प्राथमिकता आधी आबादी को उनका अधिकार देना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में पेश किये गये इस बिल से आधी आबादी हमेशा उनकी आभारी रहेगी। इतिहास के स्वर्णिम अक्षरों में इसको लिखा जाएगा।

# सीआईएससीई नेशनल में यूनिटी कालेज के पांच खिलाड़ियों का चयन

- कायम अब्बास, मेहदी, लारैब, अरहम और तालिब का हुआ चयन

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** यूनिटी कालेज के खिलाडियों ने जोनल और रीजनल सीआईएससीई प्रतियोगिताओं में दमदार प्रदर्शन करते हुए नेशनल प्रतियोगिता में जगह पक्की कर ली है। यूनिटी कालेज के पांच खिलाडियों में कायम अब्बास जैदी एथलेटिक्स की 100 मीटर दौड़, मोहम्मद मेहदी ताइक्वांडो के अलावा मोहम्मद लारैब, अरहम हैदर और तालिब अब्बास फुटबॉल प्रतियोगिता में सीआईएससीई यूपी टीम से नेशनल प्रतियोगिता में दमखम दिखायेंगे।

बताते चले कि कायम अब्बास एथलेटिक्स के अलावा फुटबॉल खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने 100 मीटर दौड़ में पूर्व में चैम्पियन रहे धावाकों को हराकर नेशनल का टिकट पक्का किया। वहीं ताइक्वांडो और फुटबॉल खिलाडियों ने भी यूनिटी कालेज की ओर से प्रतिभाग करके नेशनल में जगह बनायी। यूनिटी कालेज के खेल अध्यापक व पूर्व हाकी खिलाड़ी आमिर अली ने बताया कि कालेज में पढ़ाई के साथ खेल का भी पूरा अच्छा माहौल है। कालेज प्रशासन बच्चों को समय समय पर उनके उम्दा प्रदर्शन पर सम्मनित करने के साथ उन्हें खेल में भी करिअर बनाने के लिए जागरुक करता है। इसका प्रमाण है कि कालेज के कायम अब्बास जैदी, मोहम्मद लारैब, अरहम हैदर और तालिब अब्बास के अलावा मोहम्मद मेहदी ने नेशनल प्रतियोगिता के लिए जगह बनायी है। आमिर अली ने बताया कि कायम अब्बास जैदी अण्डर-17 आयु वर्ग में 27 से 30 अक्टूबर तक कर्नाटक के तुमकुर स्थित कंतीरवा स्टेडियम में एथलेटिक्स प्रतियोगिता में हिस्स लेंगे। फुटबॉल खिलाड़ी 2 से 5 अक्टूबर तक त्रिवेंद्रम के सेंट थॉमस रेजीडेंशियल स्कूल में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे जबकि कालेज के ताइक्वांडो खिलाड़ी मोहम्मद मेहदी 4 से 6 अक्टूबर तक अहमदाबाद के एसडीए हायर सेकेण्डरी स्कूल केंपस में आयोजित नेशनल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। कालेज के पांच खिलाडियों के चयन पर कालेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी व प्रधानाचार्य कैस्टीलिनो फ्रांसिस ने खुशी जाहिर करते हुए सभी चयनित खिलाडियों को बेहतर प्रदर्शन करने का आशिर्वाद दिया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर फिल्म अभिनेता मनोज बाजपेयी ने शिष्टाचार भेंट की

# शहर में मजलिसों व शब्बेदारियों का सिलसिला जारी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** शहर में मजलिसों व शब्बेदारियों का सिलसिला जारी इमामबाड़ा इरशाद नवाब शाही खैरातखाना टूरियागंज में अंजुमन तस्वीर उल अजा की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना हसन जहीर ने खिताब किया।

इसके बाद अंजुमनों ने अपने नौहे व सलाम पेश किये। इसी तरह रौजाए बैतुल हुजन रुस्तम नगर में अंजुमन शहीदाने कर्बला की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना जाफर अब्बास ने खि़ताब किया। अजाखाने नवाब हुसैन रुस्तम नगर में अंजुमन गरीबुल अजा की शब्बेदारी की मजलिस को मौलाना तकी रजा में खिताब किया। अंजुमन की अलविदाई मजलिस बुधवार शाम 5 बजे होगी। जिसमें अली इमाम गौहर मर्सिये पेश करेंगे। इमामबाड़ा हसन फराज कब्जा फैक्ट्री मंसूर नगर में मजलिस को मौलाना दानिश जैदी ने खिताब किया। इमामबाड़ा डिप्टी मोहम्मद अजीम वजीरगंज में मौलाना आबिद बिलग्रामी ने मजलिस को खिताब किया। अय्यामे अजा की आखिरी रातों में जारी है मजलिसें अय्यामे अजा की आखिरी रातें शीर्षक से रौजाए काजमैन में शुक्रवार को मौलाना अबीदुल हसन नकवी ने मजलिस को खिताब किया। मौलाना ने जब कर्बला के शहीदों पर हुए जुल्मओ को बयान किया तो अजादार रोने लगे। कर्बला से हमे इन्सानियत के साथ साथ बेहतर अखलाक पेश करने का दर्स भी मिलता है।

### गुंचाए की शब्बेदारी में अजादार हुए सम्मानित

**लखनऊ।** अंजुमन गुंचाए मज़लूमिया की शब्बेदारी में अंजुमनों को सुनने वाले पांच अजादारों को अवार्ड से नवाजा गया। अंजुमन के शायर एजाज जैदी ने सैयद रिजवान (मुंबई),मुजफ्फर हुसैन,तकी हैदर आब्दी तक्कू, अरशद हुसैन (गुड्डू ),शारिक अली (भय्या) को अवार्ड से नवाज़ा गया। यह अजादार रात रात भर नौहा और सलाम हर शब्बेदारियों में सुनने जाते हैं। इस मौके पर अंजुमन के सचिव इमरान अख्तर, शायर जर्रार अकबराबादी,धुनसाज गजनफर हुसैन,नौहाख्वान असलम तांबा आदि मौजूद रहे।

### अंजुमन रजाए हुसैन की शब्बेदारी आज

इमामबाड़ा अली रजा कटरा खुदा यार खान में बुधवार को अंजुमन रजाए हुसैन की शब्बेदारी का आयोजन किया जाएगा। मजलिस को मौलाना मोहम्मद अस्करी रात 9 बजे खिताब करेंगे। मजलिस के बाद अंजुमने नौहाख्वानी करेंगी।

### शहंशाह बिल्डिंग में मजलिसें कल से

इमामबाड़ा शहंशाह बिल्डिंग नक्खास में 21 व 22 सितम्बर को मजलिसों का आयोजन होगा। मजलिस के आयोजक डा. आरिफ रजा लखनवी ने बताया कि पहली मजलिस को मौलाना सदफ जौनपुरी और दूसरी मजलिस को मौलाना यासूब अब्बास रात 8.30 बजे खिताब करेंगे।

**इमामबाड़ा झाउलाल:** कर्बला के शहीदों की याद में इमामबाड़ा झाउलाल ठाकुरगंज में शुक्रवार को मगरिब की नमाज के बाद एक मजलिस-ए-अजा का आयोजन प्रशांत कुमार शेखर गुड्डू ने किया है। मजलिस को मौलाना मिर्जा इमरान हैदर खिताब करेंगे।

# एलडीए ने पहले आओ-पहले पाओ योजना में नया कीर्तिमान बनाया

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण की पहले आओ-पहले पाओ योजना ने सफलता का नया कीर्तिमान बनाया है। योजना के तहत प्राधिकरण ने पिछले 30 दिनों में रिकार्ड 166 फ्लैटों की बिक्री की, जिससे प्राधिकरण को लगभग 61 करोड़ 50 लाख रुपये की आय होगी। लविप्रा के अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने 8 अगस्त 2022 को पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत खाली फ्लैटों के आवंटन के लिए ऑनलाइन बुकिंग की व्यवस्था शुरू की थी, सीजी सिटी में 94, देवपुर पारा योजना में 90, सरगम अपार्टमेण्ट में 70, सोपान इन्क्लेव में 65, दीपशिखा अपार्टमेण्ट में 55 और ऐशबाग हाईट्स में 48 फ्लैट बिके हैं। जनेश्वर इन्क्लेव में अब सिर्फ 6 फ्लैट शेष रह गये हैं।

25 से 35 प्रतिशत अग्रिम भुगतान पर लें कब्जा उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि पहले आओ-पहले पाओ योजना में हायर परचेज अनुबंध पद्धति के आधार पर फ्लैट खरीदने का भी विकल्प है।

कोई भी सामान्य व्यक्ति फ्लैट की कीमत का 35 प्रतिशत अग्रिम भुगतान कर अनुबंध के आधार पर तुरंत कब्जा प्राप्त कर सकेगा। वहीं सरकारी और अर्द्ध सरकारी संस्थाओं में कार्यरत कर्मचारियों को महज 25 प्रतिशत अग्रिम भुगतान पर यह सुविधा मिलेगी। योजना के तहत यहां उपलब्ध हैं फ्लैट्स लविप्रा की पहले आओ-पहले पाओ योजना के तहत गोमती नगर योजना के पारिजात और पंचशील अपार्टमेण्ट, कानपुर रोड योजना और रायबरेली रोड योजना में रश्मि लोक, रतन लोक, आद्रा, अश्लेषा, भरणी, दीपशिखा, फाल्गुनी, मृगशिरा, सृजन, पंचशील आश्रय-3, सोपान-प्रथम और द्वितीय और अनुभूति अपार्टमेण्ट, ऐशबाग योजना के ऐशबाग हाईट्स, सुल्तानपुर रोड योजना में सीजी सिटी और देवपुर पारा योजना के समाजवादी लोहिया इन्क्लेव में फ्लैट्स उपलब्ध हैं।

# इस्लाम हमे समाजी ज़िंदगी में बेहतर अखलाक पेश करने का संदेश देता है

अवधनामा ब्यूरो



- वार्षिक मजलिस में सैय्यद नासिर अली का संबोधन

**दिल्ली/नोएडा।** बज्मे अनवार ए सुखन के संयोजक प्रख्यात शायर अली अनवार ज़ैदी के बेटे सैय्यद अंजुम ज़ैदी की ओर से आयोजित होने वाली वार्षिक मजलिस को कार आयुक्त नासीर अली रिज़वी पटना ने खिताब करते हुए कहा कि मज़हब ए इस्लाम हमे समाजी ज़िंदगी में बेहतर अखलाक पेश करने का संदेश देता है, आज के समाज को एक दूसरे से हमदर्दी से पेश आने और एक दूसरे से मुहब्बत करने की बहुत ज़रूरत है, कर्बला में हमे इंसानी हमदर्दी और अख्लाकियात की मेराज देखने को मिलती है। तिलावत के बाद सैय्यद सिराज ने सोज ख्वानी की जिसके बाद पेश ख्वानी मारूफ रज़ा साहब ने अंजाम दी, पटना से आए हुए काशिफ़ नकवी ने रईस अमरोही का कलाम और मर्सिया खूबसूरत अंदाज में पेश किया। निहायत गमगीन फिज़ा में सलीम अमरोही ने छुन्नु लाल दिलगीर का लिखा हुआ सलाम सलाम ख़ाक नशीनो पा सोगवारो का।

अख्लाकियात के उनवान से सैय्यद नासिर अली ने अपनी तकरीर में कहा की दीन ए मोहम्मद हकीक़त में दीन ए अखलाक है, हमे अपनी ज़िंदगी में हमेशा बेहतर अखलाक का मुज़ाहरा करते रहना चाहिए, जिससे मालूम हो की हम नवासा ए रसूल के चाहने वाले है। सैय्यद नासिर अली ने अपनी तकरीर में इमाम हुसैन के चेहलूम के मौके पर नजफ से कर्बला तक होने वाले सफर ए इश्क का भी ज़िक्र किया और कहा की कर्बला इंसानियत की मेराज है और आज भी इंसानियत का बेहतरीन मुज़ाहरा हमे कर्बला में देखने को मिलता है।

# आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में स्वच्छ स्टेशन दिवस का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में मण्डल के स्टेशनों लखनऊ जंक्शन, बादशाहनगर, ऐशबाग जंक्शन, गोमतीनगर, डालीगंज जंक्शन, लखनऊ सिटी समेत मण्डल के अन्य स्टेशनों पर आदि पर गहन सफाई के लिए स्वच्छ स्टेशन दिवस का आयोजन किया गया। स्वच्छता पखवाड़ा के दौरान यात्रियों एवं कर्मचारियों को प्रभात फेरी व स्वच्छता जागरुकता पर आधारित नुक्कड़ नाटक, बैनर, पोस्टर तथा स्लोगन व सोशल मीडिया के माध्यम से सफाई के महत्व एवं होने वाली संक्रामक बीमारियों के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। इस दौरान विशेष रूप से मेरी सीट मेरा डिब्बा थीम पर रेल यात्रियों को रेल यात्रा के दौरान स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जिसमें उन्हें यात्रा के दौरान अपने कोच, बायोटायलेट, वॉशबेसिन आदि के प्रयोग में बरती जाने वाली सावधानियों तथा सुरक्षित एवं संरक्षित रेल यात्रा के लिए भी बताया जा रहा है। यात्रा के दौरान ज्वलनशील पदार्थों को न ले जाने के लिए, ट्रेनों की छत व पायदानों पर यात्रा न करने के लिए एवं यात्रा के दौरान रेडियो व मोबाइल आदि पर तेज आवाज में स्पीकर न बजाने की हिदायत दी जा रही है। यात्रियों को प्लास्टिक का थैला प्रयोग नहीं करने एवं उसके स्थान पर कपड़े के थैले का प्रयोग करने के लिए बताया गया तथा कपड़े के थैले का वितरण किया गया।

### 15 दिसम्बर को पेंशन अदालत का आयोजन

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के वरिष्ठ मण्डल कार्मिक अधिकारी के नेतृत्व में पेंशनरों व पारिवारिक पेंशनरों के पेंशन संबंधित शिकायतों के निस्तारण के लिए 15 दिसम्बर को पेंशन अदालत का आयोजन किया जायेगा। इसके अन्तर्गत पेंशन से संबंधित मामलों के आवेदन पत्र मण्डल कार्यालय के ईजीआरएस केन्द्र पर या डाक के जरिये 31 अक्टूबर तक स्वीकार किये जायेगें। इसके बाद प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जायेगा।

### आठ ट्रेनों का अस्थाई ठहराव रुड़की रेलवे स्टेशन पर

**लखनऊ।** साबिर पाक सालाना उर्स मेला पीरन कलियर मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ देखते हुए रेलवे ने आठ ट्रेनों का अस्थाई ठहराव रुड़की रेलवे स्टेशन पर कर दिया है। 26 सितम्बर से दो अक्टूबर तक मेले के लिए अस्थाई ठहराव होगा। इसमें 12237 व 12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस, 12357 व 12358 दुर्गियाना एक्सप्रेस, 12317 व 12318 अकाल तख्त एक्सप्रेस और 12325 व 12326 गुरुमुखी सुपरफास्ट एक्सप्रेस शामिल हैं। सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि इन गाडि़यों का ठहराव दो दो मिनट का होगा।

### बरौनी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस में शार्ट सर्किट से लगी आग

**लखनऊ।** बरौनी से लखनऊ आ रही 15203 बरौनी लखनऊ जंक्शन एक्सप्रेस में सोमवार रात शार्ट सर्किट से आग लग गई। हालांकि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। ट्रेन बिहार के सोनपुर स्टेशन पर रुकी थी। तभी एसी बोगी ए.1 के पैनल में से धुआं निकलने लगा। वहां मौजूद अटेंडेंट ने उसे खोलकर अग्निशमन यंत्र से काबू पा लिया। जिससे आग बढ़ नहीं पाई। इस दौरान कोच में धुआं भरने से यात्री दहशत में आ गये, हालांकि किसी भी यात्री को कोई दिक्कत नहीं हुई।

### आंदोलनः सात ट्रेनों के बदले रूट



**लखनऊ।** धनबाद के गोमो पारसनाथ रूट पर प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन की वजह से लखनऊ होकर चलने वाली सात ट्रेनें बुधवार से बदले रूट से चलेंगी। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल की सीनियर डीसीएम रेखा शर्मा ने बताया कि 12381 व 12382 हावड़ा नई दिल्ली एक्सप्रेस आसनसोल जंक्शन, झाझा, पटना जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते चलेगी। 13010 योगनगरी ऋषिकेश हावड़ा दून एक्सप्रेस प.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना जंक्शन, झाझा और आसनसोल जंक्शन और 13151 कोलकाता जम्मूतवी एक्सप्रेस आसनसोल जंक्शन, झाझा, पटना जंक्शन और प.दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन होकर चलाई जायेगी। 13152 जम्मूतवी कोलकाता एक्सप्रेस पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन, पटना जंक्शन, झाझा, आसनसोल जंक्शन और कोलकाता के रास्ते चलेगी। 13307 धनबाद फिरोजपुर छावनी जंक्शन गंगा सतलज एक्सप्रेस धनबाद, प्रधान खांटा जंक्शन, झाझा, पटना जंक्शन, पं. दीन दयाल उपाध्याय जंक्शन के रास्ते जायेगी। 128760 आनन्द विहार टर्मिनल पुरी नीलांचल एक्सप्रेस सोननगर जंक्शन, गढ़वा रोड जंक्शन, टोरी जंक्शन, लोहरदगा, रांची जंक्शन के रास्ते चलेगी।

# अपग्रेडेशन कार्यों पर ध्यान केन्द्रित करें: महाप्रबन्धक

अवधनामा ब्यूरो

- स्टेशन अपग्रेडेशन कार्यों पर ध्यान केंद्रित
- रेलवे परिसम्पत्तियों के अनुरक्षण पर बल
- समय-पालन एवं मालभाड़ा आय पर जोर



**नई दिल्ली/लखनऊ।** उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी ने आज उत्तर रेलवे के विभागाध्यक्षों और मंडल रेल प्रबंधकों के साथ उत्तर रेलवे की कार्य-प्रगति की समीक्षा की। श्री चौधुरी ने स्टेशन अपग्रेडेशन कार्यों की प्रगति पर और अधिक ध्यान देने पर जोर दिया। महाप्रबंधक ने कहा कि रेलवे के लिए संरक्षा सर्वप्रथम है, इसके लिए ट्रैक, रोलिंग स्टॉक, सिग्नेलिंग एवं इलेक्ट्रिक ओवरहैड तारों का रख-रखाव उच्च स्तर पर किया जा रहा है। उन्होंने विभागों को कर्मचारियों के लिए नियमित रूप से प्रशिक्षण एवं पुनश्चर्य पाठ्यक्रम आयोजित करने की सलाह दी जिससे उन्हें प्रेरित किया जा सके और मानवीय त्रुटि को कम से कम किया जा सके। उन्होंने सभी मंडलों को सिग्नेलिंग सिस्टम के उचित एवं प्रभावी रख-रखाव के लिए निर्देश दिये। उन्होंने रेल फ्रैक्चर्स पर अपनी चिंता व्यक्त की और निर्देश दिया कि सिग्नल, रेल फ्रैक्चर्स और रेल वेल्ड की निगरानी बड़े पैमाने पर की जाए तथा वहां कोई त्रुटि नहीं छोड़ी जाए। श्री चौधुरी ने कहा कि जहां जरूरी हो वन विभाग से पेड़ों को काटने के लिए तेजी से अनुमति ली जाए ताकि ये ट्रैकों या ओएचई वायरों में किसी भी प्रकार की बाधा उत्पन्न न कर सकें। उन्होंने ट्रैकों पर इलेक्ट्रिकल सुरक्षा के साथ ही रेलगाड़ियों के निर्बाध आवागमन के लिए रिले एवं पैनल रूम सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा। उन्होंने रेल परिचालन में मानव विफलताओं को कम करने पर जोर दिया। उन्होंने विभाग-प्रमुखों तथा मण्डल रेल प्रबंधकों को समय-बद्धता और सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए माल लदान में तेजी लाने के निर्देश दिए।फ्रेट बिजनस डेवलपमेंट पर जोर देते हुए, महाप्रबंधक ने फ्रेट बिजनस डेवलपमेंट यूनिटों की आउटरीच का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि बीडीयू को ग्राहकों के बीच सक्रिय रूप से विश्वास, सहयोग एवं भरोसे का वातावरण तैयार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि रेलवे द्वारा की गई पहलों और रियायतों के बारे में ग्राहकों तक जानकारी पहुंचानी चाहिए। उन्होंने यह भी बताया कि खाद्यान्न एवं अन्य वस्तुओं के लदान में हर गुजरते महीने के साथ वृद्धि हुई है। उत्तर रेलवे अपने ग्राहकों को सुरक्षित, सुविधाजनक एवं प्रभावी सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### राजकीय आईटीआई में 21 सितम्बर को रोजगार दिवस

**लखनऊ।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, अलीगंज, लखनऊ में 21 सितम्बर को रोजगार दिवस के आयोजन में 18 कम्पनियो द्वारा प्रतिभाग किया जायेगा। ट्रेनिंग काउंसिलिंग एण्ड प्लेसमेन्ट आफिसर एम. ए. खाँ ने बताया कि 18 कम्पनियों में जिन अभ्यर्थी की आयुसीमा 18 से 30 वर्ष तक तथा हाईस्कूल, इंटरमीडिएट, आईटीआई, डिप्लोमा, स्नातक, बीटेक या बीबीए, बीसीए, एमबीए उत्तीर्ण किया हो, वे रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के पात्र होंगे। अभ्यर्थी को वेतन 8,000 से 40,000 रुपये माह एवं अन्य सुविधाएं कम्पनी द्वारा दिया जायेगा। मेले में पुरूष व महिला दोनों अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है। कम्पनी द्वारा कुल 1200 पदों पर चयन किया जायेगा।

# उपमुख्यमंत्री ने 'संकट में संस्कृति पुस्तक' का किया विमोचन

एमएम मोहसिन



**लखनऊ।** प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा नम्रता कोहली द्वारा लिखित पुस्तक 'संकट में संस्कृति' का विमोचन किया गया। यह विमोचना उपमुख्यमंत्र बृजेश पाठक के विधानसभा मुख्य भवन के उनके कक्ष में आयोजित हुआ। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि दुर्गा शंकर मिश्रा मुख्य सचिव यूपी शासन भी मौजूद थे। ज्ञात हो कि इस पुस्तककी प्रस्तावना दुर्गाशंकर मिश्रा आईएएस द्वारा लिखी गई है। उप मुख्यमंत्री द्वारा इस पुस्तक के विमोचन के अवसर पर हिन्दी के उपयोग, प्रयोग एवं प्रचार पर बल दिया गया। प्रमुख रूप से यह पुस्तक लेखिका द्वारा अंग्रेजी में लिखी गई थी। परन्तु हिन्दी में इसका अनुवाद कराकर विधिवित विमोचन उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया, जिसमें प्रकाशक मुख्य सचिव दुर्गाशंकर मिश्रा एवं उप मुख्यमंत्री स्वयं मौजूद रहे। श्री बृजेश पाठक ने अनेकों उदाहरण के माध्यम से हिंदी भाषा की सरलता और लोकप्रियता पर प्रकाश डाला और लेखिका के प्रयास की सराहना भी की।